67 YEARS देशबन्धु

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, शनिवार, 26 अप्रैल 2025 । वर्ष – 67 । अंक– 10 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु   प्रेस पंजीयन- 06072/59



अभिमत
■ सुनील भाई, जिन्होंने गांधी को जिया — पृष्ठ 6
■ पाकिस्तान ने सिंध नहर परियोजना पर लगाई रोक
■ संरा महासचिव ने की भारत व पाकिस्तान से संयम बरतने की अपील — पृष्ठ 7
कोहली के शानदार प्रदर्शन से आरसीबी को थोड़ा बेहतर स्कोर बनाने में मदद मिली : बांगर — पृष्ठ 8

### पहलगाम हमले के पीड़ितों से मिले राहुल गांधी

# आतंकी हमले के पीछे हमें बांटने की मंशा



**श्रीनगर**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को श्रीनगर पहुंचे। यहां उन्होंने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात की। इसके साथ ही राहुल गांधी ने पहलगाम आतंकी हमले में घायल और पीड़ितों से भी मुलाकात की।

उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर कहा कि जो कुछ हुआ है, उसके पीछे समाज को विभाजित करने का विचार है, भाई को भाई से लड़ाने की साजिश है। ऐसे में यह जरूरी है कि हर भारतीय एकजुट होकर आतंकवादियों की नापाक कोशिश को विफल करे।

**■ भाई को भाई से लड़ाने की है साजिश, आतंकियों की नापाक कोशिश करें विफल**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि यह एक भयानक त्रासदी है। मैं यहां के हालात जानने और मदद करने आया हूं। जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों ने इस भयानक हमले की निंदा की है और वे राष्ट्र के साथ हैं। मैं घायल हुए लोगों में से एक से मिला हूं। मेरा प्यार और स्नेह उन सभी लोगों के साथ है, जिन्होंने अपने परिवार के सदस्यों को खो ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### अमित शाह ने मुख्यमंत्रियों से की बात
## पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करें, वापस भेजें



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी राज्य के मुख्यमंत्रियों से बात की। उन्होंने सभी से अपने-अपने राज्यों में सभी पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करने और उनकी शीघ्र पाकिस्तान वापसी सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने को कहा। शाह ने कई मुख्यमंत्रियों से बात कर ली है और बाकियों से भी वे बात कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, अमित शाह ने शुक्रवार को सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को फोन किया और उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी पाकिस्तानी नागरिक देश छोड़ने के लिए ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## दो आतंकियों के घरों को विस्फोट से उड़ाया

जम्मू। कश्मीर में सुरक्षा अधिकारियों ने पहलगांव हमले के तीन दिन बाद जिसमें कम से कम 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे शुक्रवार को दक्षिण कश्मीर के त्राल और बिजबिहाड़ा इलाके में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों के आवासीय घरों को नष्ट कर दिया। हालांकि सुरक्षाधिकारियों का कहना है कि तलाशी अभियानों के दौरान इन घरों में रखे विस्फोटक खुद ही फूट गए थे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बैसरन पहलगाम घटना में उनकी कथित भूमिका सामने आने के बाद पुलवामा जिले के त्राल में आसिफ शेख और बिजभेरा अनंतनाग में आदिल थोकर के घरों को विस्फोट के जरिए जमीन पर गिरा दिया गया।

### बीजापुर ऑपरेशन

# नक्सली खौफ में, कार्रवाई रोकने अपील

**बीजापुर**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ और तेलंगाना सीमा पर चल रहे देश के सबसे बड़े नक्सल विरोधी ऑपरेशन के बीच नक्सलियों ने पहली बार प्रतिक्रिया दी है। नक्सल संगठन की ओर से उत्तर पश्चिम बस्तर ब्यूरो के प्रभारी चरूपेशज्ने प्रेस नोट जारी कर सैन्य अभियान को तत्काल रोकने की अपील की है और शांति वार्ता के लिए आगे आने की बात कही है। नक्सलियों का यह बयान ऐसे समय आया है जब पिछले चार दिनों से ऑपरेशन लगातार जारी है और सुरक्षाबलों ने अब तक पांच नक्सलियों को ढेर किया, जिनमें तीन महिला नक्सली पीएलजीए बटालियन नंबर 1 की थीं। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए हैं। इस

**■ शांति वार्ता का मौका देने किया आग्रह**
**■ गर्मी के कारण 40 जवानों की हालत बिगड़ी**





भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी)
उत्तर-पश्चिम सब जोनल ब्यूरो

बीजापुर – तेलंगाना सीमा पर जारी 'घेराव-उन्मूलन सैनिक अभियान' को तुरंत रोकना चाहिए!
शांति वार्ता के लिए आगे आना चाहिए!!

प्रभारी
रूपेश
उत्तर-पश्चिम सब जोनल ब्यूरो
भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी)



अभियान में 40 से ज्यादा जवान भीषण गर्मी में डिहाइड्रेशन का शिकार हो चुके हैं, जिन्हें हेलिकॉप्टर से भद्राचलम अस्पताल पहुंचाया गया है। ऑपरेशन में एक जवान के घायल होने की भी खबर है।

**एमआई-17 हेलिकॉप्टर और ड्रोन से निगरानी**

ऑपरेशन में वायुसेना के एमआई-17 हेलिकॉप्टर और ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सार संक्षेप

### राष्ट्रपति मुर्मु पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में होंगी शामिल

**नई दिल्ली**। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू के साथ पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए वेटिकन सिटी रवाना हुईं। प्रतिनिधिमंडल में अल्पसंख्यक मामलों और मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन और गोवा विधानसभा के उपाध्यक्ष जोशुआ डी सूजा भी शामिल हैं। पोप फ्रांसिस का 21 अप्रैल को 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया था।

### मेधा पाटकर गिरफ्तार



**नई दिल्ली**। नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता और सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटेकर को दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी एक डिफेमेशन (मानहानि) मामले में की गई है। कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था। यह कार्रवाई उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मानहानि के मामले में दोषसिद्धि के बाद की गई है।

### इसरो के पूर्व अध्यक्ष के. कस्तूरीरंगन का निधन

**बेंगलुरु**। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष , पूर्व सांसद एवं प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. के. कस्तूरीरंगन का शुक्रवार का बेंगलुरु में निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। डॉ. कस्तूरीरंगन का निधन शुक्रवार सुबह 10:43 बजे हुआ। उनका पार्थिव शरीर 27 अप्रैल को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट (आरआरआई) में जनता के दर्शन के लिए रखा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. कस्तूरीरंगन के निधन पर गहरा दुःख प्रकट करते हुए राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को याद किया है।

### भारतमाला परियोजना का मुआवजा घोटाला

## तत्कालीन एसडीएम, तहसीलदार सहित कई अधिकारियों के ठिकानों पर ईओडब्ल्यू की दबिश

**रायपुर**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतमाला प्रोजेक्ट में 220 करोड़ से अधिक के फर्जीवाड़े में शुक्रवार सुबह से ईओडब्ल्यू की रेड जारी है। टीम ने सुबह नया रायपुर, अभनपुर, दुर्ग-भिलाई, आरंग सहित प्रदेश के अन्य जिलों में करीबन 20 ठिकानों पर छापेमारी की और इस फर्जीवाड़े से जुड़े दस्तावेज खंगाल रही है।



अब इस मामले में ईओडब्ल्यू की वो एफआईआर भी सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक श्वह्लड्ड ने इस फर्जीवाड़े में अपराध क्रमांक 30/2025 दर्ज किया है। तमाम आरोपियों के खिलाफ धारा 7ष्ट भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम समेत 420, 467,468,471 और 120क्चदर्ज कर ली गई है। जानकारी के अनुसार, ईओडब्ल्यू ने तत्कालिक अभनपुर एसडीएम निर्भय साहू और तत्कालिक तहसीलदार शशिकांत कुर्रे के रायपुर स्थित घरों के साथ करीबन 17 से 20 अधिकारी-कर्मचारियों के ठिकानों पर रेड डाली है।

इनके ठिकानों पर ईओडब्ल्यू की रेड-अमरजीत सिंह गिल- ठेकेदार, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी दुर्ग, हरजीत सिंह खनूजा- ठेकेदार, मकान नंबर 118 लॉ विष्टा सोसाइटी, कचना रायपुर, जितेंद्र कुमार साहू- पटवारी, अभनपुर, दिनेश कुमार साहू- पटवारी, माना बस्ती रायपुर, निर्भय कुमार साहू- एसडीएम, अटलनगर, नवा रायपुर समेत कांकेर के नरहरपुर स्थित आवास, हरमीत सिंह खनूजा- ठेकेदार, महासमुंद, योगेश कुमार देवांगन- जमीन दलाल, अश्वनी नगर, रायपुर, बसंती घृतलहरे- अभनपुर अमरजीत सिंह गिल- बैंक कर्मचारी आईसीआईसीआई बैंक, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, दुर्ग, रोशन लाल वर्मा-आईआई, कचना रायपुर, विजय जैन- कारोबारी, गोलबाजार दुकान और टैगोर नगर स्थित घर रायपुर

उमा तिवारी- महादेव घाट, रायपुर दशमेश- तेलीबांधा गुरुद्वारा, रायपुर लखेश्वर प्रसाद किरण- तहसीलदार, कटघोरा और बिलासपुर स्थित घर, शशिकांत कुर्रे- तहसीलदार, माना बस्ती और अभनपुर, लेखराम देवांगन- पटवारी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेजबहार रायपुर, बता दें, इन सभी पर आरोप है कि इन्होंने भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत अधिकृत किए गए 1-1 भूमि पर फर्जी तरीके से 6-6 लोगों के नाम पर मुआवजे निकलवाए और करोड़ो रुपए गबन कर लिए हैं।

# वक्फ धार्मिक संस्था नहीं, वैधानिक निकाय है : केंद्र

**नई दिल्ली**, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। वक्फ संशोधन कानून पर केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया। केंद्र ने कहा, 'वक्फ मुसलमानों की कोई धार्मिक संस्था नहीं बल्कि वैधानिक निकाय है।' केंद्र ने वक्फ (संशोधन) की वैधता के खिलाफ दायर सभी याचिकाएं खारिज करने की मांग की। केंद्र ने कहा, अदालतें वैधानिक प्रावधान पर रोक नहीं लगा सकती, संवैधानिक वैधता की समीक्षा कर सकती हैं और निर्णय दे सकती हैं। संसद में बनाए गए कानूनों पर संवैधानिकता की धारणा लागू होती है। विधायिका द्वारा लागू की गई विधायी व्यवस्था को बदलना स्वीकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने 17 अप्रैल को 7 दिन के अंदर केंद्र से वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ दायर याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने को कहा था। इस मामले में अगली सुनवाई 5 मई को होगी।

**■ वक्फ कानून पर केंद्र का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा**
**■ धार्मिक अधिकार में कोई हस्तक्षेप नहीं, सभी याचिकाएं खारिज की जाएं**
**■ पारदर्शिता के लिए बदलाव किया**

केंद्र ने हलफनामें में कहा कि अफवाहें फैलाई जा रही हैं कि संशोधन से धार्मिक स्वतंत्रता के मौलिक अधिकारों को छीन लिया जाएगा। आप इस बिंदु पर विचार कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट किसी कानून की विधायी क्षमता और मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के आधार पर समीक्षा कर सकता है। इस संशोधन कानून से किसी भी व्यक्ति के वक्फ बनाने के धार्मिक अधिकार में कोई हस्तक्षेप नहीं होता। केवल प्रबंधन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए इस कानून में बदलाव किया गया है। इसमें कहा गया है कि संसद द्वारा पारित कानून को संवैधानिक रूप से वैध माना जाता है, विशेष रूप से संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की सिफारिशों और संसद में व्यापक बहस के बाद बने हुए कानून को। संसद ने अपने अधिकार क्षेत्र में काम करते हुए यह सुनिश्चित किया कि वक्फ जैसे धार्मिक बंदोबस्त का प्रबंधन किया जाए और उसमें जताया गया भरोसा कायम रहे। निजी और सरकारी संपत्तियों पर अतिक्रमण करने के लिए प्रावधानों का दुरुपयोग किया गया है। मुगल काल से पहले, आजादी से पहले और आजादी के बाद वक्फ की कुल जमीन 18 लाख 29 हजार163 एकड़ थी।

# फूड पॉइजनिंग से बिलासपुर में 45 लोग और कोरबा में 50 बच्चे बीमार



**बिलासपुर/कोरबा**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। कोनी थाना क्षेत्र के तुर्काडीह गांव में एक शादी समारोह के बाद फूड पॉइजनिंग का मामला सामने आया है। रात को खाना खाने के बाद सुबह छोटे बच्चों से लेकर युवा व बुजुर्गों की तबीयत बिगड़ने लगी। खाना खाने के बाद 45 लोगों ने उल्टी दस्त होने की शिकायत की। सभी बीमारों को सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर भोजन के सैंपल जांच के लिए एकत्र किए हैं। फिलहाल सभी मरीजों की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। आज सुबह से फूड पॉइजनिंग का यह दूसरा मामला सामने आया है। कोरबा में भी शादी समारोह का खाना खाने के बाद 50 लोग फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। इधर विवाह कार्यक्रम में शामिल ग्रामीण फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। बीमार पड़े 43 बच्चे और छह बड़ों को इलाज के लिए देर रात मेडिकल कालेज अस्पताल दाखिल कराया गया। सिम्स के डॉक्टरों ने बताया ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### दिल्ली में भाजपा के इकबाल सिंह चुने गए दिल्ली के मेयर

**नई दिल्ली**, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की 'ट्रिपल इंजन' सरकार बन गई है। दिल्ली नगर निगम में भाजपा के उम्मीदवार राजा इकबाल नए मेयर चुने गए। भाजपा के ही जयभगवान यादव डिप्टी मेयर चुने गए हैं। मेयर चुनाव में भाजपा के राजा इकबाल को 133 व कांग्रेस के मनदीप को मात्र आठ वोट प्राप्त हुए।




# प्रदेश में अब सभी सरकारी काम होंगे डिजिटल

**रायपुर**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में अब सभी विभागीय कार्यालयों में डिजिटल माध्यम से कार्य किए जाएंगे। अंतर-विभागीय पत्राचार और नोट शीट केवल ई-ऑफिस फाइल सिस्टम के माध्यम से ही भेजी जाएंगी। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि जिन विभागों में अभी तक ई-ऑफिस प्रणाली शुरू नहीं हुई है, वहां शासकीय ईमेल के माध्यम से पत्राचार किया जाएगा। हालांकि, ऐसे अर्द्धशासकीय पत्र या वैधानिक दस्तावेज, जिनमें मूल प्रति की आवश्यकता होती है, उन्हें हार्ड कॉपी के रूप में भेजा जा सकेगा। कार्य संपादन में तेजी, उन्नत कार्यकुशलता और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से यह फैसला लिया गया है। इस संबंध में अध्यक्ष राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी विभागाध्यक्ष, संभागीय आयुक्त, और जिला कलेक्टरों को आदेश जारी किया है।

**■ मुख्य सचिव ने सभी कलेक्टरों को जारी किया पत्र**

# रोप-वे की गिरी ट्राली, भाजपा महामंत्री को लगी गंभीर चोट

**डोंगरगढ़**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। स्थित मां बम्लेश्वरी ऊपर मंदिर में संचालित रोप-वे की ट्राली शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजें अचानक गिर गई। हादसा तब हुआ जब ऊपर मंदिर से दर्शन कर भाजपा के दिग्गज नेता ट्राली में बैठकर नीचे उतर रहे थे। हादसे में भाजपा के प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा को गंभीर चोट लगी है। जबकि पूर्व मंत्री व छत्तीसगढ़ वन विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, भिलाई नगर निगम के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह, मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल व पूर्व मंत्री के साथ पहुंचें सिद्धार्थ सिंह व बलराम सोनी को मामूली चोट लगी है। हादसे के बाद महामंत्री भरत वर्मा को तत्काल एम्बुलेंस से निजी हॉस्पिटल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें राजनांदगांव रेफर कर दिया गया। बता दें कि छ्ग वन ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**■ पूर्व मंत्री पैकरा सहित छह लोग थे सवार**



### दहशत — धार्मिक स्थलों के आसपास रहने वाले लोगों में ज्यादा डर

# पहलगाम नरसंहार के बाद से ही सहमा जम्मू कश्मीर

सुरेश एस डुग्गर

जम्मू, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। पहलगांव के ताजा हमले के बाद सारे जम्मू कश्मीर में हाई अलर्ट जारी करने की बात कही गई है पर बावजूद उसके सारा प्रदेश सहमा हुआ है। विशेषकर प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों के आसपास रहने वाले और कश्मीर घाटी के वाशिंदे।

*धार्मिकस्थलों के एरिया में रहने वालों को आतंकी हमलों की पुनर्रावृत्ति का डर है तो कश्मीर में कार बमों की दहशत चेहरों की हवाईयां उड़ा रही हैं। अधिकारियों ने दावा किया है कि पहलगांव के ताजा हमले के बाद सारे प्रदेश में सतर्कता को बढ़ाया तो गया लेकिन खुफिया एजेंसियों की खबरों के कारण दहशत फैल रही है। उनका कहना था कि कुछ लोगों द्वारा खुफिया रिपोर्टों को प्रमुखता दिए जाने के बाद लोग अपने आपको असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। असल में खुफिया रिपोर्टें कहती हैं कि आतंकी जम्मू कश्मीर में भी धार्मिक स्थलों पर हमलों को अंजाम दे सकते हैं। यूं तो रघुनाथ मंदिर पर दो बार आतंकी हमला हो चुका है। वैष्णो देवी गुफा तक आतंकी पहुंचे तो कई बार पर हर बार सुरक्षाबलों को सफलता मिली थी। और अब ताजा रपटों के बकौल, वैष्णो देवी का तीर्थस्थान आतंकी हिट लिस्ट में सबसे ऊपर है। अधिकारी इसे मानते हैं कि बहुत बड़े भूभाग में फैले वैष्णो देवी तीर्थस्थल की सुरक्षा कर पाना संभव भी* ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**वैष्णो देवी तीर्थस्थान आतंकी हिट लिस्ट में सबसे ऊपर**

# देश

**उवाच** "पहलगाम की घटना भारत को अस्थिर करने की उनकी साजिशों को दर्शाती है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार ने इस हमले के जवाब में सही कदम उठाए हैं। सभी राजनीतिक दलों ने इन कार्रवाइयों का समर्थन किया है, जिससे पता चलता है कि देशहित में सब एकजुट हैं।

–चंपई सोरेन, भाजपा विधायक



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 40.0 | 24.0 |
| मुंबई | 33.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 35.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 35.0 | 29.0 |

# पहलगाम हमला याद दिलाता है कि आतंकवाद वैश्विक खतरा : धनखड़

## लोगों से की राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता देने की अपील

**चेन्नई,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को अपने एक बयान में कहा कि पहलगाम आतंकी हमला इस बात की याद दिलाता है कि आतंकवाद वैश्विक खतरा है, जिसका समाधान मानवता को एकजुट होकर करना होगा। उन्होंने लोगों से राजनीतिक, व्यक्तिगत और अन्य हितों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता देने की अपील की। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे शांतिप्रिय देश है और इसकी सभ्यता की भावना वसुधैव कुटुम्बकम (दुनिया को एक परिवार के रूप में देखने का सिद्धांत) में परिलक्षित होती है, पूरी दुनिया अब इसे मान रही है। उपराष्ट्रपति ने आतंकी हमले में मारे गए लोगों की याद में मौन रखा। उपराष्ट्रपति ने तमिलनाडु के राजभवन में आयोजित राज्य, केंद्रीय और निजी विश्वविद्यालयों के दो दिवसीय कुलपति सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए कहा कि हमने इस सम्मेलन के आरंभ में मौन रखा। मैं पहलगाम में हुए जघन्य हमले पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त करने में राष्ट्र के साथ हूं, जिसमें निर्दोष लोगों की जान चली गई। तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि और कुलपतियों ने भी 22 अप्रैल को जम्मू और कश्मीर के पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों की याद में एक मिनट का मौन रखा। पूर्व आर्मी चीफ शंकर रॉय चौधरी ने पहलगाम की घटना को खुफिया विफलता करार दिया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले में पाकिस्तान और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की भूमिका है। रिटायर्ड जनरल शंकर रॉय चौधरी ने कहा कि इतनी संख्या में आतंकवादी सीमापार कैसे आ गए, इसकी जांच होनी चाहिए। बीती 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 26 निर्दोष पर्यटकों की नृशंस तरीके से हत्या कर दी। घटना में पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा से जुड़े संगठन टीआरएफ का हाथ बताया जा रहा है। भारत सरकार ने भी इस मामले में कड़ा रुख अपनाया है और पाकिस्तान के साथ साल 1960 में हुए सिंधु जल समझौते को स्थगित कर दिया है।

**राज्य, केंद्रीय व निजी विश्वविद्यालयों के कुलपति सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को किया संबोधित**



मानवता को एकजुट होकर करना होगा आतंकवाद का समाधान : जगदीप धनखड़

## अब आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई का इंतजार : अधीर रंजन



**कोलकाता।** कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने शुक्रवार को पहलगाम हमले के संदर्भ में कहा कि जिस तरह से पर्यटकों को मौत के घाट उतारा गया है, उससे यह साफ जाहिर होता है कि हमला करने वाले लोग हैवान थे। उन्होंने आतंकवादियों पर पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। अधीर रंजन चौधरी ने इस बात पर बल दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार कह रहे हैं कि पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों को मौत के घाट उतारने वालों से प्रतिशोध लिया जाएगा। हम भी अब इसी बात का इंतजार कर रहे हैं कि वह दिन कब आएगा। हम केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि निर्दोष लोगों को मारने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ हमारी जंग कई वर्षों से चली आ रही है। इस जंग में हमें जीत दर्ज करनी होगी। यह जंग कोई नई नहीं है। यह जंग लंबे समय से चली आ रही है। हर मजहब के लोग आतंकवाद के खिलाफ लड़ रहे हैं।

## पटना सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**पटना,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। पहलगाम आतंकी हमला अभी शांत नहीं हुआ कि पटना सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पटना व्यवहार न्यायालय परिसर में आरडीएक्स जैसे शक्तिशाली बम के प्लांट होने की बात वाला ईमेल मिलने के बाद शुक्रवार को प्रशासन ने न्यायालय को पुलिस छावनी में तब्दील कर सघन तलाशी ली। व्यवहार न्यायालय के ईमेल पर शुक्रवार पूर्वाह्न 11 बजकर 46 मिनट पर प्राप्त मैसेज के बाद प्रशासन को सूचना दी गई। न्यायालय प्रशासन ने इस संबंध में बार एसोसिएशन को भी सूचना भेजी। सूचना मिलने के बाद नगर पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी)-2 दीक्षा स्वयं मौके पर पहुंची। साथ ही एन्टी टेररिस्ट स्क्वाड और बम निरोधक दस्ता को भी बुलाया गया। भारी संख्या में अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किए गए। ईमेल मिलने के बाद न्यायालय परिसर के अंदर जाने वाले लोगों को रोक दिया गया और फिर धीरे-धीरे सभी न्यायिक पदाधिकारियों, वकीलों एवं कर्मचारियों को परिसर से बाहर निकाला गया। न्यायालय के तीनों द्वार पर प्रत्येक व्यक्ति की मेटल डिटेक्टर से तलाशी ली गई। पुलिस ने पूरे न्यायालय परिसर की भी बम डिटेक्टर और डॉग स्क्वॉड के द्वारा जांच की। गौरतलब है कि शुक्रवार को न्यायालय प्रशासन को एक ईमेल प्राप्त हुआ, जिसमें न्यायालय परिसर में शक्तिशाली आरडीएक्स बम प्लांट होने की बात कही गई थी। इससे कुछ दिनों पूर्व पटना उच्च न्यायालय में भी बम प्लांट किए जाने की भी खबर मिली थी, जिसके बाद पटना उच्च न्यायालय की भी सघन तलाशी ली गई थी। बता दें कि पहलगाम हमले के बाद मिली इस धमकी को पुलिस काफी गंभीरता से ले रही है।

## देशभर में की जाए कैबिनेट मंत्रियों की तैनाती : उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने हाल की घटनाओं के मद्देनजर तथा देश के विभिन्न भागों में रहने वाले यहां के छात्रों और व्यापारियों में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने के लिए शुक्रवार को भारत भर के प्रमुख शहरों में कैबिनेट मंत्रियों को तैनात करने का निर्देश दिया। पहलगाम के प्रसिद्ध रिसॉर्ट के पास सुरम्य बैसरन घास के मैदान में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के बाद देश के विभिन्न भागों में छात्रों सहित उत्पीड़न और हमलों की कई रिपोर्टें आई हैं। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार के इन वरिष्ठ प्रतिनिधियों को संबंधित राज्य सरकारों में अपने समकक्षों के साथ निकट समन्वय स्थापित करने का काम सौंपा गया है। उनका कार्य जम्मू-कश्मीर के निवासियों की सुरक्षा, सम्मान और भलाई सुनिश्चित करना है, जो हाल की घटनाओं के मद्देनजर संकट, चिंता या असुरक्षा का सामना कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, हमारे छात्रों और व्यापारियों में सुरक्षा की भावना पैदा करने के उद्देश्य से मैंने अपने कैबिनेट मंत्रियों को देश भर के विभिन्न शहरों में भेजा है। इन यात्राओं का उद्देश्य संबंधित राज्य सरकारों के साथ प्रयासों का समन्वय करना और जम्मू-कश्मीर के निवासियों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करना है।

उन्होंने जम्मू-कश्मीर की क्षेत्रीय सीमाओं से परे अपने नागरिकों के कल्याण के लिए प्रशासन की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार अपने लोगों के साथ हर जगह खड़ी रहेगी। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा गुरुवार को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें देश भर की विभिन्न राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों से कश्मीरियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया। जम्मू-कश्मीर छात्र संघ (जेकेएसए) ने देश के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले क्षेत्र के छात्रों से घर के अंदर रहने, सार्वजनिक टकराव से बचने और ऑनलाइन भड़काऊ या राजनीतिक सामग्री में शामिल होने से बचने का आग्रह किया है।



■ जम्मू-कश्मीर के निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

## सार संक्षेप

### कस्तूरीरंगन के निधन पर राहुल ने जताया शोक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष पद्म विभूषण डॉ. के कस्तूरीरंगन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। गांधी ने कहा कि इसरो के पूर्व अध्यक्ष भारत की अंतरिक्ष प्रगति के महत्वपूर्ण स्तंभ कस्तूरीरंगन के निधन से दुखी हूं। उनका दूरदर्शी नेतृत्व विज्ञान और अंतरिक्ष अनुसंधान के प्रति पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। उनके परिवार, सहकर्मियों और प्रियजनों के प्रति हार्दिक संवेदना

### प्रशांत किशोर की बिहार बदलाव यात्रा 20 मई से

**जमुई।** जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर की बिहार बदलाव यात्रा की शुरुआत लोकनायक जय प्रकाश नारायण की जन्मभूमि सिताबदियारा से 20 मई से शुरू होगी। जन सुराज उद्घोष यात्रा के तहत किशोर शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर जमुई पहुंचे। जमुई में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने बड़ा ऐलान किया कि 20 मई को जय प्रकाश नारायण (जेपी) की जन्मभूमि सिताबदियारा से 'बिहार बदलाव यात्रा' की शुरुआत होगी।

### गुजरात ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में पाई सफलता

**गांधीनगर।** गुजरात ने तेज आर्थिक विकास के साथ मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि दुनियाभर के देशों के लिए जब महंगाई एक बहुत ही बड़ी समस्या बनी हुई है, तब भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गुजरात ने तेज आर्थिक विकास के साथ मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है।

### एआईएमआईएम ने हैदराबाद स्थानीय प्राधिकरण एमएलसी चुनाव जीता

**हैदराबाद।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन उम्मीदवार मिर्जा रियाज उल हसन इफेंडी ने हैदराबाद स्थानीय प्राधिकरण एमएलसी चुनाव में भाजपा उम्मीदवार एन गौतम राव को हराया है। शुक्रवार को यहां जीएचएमसी पंवार हॉल में हुई मतगणना में एआईएमआईएम उम्मीदवार ने 63 वोट हासिल किया, जबकि भाजपा उम्मीदवार को 25 वोट मिले। हैदराबाद स्थानीय प्राधिकरण एमएलसी निर्वाचन क्षेत्र के लिए बुधवार को मतदान हुआ, जिसमें कुल 112 मतदाता थे और 78 प्रतिशत मतदान हुआ। इनमें से पदेन सदस्यों, विधायकों और अन्य सहित 88 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। संख्या की कमी के कारण कांग्रेस और बीआरएस चुनाव से दूर रहे। तेलंगाना में इस सीट के लिए पिछला चुनाव सर्वसम्मति से हुआ था।

## 12 जून को सिंचाई के लिए खोला जाएगा मेट्टूर बांध

**चेन्नई,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। तमिलनाडु के जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा में घोषणा की कि मेट्टूर बांध के स्लुइस गेट 12 जून को सिंचाई के लिए खोले जाएंगे। यह घोषणा कावेरी डेल्टा जिलों में कुरुवई धान की खेती के लिए समय पर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मेट्टूर बांध का पानी डेल्टा क्षेत्र के किसानों के लिए उनकी फसलों की खेती के लिए जीवन रेखा है। मंत्री ने कहा कि तैयारियों के हिस्से के रूप में 12 जिलों में 5,021 किलोमीटर लंबी सिंचाई नहरों से गाद निकालने का काम योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है और यह पहले से ही प्रगति पर है। दुरैमुरगन ने कहा कि विशेष ड्रेजिंग परियोजना के तहत 98 करोड़ रुपए की राशि आबंटित की गई है। गाद निकालने का काम जारी है और मई के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। बांध का समय पर खुलना हजारों किसानों के लिए महत्वपूर्ण है, जो अपनी फसलों के लिए कावेरी के पानी पर निर्भर हैं। सरकार की प्रारंभिक तैयारी और धन आबंटन का उद्देश्य बांध के खुलने के बाद नहरों के माध्यम से सुचारू जल प्रवाह सुनिश्चित करना है। कावेरी नदी पर बना मेट्टूर बांध मध्य और दक्षिणी तमिलनाडु में कृषि गतिविधियों के लिए जीवन रेखा है। गाद निकालने का काम जोरों पर है और सरकार ने मई के अंत तक इसे पूरा करने का आश्वासन दिया है। यह घोषणा मौसमी जल छोड़े जाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे किसानों के लिए राहत की बात है।

### बिहार में भूमि सर्वे के बीच नीतीश कैबिनेट का बड़ा फैसला

# मौखिक सहमति से हुए बदलैन को दी गई मान्यता

**पटना,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। बिहार सरकार ने भूमि सर्वेक्षण कार्य को और सरल, पारदर्शी एवं सुविधाजनक बनाने के लिए मौखिक सहमति के आधार पर पहले से जमीन के किए गए बदलैन (अदला-बदली) को भी शुक्रवार को मान्यता दे दी। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) डॉ. एस. सिद्धार्थ ने शुक्रवार संवाददाता सम्मेलन में बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में यहां मंत्रिपरिषद की हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को लागू करने के लिए बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त (संशोधन) नियमावली, 2025 की स्वीकृति दे दी।

डॉ. सिद्धार्थ ने कहा कि राज्य में बिहार विशेष सर्वेक्षण और बंदोबस्त अधिनियम, 2011 के तहत रैयती और अन्य प्रकार की जमीन का नया रिकॉर्ड (खतियान) और नक्शा तैयार किया जा रहा है। सर्वेक्षण के दौरान यह महसूस किया गया कि इस कार्य को पूरी तरह से सही, पारदर्शी और तेजी से करने के लिए मौखिक सहमति के आधार पर पहले से किए गए जमीन के बदलैन को भी मान्यता दी जानी चाहिए। एसीएस ने कहा कि इसके आलोक में बिहार विशेष सर्वेक्षण और बंदोबस्त नियमावली, 2012 में संशोधन कर इसे शामिल करने के लिए 'बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त (संशोधन) नियमावली, 2025' को मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक बुलाई थी। बैठक में नीतीश कैबिनेट ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। कई विभागों में सरकार ने नए पद सृजित किए हैं। यानि बिहार के नौजवानों के लिए अच्छी खबर है। राज्य सरकार सरकारी नौकरी देने को लेकर नए-नए पद सृजित कर रही है।

नीतीश कैबिनेट की बैठक में कुल 34 एजेंडों पर मुहर लगी है। नगर विकास विभाग में एकीकृत शहरी अभियंत्रण संगठन के 71 कार्यालयों के सुचारू रूप से संचालन के लिए 663 विभिन्न कोटि के गैर तकनीकी पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। इस पर प्रतिवर्ष 35 करोड़ 27 लाख 48 344 रुपए खर्च होंगे। महाधिवक्ता कार्यालय में 34 स्थाई पद तथा संविदा आधारित 6 पद कुल 40 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में अपर जिला भू अर्जन पदाधिकारी के 104 पद एवं राजस्व अधिकारी सह कानूनगो (भू अर्जन) के 81



■ नीतीश कैबिनेट ने प्रस्ताव पर लगाई मुहर

### बिहार सरकार बिजली बिल पर 15995 करोड़ का देगी अनुदान

पटना। बिहार सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में लोगों को उनके बिजली पर 15995 करोड़ रुपए का अनुदान देगी। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राज्य सरकार ने 'मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना' के तहत बिजली उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट बिजली पर दी जाने वाली सब्सिडी के लिए कुल 15,995 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। यह राशि अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक हर महीने 1,332.92 करोड़ रुपये की दर से दी जाएगी। यह पूरा भुगतान भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) के माध्यम से सीधे एनटीपीसी लिमिटेड को किया जाएगा।

## अनुच्छेद 370 निरस्त करने से भी आतंकवाद का खात्मा नहीं हो सका : माणिक सरकार

**अगरतला,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री माणिक सरकार ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग करते हुए और केंद्र सरकार की आलोचना की है कि अनुच्छेद 370 निरस्त करने के बाद से भी केन्द्रशासित प्रदेश से आतंकवाद का खात्मा नहीं हो सका। सरकार ने कहा कि केंद्र का दुष्प्रचार निर्दोष लोगों की जान जोखिम में डाल रहा है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी अपील की 22 अप्रैल के हमले के दौरान स्थानीय खच्चरवाले सैयद आदिल हुसैन शाह के बलिदान को नहीं भुलाया जाना चाहिए। सैयद को आतंकियों का सामना करने और पर्यटकों की रक्षा करने की कोशिश करते समय कथित तौर पर गोली मार दी गई थी। पूर्व मुख्यमंत्री सरकार ने इस आतंकवादी हमले को वर्ष 2019 के पुलवामा हमले जैसा ही बताते हुए याद दिलाया कि उस समय भी सरकार ने 40 जवानों की मौत के बाद जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद का खात्मा करने का वायदा किया था।

**निर्दोष लोगों की जान जोखिम में डाल रहा केंद्र का दुष्प्रचार**



■ पहलगाम हमले को लेकर की केंद्र सरकार की आलोचना

### घाटी में खुफिया निगरानी तंत्र पर उठाए सवाल

वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री माणिक सरकार ने पूछा कि फिर भी हमले होते रहते हैं। अगर आतंकवाद वास्तव में खत्म हो गया है तो ऐसी घटनाएं पुनरावृति कैसे हो रही हैं। उन्होंने घाटी में सुरक्षा और खुफिया निगरानी तंत्र पर भी सवाल उठाए। केन्द्र पर 'राष्ट्रीय सुरक्षा' को राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए सरकार ने कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को 'मास्टरस्ट्रोक' बताया गया, लेकिन स्थिति और खराब ही हुई है।

## त्रिपुरा में बांग्लादेश के झंडे को लेकर दो लोग हिरासत में

**अगरतला,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। अगरतला के जॉयपुर क्षेत्र में गुरुवार रात को एक ऑटो रिक्शा पर बांग्लादेश का राष्ट्रीय ध्वज देखे जाने के बाद स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया, जिसके परिणामस्वरूप दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। प्रदर्शनकारियों ने ऑटो रिक्शा पर बांग्लादेश के झंडे को देखकर आपत्ति जताई और तुरंत पुलिस को सूचित किया।

पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दो लोगों को हिरासत में ले लिया और आगे की जांच शुरू कर दी। यह घटना अगरतला में सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के प्रयासों के बीच हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बटाला मार्केट के चाय विक्रेता दुलाल मिया (62) के रिक्शा के पिछले हिस्से पर झंडा पेंट किया हुआ था। स्थानीय लोगों ने रिक्शा चालक से इस बारे में पूछा तो उसने स्पष्ट किया कि उसने एक सप्ताह पहले ही वाहन किराए पर लिया था और जब तक आपत्ति नहीं जताई गई, तब तक उसे झंडे के बारे में पता नहीं था। रिक्शा चालक ने कहा कि मैंने इलेक्ट्रिक ऑटो-रिक्शा खरीदने के लिए अपना रिक्शा बेच दिया था। चूंकि सरकारी प्रतिबंधों के कारण यह संभव नहीं हो पाया, इसलिए मैंने दुलाल मिया से यह रिक्शा किराए पर लिया। मैंने पहले ही ध्वज देखा था और उन्हें इसके बारे में बताया भी था। बाद में दुलाल मिया मौके पर पहुंचे और सार्वजनिक रूप से माफी मांगी, उन्होंने दावा किया कि ध्वज को स्थानीय कलाकार ने गलती से चित्रित कर दिया था।

## ब्राह्मणों पर विवादित बयान देकर बुरे फंसे अनुराग कश्यप

**सूरत,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। ब्राह्मणों पर किए गए विवादित बयान को लेकर फिल्म निर्माता-निर्देशक अनुराग कश्यप ने भले ही माफी मांग ली हो, मगर उनकी मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। देश भर में विरोध के बाद अब सूरत की ज्युडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास (जेएमएफसी) कोर्ट ने अनुराग के खिलाफ नोटिस जारी कर पेश होने का आदेश दिया है। सूरत की जेएमएफसी कोर्ट ने अनुराग के खिलाफ नोटिस जारी कर 7 मई को कोर्ट में हाजिर होने का आदेश दिया है। यह नोटिस ब्राह्मण समाज की ओर से सूरत के वकील कमलेश रावल की शिकायत के बाद जारी की गई है। कोर्ट में शिकायत करने वाले एडवोकेट कमलेश रावल ने अनुराग कश्यप के सोशल मीडिया पोस्ट और माफीनामे को सबूत के तौर पर कोर्ट में पेश किया। कमलेश रावल ने बताया, हाल ही में अनुराग कश्यप ने सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज के खिलाफ भद्दा कमेंट किया था। आदित्य दत्ता नाम के व्यक्ति ने जब कश्यप को यह सब न कहने के लिए कहा तो उन्होंने गाली देकर विवादित टिप्पणी की।

मैंने मामले की शिकायत की है, जिसे लेकर अनुराग कश्यप को सात मई को कोर्ट में हाजिर होने के लिए नोटिस दिया गया है। 7 मई को अनुराग कश्यप या उनके वकील को कोर्ट में हाजिर होना है। यदि वह कोर्ट में हाजिर नहीं होते हैं तो कोर्ट एकतरफा फैसला सुना सकता है।

फिल्म निर्माता-निर्देशक अनुराग कश्यप का ब्राह्मणों पर दिया गया विवादित बयान तूल पकड़ता जा रहा है। इस बीच मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट कर कश्यप ने दोबारा आहत लोगों से माफी मांगी थी। कश्यप का कहना है कि वह गुस्से में आकर मर्यादा भूल गए थे।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद अहिवारा, जिला दुर्ग ( छ.ग.**

**ई-प्रोयूरमेंट निविदा सूचना**

Main Porta:http://eproc:cgstate.gov.in

UADD Portak http://eproc.cgstate.gov.in 17

क्रमांक/65/न.पा.प./ लो.क.वि./2025 — अहिवारा दिनांक 24/04/25

| क्रं. | कार्य का नाम | सिस्टम टेंडर क्रं. | अनु. लागत लाख में | निविदा आनलाईन करने की प्रारंभिक /अंतिम तिथी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Ward No 15 Consturction Of SLRM Center At N.P.P. Ahiwara | 167366 | 25.90 | Bid Start Date-24-04-2025, 18.30 PM Bid Due Date-09.05.2025, 17.30 PM Physical FDR & Affidavit Submission End Date 14-05-2025, 17.30 PM Bid open Date (Suheduled) 14-05-2025, 17.31 PM |
| 2 | Consturction Of Composting Shed At N.P.P. Ahiwara | 167443 | 13.73 | Bid Start Date-24-04-2025,18.30 PM Bid Due Date - 15-05-2025, 17.30 PM Physical FDR & Affidavit Submission End Date 19-05-2025, 17.30 PM Bid open Date (Suheduled) 14-05-2025, 17.31 PM |
| 3 | Ward No. 09 Consturction Of Anganbadi Bhawan At N.P.P. Ahiwara | 167439 | 12.00 | |

विस्तृत जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब साईड http://eproc.cgstate.gov.in से डॉउनलोड/देखी जा सकती है ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद अहिरवारा

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई** मदरटेरेसा नगर जोन क्रं.-3

क्र./लो.क.वि/न.नि./2025/4/1 41/32 — भिलाई, दिनांक : 22.04.2025

**निविदा निविदा सूचना**

कार्य हेतु निविदा तिथि-निविदा जारी करने की तिथि-दिनांक 22.04.2025 2 आवेदन की अंतिम तिथि-दिनांक 06.05.2025 सायं 5.30 बजे तक 3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि- दिनांक 14.05.2025 सांय 5.30 बजे तक 4. निविदा खोले जाने की तिथि-दिनांक 15.05.2025

| क्रं. | कार्य का नाम | निविदा लागत (लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विधायक निधि अंतर्गत वार्ड-56 सड़क नं.-16 संकट मोचन सार्वजनिक परिसर के समीप सौंदयीकरण कार्य। (जोन-03) | 2.00 | 2000.00 | 300.00 | 02 माह |
| 2 | विधायक निधि अंतर्गत वार्ड-54 सेक्टर-01 नेहरू भवन के पास पेयजल हेतु सार्वजनिक वाटर ए.टी.एम. लगाने का कार्य। (जोन-03) | 7.00 | 7000.00 | 750.00 | 02 माह |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी नगर निगम भिलाई के वेबसाइट www.bhilainagarnigam.com अथवा संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in and चिप्स की वेबसाईट eproc.cgstate.gov.in से देखी जा सकती है।

जोन आयुक्त, जोन-3

**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग**
**सुकमा वनमण्डल, सुकमा जिला सुकमा ( छ.ग. )**

ईमारती काष्ठ का नीलाम विज्ञापन सुकमा वन मण्डल सुकमा, जगदलपुर वृत्त जगदलपुर सर्व साधारण यो सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है जगदलपुर वृत्त के सुकमा चन मण्डल के अनार्गत सुकमा काष्ठागार में संयजित ईमारती काष्ठ का ई-नीलाम दिनांक 05/05/2025 समय प्रात: 09.00 बजे से ई-ऑक्सन द्वारा निवर्तन किया जायेगा ।

अत: इच्छुक व्यापारियों ई ऑक्सन में अवश्य भाग लेवें । ई-ऑक्सन की शर्ते व अन्य ज्ञानकारियों कार्यालयीन दिवसों में काष्ठागार अधिकारी या बनमण्डल कार्यालय सुकमा से प्राप्त की जा सकती है।

**सुकमा काष्ठागार में ईमारती काष्ठ की मात्रा**

| प्रजाति | नया काष्ठ की मात्रा | | | पुराना काष्ठ की मात्रा | | | महायोग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | लट्ठा घ.मी. | बल्ली नग | डेंगरी नग | लट्ठा घ.मी. | बल्ली नग | डेंगरी नग | लट्ठा घ.मी. | बल्ली नग | डेंगरी नग |
| सागौन | 78.203 | 11 | 17 | 239.620 | 157 | 268 | 317.823 | 168 | 285 |
| साल | 0 | 0 | 0 | 3.340 | 6 | 0 | 3.340 | 6 | 0 |
| बीजा | 2.340 | 1 | 0 | 45.894 | 35 | 0 | 48.234 | 55 | 0 |
| साजा | 10.643 | 73 | 0 | 1.781 | 82 | 0 | 12.424 | 155 | 0 |
| हल्दू | 1.443 | 0 | 0 | 3.579 | 0 | 0 | 5.022 | 0 | 0 |
| अन्य | 11.072 | 98 | 0 | 45.177 | 460 | 0 | 56.249 | 558 | 0 |
| शिवना | 0 | 0 | 0 | 1.031 | 6 | 0 | 1.031 | 6 | 0 |
| योग | 103.701 | 183 | 17 | 340.422 | 746 | 268 | 444.123 | 948 | 285 |

टीप:-1. क्रेता को ई-ऑक्सन के पूर्व एम.एस.टी.सी.ई-फार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है ।

2. क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लाटो के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वेलिट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।

3. लॉट की थप्पी एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगईन फरके देख सकते है।

वनमण्डलाधिकारी
सुकमा वनमण्डल,
सुकमा

जी-252600488




## मैं दूसरे कलाकारों से अलग, मेरे संगीत में सच्चाई, प्यार और इमोशन : अखिल सचदेवा

**मुंबई।** मशहूर सिंगर और कंपोजर अखिल सचदेवा के गानों के लोग दीवाने हैं। उनकी आवाज लोगों के दिलों को छू जाती है। उन्होंने बताया कि उनके संगीत में सच्चाई, प्यार और जिंदगी से जुड़ी खास भावनाएं होती हैं, जो उन्हें दूसरे कलाकारों से अलग बनाती हैं। वह अपनी कला को दिल से जीते हैं और हर पल उसमें अपने जज्बात और एहसास डालते हैं। यही कारण है कि वह अपने अलग म्यूजिक के लिए जाने जाते हैं। अखिल सचदेवा से जब सवाल पूछा गया कि अगर सालों बाद लोग उनकी म्यूजिक प्लेलिस्ट सुनें, तो वह किस तरह का इमोशनल अनुभव चाहेंगे, आजकल लोग जो गाने सुनते हैं, जैसे 'हमसफर', जो 2017 में आया था, उसके बाद 'तेरा बन जाऊंगा', 'चन्ना वे', 'ओ साजन' और मेरे सारे सिंगल्स इन गानों में एक सच्चाई है।

# औषधीय गुणों से भरपूर है मुलेठी

- हार्ट ब्लॉकेज रोकने में मददगार
- मुलेठी में एंटीऑक्सिडेंट और प्रोटीन जैसे तत्व



**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। मुलेठी एक औषधीय जड़ी-बूटी है, जो औषधीय गुणों से भरपूर है। आयुर्वेद में मुलेठी का उपयोग विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से निजात पाने के लिए किया जाता है। मुलेठी का सेवन हार्ट ब्लॉकेज को रोकने में मददगार साबित हो सकता है।

मुलेठी का सेवन रक्त संचार को बेहतर बनाता है, जिससे हृदय तक रक्त (खून) का प्रवाह सुचारू रहता है और हार्ट ब्लॉकेज की आशंका कम हो जाती है। मुलेठी में एंटीऑक्सिडेंट और प्रोटीन जैसे तत्व हृदय की मांसपेशियों को मजबूत करते हैं और हृदय संबंधी सूजन को कम करते हैं, जिससे हार्ट अटैक का खतरा कम हो जाता है। मुलेठी का सेवन कोलेस्ट्रॉल के स्तर को भी नियंत्रित करता है, जो हार्ट ब्लॉकेज से बचाव में सहायक होता है।

आयुर्वेद में हृदय रोग के मरीजों को तीन से पांच ग्राम मुलेठी के चूर्ण को 15 से 20 ग्राम मिश्री वाले पानी के साथ रोजाना सेवन करने की सलाह दी जाती है, जिससे हृदय की सेहत में सुधार होता है और हार्ट ब्लॉकेज का खतरा भी कम होता है। मुलेठी में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण हृदय की सूजन और तनाव को कम करने में कारगर होते हैं, जो हृदय रोगों की रोकथाम में अहम भूमिका निभाते हैं।

हार्ट ब्लॉकेज के अलावा मुलेठी का सेवन मुंह के छाले, गला बैठना, गले की खराश और खांसी के लिए भी किया जाता है। हालांकि, रोग के हिसाब से मुलेठी का सेवन अलग-अलग तरीकों से किया जा सकता है।

मुलेठी की तासीर ठंडी होती है। आयुर्वेद के अनुसार, इसका सेवन कोई भी कर सकता है। पित्त प्रकृति के लोग भी इसका सेवन कर सकते हैं। हालांकि, संतुलित मात्रा में ही इसका इस्तेमाल करना चाहिए। अधिक मात्रा में इसके सेवन से मांसपेशियों में कमजोरी और अन्य दुष्प्रभाव हो सकते हैं। इसलिए, इसका सेवन करने से पहले वैद्य से परामर्श जरूर करें। गर्भवती महिलाओं को डॉक्टर की सलाह के बिना मुलेठी का सेवन कतई नहीं करना चाहिए।

# रील वाली दुनिया में 'फील' नहीं, फोटो की फ्रेम से भी नहीं सज रही घरों की दीवारें



- डिजिटल उपकरणों के इस्तेमाल से बढ़ती आंखों की बीमारी की महामारी
- 2050 तक विश्व की 50 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या निकट दृष्टिदोष से ग्रस्त होगी

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। तकनीक का विकास जिस तेजी से हो रहा है, उतनी तेजी से मानव के दिमाग का विकास भी हो यह संभव नहीं है। दिमाग के विकास की एक सतत प्रक्रिया है। लेकिन, आज के जमाने में तकनीकी विकास की अंधी दौड़ में शिशु कितनी तेजी से अपनी उम्र से ज्यादा मैच्योर हो जा रहे हैं। यह समझते-समझते देर हो चुकी होती है। दरअसल, हम जिस कालखंड में जी रहे हैं, यहां जितनी तेजी से तकनीक बदल रही है। उससे ज्यादा तेजी से उसे स्वीकार करने वालों की संख्या बढ़ रही है, जिसमें ज्यादातर शिशु हैं या फिर युवा। लेकिन, उनको पता ही नहीं होता कि कब यही तकनीकी विकास उनके लिए अभिशाप बन जाता है।

मानसिक स्वास्थ्य पर इन शॉर्ट-फॉर्म वीडियो (जिसको रील कहते हैं) के प्रभाव के बारे में चिंताओं के बाद, डॉक्टर अब एक नए बढ़ते संकट से होने वाली 'आंखों की क्षति' को लेकर चिंतित हैं।

आपके और आपके बच्चों के द्वारा बिताया गया अत्यधिक स्क्रीन टाइम, विशेष रूप से इंस्टाग्राम, टिकटॉक, फेसबुक और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रील देखने से नेत्र विकारों में वृद्धि हो रही है।

इसके बारे में कई नेत्र रोग विशेषज्ञों ने समय-समय पर अपनी राय दी है। इससे पहले चिकित्सक एक-दो मिनट की रील (वीडियो) देखने की लत से दिमाग पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव को लेकर चिंता जता चुके हैं। वह पहले ही कह चुके हैं कि यह आपकी मेमोरी को खत्म कर रहा है। इसका दुष्प्रभाव आपकी याददाश्त पर साफ नजर आ रहा है।

नेत्र चिकित्सक तो इसे 'साइलेंट एपिडेमिक ऑफ डिजिटल आई स्ट्रेन' (डिजिटल उपकरणों के इस्तेमाल से बढ़ती आंखों की बीमारी की महामारी) तक बता रहे हैं। नेत्र चिकित्सकों ने तो यहां तक स्पष्ट कर दिया है कि इसकी वजह से आंखों में खुश्की, निकट दृष्टि दोष, आंखों में दबाव और भेंगापन जैसे मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है। इसकी सबसे बड़ी वजह चिकित्सकों के अनुसार रील देखने की वजह से पलकें झपकने की दर में 50 प्रतिशत की कमी को माना गया है। वयस्कों में तो यह नीली रोशनी के कारण अक्सर सिरदर्द, माइग्रेन और नींद संबंधी विकार उत्पन्न कर रहा है।

चिकित्सकों का मानना तो यहां तक है कि 2050 तक विश्व की 50 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या निकट दृष्टिदोष से ग्रस्त होगी।

इसके साथ ही मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि यह रील देखने की लत सामाजिक अलगाव, मानसिक थकान और 'संज्ञानात्मक अधिभार' यानी जरूरत से अधिक सूचना का संग्रह जैसी चिंताजनक प्रवृत्ति को जन्म दे रहा है। लोगों का संबंध भी वास्तविक दुनिया से कटता जा रहा है और वे आभासी दुनिया के गुलाम बनते जा रहे हैं। जिसके परिणामस्वरूप पारिवारिक रिश्ते खराब हो रहे हैं। साथ ही बच्चों का ध्यान शिक्षा के प्रति कम होता जा रहा है।

वहीं, स्वास्थ्य विशेषज्ञ तो यहां तक कह रहे हैं कि शॉर्ट वीडियो देखने की यह लत आपकी बॉडी क्लॉक को बिगाड़ रही है।

इसका परिणाम यह हो रहा है कि रील के जरिए फील लेने की कोशिश में अत्यधिक डिजिटल उपभोग अक्सर खालीपन की भावना की ओर ले जाता है। इसके बाद भी हम संतुष्ट महसूस करने के बजाय, अक्सर खुद को और अपने आसपास की दुनिया से अधिक अलग पाते हैं। यह मानसिक प्रदूषण का प्रकार है, जो स्पष्ट रूप से सोचने और इरादे से जीने की क्षमता को धुंधला करता है। इसकी वजह से हो यह रहा है कि कोई भी जीवन के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने के बजाय, सूचना का निष्क्रिय प्राप्तकर्ता बन जाता है और अपने स्वयं के विचारों और भावनाओं से संपर्क खो देता है।

चीन के तियानजिन नॉर्मल यूनिवर्सिटी और अमेरिका के यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, लॉस एंजिल्स के वैज्ञानिकों की मानें तो रील एडिक्शन वाले लोग न सिर्फ दूसरों की तुलना में एक अलग ब्रेन मॉर्फोलॉजी या स्ट्रक्चर डेवलप करते हुए दिखाई देते हैं। बल्कि इस लत वाले लोग पर्सनलाइज्ड कंटेंट को हद से ज्यादा कंज्यूम करते हैं, यह इस हद तक होता है कि ये इनकी दूसरी एक्टिविटीज में निगेटिव तरीके से दखल देने लगता है।

# मलेरिया मुक्त भारत की ओर लगातार प्रयास कर रही है सरकार



**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। हर साल 25 अप्रैल को 'विश्व मलेरिया दिवस' मनाया जाता है ताकि मलेरिया जैसी जानलेवा बीमारी के बारे में लोगों को जागरूक किया जा सके। इस वर्ष की थीम है - 'मलेरिया एंड विद अस रीइनवेस्ट, रीइमेजिन, रीइग्नाइट', जिसका मकसद है मलेरिया को जड़ से मिटाने के लिए दुनियाभर से लेकर गांव-शहरों तक नए उत्साह से काम करना। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया सिंह पटेल ने कहा कि सरकार 'मलेरिया मुक्त भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में लगातार काम कर रही है।

सोशल मीडिया मंच एक्स पर अनुप्रिया पटेल ने कहा कि विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर हम सभी की जिम्मेदारी है कि मलेरिया जैसी खतरनाक बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाएं और इसे समाप्त करने के लिए एकजुट होकर काम करें। उन्होंने आगे कहा कि भारत सरकार 'मलेरिया मुक्त भारत' के लक्ष्य की दिशा में लगातार काम कर रही है। आइए, हम सब मिलकर इस अभियान को सफल बनाएं।

मलेरिया एक जानलेवा बीमारी है जो मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से फैलती है। यह बीमारी रोकी जा सकती है और इसका इलाज भी संभव है। भारत का लक्ष्य है कि 2030 तक मलेरिया को पूरी तरह समाप्त कर दिया जाए। सरकार ने 2027 तक देश में मलेरिया के सभी स्थानीय मामलों को खत्म करने का संकल्प लिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की दिसम्बर 2024 में जारी 'वर्ल्ड मलेरिया रिपोर्ट' के अनुसार, भारत में 2017 से 2023 के बीच मलेरिया के मामलों में 69 प्रतिशत और इससे होने वाली मौतों में 68 प्रतिशत की कमी आई है।

साल 2023 में दुनिया भर के कुल मलेरिया मामलों में भारत का योगदान केवल 0.8 प्रतिशत रहा। 2024 में भारत विश्व स्वास्थ्य संगठन के 'हाई बर्डन टू हाई इम्पैक्ट' (एचबीएचआई) ग्रुप से बाहर आ गया, जो एक बड़ी स्वास्थ्य उपलब्धि है।

पटेल ने कहा कि हर साल करोड़ों लोग मलेरिया से प्रभावित होते हैं, जबकि यह एक रोकी जा सकने वाली और इलाज योग्य बीमारी है।

उन्होंने लोगों से अपील की कि साफ-सफाई रखें, मच्छरों से बचें, पूरे बाजू के कपड़े पहनें, मच्छरदानी और मच्छर भगाने वाले उपाय अपनाएं, बुखार होने पर तुरंत जांच कराएं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, साल 2000 से अब तक मलेरिया के करीब 2.2 अरब मामलों और लगभग 1.27 करोड़ मौतों को रोका जा चुका है। अब तक विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 45 देशों और एक क्षेत्र को 'मलेरिया मुक्त' घोषित किया है। वहीं, जिन देशों में मलेरिया के मामले कम हैं, वे भी धीरे-धीरे इसे पूरी तरह खत्म करने की दिशा में बढ़ रहे हैं। वर्तमान में 83 देशों में मलेरिया मौजूद है, लेकिन इनमें से 25 देशों ने 2023 में केवल 10 या उससे भी कम मामले दर्ज किए। हालांकि काफी प्रगति हुई है, फिर भी मलेरिया आज भी एक बड़ी स्वास्थ्य चुनौती बना हुआ है। अकेले 2023 में करीब 6 लाख लोगों की जान मलेरिया के कारण गई। अफ्रीकी महाद्वीप पर इसका सबसे ज्यादा असर है, जहां हर साल करीब 95प्रतिशत मलेरिया का बोझ पड़ता है।

# दीप्ति नवल ने दिखाई कश्मीर की पहली यात्रा की झलक, बोलीं, 'आतंकी हमले से दुखी हूं'



**मुंबई,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। बीते जमाने की अभिनेत्री दीप्ति नवल सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और अपने जज्बात वहां शेयर करती रहती हैं। लेटेस्ट पोस्ट में अभिनेत्री ने बताया कि वह कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले से दुखी हैं। इसके साथ ही उन्होंने अपनी पहली कश्मीर यात्रा की झलक भी दिखाई। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा कि बैसरन, 1977 - कश्मीर की मेरी पहली यात्रा। मैं पहलगाम की स्थिति, समाचार देखकर, दर्द से तड़पते हमारे भाइयों और बहनों की क्लिप देखकर बहुत दुखी हूं। मैंने घाटी का कई बार दौरा किया है, लेकिन घाटी में निर्दोष पर्यटकों की हत्याओं से इतनी व्यथित कभी नहीं हुई। धर्म के नाम पर शहीद हुए सभी लोगों के परिवारों के प्रति मेरी संवेदना। यह शर्मनाक है। शेयर की गई तस्वीर में दीप्ति नवल कश्मीर की खूबसूरत वादियों में बैठी नजर आईं। उनके पास कश्मीर के एक स्थानीय नागरिक भी बैठे नजर आए।

दीप्ति की पोस्ट पर सोशल मीडिया यूजर्स भी कमेंट करते नजर आए। एक यूजर ने लिखा, इस घिनौने और निंदनीय कृत्य से हम भी सदमे में हैं। दूसरे यूजर ने लिखा कि आपके जमाने में कश्मीर जन्नत था दीप्ति, मगर अब लोगों ने क्या ही बना दिया है। एक अन्य ने लिखा कि यह दिल तोड़ने वाला है। दर्द के साए में ऐसी खूबसूरती को देखना दिल दहला देने वाला है। इस याद को साझा करने के लिए धन्यवाद - घाटी और उसके लोगों में शांति लौट आए। इस बार अपराधियों को जीवन भर का सबक सिखाया जाएगा। एक यूजर ने लिखा कि वह गोल्डन टाइम था और मौत का डर नहीं होता था। इस भय से मुक्त होकर प्रकृति का आनंद लेते थे। बता दें, अभिनेत्री का कश्मीर से गहरा रिश्ता है। नवल ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया था कि जब वह 13 साल की थीं, तब अपने जन्म स्थान अमृतसर से भागकर कश्मीर चली गई थीं।

# धूप से बचने के लिए मॉइश्चराइजर फायदेमंद



- चेहरे पर आएगा निखार
- त्वचा को ठंडक पहुंचाने के लिए करें गुलाब जल का प्रयोग

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। गर्मी का आगाज होते ही स्वास्थ्य से जुड़ी कई चुनौतियाँ भी सामने आने लगती हैं। ऐसे में हर कोई गर्मी के इस सीजन में खुद को चुस्त-दुरुस्त रखना चाहता है, क्योंकि गर्मी का मौसम त्वचा के लिए चुनौतीपूर्ण तो होता ही है। इसके साथ ही, तेज धूप, पसीना और उमस चेहरे की चमक को फीका करने का भी काम करते हैं। हालांकि, इन सब से बचने के लिए सुबह के समय कुछ खास चीज़ों का इस्तेमाल करके आप अपनी त्वचा को तरोताजा और निखरा हुआ बनाए रख सकते हैं। गर्मी के दौरान लोग घर से बाहर निकलने के लिए काफी बचते हैं। उन्हें डर रहता है कि कहीं गर्मी की मार का असर उनके चेहरे पर न पड़ जाए। हालांकि, वर्किंग लोगों के लिए धूप में निकलना मजबूरी होता है और वे घर से बाहर निकलते समय जरूरी बातों की अनदेखी कर देते हैं, जिस वजह से उनके चेहरे का रंग भी फीका पड़ जाता है। नई दिल्ली स्थित एम्स की डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. अदिति झा (एमडी) ने इंस्टाग्राम पोस्ट में चेहरे को कड़क धूप से बचाने का उपाय सुझाया है। इसमें नंबर एक पर मॉइश्चराइजर है। अगर आप भीषण गर्मी के बीच भी घर से बाहर निकलते हैं तो धूप से बचने के लिए मॉइश्चराइजर एक अच्छा ऑप्शन माना जा सकता है। कहते हैं कि गर्मियों के दौरान सुबह के समय घर से बाहर निकलते समय भी इसका इस्तेमाल किया जा सकता है, जो त्वचा को नमी प्रदान करता है। साथ ही, इसे चेहरे पर लगाने से चेहरे पर निखार भी आता है। हालांकि, गर्मी के दौरान उन्हीं मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करना चाहिए, जो केमिकल से लैस न हों।

डॉ. झा की लिस्ट में दूसरे नंबर पर सनस्क्रीन आता है। गर्मियों के दौरान चेहरे पर सनस्क्रीन जरूर अप्लाई करना चाहिए, क्योंकि इसे लगाने से चेहरे को सूरज की हानिकारक किरणों से लड़ने में ताकत मिलती है, बल्कि ये टैनिंग और सनबर्न जैसी समस्याओं से भी बचाने का काम करती है। एक्सपर्ट्स की सलाह है कि सनस्क्रीन की पीएच वैल्यू को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक सुदीप बिस्वास पिता स्व. श्री सोमनाथ बिस्वास जाति कायस्थ उम्र 32 वर्ष निवासी बी–3/37 कस्टम क्वाटर्स ब्लाक जी.ई. सेक्टर 3, 12 पं. पानी टंकी साल्ट लेक कोलकाता थाना व तह. विधानसभा (एम.) जिला नॉर्थ 24 परगना साउथ, पश्चिम बंगाल एवं आवेदित स्मृति बनर्जी आ. श्री सुजीत कुमार बनर्जी, जाति ब्राम्हण, उम्र 29 वर्ष निवासी वार्ड नं. 02 गणेश चौक दल्लीराजहरा थाना दल्लीराजहरा, जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन–पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 19.05.2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 17.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।
अगामी तिथि 19.05.2025

**अपर कलेक्टर**
**एवं विशेष विवाह अधिकारी**
मुहर **जिला बालोद (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला महासमुंद**

**ईश्तहार**

क्रमांक 631/क/भू.व्यप/अविअ/2025
सरायपाली, दिनांक 16.04.2025

आवेदक घनश्याम पिता राजकुमार निवासी ग्राम देवलभांठा तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम सरायपाली में स्थित भूमि खसरा नंबर 917/15, 917/28, 917/29, 917/35 रकबा क्रमशः 0.008, 0.0154, 0.0113, 0.0122 हैं. भूमि को कृषि मद से भिन्न व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी–1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था का आपत्ति / दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 30.04.2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**सरायपाली**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार रजना गर सपिता गजाधर मनहरे एवं चन्द्रप्रकाश एवं चन्द्रजीत निवासी ग्राम बावनकेरा थाना पहचा तहसील व जिला महासमुन्द छ.ग से प्राप्त अधिकार एवं निर्देशानुसार सूचना दी जाती कि ग्राम बावनकेरा, प.ह.नं. 20, रा.नि.म. पटेवा, तहसील व जिला महासमुन्द छ.ग. में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 457 494/1 रकबा क्रमश 0.82 80. 0.42 हे. कुल खसरा न 02. कुल रकबा 1.24 हेक्टेयर को मेरे पक्षकार के पिता गजाधर मनहरे के द्वारा ग्राम: बोरिद तहसील मंदिरहसौद जिला रायपुर के द्वारा अपनी पैतृक भूमि को विक्रय कर उपरोक्त बावनकेरा की भूमि को मेरे पक्षकार के भाई दशरथ पिता गजाधर मनहरे के नाम से कय किया था जिस पर उपरोक्त भूमि के 1/2 हिस्से एवं शेष भूमि पर मेरे पक्षकार चन्द्रप्रकाश एवं चन्द्रजीत के हक में 14 के स्वामित्व रखते हैं. जिसे दशरथ मनहरे पित्ता गजापर मनहरे के द्वारा मात्र राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज होने के कारण एवं उनकी दूसरी पत्नि सावित्री एवं उसक पुत्र पुत्रियां के बहकावे में आकरएवं मेरे पक्षकार के हक हिस्स स बेदखल करने की नियत से विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है।

अत: उपरोक्त सपत्ति के सौदा के संबंध में किसी भी व्यक्ति के द्वारा उक्त भूमि का विक्रयनामा निष्पादित कर उपरोक्त भूमि को क्रय किया जाता है तो वह अवैध होगा। अत: आम जनता का ताकिद किया जाता है कि उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी औ प्रकार का सव्यवहार उक्त भूमि को कय करने के सबंध में न करें।

सो सूचना ज्ञात हो।

महासमुंद (छ.ग.)
दिनांक 11.03.2023

**डी.पी. रात्रे (अधिवक्ता)**
**वार्ड नं. 12 पिटियाझर महासमुंद**
**जिला महासमुन्द (छ.ग.)**
**मो.नं. 97700 69525**

**कार्यालय नगर पंचायत कुरूद जिला–धमतरी (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/995/2/राजस्व न.पं./2025–26
कुरूद, दिनांक 25.04.2025

नगर कुरूद प.ह.नं. 48 तहसील–कुरूद, जिला–धमतरी (छ.ग.) एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री दिलीप जादवानी पिता तीरथ जादवानी निवासी वार्ड क्र. 09 कुरूद द्वारा इस निकाय में नामान्तरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है कि आवेदक द्वारा स्थान वार्ड क्र. 08 शास्त्री नगर, कुरूद, प.ह.नं. 4. तहसील कुरूद व जिला–धमतरी में स्थित भूमि खसरा नं 548/2 रकबा 2106.4 वर्गफीट भूमि स्थित है, जिसे श्रीमती मथुरी बाई बेवा रूपचंद सिंधी निवासी वार्ड के 09, कुरूद से आपसी बंटवारानाम दिनांक 23.02.2021 के आधार पर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अत: उक्त भूमि को बंटवारानामा के आधार पर आवेदक के नास को नगर पंचायत कुरूद के मांग पंजी में दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अत्त: आवेदक द्वारा प्रस्तुत नामान्तरण आवेदन के सबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को दावा–आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नामान्तरण ईश्तहार प्रकाशन दिनांक से 30 दिनों के भीतर स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस कार्यालय में उपस्थित होकर दावा–आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम समयावधि बीत जाने के बाद प्राप्त दावा अपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत कुरूद**
मुहर **जिला–धमतरी (छ.ग.)**

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र–राजनांदगांव**

**आम सूचना**

छ.ग. गृह निर्माण मण्डल के आवासीय भूखण्डों/आवासीय भवनों को फ्री होल्ड के रूप में परिवर्तन करने के संबंध में छ.ग. शासन एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय रायपुर के आदेश दिनांक एफ–01–100/2009/32 रायपुर दिनांक 30.12.2011 समसंख्यक आदेश दिनांक 13.03.2012 व पत्र क्रमांक एफ 3–4/2020/32 दिनांक 31.12.2020 के परिपालन में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डल के निम्न हितग्राही के द्वारा जिनके नाम व कॉलोनी का नाम एवं आवासीय भूखण्ड/भवन क्रमांक छ.ग. गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, को फ्री होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस आम सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर यदि कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

मण्डल द्वारा निर्मित कॉलोनी अटल आवास योजना मनकी राजनांदगांव में आबंटी का नाम श्रीमती मधु साहू पति श्री भोला राम भवन क्रमांक 26, अटल आवास, मनकी राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़, गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र–राजनांदगांव**

**न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला क्रमांक:– 02504101500036**
**विषय:– अ–6 मामले की श्रेणी राजस्व**
**सन:–2024.2025**

घुघुवा, प.ह. न. 00012, पक्षकारों का विवरण . आवेदक पक्षकार बेदूराम साहू, गंगा राम साहू, अनावेदक पक्षकार फगुवाराम,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम घुघुवा प.ह.न.– 12 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक बेदूराम साहू पिता स्व, फगुवाराम अन्य निवासी तालपुरी भिलाई द्वारा ग्राम घुघुवा पहन 12 तहसील पाटन स्थित अपने पिता फगुवाराम के नाम दर्ज भूमि खसरा नंबर 23, 95 160 215, 615/2 683/1, 694, 696, 699 , 701, 710, 712, 731 रकबा क्रमांश: 0.03, 0.37, 0.44, 0.23, 0.05, 0.03, 110, 0.42, 0.06, 0.29, 0.91, 0.64, 0.01 हे कुल खसरा 13 कुल रकबा 458 हे. को भूमिस्वामी फगुवाराम पिता मिट्ठू द्वारा आवेदकगण के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत वसीयतनामा 21.02.2013 के आधार पर वसीयतकर्ता भूमिस्वामी फगुवाराम की दिनाक 24.09 2023 को मृत्यु हो जाने से आवेदित भूमि आवेदक के नाम नामातरण किये जाने प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचारधीन है। अत: आवेदक बेदूराम साहू पिता स्व फगुवाराम अन्य द्वारा प्रस्तुत आवेदन आधार पर उपरोकतानुसार नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति /संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 07.05.2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/04/2025 को जारी किया जाता है।

**नायब तहसीलदार**
मुहर **पाटन जिला–दुर्ग (छ.ग.)**

**नाम सुधार की सूचना (शपथ पत्र)**

मैं अमल राम यादव पिता लखमू राम यादव, आयु 47 वर्ष, निवासी ग्राम छोटे भिरावंड, तहसील– कोण्डागांव, जिला–कोण्डागांव, छ.ग., सत्य निष्ठापूर्वक निम्न सत्य कथन करता हूं:–

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ।

2. यह कि मेरी पुत्री का वास्तविक सही नाम मनोरमा यादव (MANORAMA YADAV) है, जो कि उसके जन्म प्रमाण पत्र में अंकित है।

3. यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड नं.7935 5105 6292, में उसका नाम त्रुटिवश मनोरमा (MANORAM) अंकित हो गया है।

4. यह कि मैं अपनी पुत्री के आधार कार्ड नं. 7935 5105 6292, में उसका वास्तविक सही नाम मनोरमा यादव (MANORAMA YADAV) अंकित करवाना चाहता हूँ।

5. यह कि यह शपथ पत्र मैं अपनी पुत्री के आधार कार्ड नं. 7935 5105 6292, में उसका वास्तविक सही नाम मनोरमा यादव (MANORAMA YADAV) अंकित किये जाने के समर्थन में प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**शपथ कर्ता**
**अमल राम यादव**
**ग्राम छोटे भिरावंड**

**न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र.–202504201500014/अ–6/2024–25**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कालिन्द्र कौशिक पिता हमीरचन्द कौशिक, उम्र 54 वर्ष जाति मरार निवासी रोजगारीपारा वार्ड कोण्डागांव, तहसील व जिला कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा नगर कोण्डागांव के मोहल्ला–रोजगारीपारा में स्थित भूमि शीट नंबर–02 भूखण्ड कमांक 97/2 क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट भूमि भू–भाटक 0.10 पैसे आवासीय मकान नजूल संधारण खसरा में अंगूरी राठौर पति रामनारायण रोजगारीपारा सा. देह के नाम पर दर्ज है। उक्त भूखण्ड को ई–पंजीयन क्रमांक IN-CG66281161265379X पंजीकृत बिक्री विलेख कमांक CG–2025–26–194–1–14 दिनांक 17.04.2025 को रूपये 12,00,000/– शब्दों में (बारह लाख रूपये) में क्रय करने के पश्चात् आवेदक श्री कालिन्द्र कौशिक पिता हमीरचन्द कौशिक, उम्र 54 वर्ष जाति मरार निवासी रोजगारीपारा वार्ड कोण्डागांव, तहसील व जिला कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा भू–राजस्व संहिता 1959 की धारा 110 के तहत् उक्त क्रयशुदा भूमि पर विक्रेता का नाम विलोपित कर आवेदक स्वयं का नाम दर्ज करवाने हेतु तलवाना, नक्शा, मेन्टीनेन्स खसरा एवं बिक्री विलेख की छायाप्रति सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 07.05.2025 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा. आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23.04.2025 को जारी किया जाता है।

) **नजूल अधिकारी**
**जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**

# नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण हुआ कर्जमुक्त

- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की नीतियों से मिला वित्तीय स्वावलंबन
- अब विकास को मिलेगी और तेज गति




**रायपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की राजधानी नवा रायपुर से एक प्रेरणादायक और सुखद खबर सामने आई है। नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण, जिसे पहले एनआरडीए के नाम से जाना जाता था, अब पूरी तरह से कर्जमुक्त हो गया है। प्राधिकरण ने 1788 करोड़ रुपये का सारा कर्ज़ चुका दिया है, जो कि भारत सरकार और कई राष्ट्रीयकृत बैंकों से लिया गया था। साथ ही 100 करोड़ रुपये की सरकारी गारंटी भी अब राज्य सरकार को लौटा दी है। इस उपलब्धि का श्रेय छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की नीतियों, वित्तीय अनुशासन और पारदर्शी प्रशासन को जाता है। यह कदम नवा रायपुर को अधोसंरचना विकास और नई परियोजनाओं के क्रियान्वयन में मददगार होगा।

नवा रायपुर, छत्तीसगढ़ की आधुनिक और नियोजित राजधानी, के विकास के लिए बड़े पैमाने पर कर्ज लिया गया था। यह कर्ज भूमि अधिग्रहण, सड़कों, शासकीय भवनों और शैक्षणिक संस्थानों जैसे हिदायतुल्लाह विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए था। हालांकि, कर्ज के बोझ और ब्याज भुगतान ने प्राधिकरण के नगदी प्रवाह को प्रभावित किया था। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने वित्तीय स्वावलंबन पर जोर देते हुए ऐसी नीतियाँ लागू कीं, जिन्होंने प्राधिकरण की आय बढ़ाई और कर्ज से छुटकारा दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया।

मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि नवा रायपुर अटल नगर का ऋणमुक्त होना एक सुखद संकेत है। हमारी सरकार ने वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और रणनीतिक नियोजन के माध्यम से यह सुनिश्चित किया कि प्राधिकरण न केवल कर्ज से मुक्त हो, बल्कि आत्मनिर्भर बनकर विकास की नई ऊँचाइयों को छूए। यह उपलब्धि नवा रायपुर को एक आधुनिक, रोजगारोन्मुखी और सुविधायुक्त शहर बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

छत्तीसगढ़ सरकार की नीतियों ने प्राधिकरण की संपत्तियों के व्यावसायिक उपयोग को बढ़ावा दिया। मेडिसिटी, फार्मास्यूटिकल पार्क, देश की विख्यात पॉलिमैटेक कंपनी के सेमीकंडक्टर प्लांट का भूमिपूजन और राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना की पहल जैसे प्रोजेक्ट्स ने निजी निवेश को आकर्षित किया। छत्तीसगढ़ सरकार ने वर्ष 2024-25 के तृतीय अनुपूरक बजट में नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण के लिए 1043 करोड़ रूपए का प्रावधान और औद्योगिक क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त धन आवंटन ने आय के स्रोतों को मजबूत किया। इसके अलावा, छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान (संशोधन) अध्यादेश-2025 के तहत व्यापारियों को राहत ने आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया, जिसका अप्रत्यक्ष लाभ नवा रायपुर विकास प्राधिकरण को मिला है।

ऋणमुक्ति के साथ, प्राधिकरण की सभी संपत्तियाँ अब बंधनमुक्त हो गयी है, जिससे उनका उपयोग और क्रय-विक्रय आसान होगा। इससे नगदी प्रवाह बेहतर होगा और अधोसंरचना, सार्वजनिक सेवाओं और नई परियोजनाओं को तेजी से लागू किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कदम नवा रायपुर को मेडिकल टूरिज्म और औद्योगिक विकास का केंद्र बनाएगा। नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ मिलेंगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण की यह उपलब्धि वित्तीय अनुशासन और रणनीतिक नियोजन का एक अनुकरणीय उदाहरण है। यह देश के अन्य शहरी विकास प्राधिकरणों के लिए अनुकरणीय है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारा लक्ष्य नवा रायपुर को न केवल छत्तीसगढ़ की गौरवशाली राजधानी बनाना है, बल्कि इसे देश के लिए एक मॉडल शहर के रूप में स्थापित करना है।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी का कहना है कि नवा रायपुर छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का नया ग्रोथ इंजन बनने जा रहा है। आज नवा रायपुर में आरबीआई, नाबार्ड सहित अन्य बैंकों और एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यालय, बालको कैंसर अस्पताल, सत्य साईं अस्पताल जैसे अनेक संस्थाओं का पदार्पण हो चुका है। नवा रायपुर आईटी के क्षेत्र में भी एक बड़ा केंद्र बनकर उभर रहा है। अब यहां पर सेमीकंडक्टर, डाटा सेंटर क्षेत्र से संबधित उद्योग भी लगने जा रहे हैं। नवा रायपुर में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल सुविधा प्रदान करने हेतु लगभग 100 एकड़ क्षेत्र में मेडिसिटी विकसित करने की योजना है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने वर्ष 2025-26 के बजट में लगभग 100 एकड़ क्षेत्र में एडुसिटी विकसित करने के लिए भी बजट प्रावधान किया है। यहां पर देश का तीसरा सबसे बड़ा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम है। नवा रायपुर के बढ़ते विकास को देखते हुए इंटिग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेंटर के उन्नयन, संचालन एवं संधारण कार्य हेतु 40 करोड़ का प्रावधान किया गया है। विकसित भारत आईकोनिक डेस्टिनेशन निर्माण हेतु 20 करोड़, ई-बसों सेवाओं के लिए 10 करोड़, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट हेतु 20 करोड़, साईंस सिटी की स्थापना हेतु 37 करोड़ तथा पुस्तकालय के निर्माण हेतु 20 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

# मैसूर में एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बागबाहरा के चार खिलाड़ियों ने 2 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य पदक जीता



**बागबाहरा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। मैसूर कर्नाटक में 21 से 23 अप्रैल तक वेटर्न एथलेटिक्स फेडरेशन आफ इंडिया 44वे नेशनल वेटर्न एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला आमापारा मुनगासेर की प्रधानपाठक पद पर पदस्थ एवं अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़ केन्द्रीय अध्यक्ष महिला प्रभाग राज सुवरमार रामबती ठाकुर ने 35 प्लस आयु वर्ग में 100 मीटर हर्डल्स में स्वर्ण पदक लंबी कूद में रजत पदक, ऊंची कूद में स्वर्ण पदक जीते। इस प्रतियोगिता में बागबाहरा क्षेत्र से 4 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। जिसमें 2 स्वर्ण पदक 4 रजत पदक 2 कांस्य पदक बागबाहरा के खिलाड़ियों ने जीत कर पदकों की झड़ी लगा दिया। इस शानदार जीत पर अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़ सूवरमार राज के सभी पदाधिकारी समाजनो ने रामबती ठाकुर को जीत की बधाई प्रेषित की हैं। उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए इस स्वर्ण पदक जीतकर अपने क्षेत्र के नाम एवं समाज का नाम रोशन किया है। जिससे आदिवासी गोंड समाज गौरवान्वित हुआ है। रामबती ठाकुर के इस प्रतियोगिता में उपलब्धि पाने पर प्रमुख रूप से हर्ष व्यक्त किए हैं। जिसमे अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़ केन्द्रीय अध्यक्ष श्रीमती बंसता ठाकुर, सुवरमार राज अध्यक्ष देवसिह ठाकुर, केसेकेरा सर्कल अध्यक्ष ओंकार सिंह ठाकुर, कारागुला सर्कल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह मांझी, भालुचूवां सर्कल अध्यक्ष मोहर सिंह ठाकुर, बाघामुडा सर्कल अध्यक्ष अरुण सिंह ठाकुर, केन्द्रीय पदाधिकारी कोमल सोम, पूरनसिह सोरी, क्रियान्वयन केन्द्रीय सदस्य तूफान दीवान राज उपाध्यक्ष राजु ठाकुर, दीपक सिंह ठाकुर, नारायण सिंह ठाकुर, दौलत ठाकुर, भारत ठाकुर, मनोज ठाकुर, राजुराम ठाकुर, चेतन जगत, पंचराम ठाकुर, माखन ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, मोहर सिंह ठाकुर, रुपेश्वर ठाकुर, सोभाराम ठाकुर, रायसिग ठाकुर हरिचंद ठाकुर, केशर सिंह ठाकुर, रघुवीर ठाकुर, नरेश ठाकुर, रोहित ठाकुर, भगवानी ठाकुर, खेमराज ठाकुर, शंकर ठाकुर, यशवंत ठाकुर, धनमंत्री ठाकुर, बुटागु ठाकुर, मोनिका ठाकुर, धनेश्वरी ठाकुर, पूर्णिमा ठाकुर, तेजन ठाकुर, हरी ठाकुर, चैतराम ठाकुर, रुपसिंह ठाकुर, विकास ठाकुर, ताराचंद ठाकुर, प्रदीप ठाकुर भुनेश ठाकुर, युधिष्ठिर ठाकुर समाज दूत कन्हैया लाल ठाकुर आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## किसानों को बड़ी सौगात

# कृषि उपज पर मिलेगा आसान ऋण

### e-NWR और e-KUN योजना से होगा लाभः बृजमोहन

**रायपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। सांसद एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने जानकारी दी है कि भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग (DFPD) द्वारा किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु एक महत्वपूर्ण योजना प्रारंभ की गई है। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल को पत्र लिखकर सूचित किया है कि 1000 करोड़ की क्रेडिट गारंटी योजना प्रारंभ की गई है, जिसका उद्देश्य कटाई के बाद कृषि उपज पर e-NWR (ई-नेगोशिएबल वेयरहाउस रसीदों) के माध्यम से ऋण सुविधा को बढ़ावा देना है।



इस योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को मजबूरी में अपनी फसल औने-पौने दामों में बेचने से रोकना है। इसके अंतर्गत किसान अपनी उपज को WDRA (वेयरहाउस डेवलपमेंट एंड रेगुलेशन अथॉरिटी) द्वारा मान्यता प्राप्त गोदामों में जमा कर e-NWR के माध्यम से गिरवी ऋण प्राप्त कर सकते हैं। इससे किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिल सकेगा।

सांसद श्री अग्रवाल ने बताया कि इस योजना को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए सरकार ने ई-किसान उपज निधि (e-KUN) नामक एक डिजिटल ऑनलाइन पोर्टल भी शुरू किया है, जिससे किसान विभिन्न बैंकों में सरलता से ऋण के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही, ष्टस्ष्ट ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के साथ समझौता कर किसानों को पोर्टल और गोदाम पंजीकरण की सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

श्री अग्रवाल ने कहा, मैं केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी का हृदय से धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने मुझे यह जानकारी उपलब्ध कराई। मैं छत्तीसगढ़ के किसानों, FPOs, सहकारी समितियों और कृषि व्यवसाय से जुड़े सभी लोगों से अनुरोध करता हूँ कि वे इन योजनाओं की जानकारी लें और इसका भरपूर लाभ उठाएं।

उन्होंने यह भी बताया कि वे अपने संसदीय क्षेत्र रायपुर में जागरूकता अभियान चलाकर किसानों तक इन योजनाओं की जानकारी पहुँचाएगे, ताकि किसान आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें और कृषि को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अग्रसर किया जा सके।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना

# श्रद्धालुओं का पहला जत्था रवाना

- श्रद्धालु पुरी, भुवनेश्वर और कोणार्क में करेंगे दर्शन



**रायपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विशेष पहल पर पांच साल के लम्बे अंतराल के बाद मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना शुरू हुई है। योजना के तहत आज बिलासपुर जिले के 775 यात्रियों का पहला जत्था पुरी, भुवनेश्वर, कोणार्क दर्शन के लिए रवाना हुआ। श्रद्धालुओं ने योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। बिलासपुर, मुंगेली और जीपीएम जिले के तीर्थ यात्री बिलासपुर स्टेशन पर पहुंचे जहां पर जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों ने तीर्थयात्रियों का तिलक लगाकर और माला पहनाकर स्वागत किया। ट्रेन को बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यात्रियों को भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन द्वारा रवाना किया गया। तीर्थ यात्रा की बरसो पुरानी अभिलाषा पूरी होने पर बुजुर्गों के आंखों की चमक देखते बन रही थी। इस अवसर पर महापौर मती पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार मौजूद थे।

विधायक धरमलाल कौशिक और सुशांत शुक्ला ने तीर्थ यात्रा पर जा रहे बुजुर्गो से आत्मीय चर्चा की। उन्होंने तीर्थ यात्रा के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य केवल तीर्थ यात्रा ही नहीं बल्कि नागरिकों को उनकी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना भी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विशेष पहल पर मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन जैसी कल्याणकारी योजना शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय लोगों के बेहतरी के लिए लगातार काम कर रहे हैं वे श्रवण कुमार की भूमिका निभाते हुए लोगों को तीर्थ यात्रा करवा रहे हैं। यह योजना शुरू कर सरकार ने अपना एक और वादा निभाया है।

**बुजुर्गो की आंखों में बरसो से पल रही तीर्थ यात्रा की अभिलाषा हुई पूरी**

पुरी, भुवनेश्वर, कोणार्क दर्शन के लिए जा रहे बुजुर्गो की आज बरसो पुरानी तीर्थ यात्रा की अभिलाषा पूरी हुई है। तीर्थ यात्रा को लेकर उनमें खासा उत्साह देखा गया। सभी समय से पहले ही स्टेशन पहुंच चुके थे। स्टेशन पर यात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। 65 वर्षीय मती अम्बे सिंह बिलासपुर से यात्रा पर निकली। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताते हुए कहा कि पहले रामलला दर्शन योजना शुरू की गई। उसके बाद मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना शुरू कर मुख्यमंत्री ने हम सब बुजुर्गो की सुध ली है। पंडित ईश्वर पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की यह सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि एक निश्चित उम्र के बाद हर किसी बुजुर्ग का सपना होता है कि तीर्थ यात्रा दर्शन के लिए जाए लेकिन पैसों की कमी के कारण यह सपना अधूरा रह जाता है। इस योजना से हमारा सपना पूरा हुआ है।

सिरगिट्टी से यात्रा पर जा रहे चन्द्रपाल सिंह राजपूत ने भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताते हुए योजना की सराहना की। उन्होंने कहा कि हम जैसे लोगों के लिए तीर्थ यात्रा पर जाना सपने जैसे होता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हमारा यह सपना पूरा किया है। जोरापारा सरकण्डा निवासी धनी राम अग्रवाल भी सपत्निक यात्रा पर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना बुजुर्गो के लिए अमूल्य अवसर है। जगन्नाथ पुरी, भुवनेश्वर, कोणार्क दर्शन की खुशी साझा करते हुए राज्य शासन का आभार व्यक्त किया। यात्रा के दौरान शासन द्वारा तीर्थयात्रियों को भोजन, आवास, स्वास्थ्य सेवाएं समेत सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।

# गांधी भवन में स्थापित होगा सौर ऊर्जा सिस्टम

### हरित ऊर्जा की दिशा में एक और कदम



**रायपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन ने अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में एक और अहम कदम उठाते हुए रायपुर स्थित गांधी भवन में सौर ऊर्जा आधारित सिस्टम स्थापित करने की योजना बनाई है। इस परियोजना का उद्देश्य भवन की विद्युत आवश्यकताओं को पर्यावरण अनुकूल तरीके से पूरा करना है।

खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय और राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी के बीच इस संबंध में आज महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में गांधी भवन में सौर ऊर्जा प्रणाली की स्थापना और उसकी उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा हुई। दोनों अध्यक्षों ने परियोजना को शीघ्र अमल में लाने के लिए परस्पर समन्वय स्थापित करने पर सहमति जताई।

यह पहल न केवल छत्तीसगढ़ की हरित ऊर्जा नीति को मजबूती देगी, बल्कि गांधी भवन जैसे ऐतिहासिक स्थल को स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा के प्रयोग का प्रेरणादायक उदाहरण भी बनाएगी। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा अक्षय ऊर्जा के प्रचार-प्रसार एवं उपयोग को प्राथमिकता दी जा रही है और यह परियोजना उसी दिशा में एक सकारात्मक प्रयास के रूप में देखी जा रही है।

# शिक्षा, शोध और प्रौद्योगिकी विकास के लिए मिलकर काम करेंगे राज्य के दो प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थान

- इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय तथा आईआईटी, भिलाई के बीच हुआ पांच वर्षीय समझौता



**रायपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के दो प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थान इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आई.आई.टी.), भिलाई शिक्षा, शोध तथा प्रौद्योगिकी विकास के क्षेत्र में मिलकर काम करेंगे। दोनों संस्थानों के विद्यार्थियां के प्रशिक्षण, गुणवत्तापूर्ण स्नातकोत्तर शोध, संकाय शोध तथा अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी विकास की संयुक्त परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु आज यहां दोनों संस्थानों के मध्य पांच वर्षीय समझौता किया गया। समझौता ज्ञापन पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भिलाई के निदेशक डॉ. राजीव प्रकाश ने हस्ताक्षर किये। प्रदेश के दो उत्कृष्ट शिक्षा संस्थानों के बीच हुए समझौते से राज्य में शोध, अनुसंधान, नवाचार और प्रौद्योगिकी विकास को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आई.आई.टी.), भिलाई एवं छत्तीसगढ़ बायोटेक प्रमोशन सोसायटी के मध्य स्टार्टअप इन्क्यूबेशन एवं प्रौद्योगिकी विकास में सहयोग हेतु भी समझौता ज्ञापन किया गया।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भिलाई के मध्य संपन्न समझौते के तहत दोनो संस्थानों में स्नातकोत्तर तथा शोध पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के शोध कार्यक्रमों को संचालित करने के लिए दोनों संस्थान एक-दूसरे को मान्यता देंगे। दोनों पक्ष चुनौतीपूर्ण शोध समस्याओं पर केन्द्रित संयुक्त सहयोगी शोध में भी संलग्न होंगे, जिससे समस्या की पहचान, जैविक सामग्री के आदान-प्रदान तथा शोध कार्यों का संपादन किया जा सकेगा। दोनों संस्थानों में उपलब्ध शोध सुविधाओं और पुस्तकालय सुविधाओं का उपयोग भी किया जा सकेगा। शैक्षणिक शोध और प्रशिक्षण के लिए छात्रों का आदान-प्रदान होगा तथा वे दोनों संस्थानों में उपलब्ध छात्रावास सुविधा का लाभ भी ले सकेंगे। दोनों संस्थान उपलब्ध सूचनाओं, वैज्ञानिक या तकनीकी डेटा, प्रौद्योगिकी तथा अन्य जानकारियों का भी परस्पर उपयोग कर सकेंगे। समझौते के तहत दोनों संस्थानों के संकाय सदस्य भी एक-दूसरे संस्थान में शोध एवं अनुसंधान कार्य संपादित कर सकेंगे। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में संपन्न समझौता समारोह में कृषि महाविद्यालय, रायपुर के अधिष्ठाता डॉ. जी.के. दास, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, रायपुर के अधिष्ठाता डॉ. विनाय पाण्डेय, खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. ए.के. दवे, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय शर्मा, निदेशक विस्तार डॉ. एस.एस. टुटेजा, निदेश प्रक्षेत्र एवं बीज डॉ. राजेन्द्र लाकपाले सहित अनक प्राध्यापक एवं वैज्ञानिक तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भिलाई के प्राध्यापक एवं वैज्ञानिक भी उपस्थित थे।

# अपोलो अस्पताल के फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. नरेंद्र का एक और कारनामा आया सामने

**बिलासपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। अपोलो अस्पताल के पूर्व कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. नरेंद्र विक्रमादित्य यादव उर्फ नरेंद्र जॉन केम की एक और कारस्तानी सामने आई है. पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ल के बेटे के बाद अब व्यवसायी ने अपने पिता के इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए डॉक्टर के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है.

व्यवसायी सुरेश टुटेजा ने सरकंडा थाने में दर्ज कराई अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उनके पिता भगतराम को पेट दर्द की शिकायत पर 2006 में अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां डॉ. नरेंद्र जॉन केम ने दिल का इलाज करने लगे, जिसकी वजह से उनकी मौत हो गई. पुलिस ने डॉक्टर के खिलाफ इलाज में लापरवाही का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है. मामले में डॉक्टर से पूछताछ के लिए जल्द ही दमोह जाएगा, जहां पुलिस ने इलाज में लापरवाही के मामले में गिरफ्तार किया है.




गौरतलब है कि दमोह के मिशनरी अस्पताल में नरेंद्र विक्रमादित्य यादव ने डॉ. नरेंद्र जॉन कैम के नाम से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी हासिल की थी. उसने जनवरी-फरवरी 2025 में 15 से ज्यादा हार्ट सर्जरी की, जिनमें से 8 मरीजों की मौत हो चुकी है. जिन मरीजों का ऑपरेशन किया था, उनमें से तीन की मौत एंजियोप्लास्टी के समय हुई थी. जांच में पता चला कि डॉ. नरेंद्र जॉन कैम के डिग्री और अनुभव पूरी तरह से फर्जी थे.

दमोह में फर्जी डॉक्टर का खुलासा होने के बाद बिलासपुर में भी हलचल हुई. अपोलो अस्पताल में 2006 में इलाज के दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पं. राजेन्द्र शुक्ल की मौत के पीछे उनके बेटे ने प्रदीप शुक्ल ने फर्जी डॉक्टर को जिम्मेदार बताते हुए पुलिस में शिकायत की थी. इस पर फर्जी डॉक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव उर्फ नरेंद्र जान केम के खिलाफ सरकण्डा थाने में धारा 420, 465, 466, 468, 471, 304, 34 के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है.

इस मामले में अपोलो प्रबंधन को भी आरोपी बनाया गया है. आरोप है कि बिना दस्तावेज सत्यापन के अस्पताल प्रबंधन ने फर्जी डॉक्टर को भर्ती कर इलाज का मौका दिया, जिससे गंभीर लापरवाही हुई और मरीज की जान चली गई. पुलिस मामले में प्रबंधन की भूमिका की भी जांच कर रही है.

**जांच में पाई गई फर्जी डिग्रियां**

पुलिस जांच में पाया गया कि नरेंद्र का असली नाम नरेंद्र विक्रमादित्य यादव है. वह देहरादून का रहने वाला है. दस्तावेजों में नाम नरेंद्र जॉन केम लिखा है. उसके पास 2006 में एमबीबीएस की डिग्री है, जो आंध्र प्रदेश मेडिकल कॉलेज की बताई गई है. उसका रजिस्ट्रेशन नंबर 153427 दर्ज है. इसके बाद जो 3 एमडी और कार्डियोलॉजिस्ट की डिग्रियां दी गई हैं।

# मलेरिया मुक्त हुआ बिलासपुर!

- 2025 में अब तक एक भी केस नहीं! जहाँ कभी हजारों बीमार पड़ते थे, अब मलेरिया का नामोनिशान नहीं

**बिलासपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले ने मलेरिया जैसी जानलेवा बीमारी पर नियंत्रण पाने की दिशा में बड़ी सफलता हासिल की है। वर्ष 2025 के जनवरी महीने से लेकर अब तक जिले में मलेरिया का एक भी मरीज सामने नहीं आया है। यह जिले के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जा रही है।

सिम्स और जिला अस्पताल में नियमित रूप से मलेरिया की जांच हो रही है, लेकिन सभी रिपोर्ट निगेटिव आई हैं। कभी हर साल चार से पांच हजार मरीजों वाले जिले में मलेरिया के मामलों में यह गिरावट चौंकाने वाली है। वर्ष 2019 के बाद से ही मलेरिया के मामलों में लगातार कमी देखी जा रही है। 2020 में केवल 60 मरीज, 2021 में 61, 2022 में 39, 2023 में 25 और 2024 में यह आंकड़ा 150 पर पहुंचा, लेकिन 2025 में अब तक एक भी मामला नहीं मिला है।

**NECC**

| 26.04.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 405 | 75 | 155 |
| चिल्हर | 6 | 95 | 180 |

डिलीवरी 420 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

भगवान ने आदमी से पूछा-तुम्हारी इच्छा क्या है?
आदमी शादी के बाद- कृपया करके मेरे बैचलर वाले दिन वापस लौटा दें।
भगवान हंसे और बोले- बेटा, मन्नत मांगने कहा था जन्नत नहीं।

# मुस्लिम समाज ने फूंका आतंकवाद का पुतला




**जगदलपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी वारदात के खिलाफ जगदलपुर मुस्लिम समाज ने आज बाद नमाजे जुमा मिताली चौक में बड़ी संख्या में इकट्ठा होकर आतंकवाद का पुतला दहन किया और पहलगाम में जिन भारतीय सैलानियों की जान गई उनके प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोगों में आतंकवाद और आतंकियों को पनाह देने वाले पाकिस्तान के खिलाफ खासा रोष देखने को मिला। मुस्लिम समाज के लोग काफी देर तक मिताली चौक में आतंकवाद मुर्दाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किए। इस दौरान अंजुमन इस्लामिया एड्हाक कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ जहिरुद्दीन शेख ने कहा कि जो आतंकी घटना पहलगाम में घटी है वो पूरी इंसानियत को चोट पहुंचाने वाली घटना है। ये भारत की एकता और अखंडता पर प्रहार करने के उद्देश्य से की गई वारदात है। मुस्लिम समाज आतंकवाद का पुरजोर विरोध करता है और इसे संरक्षण देने वाले देश के खिलाफ भारत सरकार से मांग करता है कि देश को खंडित करने और देश में अशांति फैलाने के उद्देश्य से की गई। इस कायरतापूर्ण हमले के खिलाफ कठोर कदम उठाए।जहिरुद्दीन ने कहा कि इस्लाम में आतंकवाद की कोई जगह नहीं है। मानवता को शर्मशार करने वाले आतंकी कतई मुसलमान नहीं हो सकते। मुस्लिम समाज के युवा जावेद खान ने पुतला दहन के दौरान कहा देश की पूरी मुस्लिम कौम आज इस आतंकी हमले के खिलाफ देश और सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। हम जान दे देंगे पर हमारे मुल्क हिन्दुस्तान पर आंच नहीं आने देंगे। जावेद ने कहा अब वक्त आ गया है कि आतंकवाद और आतंकवादियों को संरक्षण देने वाले देश पाकिस्तान का जड़ से खात्मा किया जाए जिसके लिए भारत सरकार के हर फैसले का समर्थन देश का प्रत्येक मुसलमान करेगा। आतंकवाद के खात्मे के लिए हर मुसलमान अंतिम लड़ाई लड़ने कमर कस लिया है और हम हर परिस्थिति में हमारे मुल्क हिन्दुस्तान के साथ खड़े थे हैं और रहेंगे। पुतला दहन और विरोध प्रदर्शन के दौरान इसराइल भारती, मेहताब भाई, तौफीक पाशा, समीर खान, इसराइल हक, गुड्डा खान, शेख आदिल, जाहिद हुसैन, सादाब खान, मंसूर रजा, वसीम अहमद, आशिफ खान, बादशाह खान और सभी मेंबरों संहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे और सभी ने आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रकट किया।

- **इस्लाम में आतंकवाद की कोई जगह नहीं, मानवता को शर्मशार करने वाले आतंकी कतई मुसलमान नहीं हो सकते : डॉ जहिरुद्दीन शेख**
- **पूरी मुस्लिम कौम इस आतंकी हमले के खिलाफ देश के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है, हम जान दे देंगे पर मुल्के हिन्दुस्तान पर आंच नहीं आने देंगे : जावेद खान**

# श्री राम दरबार, शनि देव, पंचमुखी हनुमान मंदिर शिलापूजन कार्यक्रम में शामिल हुए जनप्रतिनिधि



**जगदलपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। शहर के धरमपुरा मार्ग पर स्थित बालाजी मंदिर के सामने श्री राम दरबार, शनि देव, पंचमुखी हनुमान मंदिर शिलापूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर पर बस्तर सांसद महेश कश्यप, वित्त विभाग के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, पूर्व विधायक राजा राम तोड़ेम, महापौर संजय पाण्डे, निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, लक्ष्मण झा, संजय विश्वकर्मा, पार्षद नरसिंह राव, पूनम सिन्हा, बस्तर चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष श्याम सोमानी, महेंद्र कांत संघाड़ी, शशिकांत सिंह गौतम, सचिन द्विवेदी, सूर्यकांत सिंह, विमल बोथरा, राजकुमार दंडवानी, दशरथ कश्यप, बी वासुदेव, नरेंद्र मोतीवाला, रमेश जैन, नीटू भदौरिया, सोनू भदौरिया, संजीव कपूर, बेचन झा, सुबीर नंदी, बी जयराम, पुष्पा देवी अग्रवाल, राज ठाकुर, सरीता सोमानी, कोमल खुराना सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# रामप्रताप सिंह ने की श्रम विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा




**जगदलपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के नवनियुक्त अध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने पदभार ग्रहण के बाद गुरुवार को बस्तर जिले के प्रथम प्रवास के दौरान श्रम विभाग के विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों के साथ सर्किट हाउस के सभाकक्ष में परिचय एवं समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर उन्होंने जिले में पदस्थ श्रम निरीक्षकों एवं श्रम संसाधन केन्द्र में पदस्थ कर्मचारियों से मण्डल अंतर्गत पंजीयन एवं संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत जानकारी ली और योजनाओं का प्रभावी कार्यान्वयन कर पात्र सभी व्यक्तियों को योजनाओं लाभान्वित किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से सेचुरेशन करने के लिए नियमित तौर पर मॉनिटरिंग किए जाने कहा।

बैठक में अध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने विकासखण्डवार तथा ग्रामवार श्रमिकों के शत् प्रतिशत पंजीयन किये जाने हेतु तथा मंडल अंतर्गत संचालित योजनाओं में अधिक से अधिक श्रमिकों को लाभान्वित कराये जाने हेतु जिला स्तर पर कार्ययोजना तैयार कर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान श्रम पदाधिकारी भूपेन्द्र नायक एवं श्रम संसाधन केन्द्र के कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में अवगत कराते हुए स्थानीय स्तर पर श्रमिकों की ओर से आ रही मांगों एवं समस्याओं की जानकारी प्रस्तुत की गई। उक्त बैठक में अध्यक्ष के निज सचिव टीआर सोनटके, श्रम पदाधिकारी जगदलपुर भूपेन्द्र नायक, श्रम कल्याण अधिकारी रीतु सिंह खुड़श्याम सहित श्रम विभाग और मण्डल के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राजस्व सलाहकार समिति की बैठक में पार्षदों ने रखी अपनी बात



**जगदलपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। राजस्व सलाहकार समिति की बैठक शुक्रवार को नगर पालिक निगम जगदलपुर मे राजस्व सभापति कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न एजेंडों पर चर्चा हुई। इस बैठक में राजस्व विभाग के अधिकारी और समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में संपत्ति कर के मूल्यांकन, नजुल भूमि के चिन्हकन के लिए योग्य अधिकारी की नियुक्ति, जनप्रतिनिधि, धार्मिक, सामाजिक, खेलकूद, शासकीय आयोजनो में लगे होर्डिंग प्रिंटिंग दुकान से प्रति होर्डिंग दर तय एवं एक हफ्ते में हटाने के निर्देश, जलकर को लेकर सहायक राजस्व निरीक्षक द्वारा तीव्र गति से जल कर वसूलने के निर्देश, प्रधानमंत्री आवास, अटल आवास के संपत्ति कर वसूलने के लिए कर्मचारी की नियुक्ति पर विचार, चोटिल गोधन उनके तत्काल चिकित्सा एवं उपचार के लिए नगर निगम में हेल्प डेस्क खोलने की योजना, निकाय के निर्वाचित जन प्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारियों के परिवार के विवाह एवं सामाजिक कार्य हेतु वीर सावरकर एवं टाउन हॉल के लिए प्रति समारोह दर तय करने जैसे निर्णय लिए गए।

**बैठक में पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को दी गई श्रद्धांजलि**

बैठक की समाप्ति के पहले जम्मू कश्मीर के पहलगाम मे हुए आतंकी हमलो के पीड़ितों को 2 मिनट का मौन धारण कर शोक संतृप्त परिवार के लिए संवेदना व्यक्त कियें। हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने कहा यह राजस्व समिति नगर निगम की राजस्व नीतियों और कार्यों पर सलाह देती है। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य नगर निगम की राजस्व आय को बढ़ाने और कर योग्य संपत्तियों के मूल्यांकन के बारे में निर्णय लिया जाता है। राजस्व सलाहकार समिति द्वारा लिए गए आज के निर्णय को महापौर परिषद में रखा जाएगा जहां अंतिम दिया जाएगा। इस बैठक में मुख्य रूप से पार्षद आलोक अवस्थी, पार्षद गिरिजा गुप्ता, पार्षद रोशन सिसोदिया, पार्षद दिलीप दास, पार्षद लोकेश चौधरी सहित राजस्व अधिकारी विनय श्रीवास्तव, लेखापाल अनिल पिल्ले, सहायक राजस्व अधिकारी राकेश यादव, राजस्व उप निरीक्षक कुलदीप पाणिग्रही, सहायक राजस्व निरीक्षक चंदन सहित कर्मचारी गण उपस्थित है

# अनंतपुर पुलिस ने उड़ीसा से अवैध अंग्रेजी शराब का परिवहन करने वाले पर की कार्यवाही

**कोण्डागांव,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। थाना अनंतपुर पुलिस द्वारा दिगर राज्य उड़ीसा से अवैध अंग्रेजी शराब का परिवहन करने वाले पर कार्यवाही करते हुए आरोपी के कब्जे से 14,820 रूपये कीमत का 24.45 लीटर अंग्रेजी शराब जप्त करने के साथ ही आरोपी कंश पिता कोमरू मांझी 25 वर्ष साकिन बड़गांव थाना उमरकोट जिला नवरंगपुर (उड़ीसा) को गिरफ्तार किया तथा विधि से संघर्षरत एक अपचारी बालक को निरुद्ध करने की 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत् कार्यवाही करने के सम्बन्ध में जानकारी साझा करते हुए बताया गया है कि 22 अप्रैल 2025 को जरिये मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम छिनारी की ओर से बीजापुर की ओर एक पल्सर मोटर सायकल क्र. ओड़ी 24 के 7409 में दो बोरी में शराब रखकर दो व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से शराब परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार (भा.पु.से.) के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल (रा.पु.से.) के मार्गदर्शन में, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) रूपेश कुमार (रा.पु.से.) पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोमल प्रसाद राठौर के नेतृत्व में थाना अनंतपुर के स्टाफ द्वारा मुखबीर के बताये स्थान पर जाकर नाकेबंदी की कार्यवाही किया गया।

**आरोपी के कब्जे से 14,820 रूपये का 24.45 लीटर अंग्रेजी शराब जप्त**



ग्राम बीजापुर शिशु मंदिर मेन रोड़ के पास तिरहा के सामने रोड़ किनारे उक्त मोटर सायकल को रोका गया जिसमें दो व्यक्ति बैठे मिले, नाम पता पूछने पर जिन्होंने अपना-अपना नाम पता बताया। दोनों बोरी में रखे सामान की जांच करने पर आरोपी के कब्जे से माईल स्टोन ब्लू 90 एमएल 90 नग, रॉयल स्टेज 180 एमएमल 15 नग, हंटर बीयर 650 एमएमल 07 नग, किंगफिषर 650 एमएमल 04 नग, टुबार्ग बियर 650 एमएल 10 नग, कुल 126 नग जुमला 24.45 लीटर कीमत 14,820 रूपए और परिवहन में प्रयुक्त एक पल्सर मोटर सायकल क्र.ओड़ी 24 के 7409 कीमत करीबन 70 हजार रूपये को गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया है। आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।

सम्पूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक कोमल प्रसाद राठौर, सउनि. डोमन लाल दीवान, प्रआर. 85 रघुनाथ कश्यप, प्रआर. 239 भावेश मण्डावी, प्र.आर. 241 नेमीचंद भण्डारी प्र.आर. 297 रमेश मरकाम, प्र.आर. 196 छबीलाल कोर्राम, आर. 336 विनेश सोरी, आर. 561 लक्ष्मी बघेल, आर. 955 मनराज वट्टी, आर. 965 सोपसिंह मरकाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# भाजपा कहती है एक पेड़ मां के नाम लगाओ, तो नगर में हो रही पेड़ कटाई किसके नाम : नरेन्द्र देवांगन



**कोण्डागांव,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। कोंडागांव शहर के भीतर हो रहे पेड कटाई को लेकर शहर कांग्रेस मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते कहा कि कांग्रेस बसाने का काम करती है, भाजपा उजाड़ने का। भाजपा का स्लोगन है 'एक पेड मां के नाम' और यहां पेड़ों की कटाई किसके नाम से की जा रही है। कोंडागांव वन विभाग के नाक तले पेड़ों की अवैध कटाई हो रही है और विभाग मुकदर्शक बना बैठा है। आखिर किसके सह पर हो रहा यह पेड कटाई और यहां तक तो ठीक है। अवैध कटाई करने वाले उसे निश्चिंत होकर दिन दहाड़े ट्रकों में भरकर कोंडागांव के लकड़ी मिल में छोड़ रहे हैं, ऐसा लग रहा है, सत्ता के दबाव में वन विभाग जानबूझकर सोया हुआ है और पेड़ काटकर मिल वाले को बेचने वाले को उनका पूरा संरक्षण है। हम बात कर रहे हैं कोंडागांव मटन मार्केट के पास काटे जा रहे नीलगिरी पेड़ों की। पेड़ कटवा कौन रहा है ? ये किसी को पता नहीं। क्यों कटवा रहा है, ये भी पता नहीं और कौन बेच रहा है ? ये भी पता नहीं। जानकारी अनुसार कहीं भी विकास कार्य के लिये पेड़ काटे जाते हैं, तो नियमानुसार उसे वन विभाग को सौंपा जाता है और बाद में जिसकी कीमत वन विभाग द्वारा तय करके, उसकी नीलामी की जाती है। लेकिन यहां तो नजारा ही कुछ और है। देखते हैं कुम्भकर्णी नींद में सोया हुआ वन विभाग कब जागता है और जिम्मेदार अधिकारी कब अपना मौन तोड़ते हैं ? यही नहीं पेड़ों की कटाई होने से पेड के नीचे छोटी छोटी दुकान लगाकर >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# अबूझमाड़ के नेलांगुर में आईटीबीपी का नया कैंप स्थापित, माओवादी नेटवर्क को मिली बड़ी चुनौती




**कोण्डागांव,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)।कोण्डागांव जिले से लगे जिले नारायणपुर के माओवाद प्रभावित अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षा बलों की रणनीतिक बढ़त लगातार गहराती जा रही है। इसी क्रम में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने नारायणपुर जिले के अत्यंत दुर्गम नेलांगुर गांव में एक नया कैंप स्थापित कर अपनी मौजूदगी को और सुदृढ़ कर लिया है। इस नए कैंप के साथ अबूझमाड़ में आईटीबीपी द्वारा स्थापित कैंपों की संख्या जनवरी 2025 से अब तक कुल पांच हो चुकी है।

अबूझमाड़ को वर्षों से माओवादियों का सुरक्षित गढ़ माना जाता रहा है। लेकिन हालिया वर्षों में माड़ बचाओ अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे समन्वित सुरक्षा अभियानों ने इस मिथक को तोड़ना शुरू कर दिया है। आईटीबीपी की 45 वीं वाहिनी द्वारा स्थापित नेलांगुर कैंप महाराष्ट्र की सीमा से महज एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सुरक्षा बलों ने अबूझमाड़ को दक्षिण से जोड़ने की रणनीति पर निर्णायक कदम बढ़ा दिया है।

आईटीबीपी, डीआरजी और छत्तीसगढ़ पुलिस की संयुक्त कार्यवाहियों के चलते इस क्षेत्र में माओवादियों की पकड़ लगातार कमजोर पड़ती जा रही है। बड़ी संख्या में माओवादी या तो आत्मसमर्पण कर रहे हैं या फिर इलाके से भागने को मजबूर हो रहे हैं। नेलांगुर में कैंप खुलने से न केवल ऑपरेशनों की तीव्रता में वृद्धि हुई है, बल्कि स्थानीय ग्रामीणों को भी सुरक्षा, स्वास्थ्य, पीने का पानी, सड़क और संचार जैसी बुनियादी सुविधाएं मिलने लगी हैं। यह कैंप आईटीबीपी के भुवनेश्वर स्थित सामरिक मुख्यालय के अधीन संचालित हो रहा है, जिसकी निगरानी केंद्रीय फ्रंटियर कमान द्वारा की जा रही है। 45 वीं वाहिनी की इस उपलब्धि >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# कलेक्टर ने कोलावल और मैलबेड़ा में आयोजित जन चौपाल में ग्रामीणों से की चर्चा

## ग्रामीणों से शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और आवश्यकताओं का लिया संज्ञान



**जगदलपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रशासन द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का आंकलन करने सहित जनसमस्याओं के निराकरण के बाद लिए विकासखंडों में ग्राम पंचायतों में जनचौपाल का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को विकासखण्ड बकावंड के ग्राम पंचायत कोलावल और मैलबेड़ा में आयोजित जन चौपाल का निरीक्षण कलेक्टर ने किया। जन चौपाल में उन्होंने स्कूल की व्यवस्था, शिक्षकों की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन की व्यवस्था, बच्चों का जाति प्रमाण पत्र निर्माण की स्थिति, आंगनबाड़ी केंद्रों में पूरक पोषण आहार की उपलब्धता, बच्चों और लक्षित माताओं का स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य जांच, दवाइयों की उपलब्धता, संस्थागत प्रसव, पेयजल व्यवस्था, हैंडपंप, सोलर ड्यूल पंप, जल जीवन मिशन के कार्यों, उचित मूल्य दुकान में खाद्यान्न सामग्री की नियमित उपलब्धता, बिजली की उपलब्धता, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के योजनाओं, मनरेगा, पीएम आवास योजना के सर्वे, आवास योजना की प्रगति, सामाजिक पेंशन का भुगतान, पीएम किसान सम्मान निधि के लिए पंजीयन, किसान क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान कार्ड के साथ ही ग्रामीण स्तर पर कार्य करने वाले कर्मचारियों की गांव में नियमित उपस्थिति का संज्ञान लिया। कलेक्टर ने ग्रामीणों की मांग एवं आवश्यकता को देखते हुए राताखंडी से मांझीगुड़ा तक सड़क बनाने के लिए निर्देश दिए। साथ ही मैलबेड़ा डोंगरीपारा में विद्युत की व्यवस्था पूरा करने आश्वस्त किया। वहीं कोलावल के ग्रामीणों के द्वारा पटवारी के कार्य में लापरवाही की शिकायत मिलने पर निलंबित करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायतों में आयोजित जनचौपाल में जिला स्तरीय नोडल अधिकारी सहित विकासखण्ड स्तरीय एवं ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारियों के दलों द्वारा सम्बन्धित ग्राम पंचायतों में सड़क, पेयजल, बिजली, स्कूल, आयुष्मान कार्ड की उपलब्धता, स्वास्थ्य जांच इत्यादि मूलभूत सुविधाओं के साथ ही शौचालय, प्रधानमंत्री आवास, सामाजिक सहायता कार्यक्रम पेंशन भुगतान, पशु टीकाकरण स्थिति का जायजा लिया गया। वहीं चौपाल में ग्रामीणों से चर्चा कर मूलभूत आवश्यकताओं की जानकारी ली गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन, एसडीएम बकावंड ऋषिकेश तिवारी, सीईओ जनपद परेश्वर कुर्रे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने बकावंड ब्लॉक के ब्लॉक मुख्यालय में स्थित समरसता भवन में ब्लॉक के सभी दलों के द्वारा शासकीय संस्थानों का निरीक्षण और चौपाल में की गई कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला स्तरीय नोडल अधिकारी तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# ईलाज में बरती लापरवाही तो सख्त कार्रवाई : कलेक्टर



- अस्पताल के मुख्य द्वार पर रखें ओआरएस पैकेट
- गीदम के मातृ-शिशु अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर का अवलोकन
- भीषण गर्मी को देखते हुए दिशा निर्देश जारी

**दंतेवाड़ा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज गीदम मुख्यालय स्थित 50 सीटर मातृ-शिशु अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर का मुआयना किया। सर्वप्रथम ट्रामा सेन्टर में पहुंचकर कलेक्टर ने मरीजों हेतु ऑनलाईन पर्ची काउन्टर तथा उसके वितरण एवं नि:शुल्क औषधियों के भण्डारण तथा आयुष्मान पंजीयन की अद्यतन जानकारी चाही। कलेक्टर श्री दुदावत ने यहां चिकित्सकों को निर्देशित किया कि भीषण गर्मी को देखते हुए चिकित्सालय के मुख्य द्वार में आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों के लिये शीतल पेयजल तथा ओआरएस की पैकेट रखें। इसके अलावा उन्होंने ट्रामा सेंटर की सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए मेडिकल वेस्टेज को सही तरीके से पृथक-पृथक डिब्बों में रखकर डिस्पोज करने हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मरीजों के बिस्तरों में बिछाये जाने वाले चादर, तकिया, गिलाफ नियमित रूप से बदले जाएं।

इस दौरान उन्होंने भर्ती हुए मरीजों से उनके उपचार तथा दिये जाने वाले नि:शुल्क भोजन की गुणवत्ता की भी जानकारी ली, साथ ही चिकित्सकों को निर्देशित किया कि चिकित्सा प्रदत सेवाओं एवं प्रबंधन चिकित्सा स्टॉफ की पहली जिम्मेदारी है। इसमें किसी प्रकार की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। अगर कहीं अव्यवस्था है भी तो तत्काल उसका निदान निकालें, साथ ही उन्होंने शासन की महिलाओं और बच्चों से संबंधित योजनाओं की जानकारी देने वाले पोस्टरों को भी चिकित्सालय परिसर में चस्पा करने को कहा। इस मौके पर कलेक्टर ने जनरल वार्ड, सर्जिकल वार्ड तथा लेबर रूम की व्यवस्थाओं को देखा और मरीजों से उनकी कुशलक्षेम पूछा। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत जयंत नाहटा, एसडीओ विवेक चन्द्रा, सीएमएचओ डॉ. अजय रामटेके सहित अन्य चिकित्सा स्टॉफ मौजूद थे।

# श्रम कल्याण विष्णु सरकार का संकल्प : डॉ. रामप्रताप

**दंतेवाड़ा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह की अध्यक्षता में श्रम विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं सुकमा जिले में संगठित निर्माण श्रमिकों एवं असंगठित श्रमिकों और उनके परिवारों को कल्याण के लिए संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई एवं समस्त योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए।



- छग भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अध्यक्ष ने की समीक्षा
- दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा में बेहतर हो योजनाओं का क्रियान्वयन

इस दौरान अध्यक्ष सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में श्रमिकों एवं उनके परिवारों के प्रति पूरी संवेदनशीलता के साथ राज्य शासन द्वारा श्रमिक वर्गों के हितों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के लिए श्रमिक एवं उनके परिवारों का हित सर्वोपरि है। अत: श्रमिकों के कल्याण के लिए संचालित सभी योजनाओं का लाभ उन्हें मिलना चाहिए।

इसके साथ ही उन्होंने निर्माण श्रमिकों के कार्यस्थल में शिविर आयोजित कर शत-प्रतिशत पंजीयन करने के निर्देश देते हुए कहा कि तीनों जिले में पंजीकृत निर्माण श्रमिक जिन्हें मण्डल गठन से अब तक किसी भी योजनाओं का लाभ नहीं मिला है ऐसे श्रमिकों को चिन्हांकित कर मण्डल में संचालित योजनाओं की जानकारी विकास खण्डवार संचालित श्रम संसाधन केन्द्र के माध्यम से आवेदन करने की कार्यवाही करने के साथ-साथ प्राप्त आवेदनों का तत्काल डीबीटी में ऑनलाईन इंद्राज करें। बैठक में दन्तेवाड़ा, बीजापुर एवं सुकमा जिले के श्रमपदाधिकारी तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# जिपं अध्यक्ष नंदलाल ने की घायलों की मदद

**दंतेवाड़ा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी को क्षेत्रीय भ्रमण से लौटते समय एक सड़क दुर्घटना की जानकारी मिली। उन्होंने घायलों की मदद की और अस्पताल भिजवाया।



- क्षेत्रीय भ्रमण से लौटते वक्त हादसे की मिली जानकारी
- घायलों को पहुंचाया अस्पताल, परिजनों से की चर्चा

यह दुर्घटना ग्राम पंचायत पालनार और फुलपाड़ के बीच स्थित मार्ग पर हुई, जहाँ दो युवक तेज गति से आ रही बाइक से झाड़ से जा टकराए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक युवक का पैर टूट गया, जबकि दोनों की स्थिति अत्यंत गंभीर बनी हुई है। दुर्घटना को देखते ही श्री मुड़ामी ने तुरंत वाहन रुकवाकर घायलों की सहायता की और स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए तत्काल अस्पताल भिजवाया। इस मानवीय संवेदनशीलता और तत्परता से समय पर उपचार मिलने की संभावना बढ़ गई है। घायलों के परिजनों से मुलाकात कर श्री मुड़ामी ने उन्हें ढांढस बंधाया और कहा, हिम्मत रखिए, सब ठीक हो जाएगा। ऊपर वाले पर भरोसा रखें। हम हर संभव सहायता देने के लिए तैयार हैं। इस घटना से यह स्पष्ट होता है कि जनप्रतिनिधि न केवल योजनाओं और नीतियों के माध्यम से, बल्कि ज़रूरत के वक्त अपने कर्तव्यों का मर्म समझते हुए आम जनता के साथ खड़े रहते हैं।

# नागालैंड को हराकर साई पहुंची सेमीफाइनल में

**नारायणपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। साई (भारतीय खेल प्राधिकरण) ने स्वामी विवेकानंद अंडर-20 पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप 2025 के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने 25 अप्रैल, 2025 को छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में रामकृष्ण मिशन आश्रम ग्राउंड में 120 मिनट के अंत में 2-2 की बराबरी के बाद पेनल्टी शूटआउट में नागालैंड को हराया। अब साई का सामना 25 मई को सेमीफाइनल में गत चैंपियन दिल्ली से होगा।




नागालैंड ने अच्छी शुरुआत की, मिडफील्डर पुलोवी ने 25वें मिनट में एक ढीली गेंद से टैप-इन करके अपनी टीम को बढ़त दिलाई। ओइनम रोमियो सिंह ने दूसरे हाफ में सिर्फ 11 मिनट रहते हेडर से गोल करके साई को बराबरी पर ला दिया। अतिरिक्त समय में खेल रोमांचक हो गया था, और नागालैंड के के अराप कोन्याक ने इसका भरपूर फायदा उठाया। 96वें मिनट में फॉरवर्ड ने टैप-इन को गोल में बदलने के लिए एकदम सही जगह बनाई, जिससे नागालैंड को एक बार फिर बढ़त मिल गई। हालांकि, जश्न ज्यादा देर तक नहीं टिक सका, क्योंकि 107वें मिनट में समीर गुरुंग ने बॉक्स के अंदर से अपने बाएं पैर से फिर से बराबरी कर ली, जिससे साई खेल में बना रहा।

जैसे ही फुल-टाइम की सीटी बजी, पेनल्टी शूटआउट का इंतजार था, जो भाग्य का फैसला करेगा। साई और नागालैंड दोनों ही पहले पांच शॉट के बाद बराबरी पर थे, लेकिन साई के गोलकीपर के राहुल कन्नन ने नागालैंड के हाओमिनलाल की पेनल्टी को पहले से भांपकर बचा लिया, जिससे उनकी टीम को सडन-डेथ में अहम बढ़त मिल गई। समीर, जिन्होंने अतिरिक्त समय में बराबरी का गोल किया था, एक बार फिर से काम के लिए तैयार थे। मिडफील्डर ने विजयी पेनल्टी को निचले बाएं कोने में पहुंचाकर साई को अंतिम चार में पहुंचा दिया। नागालैंड के के अराप कोन्याक को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

## सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 3 मई को

**जगदलपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला पंचायत बस्तर के सामान्य सभा की बैठक 3 मई 2025 को मध्यान्ह 12 बजे से जिला पंचायत बस्तर के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उक्त बैठक में निर्धारित एजेण्डा की जानकारी के साथ अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

## डॉ फ्रेन्क स्टीफन को एमबीबीएस पूर्ण करने पर बधाई

**पलारी,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। डॉ फ्रेन्क स्टीफन पिता वायल राबर्ट मत्स्य इंस्पेक्टर माता योगिता राबर्ट शिक्षिका के पुत्र व डॉ हेन्स ब्लिक्स के छोटे भाई है, इनकी पढ़ाई जिला कोण्डागांव, विशाखापत्तनम व कोटा राजस्थान में हुआ है। इन्होने अपने भैया का अनुसरण करते हुए पढ़ाई पूरी कर एमबीबीएस में सफलता प्राप्त की। इनकी सफलता पर परिवार के सभी सदस्यों ने व सामाजिक लोगो ने बधाई शुभकामनाएं दी।

# बालक उमावि में वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा

**नारायणपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नारायणपुर में आज 25 अप्रैल को वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा उत्साहपूर्वक एवं गरिमामय वातावरण में की गई। कार्यक्रम की शुरुआत माँ वीणापाणी के वंदन से हुई, जिसके पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा सभी विशिष्ट अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुदीप झा, समिति सदस्य अजय रंघाटी, राजकुमारी देवांगन, एवं आमंत्रित अतिथि राहुल पटेल तथा नरेंद्र मेश्राम की उपस्थिति रही। परीक्षा प्रभारी श्वेता तिवारी (व्याख्याता) द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के परीक्षा परिणामों का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। सुदीप झा ने अपने उद्बोधन में सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और असफल विद्यार्थियों को आत्ममंथन कर पुन: प्रयास करने की प्रेरणा दी। प्राचार्य मनोज बागड़े ने शिक्षकों व विद्यार्थियों के निरंतर प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जिला स्तर की अनेक गतिविधियों में भागीदारी के बावजूद विद्यालय ने अपने शैक्षणिक लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु भरसक प्रयास किया है। उन्होंने आगामी परीक्षाओं के लिए कठोर परिश्रम की प्रेरणा दी। अजय रंघाटी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और विद्यालय नेतृत्व की प्रशंसा की। प्रधान अध्यापक उमाशंकर यादव ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को अधिक परिश्रम कर सफलता प्राप्त करने का संदेश दिया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों ने मंच से अपने विचार साझा किए और शिक्षकों व प्राचार्य को




अपनी सफलता का श्रेय देते हुए आभार प्रकट किया। इन आत्मीय शब्दों ने वातावरण को भावनात्मक रूप से समृद्ध किया। विभिन्न कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी इस प्रकार हैं— कक्षा 6वीं= संजीत गोटा, कक्षा 7वीं= कमलकांत शोरी, कक्षा 9वीं 'अ'= तिलकराम, 9वीं 'ब'= अमित कुमार वड्डे, कक्षा 11वीं (कला संकाय)= नाजिल अहमद, 11वीं (विज्ञान संकाय)= लिलेश करंगा, 11वीं (वाणिज्य संकाय)= आशीष पोटाई, 11वीं (कृषि संकाय)= रविशंकर।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय में व्यावसायिक पाठ्यक्रम अंतर्गत इंटर्नशिप कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य रोजगार उन्मुखीकरण एवं कौशल विकास रहा। आईटी ट्रेड के विद्यार्थियों को [illegible] कॉलेज नारायणपुर तथा हेल्थ केयर ट्रेड के विद्यार्थियों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं [illegible] नयापारा, नारायणपुर में प्रशिक्षण मिला। इस दौरान छात्रों ने विभिन्न संस्थागत कार्यों को सीखते हुए व्यावसायिक अनुभव प्राप्त किया, जो भविष्य में रोजगार प्राप्ति में सहायक सिद्ध होगा। इस कार्यक्रम में विद्यालय की आईटी प्रशिक्षक भावना नाग एवं हेल्थ केयर प्रशिक्षक वर्षा रानी साहा ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम की समाप्ति पर विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं निर्धारित राशि का वितरण किया गया, जिससे उनके चेहरों पर संतोष और आत्मविश्वास की झलक देखी गई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का मंच संचालन संगीता देवांगन (व्याख्याता) द्वारा अत्यंत कुशलता से संपन्न किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन सुनील सोनकेंवरे (व्याख्याता) द्वारा किया गया, जिन्होंने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# ताइक्वांडो और स्केटिंग टूनामेंट में भाग लेकर जिले का नाम रोशन किया

**नारायणपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्टेयर्स स्टेट यूथ गेम्स का आयोजन रायपुर के अग्रवाल पब्लिक स्कुल नवा रायपुर में किया गया था यह खेल युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा करवाया गया था जो खेल को आगे बढ़ाने के लिये खिलाड़ियों को सही मंच मिल सके इस टूनामेंट के स्टेट हेड संतोष निर्मलकर और नारायणपुर से बलराम पूरी ने बताया की इस टूनामेंट में स्केटिंग, चैस, ताइचांडो, क्रिकेट, योगा, कराते का खेल सम्पन हुआ, जिसमे पुरे छत्तीसगढ़ राज्य से 480 खिलाड़ियों ने भाग लिया। नारायणपुर से 26 खिलाड़ियों ने ताइचांडो और स्केटिंग के इस टूनामेंट में भाग ले कर अपने शहर का नाम रोशन किया, जिसमें बनर्जी, सिल्वर मैडल, शौर्य साहू सिल्वर मेडल, आयुष सिंह सिल्वर, आयरा गोल्ड मेडल, प्रिशा सिल्वर मेडल, मेहुल दुग्गा गोल्ड मेडल, अर्पण सिंह सिल्वर, लिशांत नाग गोल्ड, एजेंद्र नाग सिल्वर मैडम, हुनर कश्यप गोल्ड मैडम, तन्वी गोल्ड मैडम, श्रेया सोनी गोल्ड मेडल, शिवम् नांदरे गोल्ड मैडम, श्रेयांश भगत सिल्वर मेडल, चंद्रकांत कश्यप सिल्वर मेडल, अंजलि कांगे गोल्ड मेडल, कारण मंडावी सिल्वर मेडल, एवं स्केटिंग में तन्मय गोल्ड मैडम, अर्चना सेन गोल्ड मेडल और अनुराग नांदरे ने ब्राउनस मेडल प्राप्त किया, जिन्हें कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने बधाई देते हुए और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। जिले में समर केम्प भी लगया गया है, जिसमे बच्चे उत्सुकता के साथ ट्रेनिंग ले रहे है। सभी खिलाड़ियों को विश्वदीप्ति के प्रचार्य जोमोन टी डी , जगजीवन साहू एवं शहर वासियो ने बधाई दिये।



कलेक्टर ने खिलाड़ियों को दी बधाई

## जिले के ग्राम पंचायतों में लगने लगा जन चौपाल

**कोण्डागांव,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं और आवश्यकताओं पर परिचर्चा करने हेतु कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार जिले के सभी ग्राम पंचायतों में 25 अप्रैल से जन चौपाल का आयोजन शुरू किया गया है। जन चौपाल की सफल आयोजन हेतु अधिकारियों का ड्यूटी लगाई गई है और उन्हें अपने निर्धारित ग्राम पंचायत में तिथि अनुसार जन चौपाल में उपस्थित होकर ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का आकलन करने के लिए जन चौपाल में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने निर्देशित किया गया है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### भाजपा कहती है एक ...

जीविकोपार्जन कर रहे दुकानदारों के पेट पर भी लात मारने का काम किया जा रहा है। मीडिया में जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से हम इस अवैध पेड कटाई पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते हैं एवं प्रक्रिया को विधि सम्मत नियमानुसार किये जाने की मांग करते हैं, ताकि सरकार के खजाने मे राजस्व की बढ़त हो, साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों को चेतावनी देना चाहते हैं कि ऐसे मुकदर्शक बने रहना बंद करो, सत्ता पक्ष की गुलामी करना बंद करके, जनता के हितों को ध्यान में रखकर अपने मूल कार्य को ध्यान देवें। अन्यथा कांग्रेस पार्टी नाम सहित कृत्यों को उजागर करने के साथ-साथ अनशन पर बैठेगी।

### अबूझमाड़ के नेलांगुर में आईटीबीपी...

के पीछे सुरक्षा बलों का आपसी तालमेल और माओवादी चुनौती के प्रति उनकी सतत प्रतिबद्धता स्पष्ट दिखाई देती है। इस मौके पर विभिन्न वाहिनियों की टीमें भी मौजूद रहीं, जिन्होंने माओवादी प्रभाव को कमजोर करने के इस साझा लक्ष्य में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## आवंराडाबरी में सरकार महती योजना का शुभारंभ



**बागबाहरा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। आज जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 के प्रथम ग्राम पंचायत आवंराडाबरी में सरकार महती योजना का शुभारंभ अटल डिजिटल सेवा केंद्र का उद्घाटन किया साथ ही ग्राम पंचायत के सदस्यों व सरपंच की उपस्थिति में अपने जन्मदिन मनाया। साथ ही कार्यक्रम में सम्मिलित ग्राम पंचायत सरपंच दुलारी मुकुंद सिंह पंचगण गुमान सिंह सिन्हा, गुलाब देवांगन ललिता ध्रुव बृजेश्वरी साहू शकुन निर्मलकर मितानी एमीन साहू मोतिम साहू ईश्वरी देवांगन राहुल कुलदीप ओम प्रकाश यादव नंद कुमार निषाद लालाराम ध्रुव वह समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत तुसदा के आश्रित ग्राम पेंड्रा में पेयजल संकट निराकरण नया पानी टेंकर का विधिवत पूजा अर्चना करके सुभारम्भ किया गया जिसमें विसेस रूप से ग्राम पंचायत तुसदा के सरपंच प्रतिनिधि श्री पदुमलाल साहू उपसरपंच राजीव पांडेय पंच देवप्रकास ध्रुव साकेत ध्रुव संदीप साहू एवम गाव के वरिष्ट नागरिक की उपस्थिति में सम्पन करया गया।

# बच्चों के भविष्य गढ़ने में माताओं की अहम भूमिका

**दंतेवाड़ा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। भैरमगढ़ ब्लॉक के अंतिम छोर इंद्रावती नदी पार प्राथमिक शाला सरपंच पारा कोशलनार में अंगना म शिक्षा पढ़ई तिहार का भव्य आयोजन किया गया। 70 साल की वृद्ध महिला श्रीमती कारे कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रहीं।



- प्राथमिक शाला कौशलनार में मनाया पढ़ई तिहार
- पालकों को समझाया शिक्षा का महत्व

पढ़ई तिहार कार्यक्रम में अपना विचार रखते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि पहले पढ़ाई-लिखाई पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता था। इसलिए गाँव में रहने वाले पुराने जमाने के लोग अशिक्षित हैं, लेकिन अब समय पहले जैसा नहीं है। सरकार की ओर से पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित माताओं को नए शिक्षा सत्र में अपने बच्चों का स्कूल में अवश्य दाखिला कराने की अपील की। शिक्षक थलेश ठाकुर ने कहा कि अंगना म शिक्षा एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक नवाचार है। इसके तहत स्कूल में दाखिला दिलाने से पहले घर पर ही बच्चों को वर्णमाला, गिनती, रंगों की पहचान, आदि बुनियादी जानकारी देने माताओं को प्रोत्साहित किया जाता है। उन्होंने कहा कि आज 25 अप्रैल से गर्मी की छुट्टियां शुरू हो गई। लगभग 50 दिन बाद 16 जून से नए शिक्षण सत्र का आगाज होगा। माताओं को इस समय का उपयोग करते हुए घर पर बच्चों की शिक्षा में विशेष ध्यान देना है। इससे बच्चों को स्कूल में दाखिला लेने के बाद पढ़ने-लिखने में परेशानी नहीं होगी। साथ ही उनके मन की शंका भी दूर हो जाएगी। नए सत्र में स्कूल में दाखिला लेने वाले बच्चों की सूची तैयार कर एक्टिव मदर कमेटी का गठन भी किया गया।

श्री ठाकुर ने अपील करते हुए माता-पिता से कहा कि अपनी जिम्मेदारी को समझें और बच्चों के भविष्य को संवारने में शिक्षकों की मदद करें। शिक्षक थलेश ठाकुर और महारू पुजारी ने बताया कि पहली बार अंगना म शिक्षा वर्ष 2020 में कोविड काल में शैक्षणिक व्यवस्था की चुनौती को ध्यान में रखते हुए शुरू किया गया। इसका उद्देश्य घर में उपलब्ध सहज संसाधनों से बच्चों को सीखाने में माताओं की सहभागिता सुनिश्चित करना है। अंगना म शिक्षा खासतौर पर 5 से 7 आयु वर्ग के बच्चों के लिए किया जाता है। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाली माता को स्मार्ट माता के पुरस्कार से नवाजा जाता है। प्राथमिक शाला सरपंच पारा कोशलनार में श्रीमती रतनी कड़ती को स्मार्ट माता का खिताब दिया गया। सभा में मौजूद लोगों ने उनके योगदान का जिक्र करते हुए शाबाशी दी। एक्टिंव मदर कम्युनिटी पहली और दूसरी में पढ़ने वाले बच्चों की माताओं का समूह है, जो गाँव की अन्य महिलाओं को जोड़ने का कार्य करती है। पढ़ई तिहार में शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार दिवस होने के बावजूद माताओं, बहनों एवं ग्रामीणों ने शिरकत की और कार्यक्रम को सफल बनाया।

# एजुकेशन सिटी में कलेक्टर का छात्रों-शिक्षकों से संवाद

**दंतेवाड़ा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज जावंगा स्थित एजुकेशन सिटी का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आस्था विद्या मंदिर, इंग्लिश मीडियम स्कूल, बालक छात्रावास, पॉलिटेक्निक संस्थान, नवगुरुकुल तथा सक्षम छात्रावास का निरीक्षण किया। इस क्रम में कलेक्टर श्री दुदावत ने आस्था विद्या मंदिर पहुंचकर उसके समस्त कक्षों जैसे लाईब्रेरी, कम्प्युटर लैब और संगीत कक्ष सहित अन्य अध्ययन क्लास रूमों का निरीक्षण करते हुए छात्रों के बैठने की व्यवस्था, कम्प्युटर लैब में आवशयक उपकरणों की उपलब्धता, लाइब्रेरी में पुस्तकों के रख-रखाव तथा अन्य रजिस्टरों के संधारणों के बारे में जानकारी ली और अन्य आवश्यकताओं के बारे में शाला के प्राचार्य से पूछा। तत्पश्चात उन्होंने बालक छात्रावास में जाकर छात्रों से उनके पढ़ाई के शेड्यूल, रहने एवं खाने की गुणवत्ता को लेकर छात्रों से संवाद किया।



इसी प्रकार एकलव्य परिसर के छात्रों से भी उन्होंने उनकी खेल गतिविधियों के बारे में जानकार उन्हें इस दिशा में बेहत्तर करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस क्रम में एजुकेशन सिटी स्थित पॉलिटेक्निक संस्थान में इलेक्ट्रिक प्रथम सेमेस्टर में अध्ययनरत छात्रों से उन्होंने कहा कि वे अपनी कम्युनिकेशन स्किल को बेहत्तर बनायें साथ ही पाठ्यक्रम से सम्बन्धित अध्ययन में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर अपने शिक्षकों से नि:संकोच चर्चा करें। इसके साथ ही उन्होंने यहां इलेक्ट्रिक मशीन लेब मैकेनिक लैब, वेल्डिंग शॉप, कारपेंटर फिटिंग वर्कशॉप को भी देखा। इस दौरान उन्होंने ऊर्जा संरक्षण विषय पर पढ़ाये जा रहे छात्रों से चर्चा करके उनसे गैर परम्परागत एवं परम्परागत ऊर्जा स्त्रोतों के बारे में व्याख्या करने को कहा और एक छात्रा द्वारा सही उत्तर देने पर उसे शाबासी दी। तत्पश्चात कलेक्टर श्री दुदावत ने इसी परिसर में स्थित नवगुरूकुल में पहुंचकर कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग और बिजनेस स्किल्स की ट्रेनिंगरत् छात्रों से चर्चा की।

- ज्ञान नगरी जावंगा में छात्रों के कौशल की परख
- सुविधाओं में होगी बढ़ोत्तरी, बेहतर परिणाम की उम्मीद
- छिंदनार, बारसूर के निर्माण कार्यो को तय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन दन्तेवाड़ा की अभिनव पहल पर नवगुरुकुल फाउंडेशन के द्वारा जिले के युवाओं के लिए बिजनेस स्किल्स में दक्ष बनाने के लिए कोर्स प्रारम्भ किया गया है। इस 18 से 21 महीने के आवासीय प्रशिक्षण के तहत छात्रों को फ्री कंप्यूटर प्रोग्रामिंग और बिजनेस स्किल्स की ट्रेनिंग, फ्री हॉस्टल, लैपटॉप, इंटरनेट और भोजन पूरी तरह से आवासीय और जॉब-ओरिएंटेड कोर्स की सुविधा दी जा रही है। कलेक्टर श्री दुदावत ने नवगुरुकुल में चल रहे स्किल डेवेलपमेंट प्रोग्राम्स की सराहना की और विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे आत्मनिर्भर बनने के लिए इन अवसरों का पूरा लाभ उठाएं। इस मौके पर यहां के प्रशिक्षनार्थी सनकूराम और देवेन्द्र साहू के ई-कामर्स पर आधारित प्रोजेक्ट की कलेक्टर ने तहे दिल से तारीफ किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सक्षम विद्यालय के भवन के छात्रावास को देखकर कुछ तकनीकी खामियों पर भी चिंता व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन समस्याओं को जल्द से जल्द ठीक किया जाए।इस दौरान कलेक्टर ने एकलव्य खेल परिसर में स्थित जिला प्रशासन द्वारा छात्रों के लिए प्रारंभ किये गये घुड़सवारी स्किल को भी देखकर उन्हें प्रोत्साहित किया। इसके अलावा इसी परिसर में बनाये जा रहे निर्माणाधीन ट्रैक एवं वाटिका के निर्माण कार्य के लिए एजेसिंयों को 15 दिवस के अंदर निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार यहां निर्माणाधीन क्रिकेट ग्राउण्ड को भी शीघ्र पूर्ण करने को कहा। अपने निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री दुदावत ने विकासखण्ड गीदम अंतर्गत अन्य निर्माणाधीन कार्य जैसे ग्राम छिन्दनार का खेल मैदान, बारसूर स्थित ऐतिहासिक बूढ़ा तालाब का सौन्दर्यीकरण के कार्यों को भी देखकर गुणवत्ता सहित तय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

# जिला मुख्यालय में मुस्लिम समुदाय ने आतंकवाद का पुतला दहन किया



**कोण्डागांव,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय कोण्डागांव नगर में मुस्लिम समुदाय द्वारा एकजुट होकर आतंकवाद का पुतला दहन किया गया। इस पुतला दहन का आयोजन 'पहलगाम आतंकी हमला को कायरतापूर्वक और इंसानियत को शर्मशार कर देने वाली 'घटना' बताकर घटना की निंदा करने के लिए किया गया। शुक्रवार की दोपहर को जुमे की नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने मस्जिद के सामने आतंकवाद का पुतला लेकर आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पुतले को जूते चप्पल से पीटा, पहलगाम में 22 अप्रेल को हुए आतंकी हमले का मुस्लिम समाज ने विरोध जताया और मस्जिद के सामने ही आतंकवाद का पुतला जलाया। मुस्लिम समाज के पूर्व सदर मोहम्मद यासीन ने मुस्लिम समाज की ओर से आतंकी हमले में शहीद परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि अब तक पाकिस्तान का नक्शे से नमो निशान मिट जाना चाहिए था। सरकार से मांग करते हैं कि जो भी आतंकवादी संगठन आतंक फैला रहे हैं, उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई किया जाए।

पुतला दहन के दौरान मोहम्मद यासीन पूर्व सदर, मोहम्मद इसरार खान, मोहम्मद शकील खान, मोहम्मद इरशाद, कादिर मेमन, हाजी सलीम मेमन, अब्दुल गफ्फार, मोहम्मद उस्मान, हाजी युसूफ सहित समुदाय के लोग षामिल रहे। उपस्थित सभी लोगों ने आतंकी हमले को 'इंसानियत को शर्मसार' करने वाली घटना बताया, विरोध प्रकट करते हुए कहा 'मुस्लिम समाज आतंकी घटना का पुरजोर विरोध करती है। इस 'विरोध प्रदर्शन' में 'शामिल' होकर 'इंसानियत' का सबूत दिया तथा 'पहलगाम आतंकी' हमला को 'कायरतापूर्ण कार्य, इंसानियत को शर्मशार' कर देने वाली 'घटना' बताकर कहा कि 'मुस्लिम समाज' इसका 'पुरज़ोर विरोध' करती है और 'केंद्र सरकार' से 'अपील' करती है कि इस 'घटना' को अंजाम देने वाले 'दोषियों को फाँसी' की 'सज़ा' देकर 'निर्दोषों' के साथ 'इंसाफ' किया जाए।

# छग ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के अधीक्षण अभियंता ने संधारण व नवीनीकरण कार्यों का किया निरीक्षण



**कोण्डागांव,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण रायपुर के अधीक्षण अभियंता अशोक देवांगन ने 20 अप्रैल को कोण्डागांव जिले में चल रहे नवीनीकरण एवं संधारण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन परियोजनाओं की गुणवत्ता की समीक्षा की और सभी कार्यों को निर्धारित मापदंडों के अनुरूप व समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कोण्डागांव में जारी संधारण कार्यों का जायजा लेते हुए उन्होंने सड़कों के बेहतर रखरखाव हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उपस्थित सहायक अभियंता एवं उप अभियंताओं को कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही संधारण अवधि के भीतर कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश कार्यपालन अभियंता को दिए गए। उन्होंने नवीनीकरण कार्यों को भी समयबद्ध एवं मानक अनुरूप ढंग से पूर्ण करने की आवश्यकता पर बल दिया।

# पंचायती राज दिवस पर अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ



**कोण्डागांव,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। पंचायती राज दिवस के अवसर पर देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बिहार के मधुबनी से देश भर के लोगों को वर्चुअली संबोधित करते हुए पंचायती राज, समूह गतिविधियों और अन्य विषयों पर उद्बोधन दिया। इस दौरान अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ वर्चुअल माध्यम से किया गया। इसी क्रम में प्रदेश के मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय ने विभिन्न जिलों की ग्राम पंचायतों में महिला हितग्राहियों से चर्चा की तथा योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली, साथ ही उन्होंने ग्राम स्तर पर जल संरक्षण करने की शपथ भी दिलाई। पंचायती राज दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत कोण्डागांव अंतर्गत ग्राम पंचायत बोलबोला में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र की शुरुआत की गई, जिसके माध्यम से ग्रामीण जन अब उक्त सुविधा केंद्र के माध्यम से राशि आहरण सहित विभिन्न बैंकिंग सेवाओं का लाभ ले सकते हैं।

**हमर गांव हमर पानी के तहत जल संरक्षण का संकल्प**

ग्राम पंचायत डोंगरीगुड़ा जनपद पंचायत कोण्डागांव में जल संरक्षण संकल्प लिया गया। गाँव के प्रत्येक घर में वाटर हार्वेस्टिंग संरचना बनाया जाएगा, ताकि वर्षा जल व्यर्थ ना बहे, अपने गाँव में एक एक पानी का बूंद मूल्यवान समझते हुए और जल के अपव्यय को रोकने हेतु जागरूक किया गया। ग्राम स्तर के पारंपरिक जल स्त्रोतों जैसे कुएं बावड़ी तालाब आदि की साफ़ सफाई और संरक्षण को अपना कर्तव्य मानते हुए सभी ग्रामीण जनों ने शपथ लिया।

# रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्य ने किया रक्तदान



**कोण्डागांव,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव में संचालित रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य अभिषेक ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.सी.आर.पटेल, राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक एस.बी.कन्नौजे एवं नसिर अहमद के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल में पहुँचकर मरीज अनिता पांडे को ए पोजिटिव रक्तदान किया। रक्तदान के पश्चात् रक्तदाता ने बताया कि रक्तदान करने के बाद उन्हें बहुत खुशी महसूस हो रही है। साथ ही साथ उन्होंने युवाओं को आगे आकर रक्तदान करने की अपील भी किया। इस अवसर पर वीर गुण्डाधुर रक्तदाता समिति के अध्यक्ष मुकेश पोयाम, उपाध्यक्ष अजीत कुमार एवं साथी उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### सुशासन तिहार में दिव्यांग को ट्राय सायकल



**दंतेवाड़ा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार के अंतर्गत नगर पंचायत बारसूर के दिव्यांग किरसु राम कश्यप ने ट्रायसायकल की मांग की थी। उनके आवेदन पर तत्काल कार्यवाही करते हुए समाज कल्याण विभाग ने एक बैटरी चलित ट्राय सायकल नि:शुल्क प्रदान किया।ट्रायसायकल पाकर हितग्राही ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और और कलेक्टर कुणाल दुदावत को धन्यवाद ज्ञापित किया। विभाग के उप संचालक संतोष टोप्पो ने बताया कि सुशासन तिहार के आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सकें।

### कलेक्टोरेट की लिफ्ट हफ्ते भर से बंद




**दंतेवाड़ा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा कलेक्टोरेट में स्थित लिफ्ट पिछले हफ्ते भर से खराब है। लिफ्ट बंद होने के कारण दिव्यांगों और बुजुर्गो को बेहद तकलीफ होती है। कलेक्टोरेट के अधिकतर दफ्तर दूसरे और तीसरे मंजिल पर हैं। हर किसी के लिए सीढ़ी चढ़ना आसान नहीं होता। लिफ्ट बंद होने से लोगों को काफी दिक्कत हो रही है।

# मरम्मत के इंतजार में उप स्वास्थ्य केन्द्र का जर्जर भवन और आंधी से उड़ा ओपीडी कक्ष शेड

**कोण्डागांव,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीणजन/मरीज अपने स्वास्थ्य के लिए गांव-गांव में बने उप स्वास्थ्य केंद्रों पर आश्रित हैं, लेकिन कोंडागांव जिले में अनेक जर्जर उप स्वास्थ्य केंद्रों के भवन लंबे समय से मरम्मत किए जाने का इंतजार करते नजर आ रहे हैं, लेकिन षासन-प्रषासन ऐसे भवनों के मरम्मत करने की ओर बिलकुल भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



**मरम्मत का इंतजार करता उप स्वास्थ्य केन्द्र जुगानीकलार**

ज्ञात हो कि जिले के विकास खंड फरसगांव के अंतर्गत ग्राम जुगानीकलार में संचालित उप स्वास्थ्य केन्द्र लंबे समय से जर्जर है और मरम्मत का इंतजार कर रहा है। लेकिन जर्जर भवन का मरम्मत करने के लिए षासन द्वारा आवष्यक राशि नहीं दी जा रही है। वहीं विगत दिवस रविवार 20 अप्रैल की दोपहर बाद चलने वली तेज आंधी ने उक्त जर्जर उप स्वास्थ्य केन्द्र के ओपीडी कक्ष के उपर लगे टीन शेड को भी उड़ा दिया, जिससे उप स्वास्थ्य क्रेद भवन में रखी दवाईयों एवं आवश्यक दस्तावेजों को भारी नुकसान पहुंचा है। अब वहां ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों की मुश्किलें बढ़ गई है। उप स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति इतनी जर्जर है कि बारिश के दिनों में छत से पानी टपकता है। केंद्र भवन की जर्जर स्थिति के संबंध में केंद्र में कार्यरत कर्मचारियों ने कई बार उच्च कार्यालय में जानकारी दिया, परंतु इस समस्या का कोई हल नहीं हो पाया। अब ओपीडी कक्ष की शेड उड़ जाने से समस्या और बढ़ गई है। ऐसे स्थिति में ग्रामीणों को कैसे स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी ?

गौरतलब है कि सरकार द्वारा उप स्वास्थ्य केंद्रों पर विभिन्न प्रकार के खर्च के लिए पैसे दिए जा रहे हैं। लेकिन भवन मरम्मत की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे यह उप स्वास्थ्य केंद्र जर्जर होकर गिरने की कगार पर पहुंच गया है और ग्रामीणजनों को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है। चिकित्सा विभाग द्वारा इस ओर ध्यान नहीं देने के कारण इस भवन की मरम्मत नहीं हो पा रही है। जिससे लाखों रुपए की लागत से बनवाया गया भवन जीर्ण शीर्ण होकर गिरने की कगार तक पहुंच गया है। मामले में पूछे जाने पर बीएमओ फरसगांव ज्योतिर्मय प्रभावती ने कहा कि मरम्मत योग्य सभी उप स्वस्थ्य केंद्रों का प्रस्ताव बनाकर सीएमएचओ कार्यालय कोंडागांव को भेज दिया गया है, वहां से निर्देश प्राप्त होते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**स्वास्थ्य सुविधा को लेकर कोण्डागांव जिला प्रशासन कितना जागरुक ?**

# सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने ली निगरानी व सलाह समिति की मासिक बैठक

**कोण्डागांव,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के द्वारा निगरानी एवं सलाह समिति की मासिक बैठक लिए गए होने के सम्बन्ध में दी गई जानकारी के अनुसार 25 अप्रैल 2025 को श्रीमती किरण चतुर्वेदी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन में सुश्री गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के द्वारा लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के न्याय रक्षकों के साथ निगरानी व सलाह समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में कार्यालय लीगल एड डिफेंस कॉसिल सिस्टम से रजनीश दुबे चीफ, दिनेश ध्रुव डिप्टी तथा शिवराम मरकाम असिस्टेंट बैठक में भाग लिया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विधिक सहायता प्रणाली की प्रभावशीलता की समीक्षा करना, प्रचलित मामलों की निगरानी करना तथा जरूरतमंदों तक नि:शुल्क एवं गुणवत्तापूर्वक विधिक सहायता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक सुझाव व निर्देश प्रदान करना था। बैठक के दौरान विधिक सहायता प्राप्त करने की पात्रता के शर्तों, लीगल एड डिफेंस कॉसिल कार्यालय की भूमिका व दायित्वों के बेहतर निर्वहन के संबंध में तथा अभिरक्षाधीन बंदियों के प्रकरण में प्राथमिकता के साथ पैरवी करने एवं प्रतिमाह जेल निरीक्षण कर बंदियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराने के संबंध में चर्चा किया गया। सचिव महोदय ने सभी न्याय रक्षकों को निर्देश दिया की विधिक सहायता प्राप्तकर्ताओं के साथ सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करने और उन्हें शीघ्र न्याय प्राप्त करने हेतु प्रतिबद्ध रहे। अंत में सभी न्याय रक्षकों ने अपनी-अपनी सुझाव रखे तथा ऐसी समीक्षात्मक बैठकें नियमित रूप से आयोजित करने हेतु सचिव महोदया से प्रेरित किया।



# कलेक्टर ने की महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा



**कोण्डागांव,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। कोंडागांव कलेक्टर श्रीमती नुपुर पन्ना राशि ने 24 अप्रैल को जिला कार्यालय के सभा कक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने आंगन बाड़ी केंद्रों में अध्ययनरत बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने गर्भवती महिलाएं, किशोरी बालिकाएं और छोटे बच्चों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश अधिकारियों को दिए कलेक्टर ने कुपोषित बच्चों को सुपोषण की स्थिति में लाने हेतु किए जा रहे प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए जिले के अधिकारियों को एक एक बच्चे की निगरानी करने जिम्मेदारी सौंपने के निर्देश दिए। साथ ही सभी आंगन बाड़ी केंद्रों में गरम भोजन का नियमित रूप से वितरण सुनिश्चित करने को भी कहा। कलेक्टर ने महतारी वंदन योजना की समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित करने को कहा कि जिले की सभी पात्र महिलाओं को इस योजना का समुचित लाभ मिले। उन्होंने विशेष चिकित्सकीय देखभाल की आवश्यकता वाले बच्चों के लिए विशेष चिकित्सा शिविर आयोजित करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने विभागीय भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने पर जोर दिया। उन्होंने आंगन बाड़ी भवनों की स्थिति की भी जानकारी ली और सभी परियोजना अधिकारियों को भवन निर्माण कार्य के प्रगति की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# धान उठाव में तेजी लाने व शिक्षा विभाग की गतिविधियों की कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

**कोण्डागांव,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। कोंडागांव कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने गुरुवार को जिले की समितियों में शेष बचे धान के त्वरित उठाव को सुनिश्चित करने हेतु समिति प्रबंधकों और राइस मिलर्स की बैठक ली।



बैठक के दौरान कलेक्टर ने समितिवार शेष धान की विस्तृत समीक्षा की और जहां अधिक धान शेष है, उस समिति को प्राथमिकता के साथ हमालों की संख्या बढ़ाते हुए उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही राइस मिलर्स को भी समय पर वाहन भेजने हेतु कहा। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी एक सप्ताह के भीतर सभी समितियों से शेष धान का पूर्ण रूप से उठाव सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर राइस मिलर्स और समिति प्रबंधकों से भी कलेक्टर ने समस्याएं सुनी। एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, खाद्य अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी, सहकारिता विभाग के अधिकारी और राइस मिलर्स तथा समिति प्रबंधक इस अवसर पर उपस्थित थे।

**कलेक्टर ने की शिक्षा विभाग के गतिविधियों की समीक्षा**

कोंडागांव कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने गुरुवार को जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने जिले में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से बेहतर अधोसंरचना और विद्यार्थियों के लिए सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण तैयार करने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जिले में स्कूल भवनों की स्थिति और शिक्षकों की उपलब्धता सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं के प्रगति की भी समीक्षा की। साथ ही नए शैक्षणिक सत्र के लिए शाला प्रवेश उत्सव के आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में संचालित पीएमश्री स्कूलों की जानकारी लेते हुए उपलब्ध सुविधाओं से अवगत हुए। साथ ही उन्होंने प्रधान मंत्री पोषण योजना के अंतर्गत न्यौता भोज के आयोजन, पाठ्यपुस्तक, गणवेश और सायकल वितरण की जानकारी ली।

बैठक में शाला त्यागी बच्चों की पहचान एवं पुन: प्रवेश के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी ली। साथ ही दिव्यांग बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु विशेष व्यवस्थाओं के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्रों बनाने के कार्य की समीक्षा भी की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, डिप्टी कलेक्टर सुश्री निकिता मरकाम, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान, डीएमसी इमल बघेल, जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता वेणुगोपाल राव एवं सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

# बाल सभा में अधिकारों की दी जानकारी

**पालनार में जिला प्रशासन की पहल**



**दंतेवाड़ा**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर पालनार पंचायत में जिला प्रशासन दंतेवाड़ा एवं नीति आयोग की सहयोगी संस्था पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से बाल सभा का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें पंचायत व्यवस्था एवं अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र से परिचित कराना था। इस बालसभा में लगभग 300 बच्चों ने भाग लिया और उत्साहपूर्वक अपने विचार साझा किए। इसके साथ ही विशेषज्ञों और पंचायत प्रतिनिधियों ने बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, और सहभागिता जैसे मौलिक अधिकारों की जानकारी दी। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि बाल सभा के माध्यम से बच्चों की आवाज को पंचायत तक पहुँचाने का एक सशक्त मंच मिला है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि बच्चों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा।

# अप्रैल में बेतहाशा गर्मी, बिजली खपत पिछले साल से दस फीसदी अधिक

**रायपुर**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी के चलते बिजली की मांग में बहुत तेजी से वृद्धि हुई है। पिछले साल मई में अधिकतम मांग 6,368 मेगावॉट पहुंची थी जो इस साल अप्रैल में ही 10 प्रतिशत बढ़कर 7,006 मेगावॉट तक पहुंच गई। भारी मांग के चलते आम उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति में व्यवधान न आए इसके लिए छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी द्वारा पीक ऑवर्स में ऊंचे दाम पर भी बिजली खरीद कर निर्धारित दर पर ही आपूर्ति की जा रही है। अत्यधिक मांग के कारण विद्युत प्रणाली पर भारी दबाव होता है। जिसके कारण विगत 15 दिनों में केंद्रीकृत कॉल सेंटर में कुल 65 लाख उपभोक्ताओं में से 1 लाख 56 हजार शिकायतें दर्ज की गई जिनका निराकरण यथासमय किया गया। त्वरित मरम्मत के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।

इस वर्ष विगत वर्षों की अपेक्षा अप्रैल माह में ही तेज गर्मी पड़ने लगी है। जिसके कारण विभिन्न श्रेणियों के उपभोक्ताओं की बिजली की मांग तेजी से बढ़ी है। विगत वर्ष मई महीने में 6,368 मेगावॉट की तुलना में इस वर्ष 22 अप्रैल में ही मांग 7,006 मेगावॉट को स्पर्श कर गई जो विगत 1 वर्ष में लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी, पॉवर एक्सचेंज और बैंकिंग के साथ ही एचपीडीएएम (हाई प्राइज़ डे अहेड मार्केट) के जरिये मंहगी दरों पर बिजली खरीदकर आम घरेलू उपभोक्ताओं को क्रय दर से कम दरों पर बिजली प्रदान कर रही है। पिछले साल मई महीने में अधिकतम मांग 6,368 मेगावॉट पहुंची थी, जो इस साल अप्रैल महीने में ही 7,006 मेगावॉट तक पहुंच गई है। यानी एक साल में ही 10 प्रतिशत (638 मेगावॉट) की वृद्धि हुई है। यह प्रदेश में बढ़ते सामाजिक- आर्थिक सशक्तीकरण का प्रतीक भी है। पॉवर कंपनी इसकी आपूर्ति के लिए विशेष योजना के साथ कार्य कर रही है, जिसमें मांग अधिक होने पर एचपीडीएएम (हाई प्राइज़ डे अहेड मार्केट) से बिजली क्रय की जाती है। वन नेशन, वन ग्रिड के आधार पर देशभर के सभी विद्युत घरों की उत्पादित बिजली

**■ बिजली कंपनी महंगी बिजली खरीद कर पूरी कर रही कमी**



ग्रिड में डाली जाती है, उसे राज्य आवश्यकतानुसार क्रय करके अपने राज्य में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था करते हैं। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक दिन पूर्व मांग बताई जाती है। फिर मांग के अनुसार हर 15 मिनट के स्लैब में बिजली की दरें जारी होती हैं, जिस राज्य की दर अधिक रहती है, उसे विद्युत उत्पादक कंपनियां बिजली बेचती हैं। छत्तीसगढ़ में बिजली की औसत मांग दिन में 5,120 मेगावॉट रहती है। परन्तु पीक ऑवर (शाम 6 बजे से रात तक) में यह मांग 6,500 से 7,000 मेगावॉट से अधिक पहुंच रही है।

इसे पूरा करने लगभग 800 मेगावॉट बिजली एचडीपीएम के जरिये ली जा रही है। इसमें अधिकतम 14.50 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीदी जा रही है। कई बार इतनी अधिक दर पर भी बिजली नहीं मिलती। 24 अप्रैल को पॉवर कंपनी ने 6,800 मेगावॉट बिजली की मांग का आकलन करते हुए अतिरिक्त बिजली मार्केट से क्रय करने की प्लानिंग की। इसी तरह प्रतिदिन एक अलग टीम प्रदेश में संभावित मांग और आपूर्ति का तालमेल करते हुए पॉवर परचेज करती है। सामान्य तौर पर राज्य में उत्पादित बिजली की दर 4 से 8 रूपए प्रति यूनिट तक रहती है। उपभोक्ताओं के हित में खुले मार्केट से बिजली क्रय करने पर अधिक कीमत देनी पड़ती है।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की क्षमता 2978.7 मेगावॉट है। इसके अलावा राज्य सरकार से अनुबंध के आधार पर सेंट्रल सेक्टर से 3,380 मेगावॉट बिजली मिलती है। इसके अलावा सोलर संयंत्र से लगभग 700 मेगावॉट बिजली मिलती है। सूरज की रोशनी रहने पर ही सोलर संयंत्र से विद्युत उत्पादन होता है, शाम को इससे उत्पादन नहीं होता। शाम को ही पीक ऑवर होता है। रात में घरों में एसी, पंखे, कूलर के साथ ही दूसरी जरूरतें के कारण लोड बढ़ जाता है। प्रदेश में दिन के समय मांग की तुलना में अधिक बिजली रहने पर छत्तीसगढ़ दूसरे राज्यों को बिजली देता है। दिन के समय बिजली की अधिकता रहने पर अभी हिमाचल प्रदेश को 250 मेगावॉट बैंकिंग के जरिये बिजली आपूर्ति की जा रही है। यह बिजली हिमाचल प्रदेश जुलाई, अगस्त, सितंबर में लौटाएगा। इसी तरह पंजाब और दिल्ली को पहले 50-50 मेगावॉट बिजली दी गई थी, जिसे अभी रात के समय दोनों राज्य लौटा रहे हैं।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की 250 मेगावॉट की एक इकाई आउटेज में होने के बावजूद अन्य इकाइयों को फुल लोड पर चलाया जा रहा है, वहीं पारेषण कंपनी का राज्य भार प्रेषण केंद्र हर 15 मिनट में पॉवर परचेस करके सप्लाई बनाये हुए है। वितरण कंपनी की टीम विद्युत प्रणाली को लगातार संधारित करके निरंतर आपूर्ति कर रही है।

# एनआईए की टीम पहुंची मृतक दिनेश मिरानिया के घर

## पहलगाम आतंकी हमले की जुटाई जानकारी

**रायपुर**, 25 अप्रैल(देशबन्धु)। जम्मू.कश्मीर के पहलगाम के बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले की जांच में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने तेजी ला दी ह इसी कड़ी में एनआईए की टीम आज रायपुर के समता कॉलोनी स्थित मृतक दिनेश मिरानिया के घर पहुंची टीम ने परिजनों से मुलाकात की।



इस दौरान एनआईए की टीम ने दिनेश मिरानिया की पत्नी नेहा मिरानिया पुत्र शौर्य और पुत्री लक्षिता से पूछताछ कर घटना के समय की परिस्थितियों के बारे में विस्तृत जानकारी ली जानकारी के अनुसार एनआईए के पांच सदस्यीय टीम मिरानिया निवास पहुंची एनआईए अधिकारी करीबन शाम 7. 25 के आस.पास समता कॉलोनी स्थित मिरानिया निवास पहुंचे हुए थे मिरानिया परिवार के सदस्यों से एनआईए सात बिंदुओं पर पूछताछ कर रही है पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली है समता कॉलोनी रायपुर के स्टील कारोबारी दिनेश मिरानिया ;45 वर्ष को आतंकियों ने कश्मीर बैसरन घाटी में उसी दिन गोली मारी जिस दिन उनकी शादी की सालगिरह थी दिनेश पत्नी नेहा बेटा शौर्य और बेटी लक्षिता के साथ शादी की सालगिरह सेलीब्रेट कर रहे थे तभी आतंकियों ने उन पर हमला कर दिया जिससे पूरे परिवार का खुशहाल पल दर्दनाक त्रासदी में बदल गया।

# दो महीने से नहीं मिला एनएचएम कर्मियों को वेतन, 1मई को करेंगे स्वास्थ्य भवन का घेराव

**रायपुर**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। दो माह से कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने के साथ सेवा शर्तों का पालन नहीं किए जाने पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ ने मजदूर दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य भवन के घेराव का ऐलान किया है। इस संबंध में सरकार को दर्जनों बार ज्ञापन देने के बाद भी सुनवाई नहीं होने से कर्मचारी आक्रोशित हैं।

एनएचएम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉक्टर अमित मिरी ने कहा कि समय बड़ा विकट है। एक तरफ हम प्रदेश की आम जनता की स्वास्थ्य की चिंता में अप्रैल की तेज तपिश में अपने शासकीय कर्त्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं, तो दूसरी ओर आर्थिक सुरक्षा को लेकर भी चिंतित हैं।

उन्होंने कहा कि आज राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को 20 वर्ष हो चुके हैं, इसके बाद भी छत्तीसगढ़ के एनएचएम कर्मचारी की स्थिति जस की तस बनी हुई है।राज्य में डबल इंजन की सरकार होते हुए भी हम नियमितीकरण तो दूर समय पर वेतन से वंचित हैं।सरकारें बदल गई, लेकिन हमारी स्थिति में सुधार नहीं आया है।

डॉक्टर अमित मिरी ने कहा कि इस सरकार को अब तक 50 से अधिक ज्ञापन निवेदन किया जा चुका है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। इस कारण छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ ने तय किया है कि 1 मई विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य भवन का घेराव किया जाएगा।

# अवैध प्लाटिंग पर हल्का पटवारी को नोटिस

**दो दिनों में देना होगा जवाब**

**रायपुर**, 25 अप्रैल(देशबन्धु)। अभनपुर नायब तहसीलदार ने अवैध प्लांटिग के संबंध में एसडीएम को विस्तृत रिपोर्ट पेश नहीं करने पर निमोरा हल्का पटवारी दुष्यंत पराना को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

नोटिस में दो दिनों के भीतर खुद प्रस्तुत होकर जवाब देने को कहा गया है। नायब तहसीलदार ने अपने प्रभार क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम निमोरा में भ्रमण के दौरान भूमि खसरा नं0 606, 598, 608 मे अवैध प्लाटिंग पाया था। इसमें पटवारी की कालोनी के निर्माण के लिए मंजूरी देने, जमीन का डायवर्सन करने और क्षेत्र में भवन निर्माण की रिपोर्ट नहीं देने पर सजा के प्रावधान का हवाला देते हुए दो दिनों के भीतर जवाब मांगा है।

# गुलमोहर सिटी में नन्हें दिव्यांश की मौत उप अभियंता अंकिता अग्रवाल निलंबित

**रायपुर**, 25 अप्रैल(देशबन्धु)। गुलमोहर सिटी बीएसयूपी कॉलोनी में नन्हें दिव्यांश की मौत के मामले में निगम आयुक्त विश्वदीप ने कड़ी कार्रवाई करते हुए पीएम आवास मुख्यालय की उप अभियंता श्रीमती अंकिता अग्रवाल को अपने विधिक दायित्वो का निर्वहन में असफल रहने एवं घोर लापरवाही बरतने पर निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय जोन 1 रहेगा। आयुक्त ने प्रभारी अधीक्षण अभियंता तत्कालीन सहायक अभियंता राजेश राठौर और सहायक अभियंता प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा योगेश यदु के विरूद्ध विभागीय जांच के आदेश दिये हैं।





**■ सहायक अभियंता राजेश व योगेश के खिलाफ होगी विभागीय जांच**

रामनगर स्थित गुलमोहर पार्क कॉलोनी के ईडब्ल्यूएस भूमि में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित 280 आवासीय कॉलोनी में गड्ढा खोदा गया, था। परंतु कार्य पूर्ण होने पर गड्ढा को बंद नहीं किया गया और गड्ढा खुला होने पर वहाँ पर्याप्त सुरक्षा घेरा की व्यवस्था नहीं की गयी और ना ही लाल झंडी लगायी गयी। 12 अप्रैल को खेलते समय तीन बच्चे डूब गए थे ।इनमें से एक बच्चे दिव्यांश की मौत हो गई थी ।उक्त कार्य में लापरवाही बरतने के फलस्वरूप वहाँ निवासरत बच्चा खेलते समय गड्ढे में गिर गया तथा उक्त दुघर्टना से बच्चे की मृत्यु हो गयी। उक्त कार्य की उप अभियंता श्रीमती अंकिता अग्रवाल को इस बात की जानकारी नही थी कि मौके पर एक असुरक्षित गड्ढा किया गया था, जिसमें सुरक्षा संबंधित बैरिकेटिंग नहीं किया गया।

संबंधित घटना स्थल पर सुरक्षात्मक व्यवस्था करने के आधार पर श्रीमती अंकिता अग्रवाल उप अभियंता प्रधानमंत्री आवास द्वारा पत्राचार नही किया जाकर घोर कर्तव्य परायणता की उपेक्षा की गयी, जो उच्चाधिकारी के आदेशों का उल्लंघन है।

# प्रदेश में 2 हजार पाकिस्तानी नागरिक गृहमंत्री के निर्देश के बाद पुलिस सक्रिय

**रायपुर**, 25 अप्रैल (देशबन्धु) ।पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान से आए सभी नागरिकों को 48 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया था ।इस निर्देश के तहत छत्तीसगढ़ में भी पाकिस्तानी नागरिकों की जांच शुरू हो गई है। सूत्रों के अनुसार, छत्तीसगढ़ में करीब 2000 लोग पाकिस्तान से आए हैं, जिनमें से 1800 अकेले रायपुर में रह रहे हैं। इनमें 95 फीसदी सिंधी समाज के लोग हैं, जबकि शेष मुस्लिम हैं।

पुलिस अब इनके वीजा और अन्य दस्तावेजों की गहन जांच कर रही है। इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से फोन पर बात की और उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी पाकिस्तानी नागरिक तय समय सीमा से अधिक समय तक भारत में न रहे

**दीर्घकालिक वीजा धारकों को राहत, अन्य को जाना होगा**

केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि हिंदू पाकिस्तानी नागरिकों को पहले से जारी दीर्घकालिक वीजा रद्द नहीं किया जाएगा, और उन्हें देश छोड़ने की जरूरत नहीं है। हालांकि, अन्य वीजा जैसे बिजनेस, मेडिकल, या धार्मिक वीजा पर आए लोगों को भारत छोड़ना होगा।

विशेष रूप से सार्क वीजा धारकों को तत्काल देश छोड़ने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन उनकी भी जांच की जा रही है।

**रायपुर में सिंधी समाज का बड़ा समुदाय**

रायपुर में रहने वाले पाकिस्तानी मूल के लोगों में अधिकांश सिंधी समाज के हैं, जो अपने रिश्तेदारों से मिलने, इलाज, या धार्मिक उद्देश्यों के लिए भारत आते हैं कई लोग बिजनेस और मेडिकल वीजा पर भी यहां पहुंचते हैं. छत्तीसगढ़ में सिंधी समाज के कई लोगों के रिश्तेदार अभी भी पाकिस्तान में रहते हैं, और वे नियमित रूप से भारत आते-जाते रहते हैं। पुलिस अब इन सभी की पहचान और वीजा स्थिति की जांच कर रही है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि को रोका जा सके

छत्तीसगढ़ में पाकिस्तानी मूल के कई सिंधी लोगों को भारत की नागरिकता मिल चुकी है, लेकिन कुछ अभी भी इसके लिए इंतजार कर रहे हैं ।रायपुर के सड् ?डू, महावीरनगर, बोरियाकला, और माना रोड जैसे इलाकों में इन लोगों ने अपने घर बना लिए हैं। अब पुलिस और प्रशासन नए सिरे से इनकी सूची तैयार कर रहा है, ताकि उनकी नागरिकता और वीजा स्थिति का सत्यापन किया जा सके ।जिन्हें अभी नागरिकता नहीं मिली, उनकी पहचान भी की जा रही है।

**केंद्र के निर्देश पर सख्त निगरानी**

पहलगाम हमले के बाद केंद्र सरकार ने पाकिस्तान से भारत आने वाले सभी लोगों की कड़ी निगरानी के आदेश दिए हैं। छत्तीसगढ़ पुलिस और प्रशासन अब हर उस व्यक्ति की जांच कर रहे हैं, जो पाकिस्तान से आया है। जांच में वीजा के प्रकार के अलावा अन्य गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि यह कदम राष्ट्रीय सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

# जमीन-मकान खरीदने पर जो रजिस्ट्रार करेंगे रजिस्ट्री, वही अब नाम भी चढ़ाएंगे

## नामांतरण के लिए अब नहीं लगाने होंगे तहसील आफिस के चक्कर

**रायपुर**, 25 अप्रैल (देशबन्धु) ।प्रदेश में अब तक कोई भी व्यक्ति संपत्ति खरीदे और रजिस्ट्री करवा ले, तब बड़ा काम यह बचता था कि रिकार्ड में संपत्ति अपने नाम करने के लिए उसे तहसील आफिस जाना पड़ता था। नामांतरण का अधिकार तहसीलदार के पास था और नक्शा खसरा, बी-1 वगैरह के लिए तहसील दफ्तर के चक्कर लगते थे। अखबारों में विज्ञापन भी छपाना पड़ता था, लेकिन अब ऐसा कुछ भी नहीं करना होगा ।राज्य सरकार ने इस नियम में ऐसा बदलाव किया है कि संपत्ति खरीदने के बाद नाम चढ़ाने के लिए तहसील आफिस नहीं जाना होगा। जो रजिस्ट्रार या डिप्टी रजिस्ट्रार आपकी रजिस्ट्री करेंगे, वही नाम भी चढ़ाकर देंगे। शासन ने छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 में ऐसा संशोधन किया है कि नामांतरण करने की शक्तियां तहसीलदार के बजाय रजिस्ट्रार को दे दी हैं। जब आपको रजिस्ट्री की कापी मिलेगी, संभव है कि एक-दो दिन के भीतर उसी दफ्तर





से नाम चढ़ाकर दस्तावेज दे दी जाएं और भुइयां में भी अपलोड कर दिए जाएं। सबसे अच्छी बात ये है कि इस नए नियम को अब कोई नकार नहीं सकता, क्योंकि सरकार ने इसे राजपत्र में भी प्रकाशित करवा दिया है।

साय सरकार के इस फैसले से आम लोगों को दो तरह के बड़े फायदे होने जा रहे हैं। पहला, रजिस्ट्री और उसी दफ्तर में नाम चढ़ाने से यह सुनिश्चित हो जाएगा कि संबंधित जमीन या संपत्ति किसी और के नाम से नहीं चढ़ी है। दूसरा, जो लोग रजिस्ट्री करने के बाद नक्शा खसरा और बी-1 के लिए तहसील दफ्तर पहुंचते हैं, वह जानते हैं कि यह प्रक्रिया कितनी कष्टप्रद है। आवेदन करना पड़ता है, फिर विज्ञापन जारी होता है, उसे छपाकर जमा करना पड़ता है, इसके बाद तहसीलदार नामांतरण करते हैं। इस प्रक्रिया में बीच में कुछ लोगों का होना जरूरी है, जो या तो परेशान करते हैं या फिर खर्च करवाते हैं। रजिस्ट्री करने के बाद पंजीयन आफिस से आटो मोड में नामांतरण होने का मतलब यही है कि नार्मल साइज और प्राइज की प्रापर्टी अपने नाम पर चढ़वाने के लिए पांच-दस हजार का खर्च बचेगा। इस काम में 15 दिन तक लग जाते हैं, जो अब नहीं लगेंगे। फिलहाल यह बताया जा रहा है कि रजिस्ट्री के बाद नामांतरण के पेपर साथ में देने की कवायद चल रही है, लेकिन शुरू में इसमें एक-दो दिन लग सकते हैं। बाद में यह काम तुरंत हो जाएगा।

# आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले भारतीयों को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि





**रायपुर**, 25 अप्रैल(देशबन्धु)। पहलगाम में पिछले दिनों हुए आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले भारतीयों को शहर कांग्रेस ने श्रद्धांजलि दी। राजीव गांधी चौक में कांग्रेस के नेताओं ने कैंडल जलाकर मृत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी एवं दो मिनट का मौन भी धारण किय। कांग्रेस नेताओं ने इस आतंकवादी हमले की एक स्वर में निंदा की साथ ही इस घटना मे मृतक के परिवार जनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की एवं इस कायराना हरकत को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की बात कही।

प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी द्वय विजय जांगिड़, जारिता लेफ्तलॉन्ग ने कहा जम्मू कश्मीर में पर्यटकों पर हुए इस वीभत्स हमले पर पूरा देश स्तब्ध है ।कांग्रेस पार्टी इस कायराना हमले की निंदा करती है और मृतकों के प्रियजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करती है ।पुरा देश चाहता है कि आतंकवाद का जड़ से सफाया हो। इस अवसर पर पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर अमरजीत भगत कुलदीप जुनेजा छाया वर्मा महेंद्र छाबड़ा प्रमोद दुबे एजाज ढेबर सुरेश ठाकुर कन्हैया अग्रवाल दीपक मिश्रा विनोद तिवारी पंकज मिश्रा नवीन चंद्राकर प्रशांत ठेगड़ी दीपा बग्गा अशोक ठाकुर देव कुमार साहू दिनेश ठाकुर राकेश धोत्रे सारिक रईस खान, पप्पू बंजारे कमलेश मिश्रा श्रीनिवास प्रवीण चंद्राकर अभिनय दुबे कामरान अंसारी वेद मुन्ना मिश्रा शब्बीर खान फहीम सिद्दीकी दिलीप चौहान अमित शर्मा राधेश्याम विभार राहुल तिवारी उपस्थित थे।

# भाजपा ने आतंकवाद का पुतला फूंका

**रायपुर**, 25 अप्रैल(देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी भाठागाँव मंडल के द्वारा शहीद राजू पांडे वार्ड क्रमांक 62 कार्यालय से पहलगाम में आतंकवादी हमले के विरोध में सद्भावना रैली निकाली। रैली संजय नगर राधा कृष्ण मंदिर से साहू कंपलेक्स होते हुए संतोषी नगर चौक में पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए आतंकवाद का पुतला दहन किया। कैंडल जलाकर 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

इसका नेतृत्व शहर जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुभाष तिवारी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मिर्जा एजाज बेग भाठागांव मंडल अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने कियां।

यह घटना पूरे देश को झकझोर देने वाली है। मासूमों निहत्थे पर्यटकों को जिस तरह से निर्मम हत्या की गई शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। यह केवल एक परिवार ही नहीं, पूरा हिंदुस्तान का दुखी है ।हम सभी इस दुखद क्षण में शहीदों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैँ । रैली में पार्षद बद्री प्रसाद गुप्ता पार्षद रवि सोनकर राकेश सिंह मनीष करनभुजे जयप्रकाश देवांगन प्रदीप साहू राज गायकवाड चेतन ठाकुर एकनाथ सेन लॉरेंस चंद्राकर भागवत साहू पुष्पराज गुप्ता दुर्गा मानिकपुरी शाहिदा खान योगेंद्र सिन्हा नरेंद्र सिलवाल शिवा चंद्राकर दिनेश लखानी सोनू गुप्ता के विक्की गुप्ता अमित सोनी आदि प्रमुख रूप से शामिल थे ।



# दिनेश मिरानिया के घर पहुंचे भूपेश हर संभव मदद का दिया आश्वासन



**रायपुर**, 25 अप्रैल(देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में रायपुर के समता कॉलोनी निवासी कारोबारी दिनेश मिरानिया की दुखद मौत के बाद, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज उनके निवास पहुंचे। इस दौरान उन्होंने दिनेश मिरानिया की पत्नी नेहा और बेटे शौर्य से मुलाकात की और इस त्रासदी पर शोक जताया।

**■ कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए थे**

भूपेश बघेल ने बारीकी से इस घटना के बारे में जानकारी ली और पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

समता कॉलोनी, रायपुर के स्टील कारोबारी दिनेश मिरानिया (45 वर्ष) को आतंकियों ने कश्मीर बैसरन घाटी में उसी दिन गोली मारी, जिस दिन उनकी शादी की सालगिरह थी। दिनेश पत्नी नेहा, बेटा शौर्य और बेटी लक्षिता के साथ शादी की सालगिरह सेलीब्रेट कर रहे थे, तभी आतंकियों ने उन पर हमला कर दिया, जिससे पूरे परिवार का खुशहाल पल दर्दनाक त्रासदी में बदल गया।

# दिव्यांगों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है सरकार : साय

## अब छग दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम होगा : मुख्यमंत्री




**रायपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के मेडिकल कॉलेज स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में छत्तीसगढ़ नि:शक्तजन वित्त एवं विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष के पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने छत्तीसगढ़ नि:शक्तजन वित्त एवं विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष लोकेश कावड़िया को नए दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ नि:शक्तजन वित्त एवं विकास निगम का नाम परिवर्तित कर छत्तीसगढ़ दिव्यांग जन वित्त एवं विकास निगम करने की घोषणा की। साथ ही मुख्य मंच से इस अवसर पर 15 दिव्यांग हितग्राहियों को ऋण, 11 दिव्यांग हितग्राहियों को ऋण अदायगी करने पर ब्याज सब्सिडी एवं श्रवण बाधित दिव्यांग को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि हमारी सरकार दिव्यांगों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। दिव्यांगों के जीवन स्तर को बेहतर करने के लिए छत्तीसगढ़ की सरकार द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें दिव्यांग बच्चों का सर्वे कर उनके व्यवसाय एवं नए स्टार्टअप के लिए ऋण प्रदान कर मदद करनी चाहिए, ताकि उनके जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार आ सके।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि दिव्यांगजनो के जीवन में खुशहाली लाने के लिए हमें हर संभव प्रयास करना चाहिए। हमारी सरकार ने बेहद अनुभवी सामाजिक कार्यकर्ता को इसकी जिम्मेदारी दी है, जिसका सीधा लाभ दिव्यांग साथियों को मिलेगा।

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े ने कहा कि हमारी सरकार च्सबका साथ, सबका विकासज् के संकल्पों के आधार पर दिव्यांगों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने एवं उनके कौशल विकास पर जोर दे रही है। इस अवसर पर उन्होंने लोकेश कावड़िया को नए दायित्व के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

पदभार ग्रहण समारोह में शासकीय दिव्यांग स्कूल माना के छात्र-छात्राओं द्वारा बहुत ही आकर्षक गीत गाया गया, जिसने सबका मन मोहा।इसके साथ ही राजनांदगांव के दिव्यांग स्कूल के श्रवण बाधित छात्रों द्वारा देशभक्ति नृत्य का मंचन भी किया गया।

# परीक्षा शुल्क निर्णय वापस लेने एआईडीएसओ ने ज्ञापन सौंपा

**रायपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। हमारे छात्र संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन एआईडीएसओ की रायपुर जिला कमेटी के द्वारा पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में प्रवेश परीक्षा शुल्क, जो की निशुल्क हुआ करता था उसे 700 तक बढ़ा देने के छात्र विरोधी निर्णय वापस लेने और जिन छात्रों ने फीस जमा की है उन्हें वापस करने की मांग पर यूनिवर्सिटी गेट पर 25 अप्रैल को विशाल छात्र धरना किया गया एवं रैली निकालकर यूनिवर्सिटी डीन राजीव चौधरी को ज्ञापन सौंपा गया।



ज्ञात हो कि पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में संचालित कक्षाओं में प्रवेश लेने के लिए प्रवेश परीक्षा पास करनी होती है, जो कि पिछले बर्ष 2024-25 तक नि:शुल्क होती थी। वर्तमान सत्र में विश्वविद्यालय द्वारा अचानक इस पर 700 रु परीक्षा शुल्क लगा दिया गया। ऐसा लग रहा है कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से वंचित रखने का प्रयास कर रहा है। 20 मार्च को परीक्षा विभाग द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक 635/परीक्षा/2025 के सूचना जारी होते ही छात्र संगठन ढ्ढ्रष्टस्ह की रायपुर जिला कमेटी के द्वारा कुल सचिव को प्रवेश परीक्षा पुन: नि:शुल्क करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। संशोधित अधिसूचना के द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा में ऑनलाइन पंजीयन शुल्क को संशोधित करते हुए विश्वविद्यालय ने इसे नि:शुल्क करने के बजाय वर्गों में बांट दिया। जिसमें सामान्य वर्ग के लिए 500 रु, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 400 रु, तथा एस टी व एस सी के लिए 300 रु तय किया गया।

वर्तमान में अधिकतर छात्र आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं जिसमें एस टी, एस सी, ओबीसी और सामान्य वर्ग, सभी वर्ग के छात्र शामिल हैं। ऐसी स्थिति में शुल्क को इस तरह छात्रों में दरार पैदा करने के रूप में तैयार करना अनुचित व निंदनीय है। इसकी गंभीरता को समझकर ने 11 अप्रैल को रैली व प्रदर्शन कर कुलपति के नाम पुन: ज्ञापन सौंपा। इसके बावजूद भी यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई। यह प्रवेश परीक्षा निशुल्क होती थी और छात्रहित में नि:शुल्क ही होनी चाहिए।

# जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाने के बाद अब उपभोक्ताओं से वसूलने की तैयारी : विकास

**रायपुर**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने फिर से भारतीय जनता पार्टी की साय सरकार पर निशाना साधा हैं।उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के फितरत में है निम्न एवं मध्यम वर्गों से पैसा वसूलना और लगातार छत्तीसगढ़ की जनता को ठगना। इसीलिए भाजपा सरकार फिर एकबार छत्तीसगढ़ में घरो घर जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाने के पश्चात् अब उपभोक्ताओं से स्मार्ट मीटर लगाने का खर्च वसूलने की तैयारी में है। विकास उपाध्याय ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में साढ़े 11 लाख घरेलू कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर लग चुके हैं, जिसके लिए पावर कंपनी ने 367 करोड़ रूपए की डिमांड का प्रस्ताव नियामक आयोग को भेजा है और इसके लिए सरकार के पास फण्ड उपलब्ध नहीं है। उपाध्याय ने कहा इसलिए बिजली कंपनी को इस बार बहुत अधिक घाटा हुआ है, बिजली कंपनी ने नियामक आयोग को 4926 करोड़ रूपये का घाटा बताया है। पूर्व विधायक ने कहा इस घाटे की राशि अब बीजेपी सरकार जनता से वसूलना चाहती है।भाजपा की सरकार बनने के बाद से महतारी वंदन में 1000 देकर, रसोई गैस, बिजली बिल, पेट्रोल-डीजल, रजिस्ट्री शुल्क जैसे विभिन्न मूलभूत सुविधाओं की दरों में वृद्धि कर आम जनता को पूरी तरह ठगने का काम बीजेपी की साय सरकार ने किया है। उपाध्याय ने कहा कि पूर्व कांग्रेस की सरकार में विद्युत संबंधित समस्या और घाटे कभी भी नहीं हुये, बल्कि जनता काफी ज्यादा खुशहाल थी। उपाध्याय ने कहा वर्तमान में बीजेपी शासन द्वारा आम जनता की जेबों पर सीधे डाका डालने का काम किया जा रहा है जिसे छत्तीसगढ़ की जनता बखूबी देख-समझ रही है।



# भाजपा ने फूंका आंतकवाद का पुतला

**रायपुर,** 25 अप्रैल। मां बंजारी भाजपा और बिरगांव मंडल ने आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन कर, पुतला फूंका। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, अकबर अली, ओमप्रकाश साहु नेताप्रतिपक्ष, योगेश साहु, भागीरथी यादव मंडल अध्यक्ष द्वय, एवज देवांगन, केहरु साहु, ज्ञानेश्वरी मिर्झा पार्षद, पिंकु गुप्ता, हरिशंकर मिश्रा, मालिक राम साहू, पुनाराम साहू, डेविड साहु, नरसिंह निषाद, शांति साहु, विकाश शर्मा, केशू चंद्राकर, नारद देवांगन, बिसत साहु, मासूम अली, शुभम पाण्डे, तेज साहु, सुनील साहु, मोनू भाई, जय देवांगन, अवनीश विश्वकर्मा, अवनीश गिरी, आशीष द्विवेदी, बबलू शर्मा, यशवंत निर्मलकर, तुलेश साहु, योगेंद्र वर्मा, उमा साहु, फुलमनी सोनवानी, भारती, कविता, शीतला साहु , तोप सिंह, संजय भाई, मनोज निषाद, पावन साहु, कश्यप भाई, विकाश दुबे, हरीश भाई, अनुराग, रामकुमार साहु, संतोष राव, राजेंद्र साहु, नरेंद्र कुर्रे आदि दोनों मंडल के समस्त कार्यकतागण शामिल हुए।

# सादगी से मनाया जाएगा परशुराम का प्रागट्य पर्व

**रायपुर,** 25 अप्रैल। विप्र सामाजिक संगठन समग्र ब्राह्मण परिषद् छत्तीसगढ़ की मासिक बैठक आज रायपुर के महामाया देवी मंदिर परिसर में संपन्न हुई. बैठक की जानकारी प्रदान करते हुये संगठन की प्रदेश सचिव अर्चना दीवान ने बताया कि आगामी 29 अप्रैल मंगलवार को हमारे आराध्य विप्र शिरोमणि भगवान परशुराम का अवतरण दिवस मनाया जाएगा। बैठक में भगवान परशुराम प्रागट्योत्सव के आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुये संगठन के प्रदेशाध्यक्ष डा.भावेश शुक्ला ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पहली बार धर्म के नाम पर देश के विभिन्न प्रांतों के निवासी हिन्दुओं को उनके परिवार के सामने मारकर अत्यंत घृणित कृत्य किया गया है जो कि संपूर्ण भारत देश के लिये असहनीय है। व्यक्तिगत रूप से ना सही लेकिन संगठन परिवार राष्ट्र के? निवासी इन शोकाकुल परिवारों के दु:ख में हम बराबर के सहभागी हैं अत: इस वर्ष भगवान परशुराम जी के अवतरण दिवस पर भगवान परशुराम जी की पूजा आरती के अतिरिक्त पूर्व में प्रस्तावित अन्य गतिविधियों को स्थगित कर प्राकट्य पर्व को पूर्ण सादगी से मनाया जाएगा। दोपहर को भगवान परशुराम की पूजा आरती के पश्चात सायंकाल किसी भी देव स्थल में दीपक प्रज्वलित कर पहलगाम घटना में शहीद लोगों को श्रद्धांजली अर्पित करते हुए इन आतंकी घटनाओं को सदैव के लिये खत्म करने के लिये भारत की सेना के शौर्य और पराक्रम को सदैव मजबूत बनाये रखने की प्रार्थना की जाएगी। इस अवसर पर संगठन के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष पं.शैलेन्द्र रिछारिया, प्रदेश उपाध्यक्ष पं.विवेक दुबे, प्रदेश संयुक्त सचिव पं.सजल तिवारी, कोषाध्यक्ष पं.दीपक शुक्ला, कालिंदी उपाध्याय, खुशबू शर्मा, प्रीति तिवारी, संध्या उपाध्याय, पं. श्रीकांत तिवारी, पं. उमाकांत तिवारी, पं.विजय पांडेय, पं.गौरव मिश्रा सहित अनेक संगठन सहयोगी उपस्थित थे।



# दीपक सोलंकी के निधन उपरांत किया गया नेत्रदान

**दुर्ग,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। वैशाली नगर निवासी युवा कांट्रेक्टर दीपक भाई सोलंकी (45) का आज निधन हो गया। निधन उपरांत सोलंकी परिवार से दीपक सोलंकी की पत्नी शालिनी सोलंकी, पुत्री दीप्ति रिया पलक बहन आशा बेन, लोटन भाई गोहिल ने दिवंगत दीपक के नेत्र व देहदान की सहमति दी। इस पर श्री शंकराचार्य मेडिकल कालेज के संदीप वाचकर, नेत्र सहायक विवेक कसार ने कार्निया कलेक्टर किया। इसी मेडिकल कालेज की डॉ. अंजली बंजारा के निर्देश पर संदीप रिशवुड व हंसराज ने देहदान की प्रक्रिया पूरी कराई।



## निधन

### बिसाहिन बाई साहू

**अमेरा/बलौदाबाजार**, 25 अप्रैल। ग्राम अमेरा निवासी बिसाहिन बाई साहू 65 वर्ष का निधन गुरूवार को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम में किया गया। उनके निधन पर परिजन, आत्मीयजन, ग्रामवासियों ने श्रद्धांजलि अर्पित किए। वे पूर्व सरपंच कन्हैयालाल साहू की पत्नी व लेखराम, गैंदराम, गावस्कर साहू की मां थी।



### घनश्याम अवस्थी

**बलौदाबाजार**, 25 अप्रैल। नगर के एमजी रोड निवासी घनश्याम अवस्थी 64 वर्ष का गुरुवार को सुबह हृदयघात से आकस्मिक निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार शुक्रवार सुबह 9 बजे रायपुर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे। वे नारायण अवस्थी के भाई तथा अनमोल अवस्थी के पिता थे।



### श्रीमती वत्सला चौधरी

**महासमुंद** 25 अप्रैल। स्थानीय दलदली रोड निवासी वेडनर मेमोरियल स्कूल के पूर्व प्राचार्य श्रीमती वत्सला चौधरी 77 वर्ष का 24 अप्रैल को निधन हो गया। अंतिम संस्कार 25 अप्रैल को भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे क्रीड़ा अधिकारी स्व. गोपाल चौधरी की धर्मपत्नी व राहुल चौधरी, सलील चौधरी, निखिल चौधरी की मां थी।



### सुशील देवांगन

**दुर्ग**, 25 अप्रैल। ओम नगर उरला निवासी सुशील देवांगन का आज 25 अप्रैल शुक्रवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. नरसिंग देवांगन के पुत्रण् राम्हिन देवांगन के पति तथा कोमल व योगेश देवांगन के पिता थे।



# इतिहास में पहली बार- विशेष सामान्य सभा नगर निगम मुख्यालय से बाहर

## 29 को 'एक राष्ट्र एक चुनाव' पर गहन चर्चा



**रायपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर निगम की विशेष सामान्य सभा 29 अप्रैल को 11 बजे रजबंधा स्थित शहीद स्मारक भवन में होने जा रही है। नगर निगम के इतिहास में यह पहला मौका होगा जब विशेष सामान्य सभा निगम मुख्यालय की जगह किसी अन्य ख़ास जगह पर होने जा रही है। सभा का एकमात्र एजेंडा होगा- एक राष्ट्र एक चुनाव।

नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने बताया कि एक राष्ट, एक चुनाव के समर्थन में प्रस्ताव पर अनुमोदनार्थ यह विशेष सभा आहूत की गई है। एक राष्ट एक चुनाव का मुख्य उद्देश्य लोकसभा और सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ कराना है, ताकि समय, संसाधन और प्रशासनिक खर्चों की बचत हो सके तथा देश के विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहे। बार-बार चुनाव कराने से भारी प्रशासनिक खर्च होता है और संसाधनों की बर्बादी होती है। एक साथ चुनाव से चुनावी खर्चों में कमी आएगी। सुरक्षा बलों, शिक्षकों और प्रशासनिक अधिकारियों को बार-बार की चुनावी ड्यूटी से मुक्त किया जा सकेगा एवं प्रशासनिक कार्यों में गति आएगी। बार-बार लगने वाली चुनावी आदर्श आचार संहिता के कारण विकास कार्यो परियोजनाएं प्रभावित तो होती ही हैं, सरकारी भर्तियां रूक जाती हैं। एक साथ चुनाव होने से यह सब बाधाएं दूर होंगी।

# मुस्लिम समाज ने रैली निकाल आतंकवाद का जलाया पुतला

**रायपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के खिलाफ छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों में आज जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम समाज ने विरोध प्रदर्शन किया। रायपुर में आयोजित जनआक्रोश रैलियों में लोगों ने आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और एकजुटता का संदेश दिया. इन रैलियों में समाज के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग काली पट्टी बांधकर शामिल हुए, जिन्होंने आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। राजधानी रायपुर में मुस्लिम समाज ने आज एक विशाल जनआक्रोश रैली का आयोजन किया. रैली औलिया चौक, मोतीबाग से शुरू होकर कलेक्ट्रेट परिसर तक निकाली गई। रैली में पूर्व महापौर ऐजाज ढेबर समेत बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए। रैली के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया गया और पाकिस्तान के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई। रैली में आतंकवाद की कड़ी निंदा करते हुए एकजुटता का संदेश दिया गया।



अध्यक्ष मोहम्मद सोहेल सेठी ने कहा कि शहर सीरतुन्नबी कमेटी रायपुर के बैनर तले पूरा मुस्लिम समाज एकत्र होकर इस घटना की पुरजोर निंदा करता है और आतंकियों और उनके आकाओं को फांसी की मांग करता है। आगे मोहम्मद सोहेल सेठी ने कहा कि हर मुस्लिम आतंकी नहीं होता, यह एक बार फिर साबित हुआ, मरहूम सैय्यद आदिल ने आतंकियों की बंदुक छीनते हुए निहत्थों की हत्या का विरोध किया और शहीद हो गए।

इस जुलूस में काजिए शहर मौलाना मोहम्मद अली फारूकी, पूर्व महापौर एजाज़ ढेबर, वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज, हज कमेटी के अध्यक्ष असलम खान, जामा मस्जिद के मुतवल्ली अब्दुल फहीम, शेख निजामुद्दीन, हाजी बदरूद्दीन खोखर, नईम अशरफी रिजवी, पार्षद शेख मुशीर, डॉ. मुजाहिद अली फारूकी, अशफाक कुरैशी मुतवल्ली, इस्माईल बापू मुतवल्ली, राहिल रऊफी, शेख अमीनुद्दीन, कामरान अंसारी, अमजद, अनीस रजा मुतवल्ली, हाजी परवेज अख्तर, रफीक नियाजी, याकूब गनी, अमीन शेख, एजाज खान, इस्हाक सेठी, इस्माईल अहमद, अशफाक अहमद, फिरोज खान, मो. इसरार, नूरूद्दीन, शोबी मलिक, कैय्यूम अहमद, जिया कुरैशी, करीम सेठी व अन्य मस्जिदों के मुतवल्ली व समाज के गणमान्य नागरिक इस विरोध में उपस्थित थे।

# शिवनाथ तट पर बनेगा भव्य पर्यटन स्थल : गजेन्द्र



**दुर्ग,** 25 अप्रेल (देशबन्धु)। विधायक दुर्ग शहर गजेन्द्र यादव ने बताया कि शिवनाथ नदी तट का संरक्षण करने रिटर्निंग वाल, सस्पेन्सन ब्रिज, पाथवे निर्माण और महमरा की ओर गार्डन निर्माण कर इस पूरे क्षेत्र को पर्यटन स्थल का रूप दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि यहां पर महाशिवरात्रि सहित विभिन्न धार्मिक अवसरों पर आने वाले श्रद्धालुओं के बैठने के लिये सिटिंग गैलरी का निर्माण भी किया जायेगा। इस स्थल को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने की कार्ययोजना को लेकर विधायक गजेन्द्र यादव ने आज जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं इंजीनियरों की टीम को लेकर स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों से सभी तकनीकी पहलुओं की जानकारी ली।

■ रिटर्निंग वाल, संस्पेन्सन ब्रिज, पाथवे

उल्लेखनीय है कि दुर्ग शहर के विभिन्न हिस्सों में अलग अलग परियोजनाएं लेकर विधायक गजेन्द्र यादव स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों से विभिन्न मुद्दों पर रायशुमारी कर शहर के विकास में नई नई योजनाओं को मूर्तरूप देने की पहल कर रहे है। विधायक श्री यादव ने बताया कि उक्त सभी कार्यो के लिये वित्तीय सत्र 24-25 के बजट में प्रावधान किया जा चुका है। जल संसाधन विभाग के एसडीओ श्री शुक्ला ने बताया कि शिवनाथ नदी तट का संरक्षण करने शिवनाथ ब्रिज गुरूद्वारा के पास से फिल्टर प्लांट तक रिटर्निंग वाल के साथ पाथवे का निर्माण कराया जायेगा। नदी के ऊपर 230 मीटर बनने वाले लंबे ब्रिज पर सजावटी रंगीन लाईट लगाई जायेगी। महमरा घाट की ओर लगभग ढाई एकड़ जमीन पर गार्डन बनाया जायेगा। जिसमें सुगंधित फूलों की गैलरी, सेल्फी प्वाइंट, झूला, मार्निंग वाक के लिये पाथवे केंटीन व बच्चों के मनोरंजन के लिये खेलकूद के संसाधन लगाये जायेगें।

इस दौरान सभापति श्याम शर्मा, एमआईसी सदस्य नरेन्द्र बंजारे, मनीष साहू, शिव नायक, पार्षद कमल देवांगन, कांशीराम कोसरे, कुलेश्वर साहू, गोविंद देवांगन, लीलाधर पाल, साजन जोसेफ सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# हत्या का प्रयास, 4 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 25 अप्रैल। राजधानी में हत्या का प्रयास के मामले में पुलिस ने 4 आरोपियों को हिरासत में ले लिया हैं। 24 04 25 को प्रार्थी. लोकेश कुमार जंघेल पिता शिव कुमार जंघेल उम्र 19 वर्ष निवासी विजय नगर भनपुरी थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 23 04 25 के 23.55 बजे शोलापुरी माता शोभा यात्रा विजय नगर में आरोपियो द्वारा नाचने गाने की बात को लेकर पुरानी रंजीत के चलते प्रार्थी को गंदी.गंदी गालियां देकर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का एवं अपने पास रखे चाकू से मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाया की प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्व किया गया । प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने थाना खमतराई पुलिस टीम द्वारा घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर मुख्य आरोपी मेवाराम धीवर पिता सनत कुमार धीवर उम्र 20 वर्ष निवासी छटवा तालाब के पास भनपुरी थाना खमतराई रायपुर एवं 03 अपचारी बालक को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त 01 नग बटनदार धारदार चाकू जप्त किया गया।

# प्रगतिशील यादव महासंघ की आक्रोश सभा में पाकिस्तान की निंदा




**रायपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। देश के कोने-कोने से कश्मीर की नैसर्गिक सुंदरता को निहारने पहुंचे 25 पर्यटकों के साथ रायपुर के स्टील कारोबारी 'दिनेश मीरानिया' की पहलगाम नरसंहार में अकाल मृत्यु पर छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ ने अपने कार्यालय में शोकसभा आयोजित कर सभी दिवंगतों को पुष्पांजलि दी। महासंघ के महासचिव निरंजन सिंह यादव ने बताया आक्रोश सभा में इस आशय का प्रस्ताव पारित हुआ कि देश के प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री जी से अपील की जाए कि छत्तीसगढ़ में जारी नक्सलियों के टाइम बाउंड खात्मे के अनुरूप ही देश के अंदर छुपे गद्दारों की पहचान कर उन्हें भी नेस्तनाबूद किया जाए क्योंकि ये खाते भारत का है और गुण पाकिस्तान का गाते हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष जितेंद्र बहादुर यादव, अशोक यादव, रविंद्र सिंह यादव सहायक महासचिव, विजय यादव, सुजीत सिंह, बृजभान यादव, राम यादव आदि ने भी इस नृशंस हत्याकांड की कड़े शब्दों में भर्त्सना की।

# क्रिकेट सट्टे के लिए म्यूल बैंक एकाउंट उपलब्ध कराने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने क्रिकेट सटटे में म्युल बैक में एकाउंट खोलने के लिए खाता उपलब्धा कराने 5 आरोपी युवक को पकड़ लिया हैं। बताया गया कि प्रार्थी गौरांग कुमार वल्थरे ने थाना तेलीबांधा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके परिचित मोतीनगर टिकरापारा रायपुर निवासी अब्दुल्ला मेमन ने वर्ष 2024 में उसे बैंक में खाता खोलवाने बोला जिस पर वह उत्सुकतावश उसकी बातों में आकर बैंक में खाता खोलवाने राजी हुआ तब अब्दुल्ला मेमन के कहने पर प्रार्थी उसके साथ जाकर एक जियो मोबाईल कंपनी का सिम खरीदा जिसे अब्दुल्ला मेमन अपने पास रख लिया और इण्डियन ओवरसीस बैंक शाखा समता कालोनी में ले जाकर प्रार्थी के नाम से बैंक में खाता खोलवाया तो खाता को भी अब्दुल्ला मेमन अपने पास रख लिया एवं बाद में वापस कर दूंगा बोला। कुछ दिनों बाद अब्दुल्ला मेमन ने पुनः प्रार्थी को अपने पास बुलाकर उसके नाम से एयरटेल कंपनी का मोबाईल सिम खरीदवा कर बैंक ऑफ इण्डिया शाखा पंण्डरी में ले जाकर उसके नाम पर खाता खुलवाकर 1.2 दिन में वापस करूंगा कहकर अपने पास खाता को रख लिया। इसी प्रकार अब्दुल्ला मेमन ने प्रार्थी के भाई प्रतीयुस वल्थरे को भी अपने साथ ले जाकर महाराष्ट्र बैंक शाखा श्याम नगर में खाता खुलवाकर अपने पास रख लियाए जिसे मांगने पर वह वापस नहीं कर रहा था। जिस पर प्रार्थी अपने बैंक खाता के बारे में इण्डियन ओवरसीस बैंक शाखा समता कालोनी में जाकर पता किया तो उसे पता चला कि इण्डियन ओवरसीस बैंक शाखा समता कालोनी के उसके खाता में बहुत अधिक मात्रा में रकम का लेन.देन हुआ है। जो कि प्रार्थी द्वारा बैंक खाता में रूपये पैसे का लेन.देन नहीं किया गया है। तब प्रार्थी को उक्त बैंक खाता एवं मोबाईल नंबर का दुरूपयोग होने की जानकारी हुई तो वह अब्दुल्ला मेमन के बारे में पता किया तो जानकारी प्राप्त हुई कि अब्दुल्ला मेमन गरीब परिवार व्यक्तियों को धोखे में रखकर बैंक खाता खुलवाकर अपने पास रखकर किसी अन्य व्यक्ति को पैसा लेकर खाता बेचता हैं जिसके द्वारा बैंक खातो में अधिक मात्रा में रकम का लेन.देन कर खाता धारकों के साथ धोखधडी किया जाता है। अब्दुल्ला मेमन द्वाराप्रार्थी के बैंक खाता एवं मोबाईल सिम का दुरूपयोग कर उसके साथ धोखाधडी किया गयाए कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी अब्दुल्ला मेमन के विरूद्ध थाना तेलीबांधा में धारा 318;4 111 बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। तेलीबांधा को आरोपी एवं इस अपराध में संलिप्त अन्य आरोपियों की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये। अहमद सुमित खटवानी संजय जोतवानी एवं अविनाश वाधवानी की पतसाजी कर उन्हें भी पकड़ा गया। म्यूल एकाउंट उपलब्ध कराने वालों के लिंक महाराष्ट्रए म प्र उड़ीसा एवं दिल्ली से होना पाया गया है। सभी 05 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना से संबंधित नगदी रकम 4,05,000 रूपये तथा 07 नग मोबाईल फोन जुमला कीमती लगभग 6,30,000 पये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। विवेचना के दौरान सिर्फ01 एकाउंट में ही दो करोड़ से उपर का ट्रान्जक्शन पाया गया है। अन्य खातों का भी डिटेल लिया जा रहा है। आरोपियों से इस अपराध में संलिप्त अन्य आरोपियों के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जाकर अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रहीं है।

### आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खिलाते 1 सटोरी गिरफ्तार

जुआ सट्टा खेलने एवं खिलाने वालों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों सहित एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकरए पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर इस संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। इसी तारतम्य में दिनांक 24.04 2025 को थाना खमतराई पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि सन्यासी पारा शमशान घाट के पास एक व्यक्ति मोबाईल फोन के माध्यम से किक्रेट मैच दिखाकर सट्टा खिला रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना खमतराई पुलिस टीम टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही व घेराबंदी कर 01 सटोरी जो अपना नाम जेण्डेनियल पिता जे एस प्रभाकर उम्र 25 वर्ष निवासी सन्यासी पारा खमतराई होना बताया जिसे गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक वन प्लस मोबाईल फोन एवं नगदी रकम 500 ६. रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना खमतराई में धारा छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



# दक्षिण एशिया कबड्डी, अंडर 19 में छग के सोमेश ने भारत को बनाया वर्ल्ड चैंपियन

**टीम का प्रतिनिधित्व कर दिलाई जीत**

**रायपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत ने आज दक्षिण एशिया कबड्डी चैम्पियनशिप 2025 के अंडर 19 में जीत हासिल कर ली है। हाल ही में भारतीय कबड्डी टीम ने नेपाल में ही नेपाल की टीम को 7 अंकों से शिकस्त देकर भारत को वर्ल्ड चैम्पियन बनाया है. यह पूरे देश के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के लिए भी गर्व का विषय है, क्योंकि भारतीय टीम को लीड करने वाला होनहार कैप्टन सोमेश साहू छत्तीसगढ़ से है, जिसने विश्व स्तर पर भारत का परचम लहराने में अहम भूमिका निभाई है।

सोमेश साहू छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार जिले के ग्राम मरदा का रहने वाला है। वह एक साधारण से किसान परिवार का लड़का है और स्वामी आत्मानंद विघालय लवन में कक्षा 11 वीं का छात्र है। सोमेश ने बताया कि वह बचपन से कबड्डी खेलता था इसके बाद जब छत्तीसगढ़ ओलंपिक खेल में कबड्डी को भी शामिल किया, तब उसे राज्य के लिए खेलने का मौका मिला। राज्य स्तर में बेहतर प्रदर्शन के बाद उसका सलेक्शन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ, जहां उसे देश की टीम का प्रतिनिधित्व करने मिला।

सोमेश साहू ने नेपाल में आयोजित दक्षिण एशिया कबड्डी चैम्पियनशिप 2025 में हिस्सा लिया, जिसमें उसकी टीम ने फायनल में जीत हासिल कर चैम्पियनशिप अपने नाम कर लिया है।सोमेस ने बताया कि कबड्डी को लेकर अब तक उसके सफर में उसे कोई शासकीय सहायता नहीं मिली। परिवार और जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू ने आर्थिक मदद देकर उसे आगे भेजा।उसने कहा कि जिले में यदि कबड्डी एकेडमी खुल जाता है तो निश्चित ही यहां के खिलाड़ी विश्व में नाम रोशन कर सकते हैं। बलौदा बाजार शुरू से ही कबड्डी खेल में अग्रणी भूमिका निभाया है और राष्ट्रीय स्तर पर यहां के खिलाडियों ने प्रतिनिधित्व किया है। प्रतिवर्ष यहां राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का भी आयोजन होता है। पर यहाँ पर अच्छे कोच व एकेडमी की कमी यहा के खिलाडियों को खलती है।

### मां भेजती थी कबड्डी खेलने

युवा खिलाड़ी सोमेश साहू की मां ने बताया कि घर में इसके पिताजी डांटते थे पर में इसकी लगन को देखती थी, इसलिए खेलने भेज देती थी। आज बहुत अच्छा लग रहा है कि बेटा विश्व चैम्पियनशिप का खिताब लेकर लौटा है।

# मेकाहारा से बाइक चुराने वाले नाबालिग सहित दो गिरफ्तार

**रायपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। जुलाई और फरवरी में मेकाहारा परिसर से दो बाइक चुराने वाले न उठाईगीरों को नाबलिग सहित मौदहापारा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से पुलिस ने पल्सर मोटर सायकल को भी जप्त किया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अश्वनी मारकण्डे ने थाना मौदहापारा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि बीती 8 फरवरी को वह अपनी पल्सर मोटर सायकल सी जी 07 सी एस 6413 को मेकाहारा अस्पताल के बाहर खड़ी कर अंदर गया था। थोड़ी देर बाद वापस आकर देखा तो उसकी मोटर सायकल नहीं थी। इसी प्रकार 26 जुलाई 24 को कोई चोर प्रार्थी डा भूपेन्द्र श्रीवास की मेकाहारा अस्पताल के बाहर खड़ी एक्टिवा सी जी 15 सी वाय 7684 को चोरी कर ले गया था। मौदहापारा पुलिस दोनों ही चोरियां धारा 303;2 के तहत दर्ज कर तलाश कर रही थी। मुखबीर की सूचना पर चूना भी गंज निवासी शेख अहमद को पकड़ कड़ाई से पूछताछ में उसने अपने साथी शेख असलम एवं एक नाबालिग के साथ मिलकर वाहन चोरी करना बताया। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर उनसे पल्सर एक्टिवा को जप्त किया।

# स्कूली बच्चों के लिए 'समर कैंप' लगाने गाइडलाइन जारी

- **विशेषज्ञ देंगे विभिन्न कलाओं का प्रशिक्षण**
- **कराया जाएगा शैक्षणिक भ्रमण**

**रायपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग ने गर्मी की छुट्टी के दौरान स्कूली छात्रों के लिए समर कैंप लगाने को लेकर गाइडलाइन जारी किया है। इस समर कैंप का उद्देश्य अलग-अलग रचनात्मक गतिविधि के जरिए बच्चों का कौशल विकास करना है। 9 अलग-अलग बिंदुओं पर गाइडलाइन जारी हुई है।शिक्षा सचिव ने सभी जिलों के कलेक्टर और डीईओ को आदेश जारी किया है।

समर कैंप के दौरान बच्चों को चित्रकारी, गायन, वादन, निबंध-कहानी लेखन, हस्तलिपि लेखन, नृत्य का प्रशिक्षण दिया जाएगा।साथ ही खेलकूद, अपने गांव व शहर का ऐतिहासिक परिचय दिया जाना भी शामिल रहेगा। वहीं स्कूली बच्चों को औद्योगिक संस्थान, मेडिकल कॉलेज जैसे बड़े संस्थानों का भ्रमण भी कराया जा सकता है।

**समर कैंप के लिए दिशा-निर्देश जारी:** शिक्षा विभाग की ओर से 9 बिंदुओं पर आदेश जारी किया गया है। छात्र-छात्राओं के लिए समर कैम्प स्कूलों में अथवा गांव, शहर के सामुदायिक स्थानों में आयोजित किया जा सकता है। समर कैम्प में कला क्षेत्र, रचनात्मक क्षेत्र के विशेषज्ञों को आमंत्रित करके उनसे छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन, प्रशिक्षण दिलाया जा सकता है, ग्राम शहर से निकट विभिन्न बड़े संस्थानों (औद्योगिक संस्थान, मेडिकल कॉलेज आदि) का भ्रमण भी कराया जा सकता है। समर कैम्प में स्कूल के शिक्षक और छात्र-छात्राओं के पालकों का भी सहयोग लिया जा सकता है।

समर कैम्प में निम्नानुसार रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जा सकती है यथा- चित्रकारी, गायन, वादन, निबंध-कहानी लेखन, हस्तलिपि लेखन, नृत्य, खेलकूद, अपने गांव, शहर का ऐतिहासिक परिचय आदि गतिविधियां। इन गतिविधियों के अलावा अपने स्तर पर भी रचनात्मक गतिविधियों का भी चयन कर सकते हैं। समर कैम्प के आयोजन से पूर्व शाला विकास समिति एवं पालक शिक्षक समिति से सहमति लिया जाए।. यह आयोजन पूर्णतः स्वेच्छिक रहेगा और समर कैम्प सुबह 07ः30 बजे से 09ः30 बजे के मध्य संचालित किया जाएगा। जनसहयोग का पर्याप्त उपयोग करने का निर्देश। समर कैंप के लिए स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से पृथक से कोई बजट देय नही होगा। ग्रीष्मकालीन प्रायोजना शिक्षक एवं पालकों से सहयोग लेकर बच्चों से पूर्ण करावें।

# बैंक में नकली सोना गिरवी रख लाखों रुपए का लोन लिया

**3 आरोपी गिरफ्तार**



**रायपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने बैंक में नकली सोना गिरवी रखकर लोन लेने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को पकड़ लिया है बताया गया कि प्रार्थिया पूजा झा ने थाना देवेन्द्र नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ई एस ए एफ स्माल फाईनेस बैंक लिमिटेड शाखा देवेन्द्र नगर में ब्रांच मैनेजर के पद पर वर्ष 2022 से कार्यरत है। अनिल कुमार होतवानी निवासी मकान नंबर एफ7 ब्लाक 7 चाण्डक्य काम्पलेक्स सेक्टर 03 देवेन्द्र नगर के द्वारा प्रार्थी के बैंक में दिनांक 18 04 2024 को बचत बैक खाता खुलवाया गया और 25 04 2024 को 02.02 गोल्ड लोन कुल 10 नग सोने की चूडी कुल वजनी 208.80 ग्राम बैंक में जमा कर कुल रकम 10,05,738 रूपये का लोन लिया गया था। अनिल होतवानी द्वारा गिरवी रखे गये सोने के चूडी को बैक के इंटर्नल आडिट किये जाने पर नकली सोने का चूडी होना बताया गया तब प्रार्थी द्वारा अन्य ज्वेलर्स से भी तस्दीक कराया गया जिनके द्वारा भी नकली सोना होना बताया गया। इस प्रकार अनिल होतवानी के द्वारा बैंक में नकली सोना गिरवी रखकर लोन प्राप्त कर धोखाधडी किया गया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध थाना देवेन्द्र नगर में धारा 420 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी देवेन्द्र नगर के नेतृत्व में थाना देवेन्द्र नगर पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी से पूछताछ कर आरोपी की पतासाजी करते हुये प्रकरण में आरोपी अनिल कुमार होतवानी को पकड़कर पूछताछ करने आरोपी अनिल होतवानी द्वारा अपने साथी विक्की बाधवानी के साथ मिलकर नकली सोना को उक्त बैंक सहित कई अन्य बैंकों में गिरवी रखकर लोन प्राप्त करना तथा नकली सोना को आगरा ;उ प्र निवासी गौरव वर्मा से क्रय कर लाना बताया गया। जिस पर प्रकरण में संलिप्त आरोपी विक्की बाधवानी एवं गौरव वर्मा की पतासाजी कर उन्हें भी पकड़ा गया। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मोबाईल फोन नकली सोना रसीद एवं पासबुक जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

# चिटफंड कंपनी विनायक होम्स एण्ड रियल स्टेट का संचालक गिरफ्तार



**रायपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। रिटर्न में तीन गुना अधिक ब्याज का झांसा देकर लाखों रूपए ठगी करने वाले चिटफंड कंपनी विनायक होम्स एण्ड रियल स्टेट प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी के डायरेक्टर फूलचंद बिसे को मंदिर हसौद पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी चंदखुरी बस्ती निवासी खोरबाहरा राम साहू ;80 ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसे विनायक होम्स एण्ड रियल स्टेट प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी के एजेंट के द्वारा तीन गुना अधिक ब्याज ज्यादा मिलेगा कहकर उक्त चिटफंड कंपनी में कुल 6 लाख रूपये जमा करवाया था। खोरबाहरा को एक लाख रूपया ब्याज के रूप में मिला उसके बाद तेलीबांधा विनायक होम्स चिटफण्ड कम्पनी बंद हो जाने से वहां के डायरेक्टर फरार हो चुके थे। और खोरबाहरा का पांच लाख रूपये नहीं मिल सका। मंदिर हसौद ने छह वर्ष पहले 2019 में धारा 420,34 भादवि एवं छग के निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 10 पंजीबद्ध कर पड़ताल कर रही थी। इस दौरान आरोपी डायरेक्टर फूलचंद बिसे पिता मोतीलाल बिसे को 25 अगस्त 23 को गिरफ्तार किया था। दो अन्य जितेन्द्र बिसे उर्फजीतू 35 योगेन्द्र बिसे निवासी स्कीम नंबर 114 विजय नगर मकान नंबर 987 लसुडिया इंदौर म.प्र फरार थे और आज जितेन्द्र बिसे 45 वर्तमान में थाना सिटी कोतवाली जिला जशपुर के धारा 420 120बी भादवि छ ग के निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 10 के आरोप मे जशपुर जेल में निरूद्ध है जिसका प्रोडक्शन वारंट माननीय सत्र न्यायालय रायपुर से प्राप्त कर आरोपी जितेन्द्र बिसे को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# ऑफिस में काम कर रही थी महिला, पूर्व पति ने सूजा से पीठ और सीने में किए कई वार

**रायपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। मंदिर हसौद नगर पालिका कार्यालय में एक सनसनीखेज घटना सामने आई जहां कंप्यूटर ऑपरेटर तृप्ति मिश्रा पर उनके तलाकशुदा पति दिनेश मिश्रा ने लोहे के सूजा से जानलेवा हमला कर दिया इस हमले में तृप्ति को पीठ और सीने में गंभीर चोटें आईं जिससे वे खून से लथपथ होकर बेहोश हो गइ घटना के संबंध में तृप्ति की मां जो ग्राम कुरूद की रहने वाली और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं ने बताया कि उन्हें दोपहर में नगर पालिका कर्मचारी लव मिश्रा ने फोन पर सूचना दी कि दिनेश मिश्रा ने कार्यालय परिसर में तृप्ति पर हमला किया है सूचना मिलते ही वे परिचित रमेश यादव के साथ नगर पालिका कार्यालय पहुंचीं जहां लव मिश्रा ने बताया कि तृप्ति को प्राथमिक उपचार के लिए पीएचसी मंदिर हसौद ले जाया गया है पीएचसी पहुंचने पर तृप्ति ने अपनी मां को रोते हुए बताया कि दोपहर करीब 1.45 बजे वे अपने टेबल पर काम कर रही थीं तभी दिनेश मिश्रा ने उनके टेबल पर रखे लोहे के सूजा से जान से मारने की नीयत से ताबड़तोड़ प्रहार किए हमले में उनकी पीठ और सीने में गंभीर चोटें आईं जिससे वे बेहोश हो गई तृप्ति को बेहतर इलाज के लिए रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया ह जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है लेकिन आरोपी दिनेश मिश्रा अभी फरार बताया जा रहा है।

### आग का गोला बनी चलती कार

**रायपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। गर्मी बढ़ते ही आग लगने की घटनाओं में इजाफा देखने को मिल रहा है शुक्रवार को अभनपुर में मोहन ढाबा के पास एक चलती एसयूवी में भीषण आग लग गई देखते ही देखते कार में भीषण आग लगी और वह जलकर स्वाहा हो गई इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है।

# ऑनलाइन महादेव सट्टा, रायपुर पुलिस की देहरादून में रेड



**7 सटोरिये गिरफ्तार**

**रायपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर अमरेश मिश्रा तथा पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ लाल उमेद सिंह द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिटतथा सायबर रेंज यूनिट को जुआ एवं सट्टा पर पूर्णरूपेण अंकुश लगाने हेतु जुआ सट्टा एवं ऑन लाईन सट्टा संचालित करने वालों की पतासाजी कर उन पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में स्थानीय इनपुट के आधार पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट सायबर रेंज यूनिट की टीम तथा थाना देवेन्द्र नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना देवेन्द्र नगर क्षेत्रांतर्गत पंडरी ओव्हर ब्रीज के नीचे ऑनलाईन सट्टा खेलते आरोपी निखिल वाधवानी पिता स्व सुरेश वाधवानी उम्र 31 साल निवासी दीपक कालोनी न्यू राजेन्द्र नगर थाना न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर को गिरफ्तार कर थाना देवेन्द्र नगर में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ में कोलकाता और असम के सटोरियों के बारे में पता चला था जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने इन जगहो से 14 को हिरासत में लिया था जिनसे आरोपियों से पूछताछ व तकनीकी विश्लेषण के आधार पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा उत्तराखण्ड के देहरादून में रेकी करते हुये देहरादून स्थित एक होटल में रेड कार्यवाही करते हुये कुल 07 आरोपियों को ऑन लाईन सट्टा संचालित करते रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपियों द्वारा महादेव एप के पैनल 89 से सट्टा संचालित किया जा रहा था। सभी सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सट्टा संचालन में प्रयुक्त 45 नग मोबाईल फोनए 06 नग लैपटॉप 02 नग राउटर 04 नग बैंक ए टी एम कार्ड तथा 02 नग पावर एक्सटेंशन बोर्ड जुमला कीमती लगभग 25,00,000 रूपये जप्त किया गया। पैनल संचालन के मुख्य सरगना आजाद चौक रायपुर निवासी शोभी उर्फ सैफ अलीए फैज अली एवं अभिषेक उर्फबाबू को चिन्हित किया गया हैए जिनकी गिरफ्तारी की जायेगी। आई पी एल क्रिकेट मैच . 2025 के इस सीजन में अब तक एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की टीम द्वारा 20 प्रकरणों ऑन लाईन सट्टा संचालित करते 56 आरोपियों को गिरफ्तारकर लगभग 01 करोड़ रूपये का मशरूका जप्त किया गया है। साथ ही आरोपियों द्वारा सट्टे के पैसों के लेन.देन किये जाने वाले 1500 से अधिक बैंक खाताओं को फ्रीज कराने हेतु संबंधित बैंकों को पत्राचार किया गया है। ऑनलाईन क्रिकेट सट्टे पर लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

# पहलगाम आतंकवादी हमले में घायल चिरमिरी की पूजा का मेकाहारा में उपचार

**डॉक्टरों ने दवाइयां देकर की काउंसलिंग**

**रायपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू.कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में घायल हुईं चिरमिरी निवासी पूजा अग्रवाल की जांच आज रायपुर के डॉ भीमराव अंबेडकर अस्पताल ;मेकाहारा के अस्थि रोग विभाग में की गई इस दौरान उनके दाहिने कंधे में हल्का फ्रैक्चर पाया गया है गोलीबारी के दौरान जान बचाने के लिए जमीन पर लेटने की वजह से उन्हें यह चोट आई बताई जा रही है डॉ प्रणय श्रीवास्तव द्वारा की गई जांच में यह स्पष्ट हुआ कि उनके दाहिने कंधे में फ्रैक्चर है जिससे उन्हें दर्द हो रहा है अस्पताल पहुंचते ही पूजा अग्रवाल के कंधे एवं रीढ़ का एक्स.रे करवाया गया डॉक्टरों की टीम ने आवश्यक उपचार करते हुए दवाएं दी और उन्हें फॉलोअप में आने की सलाह दी है अंबेडकर अस्पताल अधीक्षक डॉ संतोष सोनकर ने बताया कि मरीज को सभी आवश्यक दवाएं दे दी गई हैं और फॉलोअप में आने को कहा गया है आंतकी हमले के बाद पूरा परिवार सहमा हुआ था इसीलिए हमारे डॉक्टरों ने उनकी काउंसलिंग भी की और ढांढस भी बंधाया मरीज को कहा गया है कि उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है और उन्हें कोई भी समस्या हो तुरंत हमसे संपर्क करें वहीं पूजा अग्रवाल के साथ आए उनके पति अरविंद अग्रवाल के मुताबिक जैसे ही उनका परिवार आज रायपुर पहुंचा स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने तुरंत उनका कुशलक्षेम पूछा तथा उनके परिवार के सभी सदस्यों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

# अवैध प्लाटिंग पर हल्का पटवारी को नोटिस

**दो दिनों में देना होगा जवाब**

**रायपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। अभनपुर नायब तहसीलदार ने अवैध प्लॉटिग के संबंध में एसडीएम को विस्तृत रिपोर्ट पेश नहीं करने पर निमोरा हल्का पटवारी दुष्यंत पराना को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में दो दिनों के भीतर खुद प्रस्तुत होकर जवाब देने को कहा गया है।

नायब तहसीलदार ने अपने प्रभार क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम निमोरा में भ्रमण के दौरान भूमि खसरा नं0 606, 598, 608 मे अवैध प्लाटिंग पाया था। इसमें पटवारी की कालोनी के निर्माण के लिए मंजूरी देने, जमीन का डायवर्सन करने और क्षेत्र में भवन निर्माण की रिपोर्ट नहीं देने पर सजा के प्रावधान का हवाला देते हुए दो दिनों के भीतर जवाब मांगा है।

**उल्टा पुल्टा**

टीचर- बताओ, टाइगर बिस्किट पर जो ग्रीन डॉट होता है, उसका क्या मतलब होता है?
स्टूडेंट- सर, इसका मतलब है कि टाइगर ऑनलाइन है.

# पहलगाम हत्याकांड के खिलाफ मुस्लिम समाज ने रैली निकाल किया प्रदर्शन, आतंकवाद व पाकिस्तान के खिलाफ की नारेबाजी




**दुर्ग**, 25 अप्रेल (देशबन्धु)। मुस्लिम समाज के लोगों ने आज पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की हत्या के विरोध में आक्रोश व्यक्त करते हुए रैली निकालकर आतंकवाद एवं पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की।

आज दोपहर जुम्मा की नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में पुराने बस स्टैंड में एकत्रित हुए और यहां से जोशीले नारों के साथ कचहरी चौक तक पैदल मार्च किया। वे लोग अपने हाथों में आतंकवाद विरोधी बैनर के साथ ही पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए पैदल मार्च कर कचहरी चौक पहुंचे। यहां सभी मुस्लिम बंधुओं ने पाकिस्तान की इस कायराना हरकत की कड़ी निंदा की।

इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि भारत में एकता भाई चारा को तोड़ने की लगातार साजिश रची जा रही है। इस पाकिस्तानी एजेंडे को कुछ विदेशियों के साथ ही कतिपय देशी लोग भी हवा दे रहे है। सरकार को ऐसी स्थितियों से निपटने के लिये मुस्तैदी से होकर कार्रवाई करनी चाहिए। इसके बाद यहां पर जिला प्रशासन को राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। तथा पहलगाम हमले में मारे गये शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

मौन जुलूस में मुस्लिम समाज से जामा मस्जिद के मुतवल्ली रिजवान खान, तकियापारा के मुतवल्ली मो. शरीफ खान, तितुरडीह मस्जिद से मुतवल्ली आरिफ खान, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के सचिव अय्यूब खान, पूर्व पार्षद हामिद खोखर, जामा मस्जिद के सचिव ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## ब्राम्हण समाज ने किया आतंकवाद का पुतला दहन



पहलगाम में हुए निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या के खिलाफ आज राष्ट्रीय सर्व ब्राम्हण समाज युवा मंच दुर्ग-भिलाई द्वारा पटेल चौक में आतंकवाद का पुतला दहन किया गया और आतंकवाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पहलगाम के शहीदों को मौन श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर समाज द्वारा जारी विज्ञप्ति में भारत सरकार द्वारा आतंकवाद के विरूद्ध लिये गये पांच बड़े फैसले का स्वागत करते हुए आतंकवाद को प्रश्रय देने वाले देश और संगठनों पर प्रतिबंध लगाते हुए कठोर से कठोर कार्रवाई की मांग की गई है।

इस अवसर पर समाज के राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी, संभागीय अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, शहर अध्यक्ष हेमंत तिवारी, डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रही, युवा मंच के शहर संयोजक शुभम दुबे, मुकेश तिवारी, लखनलाल शर्मा, अजय शर्मा, चंद्रशेखर पाण्डेय, डॉ. गोविंद दीक्षित, शिवाकांत तिवारी, ऋषिकांत तिवारी, सहित ब्राम्हण समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल थे।

## पीएम आवास कालोनी पोटिया में नल जल पहुंचने पर निवासियों ने जताया मेयर का आभार



दुर्ग, 25 अप्रेल (देशबन्धु)। पोटियाकला वार्ड स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित कालोनी में पाईप लाईन जोड़कर जल आपूर्ति किये जाने पर आज कालोनी की महिलाओं एवं नागरिकों ने नगर निगम पहुंचकर महापौर अलका बाघमार के प्रति आभार व्यक्त किया।

उल्लेखनीय है कि पोटिया वार्ड में मुख्य मार्ग के किनारे पाईप लाईन कनेक्शन न जुड़ पाने के कारण पी.एम. आवासीय कालोनी में जलआपूर्ति नहीं हो पा रही थी। गत दिनों इस मामले को लेकर यहां की महिलाओं ने प्रदर्शन भी किया था। इसे देखते हुए महापौर श्रीमती बाघमार व जलघर प्रभारी लीना देवांगन ने स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों को पाईप लाईन जोड़कर जल आपूर्ति के निर्देश दिये। इसके बाद मात्र दो दिनों में पाईप लाईन जोड़कर पानी की आपूर्ति कर दी गई। इस उपलक्ष्य में उक्त कालोनी की निवासी शिखा नायडू, ममता साहू, एकता पाल, नीलू पाण्डेय, संदीप गुप्ता, विनोद सहित बड़ी संख्या में पहुंचे कालोनी वासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर एमआईसी प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल सहित अन्य पार्षदगण भी उपस्थित थे।

## दीपक भाई सोलंकी के निधन उपरांत किया गया नेत्रदान



**दुर्ग**, 25 अप्रेल (देशबन्धु)। वैशाली नगर निवासी युवा कांट्रेक्टर दीपक भाई सोलंकी (45) का आज निधन हो गया। निधन उपरांत सोलंकी परिवार से दीपक सोलंकी की पत्नी शालिनी सोलंकी, पुत्री दीप्ति रिया पलक बहन आशा बेन, लोटन भाई गोहिल ने दिवंगत दीपक के नेत्र व देहदान की सहमति दी। इस पर श्री शंकराचार्य मेडिकल कालेज के संदीप वाचकर, नेत्र सहायक विवेक कसार ने कार्निया कलेक्टर किया। इसी मेडिकल कालेज की डॉ. अंजली बंजारा के निर्देश पर संदीप रिशवुड व हंसराज ने देहदान की प्रक्रिया पूरी कराई।

उक्त नेत्रदान व देहदान के कार्य में नवदृष्टि फाउण्डेशन के राज आढ़तिया, कानजी भाई, कुलवंत भाटिया, रितेश जैन, हरमन ढुलाई, यतीन्द्र चावड़ा ने सहयोग किया।

## शिवनाथ तट पर बनेगा भव्य पर्यटन स्थल : गजेन्द्र



■ **रिटर्निंग वाल, संस्पेन्सन ब्रिज, पाथवे और गार्डन निर्माण की योजनाएं**

**दुर्ग**, 25 अप्रेल (देशबन्धु)। विधायक दुर्ग शहर गजेन्द्र यादव ने बताया कि शिवनाथ नदी तट का संरक्षण करने रिटर्निंग वाल, सस्पेन्सन ब्रिज, पाथवे निर्माण और महमरा की ओर गार्डन निर्माण कर इस पूरे क्षेत्र को पर्यटन स्थल का रूप दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि यहां पर महाशिवरात्रि सहित विभिन्न धार्मिक अवसरों पर आने वाले श्रद्धालुओं के बैठने के लिये सिटिंग गैलरी का निर्माण भी किया जायेगा। इस स्थल को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने की कार्ययोजना को लेकर विधायक गजेन्द्र यादव ने आज जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं इंजीनियरों की टीम को लेकर स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों से सभी तकनीकी पहलुओं की जानकारी ली।

उल्लेखनीय है कि दुर्ग शहर के विभिन्न हिस्सों में अलग अलग परियोजनाएं लेकर विधायक गजेन्द्र यादव स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों से विभिन्न मुद्दों पर रायशुमारी कर शहर के विकास में नई नई योजनाओं को मूर्तरूप देने की पहल कर रहे है। विधायक श्री यादव ने बताया कि उक्त सभी कार्यो के लिये वित्तीय सत्र 24-25 के बजट में प्रावधान किया जा चुका है।

जल संसाधन विभाग के एसडीओ श्री शुक्ला ने बताया कि शिवनाथ नदी तट का संरक्षण करने शिवनाथ ब्रिज गुरूद्वारा के पास से फिल्टर प्लांट तक रिटर्निंग वाल के साथ पाथवे का निर्माण कराया जायेगा। नदी के ऊपर 230 मीटर बनने वाले लंबे ब्रिज पर सजावटी रंगीन लाईट लगाई जायेगी। महमरा घाट की ओर लगभग ढाई एकड़ जमीन पर गार्डन बनाया जायेगा। जिसमें सुगंधित फूलों की गैलरी, सेल्फी प्वाइंट, झूला, मार्निंग वाक के लिये पाथवे केंटीन व बच्चों के मनोरंजन के लि ये खेलकूद के संसाधन लगाये जायेगें।

इस दौरान सभापति श्याम शर्मा, एमआईसी सदस्य नरेन्द्र बंजारे, मनीष साहू, शिव नायक, पार्षद कमल देवांगन, कांशीराम कोसरे, कुलेश्वर साहू, गोविंद देवांगन, लीलाधर पाल, साजन जोसेफ सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## हेमचंद यादव विवि के नये कुलपति डॉ. संजय तिवारी ने संभाला प्रभार

**दुर्ग**, 25 अप्रेल (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग की स्थापना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर 11वां स्थापना दिवस आज वि.वि. परिसर में मनाया गया। यह जानकारी देते हुए वि.वि. के सहायक कुलसचिव, दिग्विजय कुमार ने बताया कि यह दसवां अवसर है जब वि.वि. ने स्थापना दिवस मनाया। साथ ही 31 मार्च को जारी आदेश के तहत हेमचंद यादव वि.वि. के नये कुलपति के रूप में प्रो. डॉ. संजय तिवारी ने पदभार ग्रहण किया। ज्ञातव्य हो कि प्रो. डॉ. संजय तिवारी पिछले तीन वर्षों से एम. पी. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल के कुलपति के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। प्रो. डॉ. तिवारी मूलतः जबलपुर (म.प्र.) के निवासी है। इन्होंने पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि., रायपुर में भी इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग में विभागाध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दी है। आज के इस कार्यक्रम में कुलपति ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा किस प्रकार एक व्यक्ति के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को न केवल अपने अधिकारों के प्रति बल्कि सर्वप्रथम कर्तव्य के प्रति सजग रहना चाहिए।

अंत में वि.वि. के कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने विश्वविद्यालय की 10 वर्ष की यात्रा में रचनात्मक सहयोग के लिए समस्त जनप्रतिनिधियों, उच्च शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारियों, विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों, महाविद्यालय के प्राचार्यों, प्राध्यापकों, छात्र-छात्राओं, शोधार्थियों, छात्र संगठनों, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों को धन्यवाद दिया।

## साइंस कॉलेज से यूजीसी नेट गेट सीएसआईआर तथा आईआईटी जैम परीक्षा में 26 विद्यार्थी चयनित

**दुर्ग**, 25 अप्रेल (देशबन्धु)। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग के विभिन्न विभागों के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों तथा शोधार्थियों ने सत्र 2024-25 में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली यूजीसी नेट/गेट/सीएसआईआर तथा आईआईटी जैम परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि इस सत्र में कुल 26 विद्यार्थी इन परीक्षा में चयनित हुये है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि अन्य विद्यार्थियों को भी इससे प्रेरणा लेना चाहिये। उल्लेखनीय है कि इस समय साईंस कालेज, दुर्ग शोध केन्द्र में हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग के लगभग 250 से अधिक शोध छात्र पंजीकृत है।

चयनित होने वाले विद्यार्थियों में यूजीसी नेट परीक्षा में राजनीति शास्त्र विभाग से मेघराज एवं हर्ष जोशी, हिन्दी विभाग से कु. प्रेमीन साहू, कु. सीमा गजभिये, दावेन्द्र तथा भूगोल विभाग से राहुल शर्मा, इतिहास विभाग से कु. प्रीयम वैष्णव, रेखराम, कु. खुशबू भूआर्य, भुवनेश्वर साहू कु. प्रज्ञा नेमा, राज किषोर पटेल शामिल है, वहीं भूगर्भशास्त्र विभाग के धर्मेश देशमुख तथा मनोविज्ञान विभाग की वर्षा वर्मा ने राष्ट्रीय स्तर की गेट परीक्षा उत्तीर्ण की है। इनके अलावा सीएसआईआर नेट तथा जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण करने वालो में रसायन शास्त्र के आशीष देवांगन, कु. प्रगति अग्रवाल तथा यामिनी एवं भूगर्भशास्त्र विभाग की कु. पल्लवी गुप्ता, कु. स्वीटी शर्मा, पुकेश कुमार नाग शामिल है।

भूगर्भशास्त्र विभाग के ही दो विद्यार्थियों विशाल पोद्दार तथा जातव्य ने आईआईटी जैम परीक्षा 2024 में सफलता प्राप्त कर आईआईटी में प्रवेष हेतु पात्रता हासिक की है। वनस्पति शास्त्र विभाग से कलेश कुमार यादव, मुकेश कुमार, यिकेश्वर ने सीएसआईआर नेट परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। इनके अलावा वनस्पति शास्त्र विभाग के छात्र श्यामू ने राजीव गांधी नेशनल फेलोशिप हासिल की है।

## अंडा थाने में स्कूली बच्चों को कराया गया बेसिक व कम्यूनिटी पुलिसिंग से अवगत

### अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी आकर्षि कश्यप अंडा पुलिस थाना प्रभारी एक नई भूमिका में





**दुर्ग**, 25 अप्रेल (देशबन्धु)। दुर्ग जिले के अंडा पुलिस थाना पहुंचे श्री हरिकृष्णा पब्लिक स्कूल के बच्चे गुरुवार को पुलिस के बेसिक कार्यशैली और कम्यूनिटी पुलिसिंग से अवगत हुए। यह तमाम जानकाारियां स्कूली बच्चों को खेल.खेल में व रोचक कहानियों के माध्यम से दी गई। इस दौरान स्कूली बच्चों ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों से सवाल.जवाब कर अपने जिज्ञासाओं को भी शांत किया। अंडा पुलिस थाना प्रभारी व ट्रेनी डीएसपी आकर्षि कश्यप अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिला ड़ी है। उन्होने स्कूली बच्चों के पुलिस थाना शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम को रोचक बनाने खेल.खेल में पुलिस के कार्य गतिविधियों को बच्चों के साथ साझा किया। ट्रेनी डीएसपी आकर्षि कश्यप ने स्कूली बच्चों को पुलिस के हेल्पलाईन नंबर के विषय में बताया। बच्चों को यह भी समझाया गया कि पुलिस ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## कलेक्टर ने ग्राम कोनारी के विक्की चंद्राकर को किया जिला बदर

**दुर्ग**, 25 अप्रेल (देशबन्धु)। जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त विक्की चंद्राकर को एक वर्ष की अवधि तक जिले की सीमावर्ती जिलों की सीमाओं से बाहर रहने आदेशित किया है। जिला दण्डाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक दुर्ग के प्रतिवेदन पर आम जनता में अमन-चैन और कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनहित में विक्की चंद्राकर पिता बसंत चंद्राकर निवासी ग्राम कोनारी थाना पुलगांवए तहसील व जिला दुर्ग एवं उसके सीमावर्ती जिले रायपुर, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव, रायपुर एवं ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## नये एसपी ने किया परेड का निरीक्षण, जवानों को दी अनुशासित ड्यूटी करने की हिदायत



**दुर्ग**, 25 अप्रेल (देशबन्धु)। नये पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने आज पुलिस साईन में समस्त पुलिस जवानों की जनरल परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। इस दौरान उन्होंने जवानों को परेड का महत्व समझाते हुए अनुशासन पर जोर दिया गया तथा सजग रहकर अनुशासित भाव से ड्यूटी करने की हिदायत दी।

एसपी श्री अग्रवाल ने परेड मे उपस्थित सभी पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों का सूक्ष्म निरीक्षण किया तथा उच्च कोटि का टर्न आउट धारण करने वाले पुलिस स्टाफ को पुरस्कृत भी किया। उन्होंने परेड के दौरान पुलिस लाईन एवं जिले के विभिन्न थाना चौकी के वाहनों का निरीक्षण किया। एसपी श्री अग्रवाल ने समस्त वाहनों के बेहतर रखरखाव हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

परेड में सुखनंदन राठौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर दुर्ग, पद्मश्री तंवर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईयूसीएडब्ल्यू, ऋचा मिश्रा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात, राहुल बंसल परि.भापुसे. सत्यप्रकाश तिवारी नगर पुलिस अधीक्षक ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## सेवा सहकारी समितियों में डीएपी, यूरिया व अन्य खाद उपलब्ध न होने से किसान परेशान

**दुर्ग**, 25 अप्रेल (देशबन्धु)। ग्राम बोड़ेगांव के प्रगतिशील कृषक रविप्रकाश ताम्रकार ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जिले की सभी सोसायटियों में सभी प्रकार की खाद डीएपी, पोटाश एवं यूरिया दिया जाये। इसी तरह किसानों को उनकी मांग के अनुरूप डीएपी 18:46 ही उपलब्ध कराया जाये। श्री ताम्रकार ने बताया है कि खरीफ वर्ष शुरू हुए एक माह से ज्यादा का समय हो चुका है लेकिन किसानों को खाद भंडारण में ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## हिमालयन ट्रैकिंग कैम्प के लिए अधिवक्ता ऋषिकान्त तिवारी का चयन



**दुर्ग**, 25 अप्रेल (देशबन्धु)। यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया नई दिल्ली द्वारा हिमाचल प्रदेश में आयोजित नेशनल हिमालयन ट्रेकिंग कैम्प अन्तर्गत चन्द्रखानी पास.2025 हेतु जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग के पूर्व उपाध्यक्ष व यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफइंडिया के भिलाई यूनिट प्रेसिडेंट ऋषिकान्त तिवारी का कैम्प लीडर हेतु चयन किया गया है। श्री तिवारी इस कैम्प में लीडर के रूप में देश के सभी राज्यों से हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को प्रशिक्षण देंगे। इस हेतु वे 1 मई को कुल्लू से 3 कि.मी.दूर बेस कैम्प सेवबाग में रिपोर्टिंग देंगे। कैम्प लीडर के रूप में ऋषिकान्त तिवारी समुद्र तल से लगभग 11000 फीट से 13000 फीट की ऊंचाईयों पर हिमालय के पर्वतों में कम से कम 21 दिन तक साहसिक दायित्यों का ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## साइंस कालेज प्रशासन ने की पक्षियों के दाना पानी की व्यवस्था



**दुर्ग**, 25 अप्रेल (देशबन्धु)। पंछी बचाओं अभियान वर्तमान समय की प्रमुख आवश्यकता है। हमारे अंचल में पड़ रही भीषण गर्मी से तापक्रम 44 डिग्री सेल्सियस से अधिक चला गया है। इस वजह से सबसे ज्यादा हमारे आसपास रह रहे पंछियों को दाना एवं पानी उपलब्ध नही हो पा रहा है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए आज शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग प्रशासन ने यह निर्णय लिया कि महाविद्यालय के विभिन्न स्थानों जैसे - स्वामी विवेकानंद उद्यान, क्रीड़ा परिसर तथा औषधीय पादप उद्यान आदि विभिन्न स्थानों पर पक्षियों हेतु सकोरो में दाना एवं पानी की पर्याप्त व्यवस्था की जाये। आज इसकी शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने विभिन्न प्राध्यापकों एवं कार्यालयीन स्टॉफके साथ महाविद्यालय परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद उद्यान से की। डॉ. सिंह ने ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤



# कलाकारों ने पेटिंग बनाकर दी श्रद्धांजलि




**भिलाईनगर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में भिलाई, खैरागढ़, दुर्ग, रायपुर के सभी नामचीन कलाकारों ने एकत्रित होकर एक विशाल पेन्टिंग का निर्माण किया। सिविक सेंटर के कृष्ण अर्जुन रथ परिसर मे 100 फीट लंबे कैनवास पर कलाकारों ने अपनी भावनाओं का प्रदर्शन करके दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या मे आम जनता तथा कलाकार एकत्रित थे। कलाकारों में प्रमुख रूप से बी.एल. सोनी, रोहिणी पाटणकर, मोहन बराल, ब्रजेश तिवारी, लल्लेश्वरी साहू, अभिषेक सपन, प्रवीण कालमेघ, इंद्रजीत सिंह, विजय शर्मा, तरूण धोटे, प्रशांत क्षीरसागर, अशोक देवांगन, पुनिता सिंह पटेल, पी.एल.जेना, जीवन ज्योति, सरिता श्रीवास्तव तथा कार्यक्रम संयोजक डा. अंकुश देवांगन उपस्थित थे। कलाकारों ने पेन्टिंग बनाने के बाद कैंडल जलाकर मृतकों के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा देशभक्ति के गीत गाए। बी.एल. सोनी ने अपने पेन्टिंग में भारत माता के संहारक दृश्य का प्रगटीकरण किया है जिसके पास दुनिया की सबसे ज्यादा जनसंख्या और देशभक्तों की ताकत है। रोहिणी पाटणकर ने कश्मीर की मनोहारी वादियों को बदसूरती में बदलने का इल्जाम दहशतगर्दों पर लगाया है। मोहन बराल ने ताबूतों की श्रृंखला में दीप प्रज्वलित करके अपने श्रद्धांजलि का इजहार किया तो ब्रजेश तिवारी ने कश्मीर के नक्शे को ही आतंक का चेहरा बना दिया। सरिता श्रीवास्तव ने सुहाग के उजड़ने का दर्दनाक चित्रण करते हुए समाज से प्रश्न किया। इंद्रजीत सिंह और प्रवीण कालमेघ ने मुंह छुपाकर आतंक फैलाने वालों को इंसानियत का दुश्मन निरूपित किया है। पी.एल.जेना और जीवन ज्योति ने ऐसे तत्वोअं, चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी ने आतंकवाद के खिलाफ पेन्टिंग बनाई। अंकुश देवांगन ने बदहवास बैठी महिला का हूबहू चित्रण करके जनमानस को झकझोर दिया।

# सड़क के किनारे खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई



**भिलाईनगर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। आज शुक्रवार को नगर निगम भिलाई क्षेत्र में नेशनल हाईवे एवं सर्विस रोड पर रखी हुई पुरानी गाड़ियों को हटाने के लिए नगर निगम भिलाई के सभी जोन के अधिकारी एवं यातायात विभाग के अधिकारी कर्मचारियो का संयुक्त रूप से अभियान चलाया गया। यह अभियान नेहरू नगर चौंक से शुरू होकर खुर्सीपार तक चला। सर्वप्रथम जो भी जीर्ण.शीर्ण पुराने वाहन सड़क के किनारे एवं सर्विस रोड पर खड़े पाए गए। उन सभी गाड़ियो पर नोटिस चस्पा किया गया। जो चलायमान गाड़ी सड़क पर खड़ा करके सड़क जाम किया गया था, उस पर यातायात विभाग के द्वारा 20 वाहनो को चालान काट कर कोर्ट में पेश किया गया एवं 5 वाहनों पर 500-500 रूपये का फाईन काटा गया। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त येशा लहरे, सतीश यादव, यातायात विभाग से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रिचा मिश्रा, एस.आइ. यशवंत राठौर, ए.एस.आई. राजकुमार दुबे, आरक्षक रूपेश ठाकुर, विजय शर्मा, आशीष शुक्ला, संयुक्त रूप से सड़को पर निकले। देखने में आया कि पुरानी मोटर साईकल, स्कूटर, कार, जीप, आटो, टेम्पो, मिनी बस, मेटाडोर इत्यादि को सड़को पर खड़ा कर दिए है। उससे आवागमन पुरी तरह बाधित हो रहा है। वे सब गाड़ियां वर्षो से पड़ी है, हटाई नहीं जा रही है। ऐसे तमाम प्रकार के वाहनों पर नोटिस चस्पा किया गया। जिसके मालिक का पता चला उससे बात किया गया। सभी को 24 घंटे का समय दिया गया है। अपने अपने वाहनो को हटा ले नहीं तो यातायात विभाग द्वारा सभी वाहनों को जप्ती बनाकर निलामी की कार्यवाही की जावेगी। पावर हाउस मार्केट के समीप बने डोम शेड में कबाड़ की गाड़ी एवं कबाड़ी का समान रखा हुआ था। उसे तत्काल हटाने का नोटिस दिया गया। जी.ई. रोड एवं सर्विस रोड मिलाकर 450 से अधिक पुरानी कंडम गांडियां सड़को पर खड़ी है। सभी पर कार्यवाही की जावेगी।

अगले कदम के रूप में जो भी पुराने वाहन की खरीदी बिक्री करने वाले एजेंसी है। उन पर भी कार्यवाही की जावेगी। उनके द्वारा आने.जाने वाले जगहो पर पुरानी गांड़ियां खड़ी करके बेची जा रही है। उन पर भी चालानी कार्यवाही के साथ.साथ जप्ती की कार्यवाही होगी। इसके कारण शहर की शोभा बिगड़ रही है। आवागमन बाधा हो रहा है और आए दिन दुर्धटना की संभावना बनी रहती है। कार्यवाही के दौरान जोन राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, शरद दुबे, बालकृष्ण नायडू, प्रशन्न तिवारी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, बीरेन्द्र बंजारे, हेमंत मांझी अपन अपने दल के साथ उपस्थित रहे। नगर पालिक निगम व यातायात पुलिस की इस कार्यवाही के बाद लोग अपने पुराने वाहनों को स्वयं हटाना शरु कर दिया है। जिला के पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवला के निर्देश के बाद इस कार्यवाही का लोगों द्वारा स्वागत किया गया है।

# स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने कैंडल जलाकर किया विरोध



**भिलाईनगर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। पहलगाम कश्मीर में आंतकी हमला का प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने कड़ी निन्दा करते हुए कहा कि कायरना हरक़त की जितनी निंदा की जाए कम है छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने अस्पताल कर्मियों के साथ निर्दोषों पर्यटन यात्रियों को हत्या पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि जिन लोगों ने ए कायरना हरक़त की है वो इंसानियत के दु:ख दर्द मानवीय संवेदना को समझने वाले नहीं हो सकते हैं कोई भी धर्म निर्दोष लोगों के हत्या करना नहीं सीखता है। कश्मीरी लोगो ने वहां पर्यटन यात्रियों को सुरक्षित करने में सहयोग किया लेकिन आतंकवादीयो का कोई धर्म जाति समुदाय नहीं होता है वे केवल नरसंहार कर आंतक फैलाना चाहते हैं, किंतु हम सभी भारतीय आपस में भाई भाई है ओर एक दूसरे के दर्द ओर संवेदना ओर धर्म.कर्म की इज्जत करते हैं इस पूरी अमानवीय कृत्य ओर घटना की कड़ी निन्दा करते हुए आंतकवाद के खिलाफ भारत सरकार के साथ देश का प्रत्येक नागरिक खड़ा ह। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में डा शिखर अग्रवाल मेडिकल आफिसर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 ने कहा कि ऐसी आमनवीय घटना पर्यटन यात्रियों को गोली मारकर हत्या करना जितना भी निंदा करें कम है किसी ने अपना सुहाग, किसी ने भाई, किसी ने पत्नी, किसी मां पिता खोए है जो बडा ही दुखद है श्रध्दांजली सभा में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम, डा शिखर अग्रवाल, डा अर्चना पांडेय, श्रीमती प्रज्ञा कुशवाहा, सीनियर कंसल्टेंट आर विश्वास, श्रीमती तृप्ति चंद्राकर, स्मृति बागडे, लैब टैक्नीशियन आलिया खातून, श्रीमती पी स्वामी, श्रीमती उषा वर्मा, श्रीमती राज विजय, लक्ष्मी कुमारी, देवीला ऊसमीर रात्रे, आर गजभिए, के वेंकट राव, हिमांशु सूर्यवंशी, मीरा साहू, तुषार सोनी, मेनका गायत्री साधना, सहित स्टाफ उपस्थित थे

# 28 को कला मंदिर में सामाजिक समरसता सम्मेलन

**भिलाईनगर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के पदाधिकारियों एवं महिला प्रकोष्ठ की संयुक्त बैठक परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में संपन्न हुई। बैठक में 28 अप्रैल को कला मंदिर में आयोजित होने जा रहे छत्तीसगढ़ सामाजिक समरसता एवं सम्मान समारोह की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया और पदाधिकारियों को अलग अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई। साथ ही नए सदस्यों को सदस्यता हेतु नियुक्तिपत्र दिया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव ने कहा कि संस्था का मूल उद्देश्य जन जन तक पहुंचे इसी बात को ध्यान में रखते हुए नगरीय निकाय एवं पंचायती जन. प्रतिनिधियों से परिचयात्मक संपर्क की दृष्टि से सामाजिक समरसता सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सुमन देवांगन के नेतृत्व में महिला प्रकोष्ठ की सक्रियता और संगठन में उनके योगदान की सराहना की। बैठक को संतकुमार केशकर, घनश्याम कुमार देवांगन, ब्रह्म देव पटेल, डॉ डी पी देशमुख, चंदूलाल मरकाम, जीवन सिन्हा, लखनलाल साहू आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की कोर कमेटी का भी गठन किया गया। कमेटी में प्रदेश संयोजिका सुमन देवांगन, भिलाई अध्यक्ष रामदुलारी ताम्रकार, शकुंतला केसकर, कुमुद ताम्रकार, डिकेश्वरी पटेल, नीता देशमुख, पुष्पा यादव, अनिता वर्मा, भूमिका देवांगन, सुमित्रा देवांगन, मधु गजपाल, हेमा साहू, जयंती साहू, ज्योति डड़सेना, सुमित्रा रात्रे शामिल किए गए हैं। बैठक में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव, प्रदेश संयोजक ब्रह्म देव पटेल, उपाध्यक्ष गण संतकुमार केसकर, घनश्याम कुमार देवांगन, अनुरूप साहू, गैंदलाल वर्मा, मीडिया प्रभारी डॉ डीपी देशमुख, महासचिव लखनलाल साहू, कोषाध्यक्ष जीवन सिन्हा, भिलाई अध्यक्ष चंदूलाल मरकाम, भानु प्रताप यादव, भोजराम डड़सेना, पंचराम साहू, डॉ कृष्ण कुमार पाटिल, शुभ्रकांत ताम्रकार, शिवप्रसाद चंद्रवंशी, विजय रात्रे सहित केन्द्रीय पदाधिकारी गण उपस्थित थे।



# विश्व पृथ्वी दिवस पर तकनीकी प्रस्तुतिकरण आयोजित



**भिलाईनगर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। संयंत्र के पर्यावरण प्रबंधन विभाग तथा द इंस्टीट्यूशन ऑफइंजीनियर्स भिलाई शाखा के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस 2025 के अवसर पर एक तकनीकी प्रस्तुतीकरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक राजीव पाण्डेय तथा अतिथि वक्ता के रूप में आईआईटीए भिलाई के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्राध्यापक डा. शैलेन्द्र कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता द इंस्टीट्यूशन ऑफइंजीनियर्स भिलाई शाखा के चेयरमैन पुनीत चौबे ने की। मुख्य अतिथि राजीव पाण्डेय ने कहा कि हम पृथ्वी माँ का जन्म दिवस मना रहे हैं। भारत सरकार एवं संयुक्त राष्ट्र जैसी वैश्विक संस्थाएं पृथ्वी के संरक्षण हेतु संकल्पब हैं, किंतु इस दिशा में प्रत्येक नागरिक को अपनी भूमिका निभानी होगी। श्री पाण्डेय ने भारत के पंचामृत संकल्प का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने सीओपी.26 सम्मेलन में 2030 तक 500 गीगावाट गैर जीवाश्म ईंधन क्षमता और 50 प्रतिशत ऊर्जा की आपूर्ति अक्षय स्त्रोतों से करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने बताया कि संयंत्र इस दिशा में तीव्रता से कार्य कर रहा है। मरोदा बाँध में छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर प्लांट स्थापित किया जा रहा है, वहीं नंदिनी में भी सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा की सोलर रूफटॉप योजना से सभी को जुड़ना चाहिए। जिससे नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। विशिष्ट अतिथि डा. शैलेन्द्र कुमार ने अपने तकनीकी प्रस्तुतीकरण में अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों एवं उन्हें राष्ट्रीय ग्रिड से जोड़ने की प्रक्रियाओं का विस्तृत परिचय दिया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में भारत की कुल ऊर्जा आपूर्ति का लगभग 53-55 प्रतिशत हिस्सा ताप विद्युत पर निर्भर है। डा. कुमार ने कहा कि यद्यपि सौर ऊर्जा की अवधारणा नई नहीं है, परंतु बीते दो दशकों में इस पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में सौर ऊर्जा का सबसे बड़ा योगदान है, किंतु इसे ग्रिड से जोड़ने में तकनीकी चुनौतियाँ हैं। जिन पर शोध चल रहा है। उन्होंने आईआईटीए भिलाई में स्थापित पवन चक्की परियोजना का भी उल्लेख किया। पुनीत चौबे ने कहा कि सरकार, नागरिकों एवं संस्थाओं को मिलकर यह प्रयास करना होगा कि विश्व की ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा नवीकरणीय स्त्रोतों से पूरा किया जाए। उन्होंने सोलर पैनलों के भविष्य में उत्पन्न होने वाले निपटान संकट की ओर संकेत करते हुए कहा कि शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थाओं को इस दिशा में अभी से समाधान खोजना चाहिए। कार्यक्रम के प्रारंभ में आईईआई भिलाई शाखा के मानसेवी सचिव बसंत साहू ने स्वागत भाषण में अतिथियों का स्वागत करते हुए पृथ्वी दिवस की थीम हमारी शक्ति, हमारा ग्रह पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विश्व पृथ्वी दिवस से संबंधित विषयों पर एक रोचक क्विज़ का आयोजन भी किया गया। जिसका संचालन महाप्रबंधक के प्रवीण ने किया। इस अवसर पर आईईआईए भिलाई केंद्र के कॉर्पोरेट सदस्य एवं सेल के पूर्व कार्यकारी निदेशक हृदय मोहन द्वारा लिखित आलेख सूर्य के प्रकाश से समाधान तक भारत की हरित ऊर्जा क्रांति का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम मे डी. एन. शर्मा, श्रीमती उमा कटोच, प्रदीप तिवारी, बी.पी.यादव, चैतन्य वेंकटेश्वर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विक्की शाह ने किया।

# भीषण गर्मी 15 जून तक सीसी रोड सीमेंट्रीकरण कार्य बंद

**भिलाईनगर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर निगम भिलाई के सभागार में आज आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, चीफ इंजीनियर भागीरथी वर्मा, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, डीके वर्मा, सभी जोन आयुक्त एवं अधिकारीगणों की उपस्थिति में यह निर्णय लिया गया है कि नगर निगम भिलाई में 15 जून तक सीसी रोड सीमेंटीकरण का कार्य बंद रहेगा। अभी भीषण गर्मी पड़ रही है जिसके कारण पानी की समस्या हो रही है। सीसी रोड बनाते समय पानी से तराई अति आवश्यक है पानी से तराई नहीं होने के कारण रोड में मजबूती नहीं रहती है। कितना भी अच्छा सीमेंट, रेती, गिट्टी मिलाई जाए उसके लिए तराई आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि निर्माणकर्ता एजेंसियों द्वारा ठीक से पानी नहीं डाला जा रहा है जिसके कारण रोड में दरारें पड़ रही है और खराब हो जा रहा है। इसलिए आगामी आदेश 15 जून तक निर्माण बंद रहेगा। आयुक्त पाण्डेय निरीक्षण के दौरान देखे की बहुत सारे सीसी रोड मजबूत नहीं बन रहे हैं।उसकी धार कोर टूट जा रहा है। रोड यदि किसी क्षेत्र में बहुत आवश्यक है और निर्माणकर्ता एजेंसी यह अस्वस्थ करती है कि पानी की तराई बराबर किया जाएगा। उसके ऊपर गीले बोरे या टाट पट्टी डाला जाएगा तभी विशेष परिस्थिति में निर्माण का आदेश दिया जाएगा अभी सीसी रोड का निर्माण बंद रहेगा। लगभग 2 माह तक सीमेन्टीकरण कार्य बंद रहेगा, किन्तु डामरीकरण कार्य जारी रखा जायेगा।

# शाम 6 बजे से देर रात तक विशेष चेकिंग अभियान



**भिलाईनगर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा जिले के समस्त अधिकारियों की मीटिंग ली गई थी जिसमें यातायात पुलिस को जिले की यातायात व्यवस्था एवं सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए थे जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री ऋचा मिश्रा द्वारा यातायात के समस्त जोन प्रभारी, पेट्रोलिंग की मीटिंग लेकर नेशनल हाईवे एवं जिले के अन्य प्रमुख मार्ग में कडम, खराब वाहनों को हटान, नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्यवाही करने निर्देश दिए गए थे साथ ही प्रतिदिन शाम 6 से देर रात तक विशेष वाहन चेकिंग पॉइंट लगाकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर दो पहिया वाहन में तीन सवारी, तेज रफ्तार, ब्लैक फिल्म, मोडिफाइड साइलेंसर वाहनों पर कार्यवाही करने निर्देश दिए गए। जिस पर यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा झरोखा पहले से जुनवानी सूर्या मॉल रोड पर नो पार्किंग में खड़ी 36 दो पहिया वाहनों को क्रेन से उठाकर स्मृति नगर चौकी में सुरक्षित रखा गया एवं समस्त वाहन मालिकों पर मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं के तहत कार्यवाही कर भविष्य में ऐसी गलती न करने हेतु समझाइए दी गई। साथ ही जिले के अन्य 21 पॉइंट पर शाम 6 बजे से देर रात तक लापरवाह शराब पीकर वाहन चलाने वाले, दो पहिया वाहन में तीन सवारी, दो पहिया में तीन सवारी, ब्लैक फिल्म वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए 223 वाहन चालकों से समंस शुल्क वसूल किया गया साथ शराब पीकर वाहन चलाने वालों के वाहन जप्त न्यायालय प्रस्तुत किया गया। जिस पर न्यायालय द्वारा प्रत्येक वाहन चालकों पर 10000 अर्जेंट से दंडित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यातायात जोन प्रभारी दुर्ग द्वारा दुर्ग शहर के प्रमुख मार्गो में सड़क किनारे गैरेज संचालन करने वालों को एवं सड़क में कंडम वाहन खड़े वाहन मालिकों को नोटिस जारी किया गया और जल्द से जल्द सड़क से हटाने हेतु तथा दोबारा सड़क में वाहन खड़ा ना करने हेतु हिदायत दिया गया साथ ही गैर संचालकों को सड़क में वाहन खड़ा कर मरम्मत कार्य न करने हेतु भी समझाइ दी गई। भविष्य में ऐसी गलती करते पाए जाने पर उचित वैधानिक कार्यवाही करने हिदायत दिया गया है। शराब के नशे में वाहन चलाने वालों के वाहन जप्त कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया यातायात पुलिस को दिये निर्देश पर सूर्या मॉल रोड में खड़ी 34 दोपहिया वाहनों को क्रेन से उठा कर स्मृति नगर चौकी लाया गया।'

# शंकराचार्य में विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस



**भिलाईनगर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय में पुस्तक मेला का आयोजन किया गया। जिसमें पौराणिक पुस्तक, नैतिक शिक्षा से संबंधित पुस्तक, विज्ञान, महापुरुषों की जीवनी एवं रेयर किताबों की प्रदर्शनी लगाई गई। अतिथियों का स्वागत पौधा भेंटकर किया गया। विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने पुस्तक पठन का कार्य किया। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों में पुस्तक पढ़ने में रुचि बढ़ाने एवं कॉपीराइट के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। आज के युवा पीढी डिजिटल युग में जी रहे हैं । मोबाइल और इंटरनेट में ही अपना भविष्य और मनोरंजन तलाश रहे हैं । उनकी रुझान पुस्तक की ओर करने के लिए वर्ष 2025 की थीम अपने तरीके से पढ़ें के माध्यम से बच्चों को अपनी शर्तों पर पढ़ने की खोज करने के लिए प्रोत्साहित करना है। यह छात्रों को नए लेखकों और नई पुस्तकों की खोज करने की ओर प्रेरित करता है। साथ ही लोगों को साहित्य का आनंद लेने और ज्ञान प्राप्त करने के लिए भी प्रेरित करता है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अर्चना झा ने कहा कि पुस्तक का हमारे जीवन में बड़ा महत्व है। यह दिवस लोगों में पुस्तक पढ़ने की आदत को प्रोत्साहित करता है। साथ ही साहित्य और संस्कृति की समझ को भी बढ़ावा देता है। इससे हमें विभिन्न संस्कृतियो के बारे में जानकारी प्राप्त होती है। महाविद्यालय के डीन एकेडमिक डॉ जे दुर्गा प्रसाद राव ने कहा कि पुस्तक हमें अतीत और भविष्य से जोड़ती है। इससे शिक्षा को प्रोत्साहन मिलता है। कॉपी राइट लेखन और प्रकाशकों की बौद्धिक संपदा की सुरक्षा करते हैं। ग्रंथालय प्रभारी डॉ मालती साहू ने छात्रों को विश्व पुस्तक दिवस की विकास यात्रा से अवगत कराते हुए इसके वैश्विक महत्व से भी अवगत कराया। डॉ नीरा पांडेय ने कहा की पुस्तक पढ़ने से बेहतर संचार कौशल, शब्दावली में विकास एवं बेहतर समझ, और ज्ञान में विकास होता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं, प्राध्यापक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों ने पुस्तक पठन कर किताबों के महत्व को समझा और पढ़ने का आनंद प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ वंदना सिंह ,डॉ गायत्री जय मिश्रा डॉ शिल्पा कुलकर्णी, डॉ लक्ष्मी वर्मा, डॉ कंचन सिन्हा डॉ सुमिता सिंह ,श्रीमती सुधा मिश्रा, श्रीमती प्रीति जायसवाल, प्रवीण वर्मा, मंटू चक्रवर्ती उपस्थित रहे। मंच संचालन डेविड राजू ने किया।

# मैत्री विद्या निकेतन के छात्रों का जेईई मेन्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**भिलाईनगर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। मैत्री विद्या निकेतन रिसाली सेक्टर के छात्रों ने जेईई मेन्स 2025 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और जेईई एडवांस के लिए पात्रता प्राप्त कर स्कूल का नाम गौरवान्वित किया। छात्रों ने असाधारण योग्यता और कौशल का प्रदर्शन किया। जिसमें प्रणव वर्मा ने 98.6 प्रतिशत प्राप्त किया। अन्य सफल छात्र में त्रेहान मंडल, मनीष कुमार कोशारे और तुमेश्वरी साहू। श्रीमती राजम सुधाकरण अध्यक्ष निदेशक एस सजीव और एस साजन, डॉ. सजिथा थंबी, प्राचार्य डॉ. बीना सजीव, उप प्राचार्य सुश्री निशी साजन, हेड मिस्ट्रेस स्कूल के शिक्षक और कर्मचारी इन असाधारण छात्रों को उनकी शानदार सफलता पर बधाई देते हैं और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हैं। मैत्री विद्या निकेतन रिसाली सेक्टर अध्यक्ष निदेशक एस सजीव ने बताया कि उनके विद्यालय में शिक्षा के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों में भी स्कूली बच्चों का बेहतर प्रदर्शन रहा है। स्कूल के बच्चों ने खेल के क्षेत्र में कई राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार अर्जित किये है। उन्होने कहा कि स्कूली बच्चों के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि स्कूल के स्टाफ का सराहनीय प्रयास रहा है।

# 13 मुख्य महाप्रबंधक पद पर पदोन्नति आदेश जारी



**भिलाईनगर** 25 अप्रैल(देशबन्धु)।. भिलाई इस्पात संयंत्र के 13 महाप्रबंधकों को 30 जून 2024 से प्रभावी पदोन्नति आदेशों के तहत मुख्य महाप्रबंधक पद पर पदोन्नत किया गया। इन नवपदोन्नत अधिकारियों को उनके पदोन्नति आदेश इस्पात भवन में आयोजित एक गरिमामय समारोह में निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा प्रदान किए गए। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशकगणों मे प्रवीण निगम, पवन कुमार, डॉ. रविंद्रनाथ एम.ए., आर.के. श्रीवास्तव, केसी मिश्रा अध्यक्ष ऑफिसर्स एसोसिएशन एन.के. बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह, व महाप्रबंधक श्रीकांत रामराजू अधिकारी उपस्थित रहे। निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने नवपदोन्नत मुख्य महाप्रबंधकों को हार्दिक बधाई दी और सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश द्वारा भेजे गए शुभकामना संदेश को पढ़कर सुनाया। श्री दासगुप्ता ने कहा कि योग्य उम्मीदवारों में से चयन करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था और यह पदोन्नति उनकी कड़ी मेहनत और क्षमता का प्रमाण है। श्री दासगुप्ता ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अपने नए दायित्वों को पूर्ण उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ निभाएं। उन्होंने यह विश्वास भी जताया कि संयंत्र के पदोन्नत और अन्य इकाइयों में स्थानांतरित अधिकारी सेल को एक अधिक गतिशील और दूरदर्शी संगठन बनाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाएंगे। संयंत्र से हाल ही में पदोन्नत किए गए मुख्य महाप्रबंधकों में हरीश कुमार सचदेव, सजीव वर्गीज, जितेन्द्र पाल सिंह, अनुपम बिष्ट, राजीव महेन्द्रु, त्रिभुवन बैथा, डॉ. उदय कुमार धाबर्डे, भिलाई इस्पात संयंत्र के जिन महाप्रबंधकों को पदोन्नत कर अन्य इकाइयों में स्थानांतरित किया गया हैए उनमें सुनील कुमार बंसल, पी.एम. शिरपूरकर, राजीव श्रीवास्तव, अभय कुमार, रंजन आनंद, सुदीप्तो चट्टोपाध्याय है। समारोह के दौरान एन. के. बंछोर ने संबोधित किया। समारोह का संचालन सुश्री हर्षल अग्रवाल ने किया।

**आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित**

**बेमेतरा**, 25 अप्रैल। जिले की एकीकृत बाल विकास परियोजना बेरला अंतर्गत वर्तमान में नवीन स्वीकृत पद एवं रिक्त पद हेतु आ.बा. सहायिका के पद पर शासन द्वारा निर्धारित निर्देश एवं मानदंडों के अनुसार नियमानुसार नियुक्ति किया जाना हैं।



# कलेक्टर ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

## मरीजों से की सीधी बातचीत, दिए स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के निर्देश

**बेमेतरा**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं दंडाधिकारी रणबीर शर्मा ने आज शुक्रवार को जिला अस्पताल बेमेतरा का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों में जाकर भर्ती मरीजों से सीधे संवाद किया, उनका हालचाल जाना और इलाज से जुड़ी उनकी संतुष्टि की स्थिति पर जानकारी प्राप्त की।कलेक्टर श्री शर्मा ने महिला वार्ड, शिशु वार्ड, जनरल वार्ड, आपातकालीन कक्ष, औषधि वितरण कक्ष, ऑपरेशन थियेटर और ओपीडी सहित अन्य प्रमुख हिस्सों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रत्येक वार्ड में साफ-सफाई की स्थिति, बेड की उपलब्धता, बिजली और पानी की आपूर्ति, पंखों और कूलर की कार्यशीलता तथा मरीजों को मिलने वाली भोजन व्यवस्था को भी बारीकी से जांच की।

**मरीजों से संवाद और समस्याओं का त्वरित समाधान**

निरीक्षण के दौरान कई मरीजों और उनके परिजनों ने अपनी समस्याएं और सुझाव साझा किए। जिलाधीश ने डॉक्टर से कहा की हॉस्पिटल मे आवश्यकता अनुसार दवाइयों की स्टॉक पर्याप्त उपलब्ध रहे। कलेक्टर ने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए कि मरीजों को पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन समय पर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में इलाज के साथ-साथ मरीजों के लिए गरिमापूर्ण और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

**डॉक्टरों और कर्मचारियों को निर्देश**



कलेक्टर रणबीर शर्मा ने डॉक्टरों के कक्षों में पहुंचकर चिकित्सकों से भी चर्चा की और उपस्थित मेडिकल स्टाफ से मरीजों की देखभाल की प्रक्रिया, औषधियों की उपलब्धता, और अस्पताल में उपलब्ध उपकरणों की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि चिकित्सक अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ करें। मरीजों के प्रति सहानुभूति का भाव रखें और हर मरीज को समय पर, उचित इलाज मिले, यह सुनिश्चित करें। उन्होंने स्टाफ की उपस्थिति रजिस्टर की भी जांच की और समय पर ड्यूटी पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा कि अस्पताल में अनुशासन और कार्यकुशलता बनी रहनी चाहिए।

**स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार प्रशासन की प्राथमिकता**

कलेक्टर श्री शर्मा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसके लिए अस्पतालों का समय-समय पर निरीक्षण किया जा रहा है और जो भी कमियां सामने आती हैं, उन्हें तुरंत दूर करने के निर्देश दिए जाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य सुविधा के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अस्पतालों में आने वाले हर मरीज को बेहतर इलाज और सुविधा मिलना ही प्रशासन का उद्देश्य है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि आने वाले दिनों में उपस्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का भी निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान एडीएम अनिल वाजपेयी, एसडीएम प्रकाश भारद्वाज, सीएमएचओ, और अस्पताल प्रबंधक तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# पहलगाम में हुए आतंकी हमले का पुतला दहन कर कैंडल मार्च निकाल दी श्रद्धांजलि

**देवकर**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। बीते मंगलवार कश्मीर के पहलगाम घाटी पर्यटक स्थल में देश के विभिन्न क्षेत्रों से घूमने गए 26 बेकसूर भारतवाशी को आतंकवाद के पनाहगार पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों के हाथों जान गंवानी पड़ी। धर्म पूछकर कपड़े उतारकर परिवार के सामने छोटे छोटे बच्चों के सामने गोली मारकर निर्मम हत्या की गई। इस नृशंस नरसंहार की घटना से उद्वेलित होकर देवकर नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सिहोरे के नेतृत्व में नगर वासी एवं कई धर्म समिति के लोगों द्वारा शाम 6.30 नगर के हृदय स्थल गांधी चौक मैदान से कैंडल मार्च निकाला गया जो नगर के मुख्य मार्ग से होकर प्रवेश द्वार से लगा हुआ धर्म ध्वज चौक के नीचे समाप्त हुआ। राह पर मिलने वाले नागरिक भी स्व स्फूर्त शामिल होकर रैली में अपना गुस्सा वयक्त करते हुए मृतक परिवार पर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। कैंडल के साथ साथ युवकों के द्वारा आतंकवाद विरोधी नारे लिखे हुए तख्ती भी हाथ में लिए हुए थे। दुर्ग - बेमेतरा मुख्य सड़क राज्य मार्ग पर प्रतीक स्वरूप आतंकवादी का पुतला दहन भी किया गया इस दौरान युवकों के द्वारा पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद, हम सब एक है नारा के माध्यम आतंकीह्न पुतले पर लात घुसा मार कर आक्रोश व्यक्त लिया गया। कैंडल मार्च में शामिल नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सिहोरे ने एक धर्म विशेष की हत्या, मानवता के खिलाफ है कहकर भावना व्यक्त किया। वही वरिष्ठ आरटीआई कार्यकर्त्ता लोचन सिंह ठाकुर ने प्रधानमंत्री से मांग की कि अब निर्णायक युद्ध का समय आ गया है और इस युद्ध में मै अपने दोनो बेटों को देश हित में भेजने की बात कही। तो वही पत्रकार जितेन्द्र राजपूत ने भी इस घटना को बहुत ही दुखद बताया और कहा कि हर हिन्दुस्तानी जो कश्मीर में है या पर्यटक बन कर जा रहे हैं उन सभी को आत्मरक्षा के लिए सरकार सब को हथियार दे जिससे वो अपनी सुरक्षा खुद भी कर सके अंत में समापन स्थल धर्म ध्वज चौक के नीचे जान गंवाने वाले 26 लोगों की स्मृति में 26 दीप जलाकर दिवंगत आत्माओं को दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई। आक्रोश रैली में बड़ी संख्या में नगरवासी युवा संगठन के साथ साथ धर्म धवज समिति, गौ रक्षक समिति एवम धर्म जागरण समिती की भी सहभागिता रही।



अध्यक्ष सुरेश सिहोरे के नेतृत्व में किया गया पुतला दहन

# आईटी और हेल्थ केयर के छात्रों का इंटर्नशिप सफलतापूर्वक कराया गया



**बेमेतरा**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। समग्र शिक्षा के अंतर्गत शा.बा.उ.मा.विद्यालय बेमेतरा में चल रहे व्यवसायिक पाठ्यक्रम जिसमें दो ट्रेड आईटी और हेल्थ केयर मुख्य विषय के रूप में शामिल है,इसमें छात्रों को भविष्य को संवारने और और उनके हुनर को पहचान दिलाने का प्रमुख उद्देश्य होता है, बालक बेमेतरा में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी आई के कक्षा 11वीं, 12वीं के छात्रों का इंटर्नशिप इमेज कंप्यूटर बेमेतरा में तथा हेल्थ केयर के कक्षा 11वीं, 12वीं के छात्रों का संजीवनी क्लिनिक बेमेतरा में कराया गया सभी छात्रों का मार्गदर्शन व्यवसायिक शिक्षक तेमेश्वर गजेंद्र (आई टी),प्रीति वर्मा (हेल्थ केयर) के द्वारा कराया गया विद्यालय के प्राचार्य संतराम साहू एवं टी डी जांगड़े, सी पी बंजारे,मनोज बक्शी ,सी आर ठाकुर,,उमा जोशी ,,लुमन साहू,मनमोहन अग्रवाल, मन्नेंद्र साहू,धर्मेंद्र शर्मा ,राजेंद्र साहू,गीतेश देवांगन , रामचंद्र धीवर,नंदलाल रात्रे,सुनील बघेल श्वेता मिरी ,नागेंद्र,कौशल ,पोषण एवं संस्था के सभी सदस्यों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# कलेक्टर ने कृषि और उद्यानिकी की उन्नत खेती का किया निरीक्षण

**गंडई पंडरिया**, 25 अप्रैल। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कृषि और उद्यानिकी के क्षेत्र में उन्नत खेती करने वाले किसानों खेतों में पहुंचकर फसलों का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने विकासखंड छुईखदान के अंतर्गत आने वाले ग्राम कृतबांस और ग्राम देवपुरा के किसानों से उन्नत खेती की विधियों और तकनीकों पर चर्चा की और उन्हें क्षेत्र में अपरंपरागत एवं कम पानी वाले फसलों को भी बढ़ावा देने की बात कही। साथ ही उन्होंने किसानों को प्रेरित किया कि वे अपने आस-पास के अन्य किसानों को भी उन्नत खेती अपनाने और अपरंपरागत एवं कम पानी वाले फसलों को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर चन्द्रवाल ने किसानों को बताया कि किस तरह से उन्नत तकनीकों और अपरंपरागत फसलों से वे अपनी आय बढ़ा सकते हैं और अधिक लाभ कमा सकते हैं। इस अवसर पर एडीएम सुरेन्द्र कुमार ठाकुर, कृषि उप संचालक राजकुमार सोलंकी एवं उद्यानिकी सहायक संचालक रविन्द्र कुमार मेहरा सहित अन्य मौजूद थे।



**कलेक्टर ने फसलों का निरीक्षण कर किसान से चर्चा की**

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने ग्राम कृतबांस में बड़े पैमाने में मूंग एवं केला की खेती करने वाले किसान से चर्चा की। कृषक धनेश वर्मा ने बताया कि उन्होंने मूंग और केले का फसल लिया है। वे इससे अच्छी-खासी आमदनी अर्जित कर रहें हैं। वही शासकीय योजनाओं का भी बेहतर लाभ मिल रहा है। इसी तरह ग्राम देवपुरा में पपीता और कद्दू की खेती करने वाले कृषक बलराम साहू ने बताया कि 3 हेक्टेयर में पपीते खेती कर रहा है। उन्होंने राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत प्रथम वर्ष की सब्सिडी 67500 प्राप्त हुई है, वही दिसंबर माह में योजना के तहत दूसरी किश्त प्राप्त हो जाएगी। वही कृषक कुम्भकरण साहू ने बताया की उन्हें 11250 रूपये की प्रथम सब्सिडी प्राप्त हुई है।

**गैरपरंपरागत खेती को भी मिले बढ़ावा**

कलेक्टर चन्द्रवाल ने सम्बंधित कृषकों से उत्पादन और बाजार को लेकर भी जानकारी ली। उन्होंने बताया कि कैसे वे अपनी फसलों को बाजार में उचित मूल्य पर बेच सकते हैं और अपने उत्पादों की ब्रांडिंग कर सकते हैं। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। साथ ही गैरपरंपरागत खेती को भी बढ़ावा देने के लिए निर्देशित किए और किसानों को सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में भी ज्यादा ज्यादा प्रचार प्रसार कर जानकारी देने बात कही, ताकि वे उनका लाभ उठा सकें।

# इस्लामिक आतंकवाद को जड़ से खत्म करने उठाई मांग : हिन्दू संगठन



**डौंडी**, 25 अप्रैल (देशबन्धु) कश्मीर के पहलगाम में विगत दिनों इस्लामिक आतंकवादियों द्वारा हिन्दू पर्यटकों को निशाना बनाते हुए उनका धर्म पूछकर, हिन्दू जानकर उनको पत्नी, बच्चों व परिवारजन के सामने ही उन्हें गोलियों से भूनकर उनकी बर्बरता से हत्या कर दी, आतंकियों ने 28 मासूमों देशवासियों को जिस बेहरमी से मारा है उससे पुरा देश व्यथित हैं, पूरा हिन्दू समाज आक्रोशित है। डौंडी नगरवासियों व हिन्दू संगठनों द्वारा शाम को नगर के दुर्गा चौक में ? आतंकवाद का पुतला दहन और जयस्तंभ चौक में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमे मंडल अध्यक्ष डॉ रूपेश कुमार नायक, पुर्व मंडल अध्यक्ष मनीष झा जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ो नगर पंचायत अध्यक्ष मोहन्तिन चौंरका मंडल महामंत्री अजय चौहान वरिष्ठ कार्यकर्ता दिनेश अग्रवाल राम नारायण धनकर नगर पंचायत उपाध्यक्ष संजिव मानकर पार्षद गण रेखा चौहान यदुनंदन देवहारि हितेन्द्र धनकर अनिल निर्मलकर अमरिका ठाकुर भुनेश्वरी कुंभकार मातरम दास कोहरे व्यापारी संघ से राजेन्द्र पिन्टू नाहार शिवम् दुबे विशाल जैन रुपेश जैन पुनम जैन निखिल अग्रवाल रजनी जायसवाल निलेश जायसवाल जगत यादव दुष्यंत साहू ईश्वर चक्रधारी समेत बड़ी संख्या में नगरवासी सम्मलित हुए।श्रद्धांजलि सभा मे सर्वप्रथम बर्बर इस्लामिक आतंकवादियों को जल्द से नर्क पहुचाने की मांग की गई तथा भारत सरकार से ऐसे जेहादी मानसिकता वाले संगठन, व्यक्ति व पाकिस्तान को नेस्तनाबूद करने की मांग की गई।

## परपोड़ी में भक्त माता कर्मा जयंती का समापन

**परपोड़ी**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। आज साहू समाज परपोड़ी द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती का आयोजन किया गया जिसमे साजा विधायक माननीय ईश्वर साहू जी, बेमेतरा विधायक माननीय दीपेश साहू जी साहू संघ जिला अध्यक्ष माननीय गैद लाल साहू जी एवं प्रदेश साहू संघ श्री रामकुमार साहू जी, उपस्थित रहे इससे पूर्व परपोड़ी नगर से अध्यक्ष श्री देसुराम साहू जी एवं नगर साहू संघ के अध्यक्ष टीकम साहू ने विधयाक का बाजे गाजे एवं आतिश बाज़ी से स्वागत किये इस अवसर पर परपोड़ी मंडल अध्यक्ष नारद वर्मा, जी, महामंत्री सतीश जैन जी, श्रीमती शिवबती साहू, उपस्थित थी।

## निधन

### बिसाहिन बाई साहू



**अमेरा/बलौदाबाजार**, 25 अप्रैल। ग्राम अमेरा निवासी बिसाहिन बाई साहू 65 वर्ष का निधन गुरूवार को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम में किया गया। उनके निधन पर परिजन, आत्मीयजन, ग्रामवासियों ने श्रद्धांजलि अर्पित किए। वे पूर्व सरपंच कन्हैयालाल साहू की पत्नी व लेखराम, गैंदराम, गावस्कर साहू की मां थी।

### घनश्याम अवस्थी



**बलौदाबाजार**, 25 अप्रैल। नगर के एमजी रोड निवासी घनश्याम अवस्थी 64 वर्ष का गुरुवार को सुबह हृदयघात से आकस्मिक निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार शुक्रवार सुबह 9 बजे रायपुर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे। वे नारायण अवस्थी के भाई तथा अनमोल अवस्थी के पिता थे।

### श्रीमती वत्सला चौधरी



**महासमुंद** 25 अप्रैल। स्थानीय दलदली रोड निवासी वेडनर मेमोरियल स्कूल के पूर्व प्राचार्य श्रीमती वत्सला चौधरी 77 वर्ष का 24 अप्रैल को निधन हो गया। अंतिम संस्कार 25 अप्रैल को भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे क्रीड़ा अधिकारी स्व. गोपाल चौधरी की धर्मपत्नी व राहुल चौधरी, सलील चौधरी, निखिल चौधरी की मां थी।

### सुशील देवांगन



**दुर्ग**, 25 अप्रैल। ओम नगर उरला निवासी सुशील देवांगन का आज 25 अप्रैल शुक्रवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. नरसिंग देवांगन के पुत्रण् राम्हिन देवांगन के पति तथा कोमल व योगेश देवांगन के पिता थे।

# कलेक्टर ने जिले के पुरातत्व धरोहरों का किया निरीक्षण



**गंडई पंडरिया**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने आज जिले के पुरातत्विक धरोहरों का निरीक्षण किया। उन्होंने संरक्षण कार्यों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर चंद्रवाल ने गंडई के ग्राम बिरखा स्थित प्राचीन घटयारी शिव मंदिर और गंडई नगर में स्थित प्राचीन देऊर मंदिर (शिव मंदिर) स्थल पहुंचकर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने दोनों ही मंदिर से संबंधित मान्यताओं एवं इतिहास के सम्बन्ध में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि पुरातत्व धरोहरों का संरक्षण हमारी सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इसके संरक्षण एवं विकास को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इन स्थलों का बेहतर रखरखाव सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अतिरिक्त कलेक्टर सुरेन्द्र कुमार ठाकुर, उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी, सहायक संचालक रविन्द्र कुमार मेहरा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# परपोड़ी क्षेत्र में बढ़ता अतिक्रमण शासन-प्रशासन मौन



**परपोड़ी**, 25 अप्रैल। नगर पंचायत परपोड़ी में टिन डिब्बे बना कर अतिक्रमण करने की बाढ़ आ गया है लोगो को जहा जगह मिल रही है वहा लोग अतिक्रमण कर दुकान संचालन किया जा रहा है । च्च हर्रा लगे ना फिटकिरी रंग चोखा च्च यह कहावत सही साबित होते नगर में दिख रहा है , टिन सेट खडा किया और दुसरे दिन से दुकान चालु , जो टिन रखने वाला दुकानदार नगर पंचायत परपोडी मे यदी चढावा नही चढाया है तो उसका दुकान तुरंत हटा दिया जाता है और यदी चढावा कार्यालय तक किसी भी माध्यम से पहोच गया हो तो आप बिच रोड पर दुकान लगा सकते है आपको यदि चढ़ावा नहीं देना है तो आपको नगर पंचायत चुने हुए प्रतिनिधियों का साथ मिलना चाहिए तो आपको चढ़ावा देने की कोई आवश्यकता नहीं है , चुने हुए निर्वाचित प्रतिनिधि का भी नगर में अतिक्रमण है , नियम कानून की बड़ी बड़ी बाते करने वाले अधिकारी कर्मचारी भी चुने हुए जन प्रतिनिधियों के सामने बेबस नजर आ रहे है , नगर पालिका अधिनियम के तहत ऐसे पार्षदों का निर्वाचन शून्य किया जा सकता है लेकिन शासन प्रशाशन आंख मूंदकर बैठी है आपको बोलने के लिए कोई नही आयेगा यह है नगर पंचायत परपोडी का शासन अकेले बस स्टैंड तथा आसपास के क्षेत्र मे सैकडो कब्जा धारी मिलेंगे और बडे मजे की बात तो तब जब लोग अपनी दुकान को किराया दे रहे है और अतिक्रमण मे बडी बडी दुकाने बना कर चला रहे है और अतिक्रमण की हद तो तब हो गयी जब लोग सरकारी दुकान कांप्लेक्स मे भी मनचाहा अतिक्रमण कर रहे है और नगर प्रशासन मुखबधिर होकर देख रही है ।

# सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु डौण्डी ब्लॉक मुख्यालय में लगाया गया लर्निंग लाइसेंस शिविर

**बालोद**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में सुशासन तिहार अब महज़ एक प्रशासनिक पहल नहीं बल्कि जनविश्वास और सहभागिता का उत्सव बन चुका है। ग्राम पंचायतों से लेकर नगर निकायों और जिला मुख्यालयों तक आमजन पूरे उत्साह के साथ इसमें भाग ले रहे हैं। जनता को विश्वास है कि उनकी समस्याओं का समाधान पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के डौण्डी ब्लाक मुख्यालय के जनपद पंचायत में दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जंहा शुक्रवार को आवेदकों ने उक्त स्थल पर पहुंच कर शिविर का लाभ लिया। जंहा च्वाईस सेंटर के माध्यम से लर्निंग लाइसेंस के लिए परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित शुल्क देकर आवेदकों ने आनलाईन आवेदन कर शिविर में जाकर लर्निंग लाइसेस प्राप्त किया। जंहा आए सभी आवेदकों ने विष्णु के सुशासन के साथ साथ परिवहन विभाग बालोद का आभार जताया। उक्त शिविर में परिवहन विभाग से रवि ठाकुर, सूश्मा जायसवाल, तारेश हिरवानी, चंद्रशेखर साहू, परिवहन सुविधा केन्द्र पाकुरभाट के संचालक मनीष कुमार, बालोद से ईमरान खान, इकेश्वर पटेल का सहयोग रहा। आवेदकों ने कहा कि राज्य के संवेदनशील और दूरस्थ इलाकों में भी सुशासन तिहार ने विश्वास की नई रोशनी जगाई है। जहाँ पहले प्रशासन से दूरी बनी हुई थी अब वहीं के लोग आगे आकर आवेदन दे रहे हैं और अपनी समस्याएं साझा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शासन अब सचमुच ष्जनता के द्वारष् पहुँचा है। सुशासन तिहार ने प्रशासन और जनता के बीच भरोसे की एक नई इमारत खड़ी की है। जनता ने मुख्यमंत्री श्री साय की सुशासन नीतियों की मुक्त कंठ से सराहना की और कहा कि यह तिहार शासन की जवाबदेही और संवेदनशीलता का परिचायक है। जिसके लिए धन्यवाद।



तत्काल निराकरण से आवेदकों के खिले चेहरे

## प्रादेशिकी का शेष...

### पहलगाम हत्याकांड के खिलाफ ...

शकील भाई, मो. रफीक खान, जाकिर हुसैन, रऊफ खान, नासिर खोखर, दिलशाद अली, कचरू भाई, कय्यूम चौहान, सीरज अली, अजहर जमील, साजिद भाई, सोहेल खान, इमरान अली, रज्जन भाई सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम भाई शामिल थे।

### अंडा थाने में ...

कैसे अपराधियों को पकड़ती है और लोगों को कैसे मदद करती है। इसके अलावा उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस का काम केवल अपराध रोकना नहीं है, बल्कि लोगों की सेवा और उनकी समस्याओं का समाधान करना भी है। बच्चों को पुलिस की वर्दी, उपकरण और वाहनों की भी जानकारी दी गई। ट्रेनी डीएसपी आकर्षि कश्यप द्वारा बच्चों को सड़क पर सुरक्षित रहने के लिए यातायात संकेतों और नियमों के महत्व को समझाया गया। शीट बेल्ट लगाने पर भी फोकस किया गया। गुड टच और बैड टच को भी स्पष्ट किया गया। बच्चों को बताया गया कि अगर कोई उन्हें असहज महसूस कराए, तो वे तुरंत अपने माता.पिता, शिक्षक या पुलिस को इसकी जानकारी दें। पुलिस थाना के शैक्षणिक भ्रमण में 100 से अधिक स्कूली बच्चे शामिल हुए। इस दौरान श्री हरिकृष्णा पब्लिक स्कूल की शिक्षिकाएं एवं अंडा पुलिस स्टॉफमौजूद रहे।

### कलेक्टर ने ग्राम कोनारी के...

धमतरी जिले की सीमाओं से आदेश तिथि 17 अप्रैल से एक सप्ताह के भीतर बाहर चले जाने कहा है।

जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार आदेश तिथि से एक वर्ष की अवधि तक उक्त जिलों की सीमाओं में जिला दण्डाधिकारी के आदेश के बिना विक्की चंद्राकर प्रवेश नहीं कर सकेंगे। ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक दुर्ग द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार आरोपी विक्की चंद्राकर पिता बसंत चंद्राकर थाना पुलगांव दुर्ग का आदतन अपराधी है। इनके विरूद्ध थाना पुलगांव में अपराधिक गतिविधियों से संबंधित विभिन्न धाराओं में 6 प्रकरण दर्ज है। आरोपी अत्यंत क्रूर प्रवृत्ति के है एवं इनके आतंक से लोग भयभीत होकर दहशत में है। इनके विरूद्ध लोगों के द्वारा गवाही देने में जान का खतरा बना रहता है।

### नये एसपी ने किया ...

भिलाई नगर हरीश पाटिल नगर पुलिस अधीक्षक छावनी हेम प्रकाश नायक उप पुलिस अधीक्षक सदानंद विंध्यराज उप पुलिस अधीक्षक यातायात चन्द्रप्रकाश तिवारी उप पुलिस अधीक्षक लाईन के साथ ही नीलकंठ वर्मा रक्षित निरीक्षक दुर्ग जिले के थाना चौकी प्रभारी एवं लगभग 211 पुलिस जवान उपस्थित रहे । डॉग हैण्डलर भी अपने पुलिस डॉग के साथ भी परेड पर उपस्थित रहे।

### सेवा सहकारी समितियों में ...

कमी होने के कारण नकद ऋण वितरण एवं खाद का वितरण नहीं हो पा रहा है। कृषकगण डीएपी खाद के लिये बार बार समिति के चक्कर लगा रहे है। वर्तमान में जिस खाद का भंडारण किया गया है उनका दर निर्धारित नहीं हो पाया है।

### हिमालयन ट्रैकिंग कैम्प ...

निर्वहन करेंगे। उक्त नेशनल हिमालयन ट्रेकिंग कैम्प अन्तर्गत चन्द्रखानी पास में देश के लगभग 500 प्रतिभागी ट्रेकर ट्रेकिंग गतिविधि में हिस्सा लेंगे। 1 मई से 15 मई तक आयोजित ट्रैकिंग कैम्प में 15 ग्रुप बनाए जाएंगे।

श्री तिवारी इसके पूर्व भी कई नेशनल हिमालयन ट्रेकिंग कैम्प में कैम्प लीडर के रुप में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर चुके है। उनका नेशनल हिमालयन ट्रैकिंग कैम्प चन्द्रखानी पास में कैम्प लीडर के रुप में चयन पर यूथ हॉस्टल एसो. इंडिया के स्टेट सेक्रेटरी के.सुब्रमण्यम भिलाई यूनिय सचिव सुबोध देवांगन, जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष नीता जैन के अलावा यूथ हॉस्टल्स सदस्य और अधिवक्ताओं ने बधाई दी है।

### साइंस कालेज प्रशासन ने ...

उपस्थित सभी प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं से आव्हान किया कि वे अपने-अपने घरों में भी पक्षियों हेतु दाना एवं पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर उपस्थित महाविद्यालय के मुख्य लिपिक संजय यादव ने बताया कि महाविद्यालय प्रषासन द्वारा सामाजिक सरोकार योजना के अंतर्गत महाविद्यालय के विभिन्न स्थानों पर लगभग 100 से अधिक सकोरों की व्यवस्था कर पक्षियों को दाना पानी उपलब्ध कराया जायेगा। आज इस अभियान की शुरूआत में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जगजीत कौर सलूजा, डॉ. अभिनेश सुराना, प्रोफेसर उपमा श्रीवास्तव, डॉ. एस.डी. देशमुख, डॉ. अनीता शुक्ला, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. प्रदीप जांगड़े, डॉ. अनुराग, डॉ. प्रशांत दुबे, क्रीडा अधिकारी लक्ष्मेन्द्र कुलदीप तथा टीकम यादव, ताराचंद साहू , मोहित देशमुख, पुरूषोत्तम देवांगन, रोहित राजपूत, ओंकार साहू , वेद साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# संविधान का जितना मजाक कांग्रेस ने उड़ाया किसी और ने नहीं : डॉ नायक



**डौण्डी**, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पंचायत डौंडी के वार्ड क्रमांक 06 में 24 अप्रैल को प्रदेश एवं जिला संगठन के निर्देश पर अंबेडकर समाज के प्रबुद्ध जनों से मुलाकात उनके बीच पहूंच कर बाबा साहेब अम्बेडकर जी के जीवनी के साथ साथ कांग्रेस द्वारा बाबा साहब को अपमानित करने कार्य किया गया है उसे बताया तथा कांग्रेस जो आज अम्बेडकर जी हितैषी बनने व संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बताने का बार बार प्रयास करती है इसके बारे में भी बताया यह बताया कि,भाजपा के श्रद्धेय अटल बिहारी की सरकार द्वारा बाबा साहब को भारत रत्न की उपाधि प्रदान किया गया, नरेंद्र मोदीजी की सरकार में बाबा साहब जी के जन्म भूमि महू, लंदन के शिक्षा भूमि नागपुर में दीक्षा भूमि,दिल्ली के उनके निर्वान भूमि व मुंबई के चैत्य भूमि को पंच तीर्थ के रूप में विकसित किया गया है 2017 में अनुसूचितजाति पर अध्ययन, अनुसंधान, विशलेषण, और नीति निर्धारण करने हेतु मोदी जी ने अम्बेडकर जी स्मृति में अन्तराष्ट्रीय केंद्र की स्थापना की, भीम एम का शुभारम्भ किया गया बाबा साहेब के तैल चित्र को कांग्रेस ने संसद में लगने नहीं दिया गया कांग्रेस ने बाबा साहब के चुनाव कभी जीतने नहीं दिया षड्यंत्र कर हराने का काम किया जबकि मोदी सरकार ने बाबा साहब के सम्मान के लिए अनेक उल्लेखनीय कार्य किये इस बात पर उपस्थित लोगो मे भारतीय बौद्ध महासभा साखा डौंडी के अध्यक्ष छगन लाल लैन पांडे समाज के सचिव हरमित लैन पांडे उपाध्यक्ष हेमराय जी, प्रेम बाई,कौसल लेन पांडे , सरिता जी,हेमप्रभा लेन पांडे ने इस तथ्यात्मक जानकारी का समर्थन किया व सच्चाई से अवगत होने की बात की इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ रूपेश नायक ने सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के संविधान बचाएं अभियान पर कहा की संविधान का उपयोग कांग्रेस राजनीति के लिए कर रही है अगर कांग्रेस संविधान के अनुरूप चली होती तो आज देश की ये दूर्दश इस नहीं होती । संविधान का जितना मजाक कांग्रेस ने उड़ाया,उतना किसी ने नहीं किया इस पुरे अभियान में विशेष रूप से मंडल अध्यक्ष डॉ रूपेश कुमार नायक नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोहन्तिन चौरका जी, वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री दिनेश अग्रवाल जी मंडल महामंत्री अजय चौहान नगर पंचायत उपाध्यक्ष संजीव मानकर पार्षद यदुनंदन देवहारि अनिल निर्मलकर उपस्थित रहे।

# सेन जी महराज की जयंती मनाई



**सहसपुर लोहारा**, 25 अप्रैल। सहसपुर लोहारा ब्लॉक मुख्यालय में सर्व सेन नाई समाज भवन बाजार चौक में संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 725 वीं जयंती पुर हर्षउल्लास के साथ मनाया गया समाज के लोगो के द्वारा पूजा पाठ कर शोभा यात्रा निकाली गई इसके पहले पहलगाम में आतंकवादी हमले में शहीद हुए लोगों को सर्व सेन नाई समाज ने श्रद्धांजलि अर्पित किया इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष डाकेश्वर श्रीवास अपने उद्बोधन में संतशिरोमणि सेन जी महाराज के विषय में बताया साथ ही सेक्टर के सभी अध्यक्षों ब्लॉक पदाधिकारी महिला प्रकोष्ठ ब्लॉक पदाधिकारी जितने भी आए थे सभी को आभार धन्यवाद कहा समाज के महिला, पुरुष व बच्चे बड़ी संख्या में भाग भाग लिया इस अवसर पर प्रमुख रूप से दुर्ग संभाग अध्यक्ष दिनेश सेन, जिला अध्यक्ष सर्व सेन नाई समाज कबीरधाम मनहरण श्रीवास,जिला उपाध्यक्ष डॉ विजय सेन,जिला मीडिया प्रभारी मेघराज श्रीवास,ब्लॉक सचेतक कालेश्वर श्रीवास, ब्लॉक सेलुन अध्यक्ष गणेश श्रीवास, नगर सेलून संघ अध्यक्ष मनोज श्रीवास, ब्लॉक सचिव खिलावन सेन, प्रदीप सेन उपाध्यक्ष, सह सचिव रवि श्रीवास, जितेन्द्र कौशिक, उमेश श्रीवास,कोषाध्यक्ष राकेश श्रीवास, जीवन सेन संरक्षक,दुलारी श्रीवास, किशुन श्रीवास,खिलावन श्रीवास,दिनेश सेन शिक्षक रामावतार सेन के साथ बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# स्वर्ण पदक वितरण सम्मान समारोह में विधायक दीपेश साहू हुए शामिल

■ छात्र छात्राओं को दी शुभकामनाएं



**बेमेतरा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। शासकीय पंडित जवाहरलाल नेहरू कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, बेमेतरा में एक गरिमामय कार्यक्रम स्वर्ण पदम वितरण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक माननीय श्री दीपेश साहू जी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात मंच पर उपस्थित अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं बैज लगाकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की विभिन्न संकायों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले 14 प्रतिभावान विद्यार्थियों आशीष कुमार, अंजू चहल, कु. रेणुका, प्रीति, मीनाक्षी, हर्षा शर्मा,दुर्गा, अनित कुमार, चांदनी, लुकेश्वरी, लीना, अविनाश कुमार कु. दुर्गा, हर्षिता केसर को स्वर्ण पदक, प्रशस्ति पत्र, नारियल एवं शाल भेंटकर सम्मानित किया गया। विधायक श्री साहू ने सभी सम्मानित विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

अपने उद्बोधन में श्री साहू ने कहा, च्च्मैं इन सभी 14 स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अपनी ओर से ढेर सारी शुभकामनाएं देता हूँ। यह सम्मान न केवल आपके परिश्रम का प्रतीक है, बल्कि आने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है ज्ज उन्होंने आगे कहा, जो विद्यार्थी आज शीर्ष स्थान पर हैं, उन्हें देखकर बाकी छात्र भी मेहनत करें और आने वाले समय में खुद को साबित करें की हम भी आगामी समय मे एक बड़े लक्ष्य को हासिल कर सकते हैँ । कॉलेज का अनुशासित वातावरण ही यहाँ की सबसे बड़ी विशेषता है, जहाँ विद्यार्थी एकाग्रचित्त होकर लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं।

श्री साहू ने छात्रों को मोबाइल, सोशल मीडिया और व्यर्थ की गतिविधियों से दूर रहने की सलाह दी और कहा कि पढ़ाई एकाग्रता और समर्पण की मांग करती है। उन्होंने कहा, च्च्दुनिया सिर्फ सफलता देखती है। यदि आप अपने सपनों को स्पष्ट रूप से नहीं देखेंगे, तो उन्हें साकार करना कठिन होगा। सपने देखने के साथ-साथ उन्हें पूरा करने की दिशा में ठोस कदम उठाना आवश्यक है।

विधायक ने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्होंने 2018 में शिक्षक की नौकरी छोड़कर जनसेवा का मार्ग अपनाया, और जनता का अपार स्नेह ही उन्हें राजनीति में आगे ले आया। उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध रहने और सकारात्मक सोच रखने की प्रेरणा दी। महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ श्रीमती वीणा त्रिपाठी मैडम ने बताया कि 1997 से स्वर्ण पदक प्रदान किया जाता रहा है ताकि विद्यार्थी भविष्य में और अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित हो सके। कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग के प्रोफेसर जितेन्द्र बारले जी ने किया। इस कार्यक्रम में श्री दिनेश साहू, श्री डी आर साहू, श्री बी आर साहू, श्री एम एफ खान , डॉ डी डी द्विवेदी, सुश्री शैल शर्मा, श्री डी पी जनघेल,श्रीमती ज्योति , डॉ पायल गोस्वामी, डॉ डोसन साहू, आशुतोष शुक्ला समस्त स्टॉफ के साथ साथ छात्र छात्राएं शामिल हुए। भूगोल विभाग के डॉ द्विवेदी सर द्वारा आभार प्रकट किया गया।

अंत में विधायक श्री साहू ने महाविद्यालय के विकास हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही बेमेतरा जिले में नालंदा परिसर के पर भव्य लाइब्रेरी की निर्माण कार्य शुरू हो जाएगी द्य वही केंद्रीय विद्यालय का निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो जाएगी द्य अत्याधुनिक लाइब्रेरी की निर्माण से युवाओं की प्रतियोगी परीक्षाओ की तैयारी करने मे आसानी होंगी द्य इसके साथ ही खेल मैदान की भी व्यवस्था की जाएगी, जिससे जिले के युवाओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

# बेमेतरा जिले की 48 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र शुरू

**बेमेतरा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्टीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर 24 अप्रैल को पूरे देश के साथ छत्तीसगढ़ में भी अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्रों की शुरुआत हुई। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी सेवाओं की आसान, पारदर्शी और डिजिटल पहुंच सुनिश्चित करना है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने राज्य की 1474 ग्राम पंचायतों में इन केंद्रों का वर्चुअल शुभारंभ किया।*



बेमेतरा जिले में खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल ने नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत टेमरी में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र का शुभारंभ किया। जिले के कुल 48 ग्राम पंचायतों में यह सुविधा प्रारंभ की गई है, जिसमें बेमेतरा, बेरला और नवागढ़ विकासखंड की 10-10 ग्राम पंचायतें तथा साजा विकासखंड की 18 ग्राम पंचायतें शामिल हैं।

बेमेतरा विकासखंड की ग्राम पंचायतें- चरभाठा, गंगपुर, जौंग, कुर्दा, मारतरा, नागपुरा, नवागांव कला, ओटेबंद, पाँचभैया और लोलेसरा।

बेरला की ग्राम पंचायतें -अछोली, भेड़ानी, बारगांव, शिवर, हसदा, हटपन, कोड़वा, लवटारा, संकरा और सोरला।

नवागढ़ की ग्राम पंचायतें- अंधियारखोर, बोरतरा, एरमसाही, गनियारी, मालदा, रनबोर, संबलपुर, सिवानी, तरपोंगी और टेमरी है ।

साजा विकासखंड की ग्राम पंचायतें - बुंदेली, गड्डवा, घाटवानी, कोंगियाकला, रौद्र, सहसपुर, टेंडुभाठा, तिरियाभाठ, बंरका, कारेसरा, खैरझीटी कला, खटी, किरकी, ओड़िया, पदुमसरा, पतोरा, सैगोंना और सौरी है।

इन डिजिटल सुविधा केंद्रों में जन्म, मृत्यु, जाति, आय, निवास, विवाह पंजीयन जैसे प्रमाणपत्रों की सुविधा के साथ राजस्व सेवाएं भी उपलब्ध हैं। साथ ही ग्रामीण नागरिक अब माइक्रो एटीएम, आधार आधारित भुगतान, डिजिटल लेनदेन, बीमा प्रीमियम भुगतान, बिजली-पानी के बिल भुगतान, पेंशन संबंधित सेवाएं और बैंकिंग सुविधाओं का लाभ भी उठा सकेंगे इन केंद्रों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा और ग्रामीण अपने गाँव में ही सरकारी सेवाओं तक सरल से प्राप्त कर सकेंगे ।

# विश्व मलेरिया दिवस पर जागरूकता रथ रवाना, मलेरिया उन्मूलन का लिया संकल्प

**बेमेतरा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर आयोजित आज शुक्रवार को जिले में विभिन्न शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों द्वारा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम (मलेरिया हमारे साथ समाप्त हो जाए - पुन: निवेश करें, पुन: कल्पना करें, पुन: प्रज्वलित करें) के अंतर्गत यह आयोजन किया गया।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यशंवत कुमार ध्रुव एवं जिला नोडल अधिकारी सह जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक बसोड़ द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस रथ के माध्यम से आमजन को मलेरिया के लक्षण, बचाव और उपचार संबंधी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का उद्देश्य वर्ष 2027 तक प्रदेश को स्थानीय मलेरिया संक्रमण से मुक्त करना एवं 2030 तक मलेरिया का पूर्णत: उन्मूलन करना है। इसके लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया गया।

शहरी क्षेत्र की समस्त मितानिनों के लिए मलेरिया पर एक कार्यशाला का भी आयोजन किया गया, जिसमें मलेरिया की पहचान, रोकथाम व त्वरित उपचार संबंधी जानकारी प्रदान की गई। मलेरिया संक्रमित मादा मच्छर के काटने से फैलता है, जिसके लक्षणों में तेज बुखार, बदन दर्द, सिर दर्द एवं उल्टी आदि शामिल हैं।

स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि मलेरिया की जांच एवं उपचार सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नि:शुल्क उपलब्ध है। साथ ही मच्छरों के लार्वा नियंत्रण के लिए रुके हुए पानी में मिट्टी का तेल अथवा जला हुआ मोबिल ऑयल डालने तथा कीटनाशक-उपचारित मच्छरदानी के प्रयोग की सलाह दी गई।

कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री लता बंजारे, व्ही.बी.डी. पर्यवेक्षक श्री गुलाबचंद साहू, जिला मितानिन समन्वयक श्रीमती लता मेरावी, मितानिन प्रशिक्षक उषा साहू, समस्त मितानिन एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।इस अवसर पर सभी ने मलेरिया मुक्त समाज की दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया।

# बालोद पुलिस फिंगरप्रिंट प्रशिक्षण से होगी हाईटेक, एक क्लिक से अपराधियों की निकलेगी पुरी कुण्डली

**बालोद,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। पुलिस मुख्यालय नया रायपुर के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल के निर्देशन व अति. पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी, अति. पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर के मार्गदर्शन में एवं डीएसपी राजेश बागड़े के नेतृत्व में पुलिस कार्यालय बालोद के सभागार में फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट राकेश नरवरे द्वारा आयोजित फिंगर प्रिंट एक दिवसीय कार्यशाला में जिले के कोर्ट मोहर्रिर, थाने में पदस्थ स्टाफ एवं सीसीटीएनएस आपरेटर शामिल हुए। जिसमें गिरफ्तार व्यक्तियों, संदेहियों एवं निगरानी बदमाशो के दोनो हाथों की अंगुली चिन्ह तैयार करने के संबंध में एवं घटना स्थल में अंगुली चिन्हो को सुरक्षित करने के तरीके, अज्ञात मृतक के चर्म पोर को सुरक्षित करने एवं योजना के संबंध फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इससे आरोपी के बारे में आनलाईन फिंगर प्रिंट मिलान कर त्वरित आरोपी के बारे में जानकारी मिल सकेगी। पहले आरोपी का फिंगर प्रिंट मेनुअल लिया जाता था एवं मिलान भी मेनुअल किया जाता था। अब आनलाईन फिंगर प्रिंट लिया जाकर उसकी मैचिंग भी आनलाईन किया जायेगा। फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट द्वारा उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारियों से फिंगर प्रिंट के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान उपस्थित स्टाफ ने क्यूरी सवाल भी किये जिसका समुचित समाधान करते हुये उनके सवालो का जवाब दिया गया।



क्राइम सीन पर किसी भी प्रकार के फिंगर प्रिंट साक्ष्य को बिना हानि पहुचाये सचेत होकर इविडेंस कैसे कलेक्ट करें इसके बारे में भी बताया गया ताकि घटना का पूर्ण रूप से सही निरीक्षण कर अपराधी को पकड़ा जा सके एवं पिड़ित को न्याय दिलाया जा सके।

उक्त कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी, डीएसपी राजेश बागड़े, रक्षित निरीक्षक रेवती वर्मा, जिले के सभी थाने से अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिले के नवपदस्थ कलेक्टर से प्रेस क्लब बालोद ने गुलदस्ता भेंट कर किया सौजन्य मुलकात



**बालोद,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रेस क्लब बालोद द्वारा नवपदस्थ बालोद जिला कलेक्टर सुश्री दिव्या उमेश मिश्रा का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत व अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर बालोद जिला के विकास कार्यों, गंभीर पेयजल समस्या, शासकीय योजनाओं, जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा .सीटी स्कैन मशीन डॉक्टरों की कमी, एनएच हाईवे रोड, ई लाइब्रेरी, तादुला रिजॉर्ट व अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार पूर्वक बातचीत की गई। इस मौके पर प्रेस क्लब बालोद अध्यक्ष प्रदीप चोपड़ा, संरक्षक दीपक मित्तल, पत्रिका जिला प्रमुख अखिल साहू, नवभारत से जयकरण परिहार, सबेरा संकेत रूपचंद जैन, हाईवे चैनल से किशोर साहू, सार्थक मित्तल, ताराचंद साहू आदि उपस्थित थे।

# पहलगाम में हुए हमले की निंदा कर दी गई श्रद्धांजलि

**थानखम्हरिया,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर में स्थित भारत माता चौक में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए, आतंकी हमले की सभी दलों के लोगों ने कड़ी निंदा की। 2 मिनट का मोमबत्ती जलाकर मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि चंदन अग्रवाल, डॉ. आर. पी. शर्मा , भाजपा नेता राजेश ठाकुर, अनिल सिंघानिया उपस्थित थे।



जोशी जी ने कहा कि इस कायरता पूर्ण हमले में निर्दोष नागरिकों को क्रूर तरीके से निशाना बनाना निन्दनीय है। आगे आपने कहा। पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ। आतंकी हमला बेहद शर्मनाक निन्दनीय है। निहत्थे और बेकसूर लोगों को निशाना बनाना मानवता पर हमला है। इस घटना से पूरा देश स्तबध है। और हम सभी उनके दुख में साथ हैं। जिन्होंने इस घटना में अपनों को खोया है। आतंकवादी को इस कायरता कृत्य के लिए केंद्र सरकार के द्वारा मुंहतोड़ जवाब दिया जावेगा। देश आतंकवाद के खिलाफ है। जम्मू कश्मीर में शांति भंग करने की साजिश कामयाब नहीं हो पाएगी। *आगे राजेश ठाकुर ने* जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए, आतंकिय हमला के हम निंदा करते हैं। कहा किसी ने अपना भाई खोया, किसी ने अपना पुत्र खोया, किसी ने अपना सुहाग खोया इस दुखद घड़ी में परिवार के साथ हैं । पूछ पूछ कर हत्या करना साबित करता है। कि आतंकी मुस्लिम थे। आगे आपके द्वारा हिंदुओं को एकजुट होने की बात कही। मुसलमान से लेनदेन को बहिष्कार करने की बात कही। इस अवसर पर प्रमुख रूप से थाना प्रभारी चंद्रदेव वर्मा , सुरेंद्र तिवारी मुंशी, प्रमोद सिंघानिया, गौरव बिंदल, शिव केडिया, गिरीश शर्मा, विनोद सिंघानिया,पवन मुरारका, पवन अग्रवाल, विकास अग्रवाल,योगराज साहू, चंद्रशेखर राजपूत, सूरजपाल पार्षद, शरद कुंभकार, विनित शर्मा,अमित बिंदल, ढाल सिंह राजपूत, धनराज सोनी,कमल किशोर शर्मा, उपस्थित थे।

श्रद्धांजलि सभा में मां भारती सेवा समिति के सदस्यों द्वारा भी मृतकों को श्रद्धांजलि दी।

# अक्षय तृतीया पर में गुड्डा-गुड़िया विवाह की तैयारियां, बच्चों ने ली जिम्मेदारी

**थानखम्हरिया,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर थानखम्हरिया नगर में पारंपरिक अंदाज में गुड्डा-गुड़िया विवाह की तैयारियों में बच्चों का उत्साह चरम पर है। छत्तीसगढ़ में 'अक्ति' के नाम से प्रसिद्ध यह पर्व, बालमन की कल्पनाओं और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत उदाहरण बन चुका है।

नगर के जयस्तंभ चौक में रंग-बिरंगे और आकर्षक गुड्डा-गुड़िया की दुकानों की सजावट ने बाजार को चटख रंगों से भर दिया है। कुम्हार दौवा कुंभकार ने बताया कि गुड़िया और गुड्डा के चेहरे की बनावट में सफाई को लेकर खास मांग रहती है। ग्राहक यह सुनिश्चित करते हैं कि नाक, आंख, कान और मुंह की बनावट सुंदर और सजीव हो।

वार्ड क्रमांक 8 और 9, विशेष रूप से पटेल पारा और कुम्हार पारा में पुतला-पुतली विवाह की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। बच्चों की टोलियां विवाह में खर्च हेतु घर-घर जाकर सहयोग मांग रही हैं, और नगरवासी भी बढ़-चढ़कर इस सांस्कृतिक आयोजन में सहभागिता निभा रहे हैं।



वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद प्रवेश नेताम ने बताया कि बच्चे इस आयोजन को अपने पारिवारिक विवाह की तरह पूरी गंभीरता और उत्साह से निभाते हैं। गुड्डा पक्ष को वरपक्ष और गुड़िया पक्ष को वधूपक्ष मानते हुए पूरी छत्तीसगढ़ी रीति-रिवाज का पालन करते हैं।

अक्ति के दिन सुबह चुलमाटी की रस्म, दोपहर को संगीत, मेहंदी समारोह और शाम को बारात की रौनक पूरे नगर को सांस्कृतिक रंग में रंग देती है। विवाह में सात फेरे और विदाई की रस्म के साथ यह पर्व बच्चों को न सिर्फ आनंद देता है, बल्कि परंपरा की जड़ों से भी जोड़ता है।यह आयोजन बच्चों की रचनात्मकता, सामाजिकता और सांस्कृतिक समझ का सुंदर संगम बनकर सामने आता है, जो आने वाली पीढ़ियों में हमारे लोक जीवन की समृद्ध परंपराओं को जीवंत बनाए रखने में सहायक है।

# सास की हत्या करने वाली कलयुगी बहु को आजीवन कारावास की सजा

## अपर सत्र न्यायालय खैरागढ़ ने सुनाई सजा



**खैरागढ़,** 25 अप्रेल (देशबन्धु)। वर्ष 2020 में थाना खैरागढ़ में धारा 302 भादवि के प्रकरण में अपर सत्र न्यायधीश खैरागढ़ के द्वारा आरोपी बहु रूपा साहू उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम मुस्का को आजीवन सश्रम करावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 16 जुलाई 2020 की रात करीबन 8:45 बजे ग्राम भीमपुरी थाना खैरागढ़ जिला केसीजी में बहु रूपा साहू ने अपनी सास बिन्दा साहू की हत्या करने की आशय से लोहे की ठोस वस्तु फूकनी से उसके सिर में बार-बार प्रहार करते हुए प्राण घातक हमला कर उसकी हत्या की थी। आरोपी बहु के आरोप सिद्ध होने पर न्यायालय ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही

पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने इस प्रकरण की विवेचना

# विभाग की लापरवाही से सुख गये पेड़

**परपोड़ी,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पंचायत परपोड़ी ग्राम भटगांव मार्ग पर स्थित कृष्णा कुंज जहाँ वन विभाग द्वारा 0.44 हेक्टेयर जमीन पर नगर के वातावरण और पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए वृक्षा रोपण कर जाली तार लगाकर सुरक्षित किया गया हैं आज क्या हैं वहाँ की स्थिति ?



पढ़ने और सुनने मे आपको थोड़ा आश्चर्य हो रहा होगा की हआपके साजा विधानसभा मे वन मंडल जैसी भी कोई योजना और विभाग होंगी साजा एक मैदानी और कृषि प्रधान क्षेत्र हैं वन क्षेत्र से 40,50 किमी की दुरी मे स्थित कवर्धा राजनांदगाव क्षेत्र मे तो वन से संबंधित योजनाएँ यहां कैसे लागु हुई और हुई तो कहा ?

और क्या हैं उस योजना की वर्तमान स्थिति ? कितनी लागत से निर्माण किया गया ? सभी के मन मे यह प्रश्न अवश्य आ रहा होगा तो आइए जानते हैं. । छत्तीसगढ़ शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन द्वारा उदमी योजना के तहत वन मंडल परिक्षेप साजा दुर्ग छत्तीसगढ़ द्वारा पर्यावरण वानिकी मद के तहत विगत वर्ष सन 2022-23 मे अलग अलग प्रजातियों और प्रकार के लाखो की लागत के वृक्ष रोपण किया गया साथ हि साथ कृष्णा कुंज के बाहर लगे होल्डिंग बोर्ड पर आप सभी वृक्ष गुण नाम और प्रजातियों के बारे मे पढ़ सकते हैं बड़े बड़े स्पष्ट शब्दों मे लिखा गया हैं, किन्तु आज वहाँ की स्थिति क्या हैं, कोई सुध लेने वाला नहीं उसके रख रखाव के नाम पर लाखो रुपए प्रस्तावित कर तो दी जाती हैं,परन्तु उस राशि का कोई सदुपयोग नहीं किया जाता ऐसे हि सरकार की कई महत्वकान्छी योजना गर्त मे चली जाती हैं, योजना के नाम पर अधिकारी सिर्फ खाना पूर्ति करते हैं कोई सुध नहीं ले रहा देख रेख और पानी के आभाव मे वृछो का जीवन समाप्त होने के कगार पर हैं।

# नाबालिग से दुष्कर्म मामले में आरोपी को 20 वर्ष की सजा

## जुर्माना न भरने पर 3 माह का अतिरिक्त कारावास

**खैरागढ़,** 25 अप्रेल (देशबन्धु)। नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी टाकेन्द्र उर्फ टिकु पिता सूदन वर्मा उम्र 27 वर्ष ग्राम केसला थाना खैरागढ़ को न्यायालय ने 20 साल की सजा सुनाई है। जानकारी अनुसार 5 नवम्बर 2019 को आरोपी ने एक नाबालिग लड़की को अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी पर धारा 363, 366, 376(2)(जे)(एन) भारतीय दण्ड संहिता एवं धारा 3 के उल्लघंन में धारा 4 लैंगिक अपराधों से बालको का सरक्षण अधिनियम 2012 के तहत केस दर्ज किया है। अभियोजन पक्ष ने कोर्ट में गवाह पेश किए और सबूतों के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को दोषी माना। कोर्ट ने अपहरण की धारा 363 में 7 वर्ष की सजा और 1000 रुपए जुर्माना लगाया। धारा 366 में 10 वर्ष की सजा और 1000 रुपए जुर्माना एवं लैंगिक अपराधों से बालको का सरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 3 के उल्लंघन में 20 वर्ष की सजा के साथ 3000 रुपए का जुर्माना लगाया है। जुर्माना न भरने पर 3 माह का अतिरिक्त कारावास होगा।



# नगर की यातायात व्यवस्था बदहाल, जिम्मेदार विभाग मौन



**थानखम्हरिया,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। सड़कों पर अराजकता का आलम है और संबंधित विभागों की उदासीनता ने स्थिति को और भी गंभीर बना दिया है। जय स्तंभ चौक से दाऊ चौरा और भारत माता चौक तक हर 5 से 10 मिनट में लगने वाला जाम अब आम बात हो गई है। शहर के प्रमुख बाजारों और चौक-चौराहों पर दुकानदार खुलेआम सड़क पर कब्जा कर रहे हैं, जिससे पैदल चलने वालों से लेकर वाहन चालकों तक को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि न तो नगर पंचायत इस पर कोई कार्रवाई कर रही है और न ही ट्रैफिक विभाग की ओर से कोई सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई भी केवल दिखावे तक सीमित है। यातायात सुधारने के नाम पर केवल छोटे वाहन चालकों को निशाना बनाकर चालान काटा जाता है, जबकि भारी वाहन और बाजार में अवैध पार्किंग पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता।

नगर में अनियंत्रित यातायात और अव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था के चलते कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। यह स्थिति तब और चिंताजनक हो जाती है जब यह जान लें कि यह नगर एक प्रमुख व्यापारिक केंद्र है, जहां आसपास के 50 से 60 गांवों से प्रतिदिन हजारों लोग खरीदारी करने आते हैं।

स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि यातायात व्यवस्था को सुधारने हेतु ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि नगर का सामान्य जनजीवन सुरक्षित और सुगम रह सके।

# कांजी हाउस मवेशियो के लिए बना वरदान मिल रहा पौष्टिक आहार

■ आयुक्त की पहल से गंज मण्डी में बचे फल सब्जी पहुच रहा कांजी हाउस
■ महापौर के निर्देश गर्मी में मवेशियों की सुरक्षा कर कांजी हाउस मे चारा पानी सहित अन्य व्यवस्था रखे

**राजनांदगांव,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। सुगम आवागमन एवं दुर्घटना से बचाने निगम की टीम शहर के प्रमुख चौक चौराहो में घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही करती है तथा पकडे मवेशियों को कांजी हाउस में रखा जाता है। उक्त मवेशियों के पौष्टिक आहार देने आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा की पहल पर गंज मण्डी में बचे


फल सब्जी कांजी हाउस में लाया जा रहा है। मवेशियो को गर्मी के मौसम में चारा

पानी सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था सुचारू रूप से देने एवं उनकी सही देख भाल करने महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा निर्देश दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि घुमंतु मवेशी चौक चौराहो में बैठ जाते है जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है तथा मवेशी भी दुर्घटना का शिकार हो जाते है। इससे बचने तथा मवेशियों की सुरक्षा के लिये शासन द्वारा भी मवेशी धर पकड अभियान चलाने समय समय पर निर्देशित किया जाता है। शहर के चौक चौराहो में बैठे मवेशियो को पकड कर नगर निगम की टीम रेवाडीह एवं कन्हारपुरी काजी हाउस मे रखते है, जिसे अर्थदण्ड लेकर छोडा जाता है। कांजी हाउस में रखे मवेशियों को निगम द्वारा चारा पानी दिया जाता है। मवेशियों को पौष्टिक आहार देने आयुक्त श्री विश्वकर्मा निरीक्षण के दौरान गंज मण्डी जाकर व्यापारियों से सम्पर्क कर बचे फल एवं सब्जी कांजी हाउस में देने कहा जिसके परिपालन में विगत 15 दिनों से अधिक समय से गंज मण्डी से बचे हुए फल एवं सब्जी कांजी हाउस में लाया जा रहा है, जिसे खाकर मवेशी पुष्ट हो रहे है।

कांजी हाउस में रखे कुछ मवेशी जिन्हे बाहर से छोडा गया है और जिसे कोई लंबे समय से लेकर नहीं गया है ऐसे मवेशियों को नीलाम करने की प्रक्रिया भी की जा रही है। ताकि जरूरतमंद लोग मवेशियों को ले जाकर उसका देख भाल कर सके। महापौर श्री यादव ने भी बढते गर्मी को देखते हुए कहा है कि कांजी हाउस में रखे मवेशियो की उचित देख भाल किया जाए और सभी आवश्यक व्यवस्था दुरूस्त कर उनके खाने पीने की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए। वर्तमान में कांजी हाउस में रखे मवेशियों को मण्डी का पौष्टिक आहार प्रतिदिन मिल रहा है, जिससे मवेशी पुष्ट एवं सुंदर हो रहे है।

# डोंगरगांव की बेटी डॉ. युक्ता वैष्णव राइजिंग स्टार अवॉर्ड-2025 से सम्मानित



**राजनांदगांव,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर की प्रतिभाओं ने अलग-अलग क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मानवा रहे हैं। इसी क्रम में डोंगरगांव की बेटी डॉक्टर युक्ता वैष्णव ने जयपुर में आयोजित राइजिंग स्टार अवॉर्ड में हिस्सा लिया, जहां उन्हें 16वें महिला आइकन और अकादमिक आइकन पुरस्कार समारोह में राइजिंग स्टार अवॉर्ड-2025 से सम्मानित किया गया है, यह अवार्ड युक्ता को बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री भाग्यश्री ने के हाथों मिला है।

बता दें कि जयपुर की जेवीडब्ल्यूयू यूनिवर्सिटी में मेडिकल की पढ़ाई कर रही है। युक्त नगर के प्रतिष्ठित डॉक्टर बालकृष्ण सरोज वैष्णव की सुपुत्री है। युक्त बचपन से ही मेधावी छात्र रही हैं।

युक्ता ने न केवल अपनी पढ़ाई में उत्कृष्टता हासिल की, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। वर्ष 2022 में उन्हें एप्रीसिएशन ट्रॉफी, 2023 में मिस टैलेंटेड अवॉर्ड और 2024 में इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड में लार्जेस्ट गैदरिंग फॉर धन्वंतरि वंदना के लिए सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ, इतना ही नहीं, 2024 में युक्ता को जेवीडब्ल्यूयू यूनिवर्सिटी के छात्र संघ चुनाव में यूनिवर्सिटी प्रेसिडेंट के रूप में चुना गया, जो उनकी नेतृत्व क्षमता का प्रतीक है।

2025 में राइजिंग स्टार अवॉर्ड हासिल कर युक्ता ने एक बार फिर साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। इस उपलब्धि पर उनके माता-पिता, गुरुजन और डोंगरगांववासियों में हर्ष का माहौल है, उनकी सफलता पर संतोष वैष्णव, राजेंद्र कुमार वैष्णव, रामकिशोर वैष्णव, वीरेंद्र वैष्णव, रमेश वैष्णव, दीपमाला टावरी, नरेंद्र टावरी, मनीष बोहरा, श्रीकांत वैष्णव आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ा मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल राजनांदगांव :अभिमन्यु मिश्रा

## डायटिशियन, रेडियोलॉजिस्ट सहित कई स्टाफ की कमी, भोजन ठेके में भी मनमानी चरम पर

**राजनांदगांव,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा ने जारी बयान में कहा है कि मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल राजनांदगांव पूर्णत: अव्यवस्था की भेंट चढ़ चुका है स्टाफ की कमी के साथ साथ मूलभूत सुविधाओं में भी भारी कमी है साथ ही भोजन व्यवस्था में भी ठेकेदार द्वारा मनमानी की जा रही है जनता की शिकायत है कि वहां डॉक्टर नहीं हैं और जो हैं भी वो अपने क्लीनिक में ज्यादा व्यस्त रहते हैं इक्का दुक्का डॉक्टर हैं जो अपनी ड्यूटी पूरी जिम्मेदारी से निभाते हैं रेडियोलॉजिस्ट एक ही है साथ ही मरीजों व परिजनों से स्टाफ के दुर्व्यवहार की शिकायतें भी आ रही हैं इन सब के बीच स्वस्थ मंत्री राजनांदगांव आकर अपनी पीठ थपथपाते जरूर हैं लेकिन जमीनी हकीकत की जानकारी उन्हें नहीं है, जो पैसा आता है वह बाउंड्री वाल प्रतीक्षालय इत्यादि में लग जाता है जबकि सीटी स्कैन एम आर आई जैसी सुविधाओं का लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा है, ऐसे रेफर सिंडिकेट के चलने की बात भी आ रही है जिसमें निजी अस्पतालों में रेफर करने में जमकर कमीशनबाजी होती है निजी अस्पतालों के दलाल बाहर तक खड़े रहते हैं जो बाहर से ही मरीज हाईजैक कर लेते हैं एम्बुलेंस तक उपलब्ध नहीं होती ।



इसके अलावा शिकायत है कि वर्तमान में कोई डायटिशन भी नहीं है न कोई डाइट चार्ट फॉलो किया जाता है सभी मरीजों को एक ही खाना दिया जाता है चाहे कोई डायबिटीज का मरीज हो चाहे किसी का सर्जरी हुई हो सबको एक ही भोजन दिया जाता है भोजन की गुणवत्ता पर भी लगातार शिकायतें आती हैं, मेनू मांगने पर स्टाफ द्वारा दिखाया नहीं जाता इस प्रकार की मनमानी लगातार सामने आ रही है भोजन का टेंडर नहीं होने की बात भी सामने आ रही है उन्होंने यह भी कहा कि इन सब अव्यवस्थाओं की शिकायत नवपदस्थ कलेक्टर महोदय से जनदर्शन में शहर की अन्य समस्याओं के साथ की जाएगी ।

# सुशासन तिहार व प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा

**राजनांदगांव,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सभी महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने सुशासन तिहार एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के क्रियान्वयन एवं प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सर्वेक्षण का कार्य मिशन मोड में करते हुए दो दिवस में कार्य पूर्ण करने निर्देशित किया। उन्होंने सर्वे सूची को ग्राम पंचायत के सूचना पटल पर चस्पा करने तथा ग्रामसभा की बैठक में वाचन करने के निर्देश दिए। बैठक में सुशासन तिहार के संबंध में जनपद पंचायतवार समीक्षा की गयी। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि सुशासन तिहार शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। उन्होंने बताया कि 5 से 15 मई तक जनपद स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश के मंत्रियों द्वारा सुशासन तिहार की प्रगति की जानकारी लेने के लिए जिले में किसी भी ग्राम पंचायत में आगमन होगा एवं आवेदन पत्रवार इसकी जानकारी ली जाएगी। उन्होंने जिला स्तर पर तैयार निराकरण प्रपत्र के संबंध में सभी आवेदन पत्रों का समय सीमा में निराकरण करने निर्देशित किया। जिला पंचायत सीईओ ने सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का जिला स्तर पर प्रत्येक जनपद पंचायत में नोडल अधिकारी की निगरानी में आवेदन पत्रों का निराकरण करने कहा। मनरेगा अन्तर्गत बकरी शेड, मुर्गी शेड एवं अन्य कार्यों हेतु अधिक मात्रा में आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है। जिसके लिए आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।




जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने जल संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में किये जाने वाले कार्यों की जनपद पंचायतवार समीक्षा की। उन्होंने रिचार्ज शॉप्ट की प्रगति पर असंतोष प्रकट करते हुये कार्य में प्रगति लाने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक रिचार्ज शॉप्ट का प्रस्ताव तैयार करने निर्देशित किया। उन्होंने संगम अभियान अन्तर्गत होने वाले कार्यों की जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि संगम अभियान को मनरेगा एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से संचालित किया जाएगा। जिसमें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के लखपति दीदीयों को जोड़कर प्रदर्शित करना है एवं इस योजना का लाभ दिलाकर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाएगा। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की गयी तथा अपूर्ण शौचालय एवं एसएसजी सेंटर के कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही शेष अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा कर कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया गया। बैठक में जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के समस्त योजनाओं एवं कार्यक्रमों के अधिकारी शामिल हुए ।

# रश्मि देवी महाविद्यालय में राष्ट्रीय बागवानी दिवस मनाया गया

**खैरागढ़,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ में 15 अप्रैल 2025 को प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता और वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जितेंद्र कुमार साखरे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बागवानी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के संयोजक भबीता मंडावी (सहा. प्रा.वनस्पति शास्त्र) ने बीएससी द्वितीय सेम तथा एमएससी के विद्यार्थीयो को बताया कि राष्ट्रीय बागवानी दिवस हर साल 14 अप्रैल को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मकसद बागवानी के फ़ायदों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और बागवानी की खुशियों का जश्न मनाना है। घरेलू माली और छात्रों को बागवानी के बारे में ज़्यादा जानने के लिए प्रोत्साहित करना तथा बसंत ऋतु आने और मौसम गर्म होने पर बागवानी की तैयारी करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने विद्यार्थियों ने गमलो में सुंदर पौधो का रोपण किया। इस उपलक्ष में अंजली पटेल, खेमपाल धनकर, दामिनी वर्मा, निशा दुबे, अश्वनी वर्मा, खुशबू सिन्हा के अलावा बड़ी संख्या में छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे।



# मुस्लिम समाज द्वारा आतंकवाद के खिलाफ किया पुतला दहन

**डोंगरगढ,** 25 अप्रेल (देशबन्धु)। पहलगाम कश्मीर में आतंकी हमले के विरोध में गोल बाजार जामा मस्जिद के सामने जुम्मा नमाज के बाद मुस्लिम समाज द्वारा आतंकवाद के खिलाफ पुतला दहन किया गया जिसमें शहर के सभी मुस्लिम लोग उपस्थित थे । डोंगरगढ़ सुन्नी मुस्लिम जमात ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। इस हमले में 26 मासूम नागरिकों की दर्दनाक मौत हो गई, जिससे पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई है। मुस्लिम समाज ने इस घटना को इंसानियत, अमन और एकता पर सीधा हमला बताया। संस्था की ओर से जारी बयान में कहा गया है, च्आतंकवादी देश की एकता और अखंडता को तोड़ना चाहते हैं। कभी चलती ट्रेन में धर्म के नाम पर, कभी जाति पूछकर, कभी नारा लगाकर लोगों को गोली, बंदूक से मार देना आतंकवाद है। ऐसे आतंकवादियों से सरकार को कड़ाई से निपटना चाहिए। हमले के दोषियों को सख़्त सज़ा मिले — यही इंसाफ है।






**राजनांदगांव,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जम्मू कश्मीर राज्य के पहलगाम में आंतकवादी हमले से पर्यटकों की दुखद मृत्यु होने पर सुबह 10 बजे मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा भी मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई।

# रोप-वे की गिरी ट्राली, भाजपा महामंत्री को लगी गंभीर चोट, पूर्व मंत्री पैकरा सहित छह लोग थे सवार

**डोंगरगढ,** 25 अप्रेल (देशबन्धु)। मां बम्लेश्वरी मंदिर के रोप-वे में शुक्रवार दोपहर हुए हादसे की प्रारंभिक वजह अचानक बिजली का लोड अधिक बढ़नें को बताई जा रही है। हालांकि यह टेक्निकल टीम ने लिखित रूप से फिलहाल नहीं दिया है। लेकिन कलकत्ता से एक्सपर्ट इंजीनियरों की टीम के आनें के बाद पूरी वजह सामनें आएगी। रोप-वे का संचालन कर रही दामोदर एन्ड रोप वे इंफ्रा प्रा लिमिटेड कलकत्ता के साइट इंचार्ज धर्मेंद्र ठाकुर के प्रारंभिक जांच के मुताबिक दोपहर करीब डेढ़ बजें जब बिजली का लोड अचानक बढ़ गया तभी ट्राली का चैन सिस्टम व्हील से अलग हो गया और ट्राली प्लेटफार्म में गिर गई। प्लेटफार्म में ट्राली आनें के बाद चैन और व्हील के माध्यम से ही रोप (केबल) के सम्पर्क में रहता है। इस रोप-वे को मेंटेनेंस कार्य के चलतें एक साल में 52 दिन बंद रखा गया है। वहीं रोजाना दिन में चार घंटे मेटेनेंस करनें का दावा कम्पनी ने किया है। इसके बाद भी अचानक हुए हादसे ने इस पर कई सवाल खड़े कर दिए है। साइट इंचार्ज ठाकुर के अनुसार उनके पास रोजाना 14 प्रशिक्षित लोगों की टीम काम करती है। अब हादसे की मुख्य वजह पता लगानें व सुधार के लिए कलकत्ता से एक्सपर्ट इंजीनियरों की टीम डोंगरगढ़ आएगी।



## ■ लोड अधिक होने से गिरी ट्राली

कुंदरगढ़ में रोप वे लगानें के संबंध में बैठक के लिए पहुंचें थे पैकरा- पूर्व मंत्री व वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा की डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक होनी थी। कुंदरगढ़ मंदिर में भी रोप-वे लगानें की योजना है। इस संबंध में पैकरा विस्तृत चर्चा करनें के लिए पहुंचे थे। लेकिन रोप-वे से नीचे उतरते समय अचानक यह हादसा हो गया। उनके साथ कुंदरगढ़ मंदिर से जुड़े लोग भी बैठक में शामिल होनें पहुंचे थे। उन्हें भी मामूली चोट लगी है। हादसे में भाजपा के प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा को गंभीर चोट लगनें की वजह से रायपुर रेफर कर दिया है। जबकि पूर्व मंत्री रामसेवक पैकरा, भिलाई निगम के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह, मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के अलावा दो अन्य सिद्धार्थ सिंह व बलराम सोनी को मामूली चोट लगी है। घटना की खबर लगते ही पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आशीष कुंजाम, वरिष्ठ भाजपा नेता हरविंदर सिंह मगे , नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे शहर मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोवाना अन्य कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली ।

डेढ़ फ़ीट की ऊंचाई पर थी हादसे वाली ट्राली- इधर मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने देर शाम प्रेस कांफ्रेंस लेकर बताया कि जिस रोप-वे की जिस ट्राली में यह हादसा हुआ उसमें मैं स्वयं सवार था। ट्राली प्लेटफार्म से केवल डेढ़ फ़ीट की ऊंचाई पर थी। उनके अनुसार रोप-वे चैत्र नवरात्रि के पूर्व 12 दिन मेटेनेंस हुआ और रोजाना जांच के बाद ही संचालन शुरु किया जाता है। यह एक तकनीकी खामी भी हो सकती है। फिलहाल एक्सपर्ट इंजीनियरों के आनें के बाद पूरी वजह सामनें आएगी।

प्रत्येक तीन महीनें में होती है फिटनेस टेस्ट, सरकारी अफसर करतें है जांच- रोप-वे संचालन मापदंड के तहत प्रत्येक तीन माह में फिटनेस टेस्ट होती है। जिसमें लोक निर्माण विभाग व बिजली कम्पनी के टेक्निकल टीम शामिल रहती है। ये सरकारी अफसर फिटनेस की जांच करनें के बाद ही रोप-वे चलानें के लिए ओके रिपोर्ट देते है। यह रिपोर्ट एसडीएम दफ्तर में जांच के लिए जाती है। सभी मापदंड में खरा उतरनें के बाद ही रोप-वे संचालित करनें दिया जाता है। लेकिन इसके बाद भी तकनीकी खामी के चलतें यह हादसा हो गया।

# 10 मई को होगा नेशनल लोक अदालत का आयोजन, सफल बनाने हुई बैठक

**खैरागढ़,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर व अध्यक्ष सुषमा सावंत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के निर्देशानुसार अध्यक्ष मोहनी कंवर तालुक विधिक सेवा समिति खैरागढ़ की अध्यक्षता में 24 अप्रैल 2025 को नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने बैंक, नगर पालिका, बीएसएनएल, विद्युत विभाग के कर्मचारियो व प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन व्यवहार न्यायालय खैरागढ़ में हुआ। ज्ञात हो कि आगामी नेशनल लोक अदालत 10 मई 2025 को आयोजित होने वाला है। उक्त नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किए जाने के संबंध में तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष मोहनी कंवर द्वारा 24 अप्रैल को बैंक, नगर पालिका, बीएसएनएल, विद्युत विभाग के कर्मचारियों व प्रतिनिधियों के साथ मीटिंग आयोजित किया गया जिसमें मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्याम कुमार साहू, जेएमएफसी आकांक्षा खलखो, जयंत बिसेन छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, उज्ज्वल कुमार, दीपक कुमार साहू आईडीबीआई बैंक, ओम प्रकाश पंजाब नेशनल बैंक और संदीप कुमार बैंक ऑफ महाराष्ट्र, टीडी वर्मा विद्युत विभाग, पियूष चंद्र यदु नगर पालिका, सीआर चूरेंद्र बीएसएनएल और पैरालीगल वालिंटियर गोलूदास साहू उपस्थित रहे। बैंक, नगर पालिका, बीएसएनएल, विद्युत विभाग के कर्मचारियों व प्रतिनिधियों के द्वारा ज्यादा से ज्यादा प्रकरणों के निराकरण करने का प्रयास किए जाने के लिए जोर दिया गया एवं बताया गया कि उनके द्वारा नेशनल लोक अदालत में प्री लिटिगेशन प्रकरण निराकरण के लिए पेश किया गया है। आगामी नेशनल लोक अदालत में व्यवहार प्रकरण यथा संपत्ति संबंधी वाद, धन वसूली संबंधी वाद, बैंक एवं अन्य वित्तीय संस्थाओं से संबंधित मामले, राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, परिवार न्यायालय में लंबित वैवाहिक एवं अन्य मामले, विशेष न्यायालय (विद्युत अधिनियम) में लंबित प्रकरण, अन्य राजस्व संबंधी समझौता योग्य मामले का निराकरण होता है।



# कलेक्टर ने किया पांडादाह आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण

■ पोषण ट्रैकर एप में बच्चों की उपस्थिति दर्ज नहीं करने कार्यकर्ता और सहायिका को नोटिस

**खैरागढ़,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रावल ने गुरुवार को जिले के खैरागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पांडादाह स्थित सक्षम आंगनबाड़ी क्रमांक-01 का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए आवश्यक सुविधाओं जैसे कि साफ-सफाई, पोषण आहार और समय पर वितरण की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने पोषण ट्रैकर एप का भी मुआयना किया जिसमें केन्द्र अव्यवस्थित पाया गया और पोषण ट्रैकर एप में बच्चों की उपस्थिति दर्ज नही की गई थी जबकि शासन के निर्देशानुसार आंगनबाडी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति उपरांत पोषण ट्रैकर एप में ऑनलाईन दर्ज किया जाना है। मामले में कलेक्टर ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, एसडीएम टंकेश्वर साहू सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रावल के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाडी केन्द्र पांडादाह कमांक-01 की कार्यकर्ता अंजनी कौशिक और सहायिका सुमेति रामटेके की कार्यशैली को घोर लापरवाही अनुशासनहीनता व शासकीय कार्यों में उदासीनता मानते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

भगवान ने आदमी से पूछा-तुम्हारी इच्छा क्या है?
आदमी शादी के बाद- कृपया करके मेरे बैचलर वाले दिन वापस लौटा दें।
भगवान हंसे और बोले- बेटा, मन्नत मांगने कहा था जन्नत नहीं।



# स्व. सोनचंद वर्मा स्मृति फाउंडेशन के तत्वाधान में 'एक देश एक चुनाव' पर संगोष्ठी

**बलौदाबाजार**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। स्व. सोनचंद वर्मा फाउंडेशन के तत्वधान में एक देश एक चुनाव पर संगोष्ठी का आयोजन बलौदाबाजार के जिला ऑडीटोरियम में आयोजित किया गया। इस आयोजन में नगर के वरिष्ठजनो ने इस संगोष्ठी में हिस्सा लेकर एक देश एक चुनाव पर अपने विचार प्रकट किये। सर्वप्रथम स्व. सोनचंद वर्मा स्मृति फाउंडेशन के संयोजक पुष्पराज वर्मा ने वहॉ मौजुद सभी वरिष्ठजनो का पुष्पहार से स्वागत किया। इस अवसर पर छ.ग. शासन के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन मोदी सरकार की प्राथमिकताओ में से एक हैं। हॉलाकि कुछ राजनैतिक पार्टीयां इसका विरोध भी कर रही हैं। वन नेशन वन इलेक्शन का आशय यह है कि एक समय में पुरे देश भर में एक साथ लोकसभा और विधानसभा का चुनाव सम्पन्न करवाये जायें। अभी तक देशभर में दोनो ही चुनाव अलग अलग समय पर कराये जाते है लेकिन अब मोदी सरकार इसे एक ही समय पर करवाने के लिए प्रयास कर रही है।

इस अवसर पर संगोष्ठी कार्यक्रम में मौजुद भाजपा के वरिष्ट नेता एवं प्रदेशउपाध्यक्ष पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि पुर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोंविद की अध्यक्षता में एक कमेटी बनायी गयी थी। इसमें आठ सदस्य थे कमेटी का गठन



दो सितम्बर 2023 को किय गया था इसी कमेटी ने 14 मार्च को देश की राष्ट्रपति द्रौपति मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौप दी थी। वही अब इस बिल को कैबिनेट की बैठक में मंजुरी दी गयी है। जिसके बाद अब इसे संसद में पेश किया जायेगा। संसद में अगर सभी राजनैतिक पार्टियो का समर्थन मिलता है। फिर इसके पास होने के बाद एक समय पर चुनाव कराये जायेंगें। इससे अलग अलग चरणो में होने वाले चुनाव पर खर्च होने वाले पैसो की बचत होगीं, साथ ही साथ मैन पावर का भी सही इस्तेमाल हो सकेगा। इस अवसर पर शिक्षाविद एस.एम पाध्ये ने बताया कि एक देश एक चुनाव बिल के लिए बनायी गयी कमेटी में आठ सदस्य थे। इसमें पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, सीनियर एडवोकेट हरीश साल्वे, गृहमंत्री अमित शाह, अधीरंजन चौधरी, गुलाम नबी आजाद सहीत तीन बड़े अधिकारी शामिल थे। आठ सदस्यो के

**कार्यक्रम में मंत्री टंकराम वर्मा शिवरतन शर्मा शामिल हुए**

इसी कमेटी ने इस बिल के बारे में अपने सुझाव भी दिये थें इसके अलावा कई राजनैतिक दलों ने इस चुनाव का समर्थन किया था। श्री पाध्ये ने उक्त विषय को लेकर आंकडेवार जानकारी भी दी। वरिष्ठ अधीवक्ता भुपेन्द्र सिंह ठाकुर ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव विकसित भारत की आधारशिला है और यह एक मजबुत व स्थिर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण कारक शाबित होगा। उन्होने कहा किसी भी बडे राष्ट्रीय निर्णय को अंजाम तक ले जाने के लिए नीति, योजना, रणनीति और सबसे महत्वपूर्ण जनभागीदारी जरूरी हैं।

शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. के.के. साहू ने कहा कि एक देश एक चुनाव हो जाने से केवल चुनाव खर्च और आचार संहिता तक सीमित विषय नही बल्कि यह देश राजनीतिक इस्थिरता सुशासन और विकास को नई दिशा देने का माध्यम है। वहीं राजनीति के दृष्टि कोण से फिजुल खर्च में भी कटौती होगी। इस संगोष्ठी कार्यक्रम में जिले सहित पुरे विधानसभा से प्रबुद्धजन शामिल हुए। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजन डॉ. अजय राव, सहसंयोजक टेसुलाल धुरंधर, विजय केसरवानी, सदस्य राकेश तिवारी, सुनिल यदु राजनीतिक दल के प्रतिनीधि नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष अकांक्षा जायसवाल, तिल्दा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति चंद्रकला वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष डा. सनम जांगडे, जिला उपाध्यक्ष नरेश केसरवानी, श्रीमति नीलम सोनी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू, सिमगा जनपद अध्यक्ष दौलत पाल, जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव, इंदु जॉगडे, शिवशंकर अग्रवाल, डोमन वर्मा, पत्रकार रामाधार पटेल, मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, रवि वर्मा, संकेश शुक्ला, जितेन्द्र माहले, उमेश बाजपेयी, राजकुमार सेन, सिंधी समाज से आये राम पंजवानी, श्रीमति रजनी केसरवानी, रीटा केसरवानी, अनिल गुप्ता, कीर्ति गोस्वामी, राहुल सोनी, नेतराम साहू, मनोज कांत पुरेना, गौतम चौहान, अमितेश नेताम, कन्हैया सेन, मंजु फेकर, हरजीत सिंह सलुजा, संतोष पटेल, महेन्द्र साहू, सतीश पटेल, हरीश सेन, हेमन्त टिकरिया, द्वारिका वर्मा, पीयुष मिश्रा, सुशील सराफ सहित बडी संख्या मे लोग उपस्थित थें।

# सरकार का बड़ा निर्णय: भूमि हस्तांतरण प्रक्रिया हुई आसान नामांतरण के लिए पंजीयन अधिकारी अधिकृत : किशोर देवांगन

**नवापारा राजिम**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर छत्तीसगढ़ में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन प्रशासन ने पारदर्शी और भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ने बताया कि इसके तहत छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता की धारा 24 की उप-धारा (1) के अधीन तहसीलदार को प्राप्त नामांतरण की शक्तियां जिले में पदस्थ रजिस्ट्रार, सब-रजिस्ट्रार को दी गई हैं। ये अधिकारी अपने क्षेत्राधिकार में पंजीकृत विक्रय पत्र के निष्पादन हेतु अधिकृत होंगे। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है।



देवांगन ने आगे बताया कि यह अधिसूचना 24 अप्रैल 2025 से प्रभाव में आ चुकी है और इसे सभी जिलों में लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन द्वारा जारी अधिसूचना के तहत अब पंजीयन अधिकारी रजिस्ट्रार या सब-रजिस्ट्रार को उस क्षेत्र में पंजीकृत विक्रय पत्रों के आधार पर भूमि के हस्तांतरण का अधिकार सौंपा गया है। पूर्व में यह अधिकार तहसीलदार को प्राप्त था, जो कि भू-राजस्व संहिता की धारा 110 के तहत कार्य करते थे। अब इस बदलाव से भूमि क्रय-विक्रय प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी और कम समय में नामांतरण की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। किशोर ने कहा विष्णुदेव साय सरकार द्वारा जनहित में लगातार लिए जा रहे निर्णयों की कड़ी में यह एक और ऐतिहासिक निर्णय है क्योंकि सरकारी और निजी जमीनों को हड़पने और दस्तावेजों में फर्जीवाड़े की लगातार शिकायतें मिलती रहती हैं। लेकिन नए नियमों से वास्तविक भूमि स्वामियों को राहत मिलेगी और फर्जीवाड़े पर रोक लगेगी। इस निर्णय के लिए साय सरकार बधाई की पात्र है।

## आज निर्दोष हिन्दुओं की नृशन्स हत्या के विरोध में जन आक्रोश रैली शाम साढ़े 4बजे, सर्व हिन्दू समाज होंगे शामिल

**नवापारा राजिम**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए 27 निर्दोष हिन्दुओं की नृशन्स हत्या के खिलाफलोगों में जमकर आक्रोश छा गया। आतंकियों ने धर्म पूछ पूछ कर लोगों को गोली मारी और उन्हे कलमा पढ़ने को भी कहा गया। इस हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। लोग आतंकवादियों के खिलाफफांसी की मांग कर रहे हैं। घटना के दिन से ही पहलगाम में हुए नरसंहार को लेकर पूरे देश में लोग कैंडल मार्च, श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में नवापारा नगर के सर्व हिन्दू समाज के तत्वाधान में कल दिनांक 26 अप्रेल 25 शनिवार को जन आक्रोश रैली निकाली जाएगी। इसका निर्णय सर्व हिन्दू समाज द्वारा लिया गया है। हिन्दू समाज द्वारा अपील की गई है कि इस आक्रोश रैली में अपनी उपस्थिति प्रदान कर मृतात्माओ को शांति प्रदान करें साथ ही इस आक्रोश रैली के माध्यम से उन जिहादी मानसिकता वाले लोगो को भी हिन्दू एकजुटता का संदेश देवें। उन्होंने बताया कि शनिवार को भक्त माता कर्मा मंदिर, काली मंदिर के पास शाम 4.30 बजे से एकत्र होने के बाद सदर रोड, गंज रोड होते हुए पुन: कर्मा माता मंदिर में इस रैली का समापन किया जाएगा।

# अवैध रुप से शराब बिक्री कर रहे दो आरोपी के विरुद्ध की गई कार्यवाही

**धमतरी**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार द्वारा अवैध शराब, गांजा सहित अवैध कारोबारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं।



थाना कुरूद को मुखबिर के सूचना मिली की चरमुड़िया मोड़ के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा हैं की सूचना के आधार पर चरमुड़िया मोड़ कुरुद पुलिस द्वारा शराब रेड कार्यवाही कर आरोपी करण चंद्राकर पिता स्व जोगेन्द्र चंद्राकर उम्र 19 वर्ष सा. छाती के कब्जे से थैले के अंदर 20 पौवा देशी मशाला शराब कीमती 2000 रूपये एवं बिक्री रकम 150 रूपये, कुल 2150 रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना कुरुद में अप. क्र. 107/25 धारा 34 (1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया है।

इसी तरह चौकी करेली बड़ी को मुखबिर के सूचना मिली की ग्राम करेली बड़ी बाजार चौक के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा हैं की सूचना के आधार पर बाजार चौक के पास करेली पुलिस द्वारा शराब रेड कार्यवाही कर आरोपी धर्मेन्द्र साहू पिता गोकुल राम साहू उम्र 31 वर्ष सा. करेलीबडी के कब्जे से 11 पौवा देशी मशाला शराब कीमती 1100 रूपये बिक्री रकम 300 रूपये, कुल 1400 रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध चौकी करेली बड़ी में अप. क्र.58/25 धारा 34 (ख) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# करोड़ों की अवैध रेत भण्डारण को 9 जगह से तहसीलदार सृजन सोनकर के नेतृत्व में किया गया जब्त

**नवापारा राजिम**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। अंचल में अवैध रेत उत्खनन का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब तक खनिज विभाग यही कहता आ रहा है कि टीम मौके पर जाती है और उन्हें भनक लगने पर मशीन हाईवा सहित गायब हो जाते हैं। आज तहसील गोबरा नवापारा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नवागांव, जौंदा, जौंदी, रामपुर डगनिया के अलग अलग 09 स्थानों पर हुए अवैध रेत भंडारण पर राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग के संयुक्त टीम द्वारा लगभग 759 हाइवा अवैध रेत भंडारण पर जप्ती की कार्यवाही की गई। आज तहसीलदार सृजन सोनकर ने पटवारी और कोटवार के कहने पर अवैध भण्डारण की जानकारी ली। तहसीलदार ने प्लान बनाते हुए माइनिंग अधिकारी और पुलिस विभाग को अपनी टीम में शामिल कर छापामार कार्यवाही की। जिसमें 759 हाईवा रेत अवैध भण्डारण जब्त



किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से जौंदा के खसरा नंबर 150/1/2/1/2/5 लगानी भूमि पर 87 हाईवा, जौंदी के खसरा नंबर 124/2 त्रिलोकी पिता कलीराम व्दारा 60 हाईवा, केशु पिता इन्द्रकुमार खसरा नंबर 1089 शासकीय भूमि पर 58 हाईवा, डंगनिया खसरा नंबर 804/1 शासकीय भूमि पर अजय साहू पिता अर्जुन साहू 61 हाईवा, इसी तरह नवागांव, लखना में पांच स्थानों पर अवैध भण्डारण पाया गया, जिसमें प्रमुख रूप से अनिल साहू पिता नीलकण्ठ साहू नवागांव के खसरा नंबर 1059 शासकीय भूमि पर 40 हाईवा, रवि साहू पिता बालाराम नवागांव खसरा नंबर 986 लगानी भूमि 100 हाईवा, खसरा नंबर 1014 लगानी भूमि पर 173 हाईवा, पूर्णानंद पिता सेवकराम साहू खसरा नंबर 992 शासकीय भूति 51 हाईवा एवं शामीलात मनहरण पिता सुखराम साहू खसरा नंबर 08 पर 129 हाईवा जब्त की गई।

**छापेमारी में राजस्व, माइनिंग और पुलिस का अमला था संयुक्त रूप से**

# भोथली विद्यालय के पूर्व छात्र देवेंद्र का चयन पैरा स्पेशल आर्मी कमांडो में हुआ

**धमतरी**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्राम भोथली-सांकरा के होनहार युवा व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विद्यालय भोथली के पूर्व छात्र देवेंद्र साहू पिता कृष्ण कुमार साहू का चयन आर्मी पैरा स्पेशल कमांडो के रूप में हुआ है। देवेन्द्र बेंगलोर में 6 माह ट्रेनिंग के लिए शनिवार को रवाना हो रहे हैं। देवेंद्र साहू प्रारंभ से ही मेधावी छात्र रहे हैं तथा 10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षा में भी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। देश सेवा को प्राथमिकता देते हुए पूर्व में भारत स्काउट गाइड व राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक के रूप में सराहनीय योगदान दिया है। देवेंद्र के चयन होने पर पूरे ग्राम भोथली व विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्राचार्य एस. रामटेके शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष त्रिभुवन सनहरा ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। देवेंद्र ने अपने संघर्ष के दिनों को याद कर बड़े ही भावुक हो गए तथा युवाओं को अपने लक्ष्य तय कर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। रासेयों कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गणेश प्रसाद साहू ने भी प्रतीक चिन्ह व पेन प्रदान कर सम्मानित किया।

**देवेंद्र साहू ने भोथली विद्यालय व ग्राम को किया गौरवान्वित**



कार्यक्रम का संचालन एल.एन. साहू व आभार प्रदर्शन राकेश कुमार साहू ने किया। इस विदाई व सम्मान के अवसर पर गूहलेद सनहरा, अशोक सिंन्हा, नवलख साहू, गंभीर राम साहू, रामशरण मिश्रा, धनंजय सोनकर, एल.एन. शांडिल्य, महेंद्र साहू, गोविंद सिंन्हा, गोपेश साहू, डोमन ध्रुव, विनोद ध्रुव, उमाकांत साहू, रेखा देहारी, रेणुका ध्रुव, स्वाती शोरी, दीप्ति शुक्ला, दुर्गा साहू, किशोरी कश्यप, विमला साहू, लखनतीन धनुषधारी व छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

# रग्बी चैंपियनशिप गुवाहाटी असम के लिए 2 खिलाड़ियों का चयन

**महासमुंद**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय रग्बी एसोसिएशन द्वारा राष्ट्रीय सेवंस रग्बी चैंपियनशिप का आयोजन 27 से 28 अप्रैल तक गुवाहाटी असम में आयोजित किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य की टीम शामिल होने 24 अप्रैल को मुंबई हावड़ा मेल से रवाना हुए। विदित हो कि राज्य स्तरीय रग्बी चैंपियनशिप का आयोजन स्वामी विवेकानंद स्टेडियम रायपुर में 13 अप्रैल को आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए ओंकार निषाद पिता द्वारिका निषाद तुमगांव एवं लिशांशु साहू पिता चंद्रशेखर साहू तुमगांव का चयन हुआ है। महासमुंद जिले में रग्बी खेल का प्रशिक्षण डॉ. सुनील कुमार भोई व्यायाम शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोरिंग द्वारा तुमगांव एवं भोरिंग में ग्रामीण क्षेत्र खेल अभ्यास योजना अंतर्गत प्रदाय किये गए खेल सामग्री से प्रतिदिन आसपास क्षेत्र के बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाता हैं।



# आतंकियों को मिलेगी कड़ी से कड़ी सजा : विधायक

**महासमुंद**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा है कि यह एक कायराना हरकत है। हमारे देश के लोगों को इस प्रकार नाम और धर्म पूछकर मारना बहुत बड़ा दुष्कृत्य है। कई परिवार के चिराग बुझ गए। देश आज एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ने के लिए तैयार है। इस कृत्य का परिणाम उन्हें भुगतना पड़ेगा। इस नृशंस आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया है। उन्हें किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इसके साथ ही इस्लामिक आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है कई बार पाकिस्तान ऐसी हरकतें करते आ रहा है। इससे पहले भी हमारे देश की सेना ने उन्हें करारा जवाब दिया है। सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक करके पाकिस्तान को कई बार चेतावनी दी गई है, लेकिन वह फिर से वही गलती कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार कई कड़े फैसले लेकर आतंकवाद को पालने वाले पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर रही है। उन्होंने कहा कि हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी की बैठक >> शेष पृष्ठ 9 पर >



# आतंकी हमले में मारे गए भारतीयों को भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि

**बलौदाबाजार**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम के घाटी मे भीषण आतंकी हमला हुआ। जिसमें लगभग 28 भारतीय पर्यटकों की आतंकवादियों द्वारा हत्या कर दी गई। इस घटना में लगभग 25 से भी ज्यादा लोग घायल हो गए जिनका इलाज अस्पतालों में चल रहा है। इस घटना को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर पाकिस्तान के खिलाफ जमकर रोस प्रकट करते दिखे तथा पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों के साथ नगर के चौक चौराहों पर भाजपा कार्यकर्ता



निकलकर बड़ी संख्या में भारत माता जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते रहे तथा सरकार से आतंकवादियों एवं पाकिस्तान पर जल्द से जल्द कठोर कार्यवाही करने की मांग कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया।

इस घटना में मारे गए निर्दोष भारतीयों को नगर के अंबेडकर चौक में कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस श्रद्धांजलि सभा में छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के अलावा पूर्व विधायक डा. सनम जांगड़े, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, जिला पंचायत >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# एक राष्ट्र एक चुनाव आवश्यक हैं : नरेश केसरवानी

**बलौदाबाजार**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। एक देश एक चुनाव का समर्थन करते हुए भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नरेश केसरवानी ने कहा कि सभी को इस कार्यक्रम का समर्थन करना चाहिए। पहले भी एक साथ चुनाव 1952, 1957, 1962, 1967 में हुआ था उसके बाद प्रदेश सरकारों में समय से पहले गिर गई जिसके कारण यह असंतुलन हुआ।

श्री केसरवानी ने कहा कि हम लोग देखते है कि लोक सभा चुनाव में 90 दिन, विधानसभा में 60 दिन, नगरी और पंचायत चुनाव में 45, 45 दिन लगते है आचार संहिता सब को जोड़े तो 8 माह आचार संहिता और इसकी तैयारी में 4 माह और इस तरह 1 साल चुनाव में लग जाते है। चुनाव के पहले 1 साल चुनावी मोड में और 1 साल चुनाव के बाद पटरी में आने में लग जाता है अब बचा मात्र 2 साल ही सरकार काम कर पाती है जिसमें सभी विकाश होते है। यदि एक साथ लोक सभा विधानसभा चुनाव हो और उसके 100 दिन के अंदर नगरी व पंचायत चुनाव हो जाए तो विकाश के लिए 4.5 साल मिलेंगे, इस कार्य में लगे सभी कर्मचारी सैनिक, पुलिस भी एक बार में सभी चुनाव निपटता सकता है जिससे उनको एक ही बार के खर्चे में सब चुनाव हो जाएंगे, यही अलग अलग चुनाव में इससे 3 से 4 गुना ज्यादा खर्च होते है।



इन्होने यह भी कहा कि ये पैसा हमारे टैक्स से जाते है यदि ये बचे पैसे का विकाश होगा तो हमारा ही फायदा होगा। वहीं हो सकता की हमारे टैक्स भी कुछ कम हो जाए, जो चुनाव में कर्मचारी और शिक्षक लगते है उससे हमारे बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होती है। इसी प्रकार सभी विभाग के कर्मचारियों के चुनाव में लगने से विभागीय कार्य भी प्रभावित होता है। दूसरा फायदा यह की एक बार चुनाव में एक घोषणा पत्र होगा जिसे पूरा करने समय ज्यादा मिलेगा, आम मतदाता >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# कांपा के बुजुर्ग भाजपा नेताओं व उनके परिजनों से मिले बीज निगम अध्यक्ष

**महासमुंद**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर लगातार पार्टी के बुजुर्ग कार्यकर्ताओं तथा उनके परिजनों से मिलकर उनका कुशलक्षेम जान रहे हैं। इसी कड़ी में श्री चंद्राकर ग्राम कांपा पहुंचे। वहां उन्होंने पार्टी के संघर्षों के समय के कार्यकर्ता वरिष्ठ भाजपा नेता स्व. माखनधर दीवान की धर्मपत्नी श्रीमती कमला देवी व परिजनों से मिले। वहीं कांपा के ही वरिष्ठ भाजपा नेता शोभाराम साहू से मिलकर उनका कुशलक्षेम पूछा। श्री चंद्राकर ने दोनों नेताओं के निवास में कुछ समय ठहर कर चर्चा भी की। इस दौरान श्री चंद्राकर ने कहा कि भाजपा में बहुत से ऐसे कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने अपना जीवन त्याग कर पार्टी व संगठन को सींचा है। उनके जीवन में अनेक कठिनाइयां, बाधाएं, संघर्ष एवं उतार. चढ़ाव आए लेकिन वे निरंतर पार्टी में अपना अमूल्य योगदान देते रहे। आज उन्हीं बुजुर्ग कार्यकर्ताओं के सिद्धांतों पर चलकर भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित राजनीतिक दल है। यह किसी परिवार, जाति या वर्ग विशेष की पार्टी नहीं है। भाजपा एक परिवार है और प्रत्येक कार्यकर्ता इस परिवार के सदस्य हैं। इन्हीं कार्यकर्ताओं के बुते केंद्र में पूर्ण बहुमत की सरकार लगातार भाजपा की बनी है। ऐसे बुजुर्ग नेताओं तथा कार्यकर्ताओं से समय-समय पर मिलने से हमें उनके मार्गदर्शन प्राप्त होता >> शेष पृष्ठ 9 पर >



## ड्रायविंग लायसेंस बनवाने हेतु शिविर आज व कल

**बलौदाबाजार,** 25 अप्रैल। राज्य शासन के निर्देश पर जिले में सुशासन तिहार के तहत आम नागरिकों द्वारा ड्रायविंग लायसेंस से संबंधित मांग का त्वरित निराकरण हेतु परिवहन सुविधा केन्द्र में 26 व 27 अप्रैल को प्रात: 9 बजे संबंधित ग्राम पंचायत में परिवहन सुविधा केन्द्र के माध्यम से लर्निंग लायसेंस बनाने शिविर लगायी जायेगी।

# परीक्षा में बैठे 371 में से 122 बच्चों ने किया क्वालीफाई



- जेईई मेंस 2025 में प्रयास के बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन
- प्रयास आवासीय विद्यालय के बच्चों ने लहराया परचम

**बिलाईगढ़,** 25 अप्रैल (देशबंधु)। जेईई मेंस 2025 के घोषित परिणामों में प्रयास आवासीय विद्यालय के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस वर्ष जेईई मेंस परीक्षा में बैठे प्रयास आवासीय विद्यालय के कुल 371 बच्चों में से 122 ने क्वालीफाई किया है। विद्यार्थियों की इस सफलता से उनके परिवार के साथ-साथ उनके गांव एवं समाज में हर्ष का माहौल है।

विदित हो मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों का मुख्य उद्देश्य नक्सल प्रभावित क्षेत्र के प्रतिभावान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराते हुए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने हेतु सक्षम बनाकर व्यावसायिक उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश कराकर उन्हें जीवन में स्थिरता प्रदान करना है। वर्तमान में राज्य में कुल 15 प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित हैं, जबकि वर्ष 2025-26 में राजनादंगांव एवं बलरामपुर में एक-एक नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय प्रारंभ करने की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इनके प्रारंभ होने से राज्य में प्रयास विद्यालयों की संख्या बढ़कर 17 हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि अब तक प्रयास आवासीय विद्यालय के 122 विद्यार्थी आईआईटी एवं समकक्ष में, 356 विद्यार्थी एनआईटी एवं समकक्ष में, 960 समकक्ष में एवं 70 एमबीबीएस हेतु चयनित हो चुके हैं।

इस वर्ष जेईई मेंस के घोषित परिणामों में प्रयास, बालक आवासीय विद्यालय, रायपुर का परीक्षा परिणाम सबसे अच्छा रहा है इसके जेईई एडवासं परीक्षा में बैठे कुल 153 बच्चों में से 69 ने मेंस क्वालीफाई किया है। इनकी सफलता का प्रतिशत लगभग 45 प्रतिशत रहा है, जो कि राष्ट्रीय स्तर की इतनी कठिन परीक्षा के हिसाब से उत्कृष्ट कहा जा सकता है। इसी प्रकार प्रयास आवासीय विद्यालय, अंबिकापुर के परीक्षा में बैठे 44 में से 16 बच्चों ने जेईई मेंस क्वालीफाई किया है। प्रयास, दुर्ग के परीक्षा में बैठे 46 में से 12 बच्चे, प्रयास, कांकेर के परीक्षा में बैठे 23 में से 08 बच्चे, जबकि प्रयास, जशपुर के परीक्षा में बैठे 38 में से 09 बच्चों ने तथा प्रयास, कोरबा के परीक्षा में बैठे 30 बच्चों में से 01 ने जेईई मेंस क्वालीफाई किया है।

इसी प्रकार प्रयास, जगदलपुर के परीक्षा में बैठे 37 बच्चों में से 07 ने जेईई मेंस क्वालीफाई किया है। प्रदेश के सुदूर नक्सल प्रभावित अंचल के बच्चों का राष्ट्रीय स्तर की इस कठिन परीक्षा में सफल होना विभाग के साथ-साथ राज्य के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि है। इस प्रकार इस वर्ष कुल मिलाकर 122 विद्यार्थियों का आईआईटी एवं आईआईटी प्रिपरेटरी में चयन होने की संभावना है।

विद्यार्थियों की इस सफलता पर माननीय विभागीय मंत्री रामविचार नेताम, प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा एवं आयुक्त डॉ. सारांश मित्तर ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# पीएम श्री छड़िया में सीखना सिखाना केन्द्र का हुआ समापन

**रोहांसी/बलौदाबाजार,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। 8 अप्रैल से संचालित स्वैच्छिक सीखना सिखाना केंद्र ज्ञानदीप का गुरूवार को 12 वे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हुआ। जैसा नाम वैसा काम को चरितार्थ करते हुए शाला के शिक्षकों ने पढ़ाई व परीक्षा के पश्चात् ज्ञान का दीपक जलाते रहने हेतु अन्य गतिविधियों के माध्यम से पढ़ाई की मुख्य धारा में जुड़े रहने व उबाऊपन से दूर मनोरंजनात्मक क्षेत्र को चयन किया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि मोहन बंजारे व उपसरपंच हरि बंजारे रहें। इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक स्तर के बच्चों में शासन की महत्वपूर्ण योजना भाषायी एवं गणितीय कौशलो को प्राप्त करना था। इसी की पूर्ति हेतु विगत 8 अप्रैल से यह गतिविधि करायी जा रही थी जिसमें औसतन 50 बच्चें भाग ले रहें थे। बच्चें गतिविधि के माध्यम से अंको की पहचान, स्थानीयमान, जोड़, घटाना, गुणा, भाग परिवेशीय सामग्री कंकड़ पत्थर से कर रहें थे। जिससे उनमे पढ़ाई से अलग रोचक गतिविधि में मजा आ रहा था। इसी क्रम में भाषायी दक्षता हेतु वर्ण, अक्षर, शब्द पहचान हेतु फलतू पड़े हुए गत्तो के उपयोग से कौशल विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिला। रचनात्मक गतिविधियों में फूल, पत्तियों, से विविध आकृतियों का निर्माण करना, हस्तपुस्तिका निर्माण, ड्राइंग शीट में चित्रकारी, पेंटिंग, विविध जानवरो के मुखौटे बनाना, गिफ्ट पेकिंग, रंगोली निर्माण, डांसिंग, विविध बीजो से सुंदर-सुन्दर सिंनरी का निर्माण, गीत, कविता, कहानियाँ बोल पाना, जनऊला, इत्यादि क्षेत्रों में कार्य करने से बच्चों में विभिन्न दक्षताओ व कौशलो के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस आयोजन को सफल बनाने व प्रेरणास्त्रोत अजीम प्रेम जी फाउंडेशन का विशेष योगदान रहा जिन्होंने बच्चों के लिए आवश्यक सामग्री प्रदान कर एफएलएन की प्राप्ति में अग्रणी कड़ी के रूप में सहयोग प्रदान किया। समापन दिवस पर कार्यक्रम में भागीदारी बने अथितियो एवं पालको का प्रधान पाठक प्रभा कश्यप ने आभार व्यक्त किया। वहीं शिक्षक घनश्याम प्रसाद वर्मा, सावित्री ध्रुव, दुलारी पटेल, रामकुमार जायसवाल, दुर्गा साहू ने बच्चों के साथ मिलकर विभिन्न गतिविधि कराकर व बच्चों के पालकों से सम्पर्क कर नियमित शाला भेजनें हेतु प्रेरित किया।

## आवंराडाबरी में सरकार महती योजना का शुभारंभ



**बागबाहरा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। आज जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 के प्रथम ग्राम पंचायत आवंराडाबरी में सरकार महती योजना का शुभारंभ अटल डिजिटल सेवा केंद्र का उद्घाटन किया साथ ही ग्राम पंचायत के सदस्यों व सरपंच की उपस्थिति में अपने जन्मदिन मनाया। साथ ही कार्यक्रम में सम्मिलित ग्राम पंचायत सरपंच दुलारी मुकुंद सिंह पंचगण गुमान सिंह सिन्हा, गुलाब देवांगन ललिता ध्रुव बृजेश्वरी साहू शकुन निर्मलकर मितानी एमीन साहू मोतिम साहू ईश्वरी देवांगन राहुल कुलदीप ओम प्रकाश यादव नंद कुमार निषाद लालाराम ध्रुव वह समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत तुसदा के आश्रित ग्राम पेंड्रा में पेयजल संकट निराकरण नया पानी टेंकर का विधिवत पूजा अर्चना करके सुभारम्भ किया गया जिसमें विसेस रूप से ग्राम पंचायत तुसदा के सरपंच प्रतिनिधि श्री पदुमलाल साहू उपसरपंच राजीव पांडेय पंच देवप्रकास ध्रुव साकेत ध्रुव संदीप साहू एवम गाव के वरिष्ट नागरिक की उपस्थिति में सम्पन करया गया।

## कृषि उपज मंडी कसडोल में कार्यशाला आयोजित



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। आज गुरुवार 24 अप्रैल को कसडोल कृषि उपज मंडी समिति में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मंडी क्षेत्र से संबंधित समस्त व्यापारियो व प्रसंस्करणकर्ता उपस्थित हुए। इस दौरान सुश्री. विजयलक्ष्मी साहू, सचिव कृषि उपज मंडी कसडोल के द्वारा कारोबारियों के समस्याओं से संबंधित मुद्दो पर चर्चा की और साथ ही मंडी लाईसेंस नवीनीकरण, परिवहन व्यवस्था सुगम बनाने हेतु ऑनलाईन अनुज्ञा पत्र जारी करने, स्टॉक पंजी, मंडी शुल्क, निराश्रित शुल्क, कृषक कल्याण शुल्क जमा करने निर्धारित प्रारुप में विवरण जमा करने और खाता का सत्यापन कराने हेतु निर्देश दिया गया। यह भी कहा गया कि नियमों का पालन नही करने पर मंडी प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाकर कय-विक्रय करोबार स्थल एवं वाहनों की जॉच पड़ताल कर कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 के तहत नियमानुसार कार्यवाही किया जा सकता है। इस प्रकार कार्यशाला में चर्चा परिचर्चा की गई।

## कुर्मी समाज के संरक्षक केक नायक ने की आतंकी हमले की निंदा

**भरूवाडीह/बलौदाबाजार,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के संरक्षक डॉक्टर के.के.नायक ने जम्मू-कश्मीर के भारतीय पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले को मानवीय मूल्यों पर निंदनीय एवं अक्षम्य करार देते हुए घोर भर्त्सना की है। उन्होंने कहा कि घाटी में हुए नरसंहार से पुरा देश दुखी और क्रोधित है। आतंकियों के नापाक मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे। घटना के पीछे जो भी होंगे, उन्हें उनकी कायराना करतूत की कड़ी सजा मिलेगी। आतंकवाद से लड़ने भारत का संकल्प अडिग है, बेगुनाह पर्यटकों की निर्मम हत्या से देश दुखी हैं दुख इस घड़ी में मृत परिजनों एवं शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए, घटना में घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।



## पहलगाम में हुए आतंकी हमले की प्रेस क्लब भखारा ने की निंदा

### मृतकों को कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि



**भखारा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पंचायत भखारा में गुरुवार को महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल में प्रेस क्लब भखारा द्वारा कैंडल जलाकर दो मिनट मौन रखकर जम्मू-कश्मीर पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दिया गया इस अवसर पर अंचल के वरिष्ठ पत्रकार मेहत्तर राम साहू ने कहा कि आतंकवादियों द्वारा किए गए नरसंहार में देश के 26 निर्दोष लोगों को मार दिया गया। इसकी हम घोर निंदा करते हैं। आतंकियों को फांसी से कम की सज़ा न हो। उन्होंने मृतात्मा के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त किया। श्रद्धांजलि देने वालो में प्रेस क्लब भखारा के अध्यक्ष थानेश्वर साहू,सचिव युगल किशोर साहू,संरक्षक मोहम्मद रशीद,कोषाध्यक्ष खिलेश साहू,सदस्य नितेश मानिकपुरी, दिग्विजय सिंह,सूरज सिन्हा मौजूद रहे।

## डॉ फ्रेन्क स्टीफन को एमबीबीएस पूर्ण करने पर बधाई

**पलारी,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। डॉ फ्रेन्क स्टीफन पिता वायल राबर्ट मत्स्य इंस्पेक्टर माता योगिता राबर्ट शिक्षिका के पुत्र व डॉ हेन्स ब्लिक्स के छोटे भाई है, इनकी पढ़ाई जिला कोण्डागांव, विशाखापत्तनम व कोटा राजस्थान में हुआ है। इन्होने अपने भैया का अनुसरण करते हुए पढ़ाई पूरी कर एमबीबीएस में सफलता प्राप्त की। इनकी सफलता पर परिवार के सभी सदस्यों ने व सामाजिक लोगो ने बधाई शुभकामनाएं दी।

## निधन

### बिसाहिन बाई साहू



**अमेरा/बलौदाबाजार,** 25 अप्रैल। ग्राम अमेरा निवासी बिसाहिन बाई साहू 65 वर्ष का निधन गुरूवार को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम में किया गया। उनके निधन पर परिजन, आत्मीयजन, ग्रामवासियों ने श्रद्धांजलि अर्पित किए। वे पूर्व सरपंच कन्हैयालाल साहू की पत्नी व लेखराम, गैंदराम, गावस्कर साहू की मां थी।

### घनश्याम अवस्थी



**बलौदाबाजार,** 25 अप्रैल। नगर के एमजी रोड निवासी घनश्याम अवस्थी 64 वर्ष का गुरुवार को सुबह हृदयघात से आकस्मिक निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार शुक्रवार सुबह 9 बजे रायपुर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे। वे नारायण अवस्थी के भाई तथा अनमोल अवस्थी के पिता थे।

### श्रीमती वत्सला चौधरी



**महासमुंद** 25 अप्रैल। स्थानीय दलदली रोड निवासी वेडनर मेमोरियल स्कूल के पूर्व प्राचार्य श्रीमती वत्सला चौधरी 77 वर्ष का 24 अप्रैल को निधन हो गया। अंतिम संस्कार 25 अप्रैल को भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे क्रीड़ा अधिकारी स्व. गोपाल चौधरी की धर्मपत्नी व राहुल चौधरी, सलील चौधरी, निखिल चौधरी की मां थी।

### सुशील देवांगन



**दुर्ग,** 25 अप्रैल। ओम नगर उरला निवासी सुशील देवांगन का आज 25 अप्रैल शुक्रवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. नरसिंग देवांगन के पुत्रण् राम्हिन देवांगन के पति तथा कोमल व योगेश देवांगन के पिता थे।

## विधायक मरकाम वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में हुई शामिल



**नगरी,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर स्थित जीनियस पब्लिक स्कूल में बुधवार एवं गुरुवार को चौदहवां वार्षिक उत्सव मनाया। इस कार्यक्रम की मुख्यअतिथि सिहावा विधानसभा क्षेत्र की लोकप्रिय एवं कर्मठ विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम थी। विद्यालय परिवार द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में विधायक महोदया ने जीनियस स्कूल के अनुशासित संचालन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, और विद्यार्थियों की प्रतिभा की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा जीनियस पब्लिक स्कूल नगरी क्षेत्र की एक उत्कृष्ट संस्था है, जो शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नये आयाम स्थापित कर रही है। ऐसे विद्यालयों के कारण ही हमारा क्षेत्र निरंतर गौरवान्वित हो रहा है।

श्रीमती मरकाम ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, सतत प्रयास और नैतिक मूल्यों के पालन की प्रेरणा दी। उन्होंने शिक्षा को समाज की रीढ़ बताते हुए यह भी कहा कि नई पीढ़ी को सक्षम, संस्कारित और स्वावलंबी बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। विद्यालयों को तकनीकी शिक्षा और व्यवहारिक ज्ञान के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने जीनियस पब्लिक स्कूल के समर्पित शिक्षकों, प्रबंधन और सभी कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। अंत में उन्होंने विद्यालय परिवार व समस्त आमंत्रित अतिथियों का आभार प्रकट किया और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा विधायक महोदया को स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

## माताओं को स्कूल से जोड़ने की पहल



**नगरी,** 25 अप्रैल। शासकीय प्राथमिक शाला, टेंगना में पढ़ाई तिहार के अंतर्गत अंगना मां शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से बच्चों की शैक्षणिक एवं शारीरिक विकास के लिए माताओं को स्कूल से जोड़ने का महत्वपूर्ण पहल है ताकि बालवाड़ी के बच्चें, पहली में प्रवेश से पहले उनको सीखने सिखाने में मदद मिल सकें और उनकी क्षमता में वृद्धि हो।बालवाड़ी प्रभारी शिक्षक संतोष कुमार बांधव ने बताया कि अंगना मां शिक्षा कार्यक्रम में माताएं अपने योगदान से कैसे बच्चों के शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उनके समर्पण और मेहनत से बच्चे को शिक्षित और सुनहरा भविष्य प्रदान कर रही हैं घर के आंगन में भी कैसे उनकी सहायता से बच्चों के शारीरिक , बौद्धिक और शैक्षिक विकास के साथ ही अनमोल प्यार भी मिलता है। पढ़ाई के तिहार के आयोजन में प्रधान पाठक ममता प्रजापति और माताओं मिलकर आठ काउंटर निर्माण कर सीखने सिखाने के तहत अंक पहचान, वर्गीकरण, अंतर करना, रंग भरना, रंग पहचान संतुलन बनाना, खेल गतिविधि, लेखन व पठन कौशल, एफएलएन कार्ड से गतिविधियां करवायें गये। स्मार्ट माता के रूप में रीना जलधर, देवबती साहू को चुना गया एवं प्रधान पाठक द्वारा सभी माताओं को प्रशस्ती पत्र एवं पेन भेंट किया गया। इस अवसर पर खिलेश्वरी कश्यप, पार्वती मंडावी, लिलेश्वरी निर्मला कश्यप, अनुपा कश्यप, ललेश्वरी,प्रियंका उईके, देवकी बाई, साधना निषाद, पदमा ध्रुव, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से अनुश्री, शिक्षक ममता प्रजापति, संतोष कुमार बांधव उपस्थित रहे।

## आतंकवाद के खिलाफ मुस्लिम समाज ने काली पट्टी बांधकर निकाली रैली, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए

**गरियाबंद,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर के पहलग्राम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम समाज ने एकजुटता दिखाई। लोगों ने हाथों में काली पट्टी बांधकर मस्जिद से तिरंगा चौक तक विशाल रैली निकाली। इसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद और भारत माता की जय के नारे लगाए। तिरंगा चौक पर आतंकवाद का पुतला जलाया गया। मुस्लिम समाज ने आतंकियों को जल्द पकड़ने और सख्त सजा देने की मांग की। ज्ञात हो कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 28 निर्दोष लोगों की जान गई थी। जिसके बाद पूरे देश में आक्रोश ही लहर है।




इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने कहा गरियाबंद का मुस्लिम समाज आतंकवाद की निंदा करता है। हम भारत के नागरिक हैं। देश हमारी पहली प्राथमिकता है। पहलगाम का हमला दुखद है। सरकार आतंकियों और उनके समर्थकों पर सख्त कार्रवाई करे। यह रैली हमारी निष्ठा और संकल्प का प्रतीक है।उन्होंने कहा, जो मासूमों की जान लेते हैं, वे इंसानियत के दुश्मन हैं। ऐसे लोगों को कड़ी कड़ी सजा दी जाए। सदर क़यूम ख़ान ने कहा पहलगाम में मासूमों का खून बहाने वाले आतंकी हैवान हैं। इन कायरों का न ईमान है, न वतन से वफ़ा। हम इस हमले की कड़ी निंदा करते है। समाजसेवी इमरान ने कहा कि इस्लाम अमन और भाईचारे का पैगाम देता है। आतंकियों का न मज़हब है, न ज़मीर। हम देश के साथ है। आतंकवाद का विरोध करते है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### अवैध रुप से शराब बिक्री...

कार्यवाही किया गया है।

इस कार्यवाही में थाना कुरुद से सउनि. अजय बनारसी एवं चौकी करेली बड़ी से प्रभारी सउनि. तुलसी मिथिलेश, आर. बलराम सिन्हा, मनोहर गायकवाड़ सहित थाना चौकी पुलिस का विशेष योगदान रहा।

### आतंकियों को मिलेगी कड़ी...

में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। इसके तहत सिंधु जल समझौते को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। साथ ही बॉर्डर चेक पोस्ट को बंद करना, पाकिस्तानी नागरिकों के भारत में प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना, भारत में स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग को बंद करना, पाकिस्तानी राजनयिक को 48 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश जारी किया गया है।

### आतंकी हमले में मारे गए...

अध्यक्ष श्रीमती आकांक्षा जायसवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केसरवानी, जिला महामंत्री कृष्ण अवस्थी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू, जिला उपाध्यक्ष नरेश केसरवानी, श्रीमती नीलम सोनी, रजनी केसरवानी, रीटा केसरवानी, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ अजय राव, शहर मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रवि वर्मा, संकेत शुक्ला, डोमन वर्मा, राहूल सोनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने आतंकवादी घटना में मारे गए लोगों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### एक राष्ट्र एक चुनाव...

जिसे प्रलोभन पार्टियां देती है उसमें कमी आएगी, मतदाता का भी मुफ्त में मिलने वाले समान की तरफरुझान कम होगा। 2019 के लोग सभा चुनाव में 60 हजार करोड़ खर्च हुए, 2024 में बढ़कर 1 लाख 35 हजार करोड़ खर्च हुए। पार्टियों का भी पूरे 5 साल चुनाव में निकल जाता है अलग अलग प्रदेशों के चुनाव के कारण अत: यह स्पष्ट है कि एक राष्ट्र एक चुनाव जनहित, धनजीत, राष्ट्रहित, राष्ट्रविकाश के लिए मिल का पत्थर साबित होगा।

### कांपा के बुजुर्ग भाजपा...

है, तथा उनके अनुभवों का लाभ मिलता है। वरिष्ठ जनों से मुलाकात के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता माधव टांकसाले, पूर्व भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, युवा मोर्चा महासमुंद अध्यक्ष नंदू जलक्षत्री आदि उपस्थित थे।

## जीएनए कॉलेज में मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन



**भाटापारा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा के प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा 24 अप्रैल 2025 को मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन संस्था प्रमुख डॉ. आनंद कुमार मिंज के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष श्रीमती रेखा कश्यप अतिथि व्याख्याता श्री सत्यम कुमार डौण्डे सहित अन्य प्राध्यापकों ने जन्तु विज्ञान संबंधी ज्ञानवर्धन जानकारी छात्र-छात्राओं से साझा की। उक्त प्रदर्शनी में प्राणीशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया एवं मॉडल प्रदर्शनी में प्रथम स्थान गॉल्जीबॉडी मॉडल समूह, द्वितीय स्थान एन्डोप्लाज्मिक रेटीकुलम मॉडल समूह एवं तृतीय स्थान बैक्टीरियासेल मॉडल समूह एवं जन्तुकोशिका मॉडल समूह ने प्राप्त किया। उक्त मॉडल प्रदर्शनी छात्र-छात्राओं को जन्तु विज्ञान के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, अतिथि व्याख्याता एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बांसबिनौरी की महिलाएं स्वच्छता को लेकर हुई सजग

**रोहांसी/बलौदाबाजार,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। पलारी विकासखँड के ग्राम बाँसबिनौरी की जय गौंड़वाना स्वच्छता समूह की महिलाए गाँव की स्वच्छता को लेकर सजग है। हर दिन समूह की महिलाए स्कूल, कुँआ, तालाब, गली तथा सार्वजनिक स्थलो की साफसफाई कर लोगो को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहे हैं। इन महिलाओं का कहना है कि सिर्फ हम अपने आसपास को स्वच्छ रखेंगे तो पूरा गांव स्वच्छ हो जाएगा। वही बीमारी से भी कोसो दुर रहेंगे। समूह में अध्यक्ष अमरिका ध्रुव, सचिव प्रमिला ध्रुव, रूखमणी ध्रव, झुनीया ध्रुव, गया बाई ध्रुव, मानकी ध्रुव, इन्द्रा यादव, सतरूपा पटेल, ढेला यादव, जानकी ध्रुव, राही ध्रुव, परेमिन ध्रुव, सक्रीय महिला चित्ररेखा ध्रुव, पूजा ध्रुव पशु सखी शामिल हैं।



## जिपं उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर ने जन्मदिन फॉर्च्यून नेत्रहीन स्कूल में बच्चों के साथ मनाया



**बागबाहरा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेशाध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा युवा प्रभाग,जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज एवं उपाध्यक्ष जिला पंचायत भीखम सिंह ठाकुर के 24 अप्रैल को जन्मदिन पर खल्लारी विधानसभा के महासमुंद जिला के एक मात्र फॉर्च्यून नेत्रहीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करमापटपर बागबाहरा में पहुंचकर नेत्रहीन बच्चों के साथ अपने जन्मदिन को खास बनाने हेतु मिठाई ,केक, फल का वितरण कर पूरी सादगी के साथ नेत्रहीन विद्यालय के बच्चों के साथ बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान उनके साथ भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष जसराज बाला चंद्राकर, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष नारायण तांडी, सहित एसएम लोकसभा संयोजक महासमुंद हीरा साहू के साथ नेत्रहीन विद्यालय के प्राचार्य एवं स्टॉफगण के साथ मौजूद थे। नेत्रहीन विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सुमधुर गीत - संगीत के साथ जन्मदिन को आम से खास बनाते हुए माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। इसी तारतम्य में प्रगतिशील सतनामी समाज एवं ऑल0 एस0 टी0 एस0 सी0वेलफेयर एसोसिएशन बागबाहरा के पदाधिकारियों एवं सदस्यगणों ने सहर्ष बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कर उज्जवल भविष्य व उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की है। साथ ही इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा प्रभाग तिरु0 कंदर्प सिदार ने अपनी उपस्थिति प्रदान कर श्री ठाकुर को उनके जन्मदिवस के अवसर पर सहर्ष बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# आतंकी हमला देश की एकता और अखंडता को झकझोर करने वाली घटना : इंद्र साव

## पहलगाम के आतंकी हमले में शहीद हुए सैलानियों को दी गई श्रद्धांजलि

**भाटापारा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों की स्मृति में जय स्तम्भ चौक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर शोक व्यक्त किया गया। इस शोक सभा में क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव सहित कांग्रेस जनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिक उपस्थित थे। इस दौरान उपस्थित लोगों ने मोमबत्तियां जलाकर व दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।




इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा,कि च्देश की एकता और अखंडता को कमजोर करने वाले ऐसे कृत्य कभी सफल नहीं होंगे। हम सभी देशवासियों को एकजुट होकर आतंकवाद के विरुद्ध खड़ा होना होगा।ज्पहलगाम में 26 हिंदु नागरिकों की आतंकवादियों द्वारा की गई जघन्य हत्या की कड़ी निंदा करते हुए श्री साव ने कहा कि जिस तरह से पहलगाम में सैलानियों की शारीरिक शिनाख्त करते हुए तथा उन्हें कलमां पढवा कर गोली मारी गई उससे लगता है कि हिंदुस्तान में हिंदू होना अपराध हो गया है।

आतंकवादियों द्वारा हमारे नागरिकों, सेनानियों पर निशाना बनाया जाना इस बात का प्रमाण है कि दुश्मन की मानसिकता कितनी नीच,विद्वेष पूर्ण हो गई है,विधायक श्री साव ने कहा कि भारत की प्रगति और लोकतांत्रिक मजबूती को आतंकी सहन नहीं कर पा रहे हैं

उन्होंने इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि यह हमला केवल आतंकी हमला नहीं है बल्कि हमारे धैर्य शक्ति एवं चेतना की परीक्षा है और यह देश की संप्रभुता पर हमला है और इसका जवाब इतना कठोर और निर्णायक होना चाहिए कि कोई भी आतंकी संगठन देश, भारत की ओर आंख उठाकर भी देखने का साहस न कर सके।

इस शोक सभा में सभी ने एक स्वर में पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और सरकार से आतंकवाद के विरुद्ध सख्त कदम उठाने की मांग की।इस अवसर पर ईश्वर सिंह ठाकुर, सुशील शर्मा, सतीश अग्रवाल, आलोक मिशा, अरुण यादव, बसंत भृगु, गौरी भृगु, दिवाकर मिश्रा, सुरेंद्र यदु, मुकेश हेंवार, प्रमीला साहू, चंद्रशेखर चक्रधारी, महेंद्र साहू, संतोष सोनी, सत्यजीत शेंडे, संतोष अग्रवाल, नवीन बक्श, सचिन शर्मा, शेषनारायण यदु, हेमिन ध्रुव, सीमा रात्रे, ईश्वर सेन, निर्मला कोशले, दानी भाट, पूर्णिमा श्रीवास, दशमत बाई, कृष्णा टण्डन, कुमारी जांगड़े सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# नगर विकास में व्यापारियों का बहुत बड़ा योगदान : महेश यादव

**राजिम,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पंचायत राजिम को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव व पार्षदों के द्वारा नगर के व्यापारियों के साथ बैठक संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य रूप से नगर में सफाई व्यवस्था, ट्रैफिक, नाली, चौक सौंदरीकरण, फुटकर छोटे दुकानदारों का व्यवस्थापन सहित अनेक विषयों पर विचार मंथन किया गया। उपस्थित व्यापारियों ने नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए नगर के विकास में कदम से कदम मिलाकर चलने की बात कही।



उपस्थित व्यापारियों को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि नगर के विकास में व्यापारियों का बहुत बड़ा योगदान है, व्यापारियों के सहयोग और मार्गदर्शन से नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाना मेरी पहली प्राथमिकता है। नगर के विकास मे सभी व्यापारी साथी आगे आये, और नगर विकास मे भागीदारी जरूर निभावे। राजिम नगर बहुत पौराणिक नगरी है, यहां प्रतिवर्ष कल्प कुंभ मेला लगता है, यह छत्तीसगढ़ का प्रयागराज है, इसलिए राजिम नगर का विकास होना बहुत जरूरी है, यहां भव्य बस स्टैंड, थोक सब्जी मार्केट, गार्डन, भव्य गौरव पथ, का निर्माण होना बहुत जरूरी है। जिसके लिए प्रयास नगर पंचायत के द्वारा किया जा रहा है।

उपस्थित व्यापारियों ने नगर नगर अध्यक्ष महेश यादव को ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार, रोड का चौड़ीकरण, वाहनों के लिए पार्किंग, रोड के नीचे गड्डो मुरम डालने, सब्जी मार्केट को अन्य स्थान पर रखने ताकि यातायात प्रभावित न हो, नगर में रोड के किनारे वृक्षारोपण, सफाई के लिए जन जागरूकता फैलने संबंधी अनेक विषयों पर अपना विचार रखें। जिसे नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने सभी की समस्याओं को जल्द से जल्द पूरा करने का विश्वास दिलाया। तथा नगर के विकास के लिए सभी व्यापारी भाइयों से सहयोग की अपील किया। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से नगर पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा चंद्राकर, पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, सभापति आकाश राजपूत, नगर पंचायत के इंजीनियर, व्यापारियों में राजेश सोनकर, हेमंत ठाकुर, अरविंद गुप्ता, दामोदर सेन,भोलाराम साहू, नितिन जैन, अरविन्द साहेब, राजू महोबिया, संतोष साहू, भोजराज साहू, पवन कुमार गुप्ता, अजय साहू,लालचंद मेघवानी, संतराम सेन,गिरधर साहू , सहित अनेक व्यापारी गण उपस्थित थे।

# अघोषित बिजली कटौती से हर वर्ग दुखी

**भाटापारा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश सरकार किसानों को ना तो पानी दे पा रही है और ना ही बिजली दे पा रही है,सरकार सिर्फ उद्योगपतियों को खुश करने में लगी हुई है। उक्त बाते विधायक इन्द्र साव ने प्रेस को जारी अपने वक्तव्य में कही।



विधायक इन्द्र साव ने राज्य सरकार को जन विरोधी,किसान विरोधी सरकार बताते हुए कहा कि प्रदेश में इस समय भीषण गर्मी का प्रकोप छाया हुआ है वही किसान अपने खेतों में पानी के लिए व्याकुल है। कही पानी की गुंजाइश दिखती भी है तो बिजली वाले विद्युत कटौती कर उसे पूरा कर रहे है। क्षेत्र क्या पूरे प्रदेश में अंधाधुन बिजली कटौती से प्रदेश का प्रत्येक वर्ग परेशान है और ये राज्य सरकार सिर्फ उद्योगपतियों को बिजली देने पर अपनी पीठ खुद थपथपा रही है। विधायक श्री साव ने कहा कि पूर्व की भूपेश सरकार के समय बिजली के रेट भी घरेलू और व्यवसाय दोनो में कम थे,लेकिन इस सरकार ने पूर्व सरकार की तरह बिजली बिल हाफ तो कर रखा है लेकिन उपभोक्ता की जेब ढीली कर बिजली बिल के रेट में भी वृद्धि कर दिया है,जिससे लोगो का बजट भी गड़बड़ा गया है। राज्य सरकार उसके बाद भी नियमित रूप से किसानों,छोटे व्यापारियों और घरेलू लोगों को बिजली उपलब्ध नहीं करा पा रही है।आज सरप्लस वाले इस राज्य में बिजली का इतना बुरा हाल है,जब कभी भी,बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली कटौती का खुला खेल सरकार खेल रही है।बिजली कटौती के चलते पीने के पानी सहित निस्तार के पानी के लिए भी त्राहि त्राहि मची हुई है,जो सरकार की करनी और कथनी को उजागर करता है।

**किसानों को अंधेरों में रख उद्योग धंधों को बिजली दें रही राज्य सरकार : इन्द्र साव**

# नपा भाटापारा में 2082.25 लाख का बजट पारित

**भाटापारा,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद भाटापारा में शुक्रवार 25 अप्रैल को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विशेष सभा आमंत्रित कर बजट पर चर्चा हुई। साथ ही वन नेशन-वन इलेक्शन के समर्थन में प्रस्ताव पारित हुआ। नगर पालिका की दुकानों के आबंटन और किराया निर्धारण की प्रक्रिया व जाति प्रमाण-पत्र से संबंधित प्रक्रियाओं को सरल और सहज बनाने के लिए आवश्यक पहलुओं पर नपा अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा ने ध्यान आकर्षित किया। विशेष सभा में रखे गए प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुए।



गौरतलब है कि तकरीबन दो महीने पहले हुए स्थानीय निकाय चुनाव के बाद नगर पालिका परिषद भाटापारा नई कार्यकारिणी आई है। नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष के रूप में भाजपा प्रत्याशी श्री अश्वनी शर्मा समेत 24 पार्षद भाजपा से जीतकर आए हैं। अनेक कारणों से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अब तक बजट पारित नहीं हो गया था। ऐसे में नगर पालिका परिषद की ओर से विशेष सभा आयोजित की गई। इस दौरान नपा अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा की पहल और उनके सुझावों के आधार पर नगर हित से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण प्रस्तावों तैयार कर वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्यय विवरण (बजट) प्रस्तुत किया गया। इन प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान किए जाने पर विस्तार से चर्चा की गई। 2082.25 लाख के बजट प्रस्ताव में नगर की आवश्यकताओं और विकास की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखा गया है। इस दौरान केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित वन नेशन-वन इलेक्शन को दूरदर्शी विचार बताते हुए लोकतंत्र की सुदृढता की दिशा में एक सराहनीय पहल माना गया। बजट चर्चा के दौरान नपा अध्यक्ष श्री शर्मा ने नगर पालिका की दुकानों के आबंटन और किराया निर्धारण की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और संतुलित बनाने के सुझाव रखे, जिससे स्थानीय व्यापारियों को न्यायोचित लाभ मिल सके। उन्होंने जाति प्रमाण-पत्र से संबंधित प्रक्रियाओं को सरल और सहज बनाने के लिए आवश्यक पहलुओं पर सुझाव दिए। विशेष सभा की बैठक के माध्यम से यह प्रयास किया गया कि हर निर्णय नागरिकों की सुविधा और विकास की दिशा में हो। खास बात यह रही कि विशेष सभा में रखे गए प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुए।

- **परिषद की विशेष सभा में रखा गया बजट**
- **विशेष सभा में वन नेशन-वन इलेक्शन के समर्थन में प्रस्ताव पारित**

# शासकीय मिनीमाता कॉलेज में न्यायाधीश अमीता जायसवाल ने छात्राओं को दी कानून की जानकारी




**बलौदाबाजार,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। मिनीमाता कॉलेज बलौदाबाजार में जिला विधिक प्राधिकरण की मजिस्ट्रेट अमीता जायसवाल का भव्य स्वागत किया गया। जिन्होंने छात्राओं को महिलाओं से संबंधित औपचारिक शिकायत प्रकोष्ठ, साइबर क्राइम से बचाव, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ तथा अन्य प्रकार के अन्याय से बचने के आवश्यक उपायों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

न्यायाधीश अमीता जायसवाल ने सबसे पहले महिला हेल्पलाइन नंबर, विधिक सहायता काउन्सलिंग प्रक्रिया और आश्रय गृह से जुड़ी सेवाओं के बारे में बताया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने साइबर क्राइम जैसे सोशल मीडिया पर उत्पीड़न, ऑनलाइन धोखाधड़ी एवं पासवर्ड सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने के टिप्स साझा किए। घरेलू हिंसा एवं छेड़छाड़ के शिकार होने पर किन-किन कानूनी धाराओं के अंतर्गत शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है, इसकी भी उन्होंने ठोस जानकारी दी तथा तत्काल कदम उठाने की सलाह दी। कार्यक्रम के दूसरे भाग में न्यायाधीश ने कॉलेज में आयोजित छात्र-प्रदर्शनी का औचक दौरा किया। छात्राओं द्वारा बनाए गए विविध कला व शिल्प, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक मुद्दों पर आधारित प्रोजेक्ट्स का अवलोकन कर उन्होंने बच्चों की रचनात्मकता की खुले मन से सराहना की और प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वासु वर्मा ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा, च्हमारे संस्थान में महिलाओं व बालिकाओं को समग्र शिक्षा एवं सुरक्षा का भाव देने के लिए जिला विधिक प्राधिकरण का यह सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमारे छात्राओं को इस मार्गदर्शन से न केवल कानूनी जागरूकता मिलेगी, बल्कि आत्म-विश्वास भी बढ़ेगा। डॉ. सुनिता त्यागी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, च्माननीय मजिस्ट्रेट महोदया का समय निकालकर यहाँ आना और हमारे प्रयासों को तकनीकी व कानूनी दृष्टि से पुष्ट करना हमारे लिए गर्व का विषय है। यह दिशा-निर्देश हमारे छात्रों के उज्जवल भविष्य की नींव मजबूत करेंगे।

# दस दिवसीय सीखना सिखाना शिविर का हुआ समापन



**अमेरा/बलौदाबाजार/पलारी,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। शासकीय प्राथमिक शाला बिनौरी में दस दिवसीय सीखना सिखाना केंद्र ज्ञानदीप का आज सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हुआ। इस दौरान शिक्षकों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पढ़ाई की मुख्य धारा में जुड़े रहने के लिये प्रेरित किया। इस कौशल विकास में हर रोज बच्चों को नये नये रचानात्मक गतिविधियों में फुल, पत्तियों, कंकड़ पत्थर, विविध आकृतियों का निमार्ण करना, हस्तपुस्तिका निमार्ण, चित्रकारी, पेटिंग, डाइंग शीट अनेक आकृति, विविध जानवरों के मुखौटे बनाना, गिफ्ट, सुंदर रंगोली निर्माण, अनेक पेड़ों के बीजो से सुंदर-सुंदर आकृति बनाना खेलकूद, गीत कविता, कहानियां बोल पाना, जनऊला, मिट्टी से अनेक खिलौने और आकृति बनाना आदि क्षेत्रों में कार्य करने में बच्चों में विभिन्न दक्षताओ व कौशलो के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस आयोजन को सफल बनाने व प्रेरणास्त्रोत अजीम प्रेम फाउंडेशन का विशेष योगदान रहा। जिन्होंने बच्चों के लिए आवश्यक सामग्री प्रदान किया। इस कार्यक्रम की समापन में जितेन्द्र साहू, टेनिशा साहू नंदनी टिकरिहा, रामेश्वरी जलहरे, परमेश्वरी फेकर, थानसेन कुर्रे, मीना साय, रानू, हेमा, शाला विकास समिति और बच्चों के पालकगण, ग्रामवासियों उपस्थित थे।

# तत्कालीन सरपंच को 4 करोड़ 25 हजार का हुआ अर्थदण्ड

**राजिम,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। मनमाने ढंग से रेत उत्खनन एवं परिवहन के मामले में परसदाजोशी के ठेकेदार, तत्कालीन सरपंच आदि पर 4 करोड़ 25 हजार का अर्थदण्ड के मामले में जिला कलेक्टर द्वारा 17 अप्रैल 2025 को किए गए आरोपियों को पुन: नोटिस देकर दण्ड की गई राशि को तत्काल जमा करने का पत्र दिया गया है। नोटिस में ठेकेदार संकल्प बघेल तत्कालिक सरपंच सुनीता सोनी, पंच बेनराज सोनी एवं हार्दिक सोनवानी को सहायक खनिज अधिकारी गरियाबंद के प्रतिवेदन दिनांक 10.0.1.2024 के आधार पर ग्राम परसदाजोशी में स्थित स्वीकृत क्षेत्र 9.8 हेक्टेयर से 80000 घन मीटर में अवैधानिक रूप से रेत उत्खनन किए जाने पर इन आरोपियों पर अधिनियम 1957 की धारा 21 एवं छ.ग. गौण खनिज नियम 71 के अन्तर्गत कुल राशि 4 करोड़ 25 हजार अर्थदण्ड आरोपित कर अर्थदण्ड की कुल राशि जमा करने हेतु दिनांक 04.10.24 एवं 19.02.2025 तथा 20.03.2025 को स्मरण पत्र जारी कर पंजीकृत डाक में भेजा गया। परंतु सूचना पत्र के संदर्भ में समाधान कारक आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है। अत: अवैध उत्खननकर्ताओं को आरोपित 4 करोड़ 25 हजार अर्थदण्ड की राशि भू-राजस्व बकाया की भांति वसूली करने का आदेश कलेक्टर गरियाबंद द्वारा दिया गया है। इस आदेश के बाद उक्त आरोपितयों में हड़कंप मच गया है। इतनी बड़ी राशि रेत उत्खनन कर आरोपियों द्वारा वसूली तो की गई होगी परंतु अब उक्त राशि की वसूली का आदेश इनके लिए गले की हड्डी बन गया है। आरोपी इस आदेश के बाद बचने के लिए यहां वहां घूम रहे है। यहां यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि अवैध रेत उत्खनन पर इतनी बड़ी कार्यवाही के बाद भी अंचल में आज भी मनमाने ढंग से विकासखंड की लगभग सभी रेत खदानों में यदा कदा अवैध उत्खनन मनमाने ढंग से किया जा रहा है। खनिज विभाग एवं जिला प्रशासन की राह पर इन अवैध उत्खनन कर रेत बेचने वालों के हौसले काफी बुलंद है। कभी कभार छोटी मोटी कार्यवाही कर राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग खानापूर्ति कर देते है। परंतु अवैध उत्खनन रूकने का नाम नहीं ले रहा है।


कार्यालय कलेक्टर, जिला-गरियाबंद (छत्तीसगढ़)
आदेश :-
क्रमांक/कले./खनिज/2025/65 गरियाबंद, दिनांक 17.04.2025
शिकायतकर्ता रामनारायण देवांगन न्यू शांतिनगर रायपुर द्वारा ग्राम पंचायत परसदाजोशी विकासखण्ड फिंगेश्वर जिला गरियाबंद में अवैध उत्खनन के संदर्भ में प्रस्तुत शिकायत के अनुक्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजिम के पत्र क्रमांक/64/अवि/वाचक-2/2023 राजिम, दिनांक 10.01.2024 तथा सहायक खनिज अधिकारी गरियाबंद के प्रतिवेदन दिनांक 24.09.2024 के आधार पर ग्राम परसदाजोशी तहसील राजिम जिला गरियाबंद में स्थित भूमि खसरा नंबर 1 रकबा 102.45 हेक्टेयर (महानदी) में से रेत खनन हेतु स्वीकृत क्षेत्र 9.80 हेक्टेयर से भिन्न क्षेत्र 80,000 घनमीटर में अवैधानिक रूप से रेत उत्खनन किये जाने पर अवैध उत्खननकर्ता 1. संकल्प जघेल स्टेशन रोड रायपुर 2. सुनीता सोनी पति बेनराज सोनी 3. बेनराज सोनी 4. हार्दिक पिता अवधेश सोनवानी साकिनान परसदाजोशी तहसील राजिम के विरूद्ध खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 एवं छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के नियम 71 अंतर्गत कुल राशि 4,00,25,000.00 रूपये (चार करोड़ पच्चीस हजार रूपये मात्र) अर्थदण्ड अधिरोपित कर अर्थदण्ड की राशि जमा करने हेतु पत्र क्रमांक 537 दिनांक 04.10.2024, स्मरण पत्र क्रमांक 905 दिनांक 19.02.2025 एवं द्वितीय स्मरण पत्र क्रमांक 1006 दिनांक 20.03.2025 जारी कर पंजीकृत डाक दिनांक 21.02.2025 एवं 21.03.2025 द्वारा संसूचित किया गया लेकिन अवैध उत्खननकर्ताओं द्वारा अर्थदण्ड की राशि का संदाय नही किया गया और सूचना पत्र के संदर्भ में समाधान कारक अभ्यावेदन भी प्रस्तुत नही किये गये। इस कारण अवैध उत्खननकर्ताओं को अधिरोपित उक्त अर्थदण्ड की राशि भू-राजस्व बकाया की भांति वसूली योग्य है।
उपरोक्त आधार पर खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 एवं छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के नियम 71 अंतर्गत अधिरोपित अर्थदण्ड की राशि 4,00,25,000.00 रूपये (चार करोड़ पच्चीस हजार रूपये) को अवैध उत्खननकर्ताओं से भू-राजस्व बकाया की भांति वसूली किये जाने का आदेश दिया जाता है।
कलेक्टर 17.04.25
गरियाबंद (छ0ग0)

**80 हजार घनमीटर किया गया अवैध उत्खनन**

# आदर्श शासकीय नवीन प्राथमिक शाला दीनदयाल नगर नवापारा में अंगना में शिक्षा पढ़ाई तिहार का शुभारंभ



**नवापारा राजिम,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। दीप प्रज्वलन और सरस्वती पूजन के साथ किया गया. इस अवसर पर श्रीमती भारती साहू सुशीला कंसारी पिंकी देवांगन, कृति बया विगत 4 वर्ष की स्मार्ट माताओ को आई डी कार्ड वितरीत किया गया तथा इस सत्र के लिए एक्टिव मदर कमेटी का गठन किया गया जिसमें कृति बया, श्वेता तिवारी ,काजल खातून, शबनम बेगम, तीजन भारतीय इंदिरा ,मनभा साहू सुशीला कंसारी, पिंकी देवेश्वरी देवांगन ,दीपक साहू, पुष्पा विश्वकर्मा ,पूजा राधिका मरकाम , मधु सोनी का चयन किया गया. अंगना में शिक्षा कार्यक्रम में नव प्रवेशी छात्र-छात्राएं व माताओ की विशेष उपस्थिति रही.

कार्यक्रम में बच्चों के स्तर पहचान के लिए श्रीमती एकता शर्मा त्रिपदा बॉसवार योगिता साहू शिक्षिका की प्रेरणा से श्वेता स्वाती बया गगन साहू वंशराज साहू यश कंसारी टूकेश्वर यादव शालेय विद्यार्थियों द्वारा नौ काउंटर बनाए गए जिसमें भाषाई कौशल गणितीय कौशल आदि की पहचान कर बच्चों के कौशल विकास में सहयोग हेतु माताओं को प्रोत्साहित किया गया. विद्यार्थियों ने सभी काउंटर की गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया बच्चों के शारीरिक क्रियात्मक विकास सामाजिक भावात्मक विकास बौद्धिक विकास भाषाई कौशल गणित पूर्व तैयारी आदि दक्षताओं का आंकलन किया. आकलन की इस प्रक्रिया में माताएं बच्चों के स्तर को समझ कर उनके स्तर सुधार के लिए प्रेरित हुई जिसमें बेनीराम साहू और ईश्वर साहू शिक्षक की विशेष भूमिका रही.

गोपाल यादव प्रधान पाठक ने बच्चों के स्तर में सुधार करने हेतु माताओं से अपील करते हुए कहा कि माता बच्चे की प्रथम गुरु और घर प्रथम पाठशाला होती है बच्चे की सीखने की प्रवृत्ति घर से ही शुरू होती हैअत: माताएं बच्चों को सीखने की प्रक्रिया हेतु सदैव प्रोत्साहित करें.

गोपाल यादव प्रधान पाठक एवं बेनीराम साहू ईश्वर साहू शिक्षक द्वारा माताओ से बच्चों के घर में शिक्षा हेतु रंग आकार गिनती छोटे बड़े मोटे पतले के पहचान के बिंदुओं पर चर्चा एवं प्रश्नोत्तरी के माध्यम से माताओ को प्रोत्साहित किया तथा श्रीमती एकता शर्मा त्रिपदा बांसवार योगिता साहू शिक्षिकाओं द्वारा नव प्रवेशी बच्चों को नौ काउंटर की गतिविधियों को करवाकर सपोर्ट कार्ड में अंकित कराया तथा 2 जुलाई 2025 को अंगना में शिक्षा कार्यक्रम के द्वितीय चरण में आने हेतु आग्रह करते हुए स्कूल रीडीनेस बुक का वितरण किया गया. इस अवसर पर शिक्षक कुंभ सिंह कश्यप जो प्रधानपाठक के पद पर पदोन्नति होकर यहां से पिरदा आरंग गए हैं उनकी विशेष उपस्थिति रही.

# महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित

**अमेरा/बलौदाबाजार,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्राम अमेरा में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम पर प्रिती नवरत्न जिला मिशन समन्वयक, वित्तीय साक्षरता अधिकारी नम्रता के द्वारा सखी वन स्टाफसेंटर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ शक्ति सदन निवास, पालना से संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में सेक्टर सुपरवाइजर मालिका खाना मैडम एवं समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भगवती पटेल अक्ति घृतलहरे, सोनी कुर्रे, निर्मला बंजारे, सांध्य कोसले, भगवती साहू, खुमिन नंदिनी यादव, रितु, एवं ग्रामीण आदि उपस्थित थी।

